सूर्योदय : 6:43
सूर्यास्त : 5:57
अधिकतम तापमान : 23.0
न्यूनतम : 12.0

RNI NO : UPHIN/2010/31173

डाक पंजीकरण संख्या:
SSP/LW/NP-422/2014-2016

वर्ष-17 अंक-253 पेज-16
मूल्य : 3 रुपया

लखनऊ, गुरुवार, 22 फरवरी 2024
11 शाबान, 1445 हिजरी

हिन्दी दैनिक
# अवधनामा
www.avadhnama.com



### यूपी में कांग्रेस-सपा के बीच गठबंधन का एलान, दीदी ने बना दी जोड़ी

# यूपी की 17 सीटों पर लड़ेगी कांग्रेस

अवधनामा ब्यूरो

**लखनऊ।** एक लम्बे समय से कांग्रेस और सपा के बीच चलने वाली सीट बटवारे की रस्सा कशी और आरोप प्रत्यारोप पर आज विराम लग गया राहुल गाँधी की कल लखनऊ पहुंची भारत जोड़ो यात्रा के बाद आज दोनों दलों के बीच सीट बटवारा हो गया जिसमे उत्तर प्रदेश में 17 लोकसभा सीट पर कांग्रेस बाकि 63 पर सपा और गठबंधन वाले दल पर कांग्रेस प्रत्याशी उतरने पर सहमति बन गयी आज लखनऊ के एक होटल में सपा और कांग्रेस की संयुक्त प्रेस वार्ता में सपा प्रदेश अध्यक्ष नरेश उत्तम, प्रवक्ता राजेंद्र चौदहरी कांग्रेस की तरफ से प्रदेश प्रभारी अविनाश पांडेय और प्रदेश अध्यक्ष अजय राय ने घोषणा की।



- न्याय यात्रा में शामिल होंगे अखिलेश यादव
- सपा समेत इंडिया गठबंधन के बाकी दलों को मिलीं 63 सीटें

## मप्र में कांग्रेस ने सपा के लिए छोड़ी एक सीट

### खजुराहो में अपना प्रत्याशी उतारेंगे अखिलेश यादव

लोकसभा चुनाव के लिए आईएनडीआईए गठबंधन में शामिल सपा और कांग्रेस में हुए समझौते के तहत अब मध्य प्रदेश की खजुराहो सीट पर समाजवादी पार्टी का प्रत्याशी मैदान में होगा। छतरपुर कटनी और पन्ना से जुड़ाव रखने वाला खजुराहो लोकसभा क्षेत्र भाजपा का मजबूत गढ़ रहा है। जहां से भाजपा के नाम पर जो भी उम्मीदवार उतरा उसे जनता ने जीत के सिंहासन पर बिठाया। इस लोकसभा सीट पर 1999 के बाद से भाजपा का लगातार कब्जा चला आ रहा है।

**इन सीटों पर लड़ेगी कांग्रेस**

रायबरेली, अमेठी, कानपुर नगर, फतेहपुर सीकरी, बांसगांव, सहारनपुर, प्रयागराज, महाराजगंज, वाराणसी, अमरोहा, झांसी, बुलंदशहर, गाजियाबाद, मथुरा, सीतापुर, बाराबंकी, देवरिया।

# आतंकवाद को लेकर भारत ग्रीस की चिंताएं समान: मोदी

**सहयोग**

- आतंकवाद से साझा लड़ाई पर भी दिया गया जोर
- भारत और ग्रीस के बीच रक्षा उत्पादन में सहयोग पर बनी सहमति
- ग्रीक पीएम का भारत दौरा एक ऐतिहासिक उत्सव

**नई दिल्ली।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और ग्रीस के प्रधानमंत्री क्यारीकोस मित्सोटाकिस के बीच आज दिल्ली में प्रतिनिधिमंडल स्तर की वार्ता हुई। इस दौरान पीएम मोदी ने प्रेस वार्ता में ग्रीक पीएम और उनके प्रतिनिधिमंडल का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि 16 वर्षों बाद किसी ग्रीक प्रधानमंत्री का भारत आना एक ऐतिहासिक उत्सव है। क्यारीकोस मित्सोटाकिस के साथ संयुक्त प्रेस वार्ता में पीएम मोदी ने कहा, प्रधानमंत्री मित्सोटाकिस और उनके प्रतिनिधिमंडल का भारत में स्वागत करते हुए मुझे बहुत खुशी हो रही है। पिछले वर्ष मेरी ग्रीस यात्रा के बाद उनकी यह भारत यात्रा दोनों देशों के बीच मजबूत होती रणनीतिक साझेदारी का संकेत है और 16 वर्षों के बाद ग्रीस के प्रधानमंत्री का भारत आना अपने आप में एक ऐतिहासिक उत्सव है। हमारी आज की चर्चाएं बहुत सार्थक रहीं।

पीएम मोदी ने आगे कहा, हम 2030 तक द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने के लक्ष्य के लिए तेजी से अग्रसर हैं। हमने अपने सहयोग को नई ऊर्जा और दिशा देने के लिए कई नए अवसरों की पहचान की है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा, आज की बैठक में हमने कई क्षेत्रीय और अंतर्राष्ट्रीय मुद्दों पर चर्चा की। हम सहमत हैं कि सभी विवादों और तनावों का समाधान वार्ता और कूटनीति से ही किया जाना चाहिए। हम इंडो-पैसिफिक में ग्रीस की भागीदारी और सकारात्मक भूमिका का स्वागत करते हैं भारत और ग्रीस वैश्विक शांति और स्थिरता में योगदान देने के लिए अपने प्रयासों को जारी रखेगा। आतंकवाद को लेकर भारत और ग्रीस की चिंताएं एक जैसी ही है।



## लोकतंत्र की ताकत का सबसे बड़ा सुबूत इंडिया : किरियाकोस

> मित्सोटाकिस ने कहा कि भारत और ग्रीस दोनों ही ऐसे देश हैं जो लोकतंत्र को एक अवसर के तौर पर देखते हैं। उन्होंने रायसीना डायलाग के उद्घाटन के लिए स्वयं को आमंत्रित करने के लिए प्रधानमंत्री मोदी को धन्यवाद दिया।

- भारत के साथ रिश्ता यूरोपीय संघ के लिए प्राथमिकता
- प्रधानमंत्री मोदी को ग्रीस पीएम ने दिया धन्यवाद

**नई दिल्ली।** कूटनीतिक विमर्श का वैश्विक मंच बन चुके रायसीना डॉयलाग के नौंवे सत्र की शुरुआत ग्रीस के प्रधानमंत्री किरियाकोस मित्सोटाकिस ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के साथ मिलकर की। 23 फरवरी तक चलने वाले विमर्श के उद्घाटन सत्र को संबोधित करते हुए ग्रीस के प्रधानमंत्री ने न सिर्फ भारत को वैश्विक मंच की एक महान शक्ति के तौर पर चिह्नित किया, बल्कि यह भी कहा कि भारत के साथ साझेदारी को मजबूत बनाना यूरोप की विदेश नीति का आधार होना चाहिए। ग्रीस भी यूरोपीय संघ का सदस्य है और यूरोपीय संघ की राष्ट्रपति उर्सुला गट्रर्रूड वान डेर लेयेन ने इसी मंच से दो वर्ष पहले कहा था कि भारत के साथ रिश्ता यूरोपीय संघ के लिए प्राथमिकता है। यह यूरोपीय देशों के बीच भारत की छवि में हो रहे बदलाव को दिखाता है।

# लोन देने में संकोच न करें बैंक : योगी

### राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक में मुख्यमंत्री योगी ने बैंकों से की वार्ता

**समीक्षा**

- सरकार आपके साथ, सात साल में दोगुना हुआ बैंकिंग का व्यवसाय
- अगले वित्तीय वर्ष में सीडी रेशियो 65 फीसदी तक पहुंचाने का रखा लक्ष्य




**लखनऊ।** राज्य स्तरीय बैंकर्स समिति की बैठक में मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बैंकों से कहा कि लोन देने में संकोच न करें।

सरकार अपनी हर योजना में लाभार्थी को प्रशिक्षण दिलाएगी और बैंकों को हर तरह की सुरक्षा व सहायता देगी। मुख्यमंत्री ने प्रदेश में बैंकों का सीडी रेशियो (ऋण जमानुपात) 58.59 प्रतिशत होने पर खुशी जताई और अगले वित्तीय वर्ष में इसे 65 फीसदी तक पहुंचाने का लक्ष्य रखा। उन्होंने कहा कि 2016-17 में प्रदेश में 12.80 लाख करोड़ का बैंकिंग बिजनेस था जो आज 26.80 लाख करोड़ के पार हो गया है। बुधवार को समिति की बैठक में दिसंबर 2023 में समाप्त तिमाही की समीक्षा करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा कि हर जरूरतमंद युवा को लोन देने के हमारे प्रयासों में बैंकों ने सराहनीय भूमिका निभाई है। लोन मेलों को जारी रखने का आह्वान करते हुए कहा कि बैंक लोन देने में संकोच न करें। राज्य सरकार की महत्वाकांक्षी योजना फैमिली आईडी का जिक्र करते हुए कहा कि सभी बैंक, केंद्र व राज्य सरकार की योजनाओं के लाभार्थियों का पूरा डाटा दें ताकि प्रदेश के हर परिवार की स्थिति का सही आकलन किया जा सके। मुख्यमंत्री ने वन जीपी-वन बीसी (एक ग्राम पंचायत-एक बीसी सखी) की सराहना करते हुए कहा कि बैंक बीसी सखियों को और प्रोत्साहित करें। इस कार्यक्रम ने महिलाओं को सशक्त बनाने में बड़ी भूमिका निभाई है। उन्होंने पेटीएम पेमेंट बैंक मामले से प्रभावित बीसी सखियों की समस्याएं तत्काल दूर करने पर जोर दिया। मुख्यमंत्री ने बैंकों की सुरक्षा के लिए सीसीटीवी कवरेज बढ़ाने और सीसीटीवी फुटेज पुलिस व प्रशासन को जरूरत पर उपलब्ध कराने के लिए मजबूत तंत्र विकसित करने के लिए कहा। उन्होंने बड़ौदा यूपी ग्रामीण बैंक और आर्यावर्त ग्रामीण बैंक को राज्यांश प्रदान किया।

## किसानों का दिल्ली कूच दो दिन के लिए टला

**नई दिल्ली।** जिला प्रशासन संग बैठक में किसानों की केंद्रीय मंत्रियों की साथ बातचीत हुई। इसी बीच एक किसान की मौत की खबर आने के बाद किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल बीच मीटिंग में से बाहर निकल आए। उन्होंने कहा कि वह हालात का जायजा ले रहे हैं। उसके बाद आगे की रणनीति बनाई जाएगी। किसान मजदूर संगठन के महासचिव सरवन सिंह पंढेर ने कहा कि दिल्ली कूच आंदोलन को दो दिनों के लिए टाला जा रहा है। किसान नेता जगजीत सिंह डल्लेवाल राजिंदरा अस्पताल में तबियत खराब होने के बाद भर्ती हुए। किसान नेता सरवन सिंह पंधेर ने बताया कि दिल्ली मार्च को दो दिनों के लिए टाल दिया है।

## शादी के बाद महिला को नौकरी से निकालना लैंगिक भेदभाव: सुप्रीम कोर्ट

**सेवाएं**

- हम प्रतिवादी की किसी भी दलील को स्वीकार करने में असमर्थ हैं



**नई दिल्ली।** शादी के बाद किसी भी महिला को नौकरी से निकाल देना लैंगिक भेदभाव और असमानता को दर्शाता है। सेवा नियम के तहत विवाह के कारण किसी महिला की सेवाएं समाप्त करना पितृसत्तात्मक मानदंडों को स्वीकार करना और मानवीय गरिमा को कमजोर करता है।

सुप्रीम कोर्ट ने यह कड़ी टिप्पणी पूर्व लेफ्टिनेंट सेलिना जॉन की याचिका पर की है। दरअसल, शादी के कारण सेलिना जॉन को सैन्य नर्सिंग सेवा की नौकरी से बर्खास्त कर दिया था। शीर्ष अदालत ने फैसला सुनाते हुए केंद्र को जॉन को 60 लाख रुपये का मुआवजा देने का निर्देश दिया है। कोर्ट ने कहा कि हम प्रतिवादी की किसी भी दलील को स्वीकार करने में असमर्थ हैं। लेफ्टिनेंट सेलिना जॉन, जो सैन्य नर्सिंग सेवा में एक स्थायी कमीशन अधिकारी थीं, को इस आधार पर रिहा/मुक्त किया जा सकता था कि उन्होंने शादी कर ली है। माना जाता है कि यह नियम केवल महिला नर्सिंग अधिकारियों पर ही लागू होता था। ऐसा नियम प्रथम दृष्ट्या स्पष्ट रूप से मनमाना था, क्योंकि महिला की शादी हो जाने के कारण रोजगार समाप्त करना लैंगिक भेदभाव और असमानता का एक गंभीर मामला है।

## एचटी लाइन की चपेट में आकर बाइक सवार जिंदा जलकर हुआ खाक

अवधनामा संवाददाता

**हमीरपुर।** बुधवार तड़के आई आंधी की वजह से टूटकर गिरे एचटी लाइन की चपेट में आकर बाइक

- तड़के 4.30 बजे बारिश के साथ तेज आंधी आई थी

सवार दूधिया जिंदा जलकर खाक हो गया। पुलिस और परिजनों को घटना स्थल से शव के कुछ अंश मिले। पुलिस ने बटोरने की कोशिश की तो ग्रामीण विरोध पर उतर आए।

ग्रामीण जिम्मेदार लोगों को बुलाने की मांग पर अड़े हैं।जरिया क्षेत्र के कैमोखर गांव निवासी बृजेश यादव दूध का कारोबार करता था। डोर टू डोर दूध सप्लाई करता था। बुधवार को बृजेश सुबह इलाकों में दूध जुटाने निकला था। चिकासी क्षेत्र के बिलगांव टीला के बीच सड़क पर टूटकर गिरे



एचटी लाइन के तारों की चपेट में आ गया। तेज धमाके के साथ बृजेश जल उठा। कुछ देर में वह खाक हो गया। बाइक भी बुरी तरह से जल गई। चिकासी इंस्पेक्टर भरत कुमार ने बताया कि तड़के 4.30 बजे बारिश के साथ तेज आंधी आई थी। इसकी वजह से एचटी लाइन का तार टूटकर गिर गया था।


सुबह सात बजे बृजेश उधर से गुजरा और तारों की चपेट में आ गया। घटना स्थल से शव के जो अंश बरामद हुए हैं उन्हें पोस्टमार्टम को भेजा जा जाएगा। इस घटना से बृजेश के घर कोहराम मचा हुआ है।

# यूपी बोर्ड परीक्षा आज से

### 8265 परीक्षा केंद्रों पर 55 लाख अभ्यर्थी एग्जाम देंगे

**आदेश**

- रात 10 बजे के बाद डीजे पर रोक
- गड़बड़ी व मिलीभगत पर होगी एफआईआर
- 12 दिन में पूरी होगी परीक्षा



**लखनऊ।** यूपी बोर्ड परीक्षा में किसी भी तरह की गड़बड़ी और मिलीभगत पर आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की जाएगी और जेल भी भेजा जाएगा। 22 फरवरी से शुरू हो रही परीक्षा 12 कार्य दिवसों में पूरी होकर 9 मार्च को समाप्त हो जाएगी।

लखनऊ में यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा दीपक कुमार ने प्रेसवार्ता की और तैयारियों को लेकर जानकारी दी। उन्होंने कहा कि रीक्षा समाप्त होने से पहले पेपर सोशल मीडिया पर वायरल करने पर कड़ी कार्यवाई की जाएगी। वहीं, भ्रामक खबरों की जानकारी व सच का पता लगाने के लिए क्विक रिस्पॉन्स टीम का भी गठन किया गया है। अपर मुख्य सचिव माध्यमिक शिक्षा ने बताया कि यूपी बोर्ड परीक्षा 2024 के लिए 8,265 परीक्षा केन्द्र बनाए गए हैं। बोर्ड परीक्षा में हाईस्कूल के 15,71,184 छात्र तथा 13,76,127 छात्राएं (कुल-29,47,311) एवं इण्टरमीडिएट के 14,28,323 छात्र तथा 11,49,676 छात्राएं (कुल-25,77,997) सम्मिलित होंगे। कुल 55,25,308 परीक्षार्थियों में से 53,60,745 संस्थागत एवं 164563 व्यक्तिगत परीक्षार्थी हैं। नकल पर प्रभावी रोकथाम के कारण वर्ष 2024 में 1,64,563 छात्र/छात्राएं व्यक्तिगत परीक्षार्थी के रूप में पंजीकृत हुए हैं जबकि 2017 में यह संख्या 3,53,106 थी। इसके अन्तर्गत बाह्य प्रदेशों से 2017 में पंजीकरण कराने वाले 1,50,209 परीक्षार्थियों के स्थान पर वर्ष 2024 में बाह्य प्रदेशों व अन्य बोर्डो के परीक्षार्थियों की संख्या भी मात्र 4905 रह गयी है। वर्तमान सरकार द्वारा परीक्षा केन्द्रों का निर्धारण, उनकी धारण क्षमताओं का पूर्ण उपयोग करते हुए, साफ्टवेयर के माध्यम से ऑनलाइन कराया गया। 2017 से पहले 12 हजार से भी अधिक केन्द्र बनते थे किन्तु ऑनलाइन केन्द्र निर्धारण व्यवस्था से कम परीक्षा केन्द्र (वर्ष 2024 की परीक्षा में 8265) बने, जिससे उनका पर्यवेक्षण एवं निरीक्षण सुगम हुआ।



अवधनामा



# किसानों के हितों को संरक्षित करने के लिए संकल्पित होकर काम कर रहा प्रशासनः महेंद्र

*अवधनामा संवाददाता*

**लखीमपुर खीरी।** किसानों की समस्याओं के त्वरित निस्तारण के



उद्देश्य से बुधवार को कलेक्ट्रेट में डीएम महेंद्र बहादुर सिंह की अध्यक्षता में ÷किसान दिवस÷ का आयोजित हुआ। इस दौरान किसानों ने अधिकारियों के सामने समस्याएं रखीं। डीएम ने अफसरों को किसानों की समस्याओं का समय से व गुणवत्तापरक निस्तारण कराने का निर्देश दिये।डीएम ने कहा कि किसानों की समस्याओं का निदान शासन की सर्वोच्च प्राथमिकता है। किसानों के हितों को संरक्षित करने के लिए शासन-प्रशासन करते संकल्पित होकर काम कर रहा है। इसके लिए केंद्र एवं प्रदेश सरकार किसानपरक योजनाओं के जरिए उन्हें समृद्ध बनाने के लिए नित नए कदम उठा रही है। डीएम ने केंद्र व प्रदेश सरकार की योजनाओं (स्वॉयल्सरशिप योजना, सीएम बाल सेवा योजना, पीएम सूर्य घर योजना की विस्तृत जानकारी दी।सीडीओ अनिल कुमार सिंह ने मौजूद किसानों की न केवल समस्याएं सुनी बल्कि निराकरण के संबंध में मौजूद अफसरों को निर्देश दिए। अधिकारी अपने स्तर से किसानों की जिन समस्याओं का समाधान न कर सके, उसके बारे में अवगत कराएं ताकि उनका समाधान उचित फोरम पर कराया जा सके।

किसान दिवस किसानों की समस्याओं के निस्तारण के लिए एक बेहतर मंच प्रदान करता है। इस दिवस पर किसान अपनी समस्याओं को न केवल निस्तारण करा सकते हैं बल्कि विशेषज्ञों से अपनी सभी जिज्ञासाओं को भी शांत कर सकते हैं।डीडी कृषि अरविंद मोहन मिश्रा ने किसान दिवस कार्यक्रम का संचालन किया।बैठक में जिला कृषि अधिकारी अरविंद कुमार चौधरी, डीसीओ वेद प्रकाश सिंह, पीपीओ सत्येन्द्र सिंह, भूमि संरक्षण अधिकारी, उप सम्भागीय कृषि प्रसार अधिकारी,अध्यक्ष/वरिष्ठ वैज्ञानिक केवीके ,कृषि वैज्ञानिक एआरसीएस,अन्य अधिकारी एवं कृषक उपस्थित रहें।

# किसानों ने ट्रैक्टर रैली गोला मण्डी से मोहम्मदी मण्डी तक निकालकर प्रशासन को अपनी समस्याओं से कराया अवगत

**■ राष्ट्रपति के नाम 15 सूत्री मांग पत्र (हक पत्र) उपजिलाधिकारी डॉ अवनीश कुमार को सौंपकर समस्याओं को हल कराने की मांग की**



*अवधनामा संवाददाता*

**मोहम्मदी खीरी।** भारतीय किसान यूनियन के नेतृत्व में किसानों ने ट्रैक्टर रैली गोला मण्डी से मोहम्मदी मण्डी तक निकालकर प्रशासन को अपनी समस्याओं से अवगत कराया। साथ ही सरकार पर उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए प्रदर्शन किया। राष्ट्रपति के नाम 15 सूत्री मांग पत्र (हक पत्र) उपजिलाधिकारी डॉ अवनीश कुमार को सौंपकर समस्याओं को हल कराने की मांग की। यह भी स्पष्ट किया कि मांगें पूरी नहीं की गई तो रैली को आंदोलन का रूप देकर प्रदर्शन किया जाएगा। बुधवार को भाकियू (क्रांति) के जिला अध्यक्ष दिलबाग सिंह के नेतृत्व में बड़ी संख्या में किसान गोला मण्डी में एकत्रित हुए । यहां से ट्रैक्टरों पर सवार होकर मोहम्मदी तहसील मण्डी की तरफ रवाना हुए। ट्रैक्टर रैली गोला मण्डी से शुरू होकर ममरी, हैदराबाद, रेहरिया, लखा गुरुद्वारा पहुंची, गोमती मोड़ होती हुई, बरबर चौराहा होते हुए, मोहम्मदी मण्डी पहुंची। यहां किसानों को रोकने के लिए पुलिस ने बैरिकेडिंग की थी। साथ ही भारी पुलिस बल तैनात था। अरुण कुमार सिंह और कोतवाली प्रभारी चन्द्र शेखर सहित कई थानों का फोर्स मौजूद थे। यहां किसानों ने सरकार के खिलाफ नारेबाजी शुरू कर दी।किसान नेता ने कहा कि सरकार से लेकर सरकारी विभाग किसानों का शोषण करते आ रहे हैं। ऊर्जा निगम, चकबंदी विभाग, तहसील आदि जगह किसानों की समस्याएं हल नहीं हो रही हैं। किसानों को छोटी से छोटी समस्या के लिए धरना-प्रदर्शन करने को मजबूर होना पड़ता है। किसानों का शोषण अब बरदाश्त नहीं किया जाएगा। जरूरत पड़ी तो इस रैली को आंदोलन का रूप देकर सड़कों पर उतरेंगे। इस दौरान मौके पर पहुंचे उपजिलाधिकारी डॉ अवनीश कुमार को किसानों ने राष्ट्रपति के नाम 15 सूत्री मांगपत्र सौंपा। उन्होंने समस्याओं को हल कराने का आश्वासन दिया। इस मौके पर किसान नेताओं सहित काफी संख्या में किसान मौजूद रहे।

## ये हैं प्रमुख मांगें

1- मूल्य वृद्धि पर नियंत्रण रखें भोजन , दवाओं ,कृषि इनपुट और मशीनरी जैसी आवश्यक वस्तुओं पर जीएसटी हटाए पेट्रोलियम उत्पादों और रसोई गैस पर केंद्रीय उत्पादन शुल्क में काफी कमी करें।

2- वरिष्ठ नागरिकों, महिलाओं, दिव्यांग व्यक्तियों खिलाड़ियों को रेलवे द्वारा कोविड के बहाने वापस ली गई रिआयतें बहस की जाएं।

3- खाद्य सुरक्षा की गारंटी और सार्वजनिक वितरण प्रणाली को सार्वभौमिक बनाना

4- सभी के लिए मुफ्त शिक्षा,स्वास्थ्य, पानी और स्वच्छता के अधिकार की गारंटी नई शिक्षा नीति 2020 को रद्द करें।

5- सभी के लिए आवास सुनिश्चित करें।

6- वन विभाग अधिनियम एफ आर ए का कड़ाई से कार्यान्वयन संरक्षण अधिनियम 2023 और जैव विविधता अधिनियम और नियमों में संशोधन वापस ले केंद्र सरकार को निवासियों को सूचित किए बिना जंगल की निकासी की अनुमति देते हैं जंगले वाले को भूमि सुनिश्चित करें।

7- सार्वजनिक क्षेत्र में उद्योगों सरकारी विभाग विभागो का निजीकरण बंद करें और राष्ट्रीय मुद्रीकरण पाइपलाइन एनएमपी को खत्म करें खनिजों और धातुओं के खनन पर मौजूद कानून में संशोधन करें स्थानीय समुदायों विशेष कर आदिवासियों और किसानों के उत्थान के लिए कोयला खदानों से लाभ का 50% हिस्सा सुनिश्चित करें।

8- बिजली संशोधन विधेयक 2022 को वापस ले कोई प्रीपेड स्मार्ट मीटर नहीं।

9- काम के अधिकार को मौलिक बनाया जाय। स्वीकृत पदों को भरें और बेरोजगारों के लिए रोजगार पैदा करें मनरेगा का विस्तार और कार्यान्वयन प्रतिवर्ष 200 दिन और 600 रुपए प्रतिमाह मजदूरी शहरी रोजगार गारंटी अधिनियम बनाएं।

10- किसानों को उर्वरक और बिजली पर सब्सिडी बढ़ाएं किसने की उपज के लिए एमएसपी की गारंटी दे किसने की आत्महत्याओं को हर कीमत पर रोके।

11-कॉर्पोरेट समर्थक पीएम फसल बीमा योजना को वापस ले जलवायु परिवर्तन सूखा बाढ़ फसल संबंधी बीमारियों आदि के कारण किसानों को होने वाले नुकसान की भरपाई के लिए सभी फसलों के लिए एक व्यापक सार्वजनिक क्षेत्र की फसल बीमा योजना स्थापित करें।

12- सभी कृषक परिवारों को कर्ज के जाल से मुक्त करने के लिए व्यापक शरण माफी योजना की घोषणा करें।

13- केंद्र सरकार द्वारा दिए गए लिखित आश्वासनों को लागू करें जिसके आधार पर ऐतिहासिक किसान संघर्ष को निलंबित कर दिया गया था सभी शहीद किसानों के लिए सिंधु सीमा पर स्मारक मुआवजा दें और उनके परिवारों को पुनर्वास करें सभी लंबित मामलों को वापस ले गृह राज्य मंत्री अजय मिश्रा ट्रेनिंग पर मुकदमा चलाया जाए।

14- एनपीएस को खत्म करें ओपीएस को बहाल करें और सभी को सामाजिक सुरक्षा प्रदान करें।

15- संविधान के मूल मूल्य अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता असहमति का अधिकार धर्म की स्वतंत्रता विविध संस्कृतियों भाषण कानून के समक्ष सामान्य और देश की संघीय संरचना आदि पर हमला बंद करें।

# विधायक निधि से निर्मित सड़कों का किया लोकार्पण



*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** नगर विधायक राजीव गुम्बर और महापौर डॉ अजय कुमार सिंह ने आज महानगर में विधायक निधि से बनने वाली सड़को का शिलान्यास किया। महानगर के मोहल्ला चौंताला, मातागढ़ व सूक्खुपुरा में लगभग 18 लाख की लागत से बनाई जाने वाली सड़को का लोकार्पण नगर विधायक राजीव गुम्बर, महापौर डॉ अजय कुमार सिंह व भाजपा महानगर अध्यक्ष पुनीत त्यागी द्वारा संयुक्त रूप से किया गया। नाला पटरी जाटव नगर एवं वार्ड नंबर 47 नवाबगंज चुंगी के पास बड़े पंप के निर्माण कार्य व वार्ड नंबर 2 में सड़क और नाला निर्माण के कार्य का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर नगर विधायक राजीव गुम्बर व महापौर डॉ अजय कुमार सिंह ने कहा कि पूरे महानगर में बड़े स्तर पर सड़को के निर्माण कार्य चल रहे हैं। अनेक सड़को का निर्माण पूरा हो चुका है अन्य का शीघ्र ही पूरा हो जाएगा। सभी सड़को का निर्माण पूरा होने पर महानगर गडढामुक्त होगा और महानगर में सुगम आवागमन होगा। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देशानुसार महानगर में विभिन्न योजनाओं में सड़क निर्माण के कार्य कराए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि सहारनपुर की सड़कें शीघ्र ही स्मार्ट होंगी जिससे पूरी जनता लाभान्वित होगी और महानगर के विकास की नई पटकथा लिखी जाएगी। भाजपा महानगर अध्यक्ष पुनीत त्यागी ने कहा कि भाजपा सरकार में विकास की एक नई पटकथा लिखी जा रही है जिससे प्रत्येक नागरिक किसी न किसी रूप में लाभान्वित हो रहा है।

# देश व्यापी आंदोलन के तहत भाकियू टिकैत ने निकाली ट्रैक्टर रैली प्रधानमंत्री को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा

*अवधनामा संवाददाता*

**सहारनपुर।** संयुक्त किसान संघर्ष मोर्चा के आह्वान पर भारतीय किसान



यूनियन टिकैत के देशव्यापी आंदोलन के तहत आज किसानों ने ट्रैक्टर रैली निकाल जाम लगाया और अपनी मांगों का राष्ट्रपति को संबोधित ज्ञापन जिलाधिकारी को सौंपा। कलेक्ट्रेट परिसर में प्रवेश को लेकर किसनों एंव प्रशासनिक अधिकारियों के बीच स्थित नोकझोंक भी हुई। किसानों के ट्रैक्टर रैली के कारण आज नगर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ गई, जिसको सुचारू बनाने के लिए यातायात पुलिस कर्मियों को भारी मशक्कत करनी पड़ी।

पूर्व घोषित कार्यक्रम के मुताबिक भारतीय किसान यूनियन टिकैत से जुड़े किसान राष्ट्रीय सचिव चौधरी विनय कुमार, प्रदेश प्रवक्ता मास्टर रघुवीर सिंह, जिलाध्यक्ष चौ.राजपाल सिंह के नेतृत्व में अपने-अपने ट्रैक्टरों के साथ दिल्ली रोड स्थित कमिश्नर कार्यालय पर एकत्रित हुए। किसानों के आगमन को देखते हुए कमिश्नर कार्यालय पर भी भारी पुलिस बल तैनात किया गया था, जिससे कि किसी प्रकार की कोई दुर्घटना में हो सके। भाकियू टिकैत द्वारा दिल्ली में चल रहे किसान आंदोलन का समर्थन करने हेतु आज देशभर में प्रदर्शन किए जाने का आह्वान किया गया था। इसी श्रृंखला में आज किसान कमिश्नर कार्यालय पहुंचे और ट्रैक्टर रैली के साथ किसान जैसे ही हसनपुर चुंगी पहुंचे, तो कुछ ट्रैक्टरों को पुलिस द्वारा रोक लिया गया। इसके विरोध में किसानों ने हसनपुर चुंगी पर ही जाम लगा दिया। किसानों के आक्रोश को देख ट्रैक्टर रैली को आगे रवाना कर दिया गया। ट्रैक्टर रैली कलेक्ट्रेट तिराहे पर पहुंची और किसानों ने उक्त मार्ग पर जाम लगा दिया, जिस कारण शहर के यातायात व्यवस्था पूरी तरह बिगड़ गई। किसानों के विरोध प्रदर्शन के चलते नगर के सभी सड़कों पर जाम लग गया और आम व्यक्ति को भारी दिक्कतों का सामना भी करना पड़ा। कलेक्ट्रेट तिराहे पर जाम लगा रहे किसानों ने जैसे ही कलेक्ट्रेट परिसर में प्रवेश करने का प्रयास किया, तो पुलिस ने उन्हें रोक दिया। मौके पर पहुंची अपर जिला अधिकारी प्रशासन डॉक्टर अर्चना द्विवेदी ने कहा कि कलेक्ट्रेट परिसर में केवल एक ट्रैक्टर और किसान ही जा सकते हैं यह सुन किसानों में रोष फैल गया।

## पेपर लीक मामले के घोटाले की हो जांचः गौरव

**सहारनपुर।** युवा कांग्रेस के जिला अध्यक्ष गौरव वर्मा ने कहा कि आज युवा बेरोजगारी की मार झेल रहा है, अगर नौकरियां निकलती है तो पेपर लीक जैसे घोटालों को भी झेल रहा है। महानगर कांग्रेस कार्यालय पर युवा कांग्रेस की बैठक को संबोधित करते हुए गौरव शर्मा ने कहा कि देश का हर नागरिक महंगाई से और युवा बेरोजगारी से त्रस्त है। राहुल गांधी युवाओं को न्याय दिलाने के लिए 6700 किलोमीटर चल रहे है। गौरव वर्मा ने कहा कि आज हम सभी युवाओं का कर्तव्य बनता है कि हम सब युवा साथी 24 फरवरी 2024 को मुरादाबाद पहुंचकर यूपी वेस्ट में स्वागत राहुल जी की इस भारत जोड़ो न्याय यात्रा का स्वागत करें। जिस पर सभी सम्मानित साथियों ने हाथ उठाकर समर्थन किया और विश्वास दिलाया कि भारी संख्या में हम मुरादाबाद पहुंचेंगे। बैठक के अन्त में देवबंद विधानसभा अध्यक्ष जाकिर राणा के पिताजी के आकस्मिक निधन पर दो मिनट का मोन रख श्रद्धांजलि अर्पित की।

# केंद्रीय मंत्री ने जिला स्तरीय अधिकारियों के साथ एम्स में की बैठक

*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रो0 एसपी सिंह बघेल आज रायबरेली एम्स



पहुँचे। रायबरेली पहुँच कर उन्होंने 25 फरवरी को एम्स को राष्ट्र को समर्पित करने की तैयारियों की समीक्षा की। इस दिन पीएम नरेंद्र मोदी राजकोट से वर्चुअल तरीके से एम्स रायबरेली को राष्ट्र को समर्पित करेंगे। एम्स के लोकार्पण समर्पण कार्यक्रम में प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ, केंद्रीय मंत्री स्मृति ईरानी के साथ प्रदेश सरकार के मंत्री और विधायक भी शामिल होंगे। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री ने एम्स रायबरेली के ऑडिटोरियम हाल में पार्टी पदाधिकारियों के साथ कार्यक्रम की रूप रेखा बताई। इसके बाद जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ बैठक की। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री प्रो बघेल ने बताया कि 2009 में 900 करोड़ से रायबरेली एम्स को सैद्धांतिक मंजूरी मिली थी। इसका ज्यादातर विकास 2014 से 24 के बीच हुआ है। रायबरेली एम्स में एमबीबीएस की 100 सीटें है और कई मेडिकल विभाग चल रहे हैं। केंद्रीय मंत्री ने बताया कि इस दिन एम्स में विभिन्न विभागों के जन कल्याणकारी योजनाओं के कैंप भी लगाए जाएंगे। जिनमे पात्र लाभार्थियों को विभिन्न योजनाओं का लाभ दिया जाएगा। जिसमे वृद्धा पेंशन,दिव्यांग पेंशन, आयुष्मान कार्ड, आय प्रमाण पत्र ,जाति प्रमाण पत्र, निवास प्रमाण पत्र आदि लाभपरक योजनाओं का रजिस्ट्रेशन किया जाएगा।

इस मौके पर उद्यान मंत्री दिनेश प्रताप सिंह विधायक सलोन अशोक कोरी, अन्य पूर्व जनप्रतिनिधि, जिलाधिकारी हर्षिता माधुर, मुख्य विकास अधिकारी पूजा यादव, एसपी अभिषेक अग्रवाल, एडीएम प्रशासन, सीएमओ एवम जिला स्तरीय अधिकारी मौजूद रहे।

## ट्रेन से कटकर युवक की मौके पर हुई मौत



**खीरों रायबरेली।** मंगलवार देर रात खीरों थाना क्षेत्र के अंतर्गत मोहनपुर ग्राम सभा के रहने वाले एक युवक की ट्रेन से कट कर मौत हो गई मौके पर पहुची पुलिस ने परिजनों को सूचना देते हुये शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। प्राप्त जानकारी के अनुसार राज बहादुर पुत्र मोहन उम्र 20 वर्ष निवासी मोहनपुर थाना खीरों के रहने वाले थे मोहन के पिता चंडीगढ़ स्थित एक भट्ठे में मिस्त्री का काम करते हैं गांव से मजदूर बुलाकर भट्टे का संचालन करते हैं जिसके लिये मृतक मोहन देर शाम मजदूरों को रघुराज सिंह स्टेशन से चंडीगढ़ ले जा रहा था रेलगाड़ी में चढ़ते समय उनका पैर फिसल गया जिससे वह गाड़ी के नीचे आ गया जिससे उसकी मौके पर ही दर्दनाक मौत हो गई मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लियेभेज दिया है इस घटना से घर वालो का रो रो कर बुरा हाल है।

## सपा विधायक ने पुलिस परीक्षा के पेपर लीक मामले में पुनः परीक्षा कराए जाने की मुख्यमंत्री से अपील की

*अवधनामा संवाददाता*

**रायबरेली।** उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा कराई गई उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा में उक्त परीक्षा के पेपर लीक मामले में 179 हरचंदपुर के सपा विधायक राहुल राजपूत ने उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उक्त परीक्षा दोबारा कराए जाने की अपील की है सपा विधायक राहुल राजपूत नेमुख्यमंत्री को लिखे पत्र में परीक्षा में बैठे बच्चों व उनके परिवार के दर्द को आदरणीय मुख्यमंत्री को अवगत करवाया सपा विधायक राहुल राजपूत ने पत्र में लिखा कि ग्रामीण क्षेत्र में मध्यम वर्गीय परिवारो में अपने बच्चों को उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही बनता देखना एक बड़े सपने जैसा होता है जिसके लिए परिवार कड़ी मशक्कत व जद्दोजहद करके अपने बच्चों को अच्छी से अच्छी कोचिंग में पढ़ाकर हजारों,लाखों रुपए वहन करते है बच्चें खूब मेहनत और लगन के बाद जब परीक्षा देकर जब वापस आते हैं तो पता चलता है कि



पेपर तो लीक हो गया है,यह खबर सुनते ही बच्चों के और उनके माता पिता की उम्मीदें धूमिल हो जाती हैं।उत्तर प्रदेश पुलिस भर्ती में 58 लाख बच्चों के परिवार लगभग 2.50 करोड़ लोगों की उम्मीद तब टूट गई जब उत्तर प्रदेश पुलिस में सिपाही पद हेतु लिखित परीक्षा में एक नहीं चारों पालियों के पेपर लीक हो गए।इस संबंध में उत्तर प्रदेश पुलिस के माननीय मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी को पत्र लिखकर परीक्षा में धांधली बाजी करने वाले संबंधित असामाजिक तत्वों का पर्दाफाश करके उनके विरुद्ध कठोरतम कार्यवाही करने तथा लाखों बच्चों के भविष्य को देखते हुए पुनः परीक्षा कराए जाने हेतु निवेदन करता हूं।

## नफर वारण्टी अभियुक्त गिरफ्तार

**लखीमपुर खीरी।** नफर वारण्टी अभियुक्त माखन पुत्र रामचरन नि0ग्राम श्रीपाल पुर थाना मैगलगंज केस नं0-566/2015 राज्य प्रति माखन धारा 363/366/324/201 भा0द0वि0 थाना मैगलगंज कोर्ट एडीजे 3 तारीख पेशी दिनांक 27.02.2024 को गिरफ्तार कर विधिक कार्यवाही कर अभियुक्त को न्यायालय भेजा जा रहा है ।

## 4200 किसानो को किया प्रशिक्षित

**लखीमपुर खीरी।** अजबापुर मिल के प्रगतिशील किसान सरदार बलजीत सिंह के फत्तेपुर जोन के अंतर्गत बरैया फार्म पर इन दिनों प्रशिक्षण चल रहा है।मुख्य प्रशिक्षक रीजनल हेड रमेश चौधरी ने 4200 किसानो को अच्छे ढंग से प्रशिक्षित किया। इसी क्रम में गन्ना प्रजाति 14201 के प्रदर्शन प्लाट पर चीनी मिल के मिलद्वार रीजन व मोहम्मदी रीजन के सभी जोनो के किसानो को अच्छी उपज के बारे में प्रशिक्षण दिया। प्रशिक्षण गोष्ठी मे मुख्य रूप से सहायक महा प्रबंधक अतिउल्ला सिद्दीकी, प्रशिक्षक रमेश चौधरी, ज़ोनल इंचार्ज पंकज सिंह, नीरज उज्ज्वल, आदित्य सिंह, अभिषेक सिंह सहित तमाम सर्किलो के कामदार व किसान उपस्थित रहे।

## मेडिग्राम चिकित्सालय में स्वास्थ्य परीक्षण शिविर का आयोजन

**सहारनपुर।** मेडिग्राम सुपर स्पेशलिटी हॉस्पीटल में आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में 68 मरीजों की जांच की गयी और उन्हें बवासीर, भगंदर एवं फिशर से पीड़ित रोगियों को समुचित लेने को प्रेरित किया। दिल्ली रोड स्थित हॉस्पीटल मे आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में आज बवासीर, भगंदर एवं फ्शिर के रोगियों की जांच की गयी और उन्हें लेजर तकनीक से होने वाले ऑपरेशन के संबंध में जानकारी दी गयी। शिविर में सहारनपुर व आस पास के क्षेत्रों से बवासीर, भगंदर एवं फ्शिर से लम्बे समय से पीड़ित 68 मरीजों ने निशुल्क परिक्षण का लाभ उठाया। शिविर में मेडियाम हॉस्पिटल के लेप्रोस्कोपिक एवं लेजर सर्जन डॉ रवि जैन ने मरीजों को लेजर सर्जरी द्वारा बवासीर भगंदर एवं फिशर की सर्जरी के लाभ एवं सुविधाओं के बारे में बताया।

# गोण्डा सदर विधानसभा का दौरा



*अवधनामा संवाददाता*

**गोण्डा।** समाजवादी पार्टी की लोकसभा प्रत्याशी श्रेया वर्मा ने सपा नेता सूरज सिंह के साथ गोण्डा सदर विधानसभा का तूफानी दौरा किया। श्रेया वर्मा ने जनसभा को सम्बोधित करते हुए कहा कि मै पिछले 6 सालों से समाजवादी महिला सभा की राष्ट्रीय उपाध्यक्ष के रूप में पार्टी की नीतियों को जन जन तक पहुँचा रही हूँ, गोण्डा मा0 बेनी बाबू और मा0 पंडित सिंह जी की कर्म भूमि रही है, आज हमारे चुनाव प्रचार का पहला दिन है हमारा सन्देश आपसी भाईचारा है हम प्रयास करेंगे कि गोण्डा लोकसभा की मूलभूत समस्याओं का हल निकले। किसान, महिला, छात्र, व्यापारी, पिछड़ा, दलित, अल्पसंख्यक के साथ हो रहे अत्याचार को रोकने का प्रयास करुँगी। महिला सभा की राष्ट्रीय अध्यक्ष जूही सिंह ने कहा कि बेनी बाबू और पंडित सिंह जी से आप सबका पारिवारिक रिश्ता रहा है इस रिश्ते को आगे भी बरकरार रखना हमारी और आपकी जिम्मेदारी है। सूरज सिंह ने अपनी 24 घंटे जनता के बीच उपलब्ध रहने का उदाहरण देते हुए कहा कि आज आम जनमानस परेशान है महंगाई, भ्रष्टाचार, पुलिस उत्पीड़न ने आम जनमानस की कमर तोड़ रखी है। मलारी, पकड़ी केश्वार, पिपरा भिटउरा, नौबरा, सीहागांव, सोनभरिया बेलावाँ आदि ग्रामसभाओं में जनसभा की जिसमें महिलाओं की सहभागिता अधिक रही।

# जालसाज पति पत्नी प्रापर्टी डीलर के खिलाफ स्थानीय थाने में मुकदमा दर्ज

*अवधनामा संवाददाता*

**नवाबगंज (गोंडा)।** बिहार के जालसाज पति पत्नी प्रापर्टी डीलर के खिलाफ धोखे से जमीन का एग्रीमेंट कराने व जबरन कब्जा करने तथा धमकी देने के मामले में अदालत के आदेश परा स्थानीय थाने में मुकदमा दर्ज किया गया। थाना क्षेत्र के महेशपुर गांव निवासी राजू पुत्र भगवती नें अदालत में दिए गए प्रार्थना पत्र में बताया कि बिहार प्रांत के मोरे जिला निवासी माधु सिंह तथा उनके पति नवीन कुमार जो कि वर्तमान में गौतमबुद्ध नगर के आम्रपाली प्लेटिनम सेक्टर-113 मे रहते हैं। जनवरी सन् 2021 में अयोध्या के महंथ परशुराम दास के माध्यम से इनसे मुलाकात हुई थी। इन्होंने अपने आप को बिल्डर बताते हुए कहा कि उनका देश कई प्रांतों में प्रोजेक्ट चल रहा है।यदि अयोध्या के आसपास जमीन मिल जाए तो वह बड़ी विल्डिंगो के साथ साथ छोटा शहर जैसा स्वर्ग बना देंगे। उक्त दोनों पति-पत्नी ने कहा कि यदि वह कृषि योग्य भूमि पर फ्लैट का निर्माण कर उसको बेंच कर उसका पचास प्रतिशत लाभ उसे देंगे। उन्होंने कहा कि उनका क्षेत्र अयोध्या से सटा हुआ है लेकिन माझा क्षेत्र होने के कारण बहुत पिछड़ा हुआ है। अक्सर बाढ़ में फसले नष्ट हो जाया करती है। उनकी बातों में आकर वह अपने परिजनों के बात करीब दो सौ बीघा जमीन एग्रीमेंट करने के लिए तैयार हो गया।उसके बाद नवीन कुमार व उनकी पत्नी माधु कुमारी पांच लाख रुपए बतौर सिक्योरिटी जमा कराने के लिए कहते हुए कहा कि एक सप्ताह में एग्रीमेंट तैयार कर पंद्रह दिन में काम शुरू करा देंगे।उसके बाद उन दोनों ने अंग्रेजी में लिखे कई पेजों में एग्रीमेंट तैयार करा कर उससे तथा उसके चचेरे भाईयों से उस पर हस्ताक्षर करने के लिए कहा। अंग्रेजी की जानकारी व समझ न होने के कारण वह सभी लोगों ने हस्ताक्षर करने से मना करते हुए कहा कि किसी से पढ़वा कर ही हस्ताक्षर करेंगे। लेकिन दोनों लोगों ने विश्वास मे लेकर हम सभी लोगों से हस्ताक्षर करा लिया।उसके बाद शर्तो के विरुद्ध उस पर काम कराना शुरू कर दिया।मना करने पर झगड़ा पर उतारू हो कर कहा कि देश के कई प्रांतों में तुम्हारे खिलाफ मुकदमा लिखवा देंगे जिससे तुम लोगों की जिंदगी बर्बाद हो जाएगी। महंथ परशुराम दास ने भी उन लोगों को समझाने का प्रयास किया लेकिन वह सभी लोग नहीं माने। उसके बाद अक्टूबर 2022 में उनके कंपनी के सुपरवाइजर शाहनवाज अंसारी 40-50 लोगों के साथ आए और खेत में लगी फसल को नुक्सान पहुंचाने लगे,मना करने पर कहने लगे कि यह कंपनी की जमींन है। इसे खाली कर दो नहीं तो जान से मार दिए जाओगे।उसके बाद वह मार पीट पर आमादा हो गए और कहा कि तुम्हारी सभी जमीनों का हमने एग्रीमेंट करा लिया है। जिंदगी भर जमीन अदालत के मुकदमे में फंसी रहेगी। उन लोगों ने फर्जी तरीके से कूटरचित दस्तावेज तैयार कर उसके साथ धोखाधड़ी करके जमीन एग्रीमेंट कराया है।उन्होंने कहा कि मधु कुमारी तथा उनके पति नवीन कुमार एक शातिर जालसाज है इनके खिलाफ विहार के कई थानों में जालसाजी सहित गंभीर धाराओं में चार मुकदमे दर्ज हैं। प्रभारी निरीक्षक मनोज कुमार राय ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर लिया है। मामले की जांच की जा रही है।

## ट्रैक्टर चालक के खिलाफ मुकदमा दर्ज

**नवाबगंज (गोंडा)।** अवैध मिट्टी खनन कर ट्राली पर लाद कर ले जाने के मामले में खनन निरीक्षक की जांच के बाद ट्रैक्टर चालक के खिलाफ खान एवं खनिज अधिनियम के तहत मुकदमा दर्ज किया गया। थाना क्षेत्र के सरयू घाट पुलिस चौकी इंचार्ज संजीव ने दर्ज कराए गए मुकाबले में बताया कि बीते पंद्रह नवम्बर को तत्कालीन चौकी इंचार्ज शिवलखन सिंह ने क्षेत्र भ्रमण के दौरान एक ट्रैक्टर ट्राली पर मिट्टी लदा हुआ पाया। उन्होंने ट्रैक्टर के पास जा कर पूंछ तांछ किया तो चालक अपना नाम सुनील दूबे निवासी जफरापुर बताया। पूंछने पर चालक ने बताया कि मिट्टी खनन का कोई परमीशन उसके पास नहीं है। ट्रैक्टर ट्राली का आनलाइन चालान करने के बाद पुलिस चौकी पर लाकर खड़ा कर दिया गया। ट्राली पर लदी मिट्टी के संबंध में उपजिलाधिकारी तरबगंज तथा खनन विभाग को रिपोर्ट भेज दिया गया।

# संगठन का मजबूत होना जरुरी




*अवधनामा संवाददाता*

**गोंडा।** सफाईकर्मचारियो के हितो के लिए संगठन का मजबूत होना जरुरी है सभी सदस्य संगठन हित मे मिलकर काम करे और संगठन को मजबूत बनाये उक्त बात उप्र पंचायतीराज सफाईकर्मचारी संघ जिलाध्यक्ष राघवेन्द्र तिवारी ने नवाबगंज ब्लाक मे बुधवार को सफाईकर्मचारियो से मुलाकात के दौरान कहा। उप्र सफाईकर्मचारी संघ ब्लाक अध्यक्ष पद के चुनाव केबाद बुधवार को संघ के जिलाध्यक्ष राघवेन्द्र तिवारी ने सफाईकर्मचारियो से नवाबगंज ब्लाक मुख्यालय पर मुलाकात कर संगठन के सदस्यों को अनुशासन और संघटन के मजबूत बनाने के सभी सदस्यों को निर्देश दिया इस दोरान उन्होंने वर्तमान ब्लाक अध्यक्ष रामसजीवन तिवारी व पूर्व ब्लाक अध्यक्ष मस्तराम यादव दर्शनलाल यादव सहित संगठन के सभी वर्तमान और पूर्व पदाधिकारियों से मुलाकात किया तथा बताया कि संगठन कोमजबूत बनाने के लिए सब मिलकर काम करे और संगठन को मजबूत बनाये।

इस दौरान ब्लॉक अध्यक्ष राम सजीवन तिवारी पूर्व ब्लाक अध्यक्ष मस्तराम यादव ने अपने साथियों साथ जिलाध्यक्ष को माला पहनाकर स्वागत कर सहयोग का आश्वासन दिया। मौके पर कोषाध्यक्ष रामचंद्र मौर्या ने कार्यक्रम का संचालन किया। वही म। महामंत्री संजय कुमार पूर्व महामंत्री अमरेश यादव संत कुमार यादव दीपराज पवन कुमार दर्शन लाल यादव देव प्रकाश गंगा प्रसाद निषाद पट्टू लाल विकासखंड के समय सफाई कर्मचारी गण मौजूद रहे।

## सपा मजदूर सभा के राष्ट्रीय महासचिव बने फरजान रईस



**लखनऊ अवधनामा संवाददाता।** समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव की संस्तुति पर फरजान रईस हैदर पुत्र रईसुल हसन को समाजवादी पार्टी की मजदूर सभा के राष्ट्रीय महासचिव पद पर नामित किया गया है। फरजान रईस हैदर इरादत नगर डालीगंज के रहने वाले हैं। समाजवादी मजदूर सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल निगम वारसी ने पत्र के जरिए फरजान रईस हैदर पर विश्वास जताया है कि फरजान रईस हैदर के द्वारा समाजवादी पार्टी को मजबूती मिलेगी और आने वाले 2024 लोकसभा चुनाव में समाजवादी पार्टी की जीत में मार्ग प्रशस्त जरूर करेंगे।

## एग्रो इनपुट डीलर्स ऐसोशिएशन के अध्यक्ष बने दिनेश



**उरई (जालौन) अवधनामा संवाददाता।** व्यापारी किसी को उत्पीड़ित नहीं करता है बल्कि स्वयं उसका उत्पीड़न होता है। इस स्थिति को बदलना होगा। यह बात एग्रो इनपुट डीलर्स ऐसोशिएशन की बैठक में प्रदेश अध्यक्ष अतुल त्रिपाठी ने कही। स्थानीय गेस्ट हाउस में एग्रो इनपुट डीलर्स एसोशिएशन का दूसरा अधिवेशन खाद, बीज एवं कीटनाशक व्यापारियों की उपस्थिति एवं प्रदेश अध्यक्ष अतुल त्रिपाठी के मुख्य आतिथ्य में संपन्न हुआ। बैठक को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि ने कहा कि व्यापारी जीएसटी और इनकम टैक्स सरकार को देता है और सामाजिक कार्यों में भी दिल खोलकर खर्च करता है। व्यापारी समाज का एक अभिन्न अंग है। व्यापारी किसी को उत्पीड़ित नहीं करता है बल्कि स्वयं उसका उत्पीड़न होता है, इस स्थिति को बदलना होगा। सरकार को भी चाहिए कि व्यापार को बढ़ाने के लिए व्यापारियों को सहूलियत दी जाए। प्रभात तिवारी को बुंदेलखंड प्रभारी बनाया गया। इस मौके पर विशिष्ट अतिथि भूपेंद्र लोदी, डॉ. रविंद्र, सुधीर चतुर्वेदी, पुनीत मित्तल, अरविंद चौहान, दीपक गुप्ता, महामंत्री केपी सिंह, महासचिव महेंद्र पटेल, मनोज शुक्ला, मनीष शर्मा, विजय गुप्ता, करन राजावत, यासीन रजा, राकेश अग्रवाल, प्रदीप गुप्ता, सानू सिंह आदि मौजूद रहे।

## परीक्षा निरस्त कर दोबारा कराने की मांग



**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** उत्तर प्रदेश पुलिस आरक्षी भर्ती परीक्षा के परीक्षार्थियों ने बुधवार को कलेक्ट्रेट पहुंचकर अतिरिक्त मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया है जिसमें परीक्षार्थियों का कहना है कि उत्तर प्रदेश पुलिस परीक्षा 17 और 18 फरवरी 2024 को धांधली पूर्वक संपन्न हुई। इसके सबूत स्पष्ट रूप से सोशल मीडिया पर मौजूद है। कई छात्रों के पास इसके प्रमाण मौजूद हैं। अभ्यर्थियों के भविष्य के साथ खिलवाड़ किया जा रहा है। जो की निंदनीय है। इसलिए 17 और 18 फरवरी को संपन्न हुई पुलिस परीक्षा को निरस्त करवाए जाने की मांग की है। साथ ही परीक्षा दोवारा कराए जाने की मांग की हैं। इस मौके पर विकास कुमार, हर्ष, सुब्रत दुबे, अमन चौहान, अंकित कुमार, अरुण कुमार, कुश सिंह, सतीश सिंह सहित दर्जनों परीक्षार्थी मौजूद रहे।

## 29 प्रार्थना पत्र में से आठ का निस्तारण



**अमृतपुर अवधनामा संवाददाता।** संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन एसडीएम रविंद्र सिंह की अध्यक्षता मे आयोजित किया गया। जिसमे कुल 29 प्रार्थना पत्र आए। 8 प्रार्थना पत्र का मौके पर निस्तारण किया गया। सतीश पुत्र प्यारेलाल निवासी मोकुलपुर ने जमीन को कब्जा मुक्त कराने, मंजू पत्नी महिपाल निवासी गौंटिया पूर्वी ने विद्युत कर्मी द्वारा रुपए लेकर विद्युत कनेक्शन न कराने के संबंध मे, रामसागर पुत्र मनसुख निवासी अधुई अल्लाहगंज जिला शाहजहांपुर ने विरासत बनवाने, अतर सिंह निवासी कनकापुर ने चकरोड खुलवाने, हरिश्चंद्र पुत्र रामविलास निवासी रतनपुर पमारान ने विद्युत मीटर बदलवाने, प्रवीण कुमार पुत्र परमेश्वर निवासी उधरनपुर लीलापुर ने चकमर्ग खुलवाने, विटोली पत्नी प्रदीप कुमार ने प्रधानमंत्री आवास दिलवाने के संबंध मे प्रार्थना पत्र दिया। तहसीलदार कर्मवीर सिंह, एसओ मिनेश पचौरी, जलनिगम की साक्षी पांडेय आदि लोग उपस्थित रहे।

## तीन दिवसीय निशुल्क दिव्यांगो का शिविर 23 से

**फर्रुखाबाद अवधनामा संवाददाता।** निशुल्क दिव्यांग सहायता शिविर 23 24 व 25 फरवरी को एन ए के पी डिग्री कॉलेज के सामने सेवा केंद्र पर आयोजित होगा। इस शिविर में कटे हुए हाथ वाले दिव्यांग जनों के लिए कृत्रिम हाथ भी उपलब्ध होंगे। शिविर संयोजक डॉ रजनीश सरीन ने बताया कि 23 फरवरी को सुबह 9 बजे से अपराध 2 बजे तक शिविर में दिव्यांगों को कृत्रिम पैर पोलियो ग्रस्त व्यक्तियों को केलीपर बैसाखी आदि निशुल्क उपलब्ध कराई जाएगी। उन्होंने कहा कि सभी जरूरतमंद व्यक्तियों से अपील है कि वह निश्चित तिथि को शिविर में पहुंचकर निशुल्क सुविधाओं का लाभ उठाएं। उन्होंने कहा कि मरीज अपने साथ आधार कार्ड और दिव्यांग प्रमाण पत्र की फोटो कॉपी अनिवार्य रूप से साथ लाएं। उन्होंने कहा कि कम सुनने वालों को कान की मशीन भी दी जाएगी उसके लिए कान की जांच और आधार कार्ड लाना आवश्यक है।

## दूरसंचार सलाहकार समिति के सदस्य बने अजय

**अमेठी अवधनामा संवाददाता।** भारतीय जनता पार्टी के जिला मंत्री अजय विश्वकर्मा को दूर संचार सलाहकार समिति का सदस्य नामित किया गया है। उनके मनोनयन पर समर्थकों ने खुशी जताई है। कार्यालय महाप्रबंधक दूर संचार सुल्तानपुर के सलाहकार समिति का सदस्य बनाए जाने संबंधी एक पत्र उन्हें सहायक महाप्रबंधक प्रशासन सुल्तानपुर की ओर से भेजा गया है।जिसमे कहा गया है कि दूरसंचार मंत्रालय भारत सरकार के एक पत्र के निर्देश के क्रम में उनका मनोनयन हुआ है।

## उप मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए तैयारियों का किया निरीक्षण

**देवरिया।** उत्तर प्रदेश सरकार के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्या आज देवरिया के भाटपार रानी विकास खंड के बेलपार में निर्माणाधीन आवासीय एवं अनावासीय भवनों के शिलान्यास कार्यक्रम में भाग लेने के लिए प्रातः 10:30 बजे पहुंचेंगे। उप मुख्यमंत्री के स्वागत के लिए सलेमपुर सांसद रविंद्र कुशवाहा, भाजपा जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह, भाटपार रानी विधायक सभाकुंवर कुशवाहा ने पार्टी पदाधिकारियों और प्रशासनिक अधिकारियों के साथ बैठक कर उनके स्वागत की तैयारी की समीक्षा की। इस दौरान कार्यक्रम स्थल, बाबा राघव दास इंटर कॉलेज भाटपार रानी का स्थलीय निरीक्षण भी किया गया। जिलाध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह ने बताया कि उप मुख्यमंत्री के कार्यक्रम को देखते हुए प्रशासनिक अधिकारियों को चाक चौबंद सुरक्षा बनाने हेतु निर्देश दिए गए हैं। इस अवसर जिला उपाध्यक्ष राजेश मिश्रा, रजनीश उपाध्याय, जयनाथ कुशवाहा, अमित सिंह, राघवेंद्र वीर विक्रम सिंह, राजेश सिंह, प्रभाकर तिवारी, हितेंद्र तिवारी, मनीष मल्ल, सुरेश तिवारी सहित प्रशासनिक अधिकारी भी मौजूद रहे।

## टूट गई सुभाष की बुढ़ापे की लाठी इकलौते पुत्र ने घर से खदेड़ा

अवधनामा संवाददाता



बुजुर्ग सुभाष यादव की फाइल फोटो

**खैरेटवा, कुशीनगर।** नगर पंचायत मथौली के वार्ड नंबर एक झमई टोला निवासी एक 70 वर्षीय बुजुर्ग को इकलौते बेटे ने घर से बाहर निकाल दिया। मामले की जानकारी तब हुई जब किसी ने बुजुर्ग को गेट पर लगे ताले के साथ खड़े होने का फोटो वायरल कर दिया।

मिली जानकारी के अनुसार नगर के वार्ड नंबर एक निवासी सुभाष यादव के इकलौते पुत्र बीरबल ने घर में घुसने से मना कर दिया और घर के दरवाजे पर ताले लगा दिया। ग्रामीणों ने बताया कि बीरबल की दो शादियां हुई है जिसमे पहली पत्नी से केवल दो बेटियां ही है जिसको सुभाष यादव के संरक्षण में है, जबकि बीरबल अपनी दूसरी पत्नी के साथ रहता है। बेटियों की शादी दोनो ने मिलजुल कर किया जिसके बाद सुभाष यादव ने अपनी संपत्ति का आधा हिस्सा बीरबल की पहली पत्नी से जन्मे बच्चों को लिख दिया जिसके बाद बाप बेटे में तनाव की स्थिति बनती गई। पड़ोसियों ने बताया कि सुभाष के घर की छत जर्जर हो गई है जिसको मरम्मत के समय में बीरबल ने रोक दिया, जिसके बाद सुभाष रिस्तेदारो के पास चला गया। वापस आने के पश्चात देखा कि दरवाजे पर उसके ताले के ऊपर पुत्र बीरबल ने दूसरा ताला लगा दिया है और घर में घुसने नहीं दिया। मामले की तथ्य जानने के लिए अखबार के प्रतिनिधि मौके पर पहुंचे तो सुभाष नही मिले। पड़ोसियों ने बताया कि इधर उधर भटक रहे है। बात दें कि बेटे द्वारा बुजुर्ग बाप को घर से निकाल देने के बाद गांव में तरह तरह की चर्चा हो रही है।

# ध्रुव क्रिकेट अकादमी लखनऊ के कोच बने कुशीनगर के विनय

अवधनामा ब्यूरो



**कुशीनगर।** जिले का उदीयमान विनय प्रताप सिंह ने आज बुलंदियों को छू लिया है। अपने मेहनत, ईमानदारी और संघर्षों के बलबूते चमक उठे। जिसका परिणाम सार्थक निकला और यूपी के सबसे बड़े एकेडमी ध्रुव क्रिकेट एकेडमी का कोच बनाया गया है। इनके इस उपलब्धि पर चहुओर खुशी का माहौल है और बधाईयों का तांता भी लगा है।

मूलतः पडरौना तहसील के ग्राम विरईठ, धर्मपुर निवासी नरेंद्र प्रताप सिंह का बेटा विनय प्रताप सिंह शुरू से ही क्रिकेट मैच खेलने की लालसा थी जो आज बड़े वहदा पर अपनी सेवाएं दे रहे है। अपनी कोचिंग का हुनर यूपी की सबसे बड़ी एकेडमी ध्रुव क्रिकेट अकादमी में क्रिकेट कोच के रूप में अपनी सेवाएं दे रहे हैं। विनय प्रताप सिंह पढ़ाई में भी अव्वल रहे है। इन्होंने खेल के साथ साथ BPEd, MPEd ,Yoga Diploma, MS Dhoni cricket academy Level -1 कोचिंग स्टेट पैनल में रोहित जग्गी के देख रेख में इन्होंने डिग्रियां भी हासिल किए।

इसी उपलब्धि को देखते हुए ध्रुव क्रिकेट अकादमी के हेड कोच दीपक यादव ने जो खुद एक भारतीय खिलाड़ी हैं जो खुद देवधर ट्रॉफी, दिलीप ट्रॉफी, ईरानी कप, और रेलवे के लिए बहुत सारे रणजी मैच खेले हैं और इन्हीं सब कुछ उपलब्धियां को देखते हुए विनय प्रताप सिंह को ध्रुव क्रिकेट अकादमी के कोचिंग के लिए ऑफर दिया जिसे विनय ने स्वीकार कर लिया। दीपक यादव और विनय प्रताप सिंह की देखरेख में ध्रुव क्रिकेट अकादमी में India A, IPL, UP, Railway, RBI, Services, AG के बहुत से अच्छे खिलाड़ी प्रेक्टिस के लिए आते हैं जिसको विनय प्रताप सिंह खुद से ही साइड आर्म से प्रैक्टिस करवाते हैं। जिससे आने वाले मैच के लिए एक अच्छा सा प्रिपरेशन होती है। ध्रुव क्रिकेट अकादमी में काफी ज्यादा बच्चे अच्छे लेवल पर जाकर अच्छा प्रदर्शन करते हैं जिसका श्रेय हेड कोच दीपक यादव और विनय प्रताप सिंह को जाता है। विनय प्रताप के इस उपलब्धि पर घर परिवार सहित जिले में खुशी का माहौल है। सभी लोग बधाई व आशीर्वाद दे रहे है।

**जिले में खुशी का माहौल, बधाईयों का लगा तांता**

# केन्द्रीय मंत्री ने विजेता खिलाड़ियों को मेडल देकर किया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता



**कौशाम्बी।** जनपद में चल रहे सांसद खेल प्रतियोगिता के समापन समारोह में केन्द्रीय मंत्री ने जिला दिव्यांग सम्मेलन में 82 लाभार्थियों को ट्राई साइकिल एवं 35 लाभार्थियां को कृत्रिम अंग भेंट किया। केन्द्रीय मंत्री महिला एवं बाल विकास तथा अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय, भारत सरकार स्मृति जुबिन ईरानी ने आज स्पोर्ट्स स्टेडियम,टेंवा में कौशाम्बी विकास परिषद के तत्वावधान में आयोजित सांसद बालिका खेल स्पर्धा महाकुम्भ में प्रतिभागकर विजेता खिलाड़ियों को मेडल, शील्ड एवं प्रशस्ति-पत्र देकर सम्मानित किया।

केन्द्रीय मंत्री ने सम्बोधित करते हुए कहा कि सांसद विनोद सोनकर द्वारा आयोजित सांसद बालिका खेल स्पर्धा महाकुम्भ में प्रतिभाशाली बालिकाओं को सम्मानित करने का सौभाग्य मिला, एक महिला एवं मॉ होने के नाते मैं गौरव की अनुभूति कर रहीं हूॅ। कौशाम्बी की बेटियों ने बढ़-चढ़कर प्रतियोगिता में प्रतिभाग किया। उन्हांने कहा कि हम सब का सौभाग्य है कि एक गरीब अंचल में जन्में, गरीब मॉ के बेटे ने यह समझा कि अगर महिला के जीवन को उच्चतम जीवन शैली से जोड़ दें, तो कल्याण मात्र महिला का नहीं, बल्कि पूरे परिवार एवं समाज का होता हैं। कौशाम्बी की पूण्य धरा पर भगवान श्रीराम एवं भगवान बुद्ध के भी चरण पडें हैं। मॉ गंगा का भी आर्शीवाद सदैव मिला हैं। उन्होंने कहा कि मुझे यह कहते हुए अत्यन्त प्रशन्नता की अनुभूति हो रहीं है कि गॉव की बेटियों ने सांसद बालिका खेल स्पर्धा को एक सुनहरा अवसर मानकर प्रतिभाग कर अपनी प्रतिभा को समाज के सम्मुख रखने का कार्य किया है। उन्होंने 10 वर्षीय खिलाड़ी माया का उल्लेख करते हुए कहा कि माया ने मंच पर आकर कहा कि मैडम मुझे मेडल मिला है, माया ने आज 10 वर्ष की उम्र में मेडल प्राप्त किया है, वह आगे चलकर सफलता के उच्चतम शिखर तक पहुॅचेंगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री के प्रयास से जल-जीवन मिशन के अन्तर्गत हर-घर नल से जल पहुॅचाया जा रहा हैं। महिलाओं को खुले में शौच से मुक्ति दिलाने के लिए शौचालय (इज्जत घर) बनाने का कार्य किया गया। महिलाओं को चूल्हें के धुआॅ से मुक्ति दिलाने के लिए निःशुल्क गैस कनेक्शन देने का कार्य किया गया। उन्होंने खिलाड़ियों से कहा कि जीवन की आपा-धापी में कुछ जीतोगे, कुछ हार जाओगें, दौड़ते रहने व चलते रहने का नाम ही जीवन हैं।

## राष्ट्रपति से सम्मानित डा. प्रीति का जनपद में किया सम्मानित



**गाजीपुर अवधनामा संवाददाता।** लिवर और पित्त विज्ञान संस्थान नई दिल्ली मे तैनात लिवर रोग विशेषज्ञ डा प्रीति गुप्ता का विगत 27 दिसम्बर को देश की राष्ट्रपति द्रोपदी मुर्मू से उपाधि ग्रहण कर प्रथम बार पैतृक जनपद आने पर उनके बीकापुर स्थित नवनिर्मित आवास पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जिला महामंत्री दयाशंकर पांडेय, अच्छेलाल गुप्ता और शशिकान्त शर्मा के नेतृत्व में जिले की प्रतिभाशाली बेटी का अंगवस्त्र और पुष्प गुच्छ भेंट कर सम्मानित किया। गाजीपुर रेलवे स्टेशन स्थित डा पीसी गुप्ता कि पुत्री डा प्रीति गुप्ता एमबीबीएस, एमडी की पढ़ाई के बाद डीएम (डॉक्टरेट ऑफ़ मेडिसिन हिपैटोलाजी) मे प्रथम स्थान प्राप्त करने तथा अपनी इस विषय विधा की देश में दूसरी महिला डाक्टर है जिन्हें राष्ट्रपति से सम्मानित होने का गौरव प्राप्त हुआ है। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी शशिकान्त शर्मा ने कहा कि डा प्रीति गुप्ता ने पूर्वांचल की मिट्टी की सुगंध जम्मू कश्मीर के उप राज्यपाल मनोज सिन्हा के उदगार देश रहूं विदेश रहू रउवे कहाइब से प्रेरित अपनी जन्मभूमि के लोगों के लिए कुछ करना चाहती है। सम्मान सेअविभूत आईएलबीएस दिल्ली से पढ़कर उसी संस्थान के चिकित्सालय में सेवा प्रदान कर रही डा प्रीति गुप्ता ने कहा कि सेवा का यह क्षेत्र आज पूरी तरह से व्यवसायिक हो गया है। शिक्षा पूरी कर लखनऊ और वाराणसी के कई छोटे बड़े चिकित्सा संस्थानों में हमने जाने के बाद यह निर्णय लिया कि दिल्ली में रहते हुए अपने जनपद के लोगों की सेवा के लिए जिले से जुड़कर चिकित्सा सेवा करुंगी।

## धोखेबाज कांग्रेस का साथ दे रही समाजवादी पार्टी : वसीम राईन

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** धोखेबाज कांग्रेस का साथ दे रही समाजवादी पार्टी भी दूध की धुली नही है। दोनों के पाप और फरेब तराजू में बराबर बैठते हैं। पूर्व में प्रयोग कर फेल हो चुके राहुल व अखिलेश एक बार फिर झूंठ के सहारे मैदान में आ चुके हैं मगर इनकी नीयत और फितरत व आदत से वाकिफ जनता इन्हें फिर घर वापस भेज देगी। लोकसभा चुनाव से पहले ही इन दोनों का अंजाम तय हो चुका है। यह बात आल इंडिया पसमांदा मुस्लिम महाज के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष वसीम राईन ने अपने बयान में कही। उन्होंने सबसे पहले कांग्रेस पर हमला बोलते हुए कहा कि आर्टिकल 341 के तहत धार्मिक प्रतिबंध लगाकर कांग्रेस अरसा पहले ही अपनी नीयत का प्रदर्शन कर चुकी है। पसमांदा समाज को वोटबैंक बनाकर कांग्रेस ने सिर्फ इस्तेमाल करना ही सीखा, सत्ता सदन व संगठन से बरसो दूर रखा, वही दशा आज भी है। अशराफ को सर माथे लेकर चलने वाली कांग्रेस के राजकुमार भारत जोड़ो यात्रा की विफलता के बाद न्याय यात्रा निकाल रहे हैं और यह यात्रा राजनीतिक कम कूटनीतिक ज्यादा साबित हो रही बल्कि हर राज्य जाकर वह सीटों का बंटवारा तय कर रहे, गठबंधन में नकारे जाने के बाद राहुल राज्यों में पतली हालत सही कर रहे हैं, वही काम हाल ही में यूपी में भी हुआ है। इसी से कांग्रेस की असल स्थिति का अंदाजा लगाया जा सकता है। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ने कहा कि रही बात सपा मुखिया अखिलेश यादव की तो वह भी दोहरा चरित्र लेकर मैदान में हैं। लोकसभा चुनाव से पहले पार्टी की डूबती नैया उबारने के लिए पीडीए का प्रयोग लेकर वह हाजिर हैं जो शुरुआती दौर में ही मुंह के बल गिरा जा रहा।

## जन सेवा केंद्र ग्रामीणों को राशन कार्ड के नाम पर लूट रहे

**अमृतपुर फर्रुखाबाद।** थाना क्षेत्र के ग्राम चपरा में संजय नाम का लड़का जन सेवा केंद्र चल रहा है। जिसके द्वारा राशन कार्ड बनवाने के नाम पर हजारों रुपए लिए जा रहे हैं। अमैयापुर निवासी, श्रीदेवी पत्नी रामशरण के नाम अंतोदय राशन कार्ड था श्री देवी की मृत्यु होने के कारण पति रामशरण अपने नाम कार्ड करवाना चाहता था। राशन कार्ड संशोधन करने के लिए वह जन सेवा केंद्र चपरा में गया था। जनसेवा केंद्र संचालक संजय द्वारा रामसरन से 1000 ले लिए गए। जब वह रुपए मांगने जाता तो आजकल आजकल कह कर उसे टड़का दिया जाता है। जिसकी ऑडियो रिकॉर्डिंग भी वायरल हो रही है। योगी सरकार में प्राइवेट जन सेवा केंद्र संचालक धड़ल्ले से अशिक्षित और गरीब ग्रामीणों को लूट रहे हैं। देखना यहां होगा कि इस खबर पर एसडीएम अमृतपुर संज्ञान लेते हैं या नहीं या ऐसे ही सीएससी संचालक अवैध रूप से वसूली करते रहेगे। राशन कार्ड नए और संशोधन करवाते रहेंगे।

# डीएम ने समाधान दिवस बाद सदर तहसील का किया निरीक्षण, अव्यवस्था देख जताई नाराजगी

अवधनामा संवाददाता



**फर्रुखाबाद।** संपूर्ण समाधान दिवस का सदर तहसील सभागार में आयोजन किया गया। जिलाधिकारी द्वारा इस दौरान तहसील के विभिन्न पटलों का निरीक्षण भी किया गया द्य तहसील में साफ सफाई का अभाव पाया गया जगह जगह सीलन पाई गई, अलमारियों में रिकॉर्ड अव्यवस्थित तरीके से रखे हुये पाये गये जिलाधिकारी ने इस पर नाराजगी जताई। जिलाधिकारी द्वारा तहसील समाधान दिवस शिकायत रजिस्टर में सही निस्तारण दर्ज न होने पर प्रभारी कानून गो को प्रतिकूल प्रविष्टि दिए जाने के निर्देश दिए हैं।

इस दौरान डीएम के तल्ख तेवरों से हड़कंप मचा रहा द्य कानून-गो को निलंबित करने के दिए आदेश दिए थे बाद में प्रतिकूल प्रविष्टि के निर्देश दिए। सदर तहसील में डीएम को 85 फरियादियों ने शिकायतें दर्ज कराई है। डीएम ने 5 शिकायतों का मौके पर ही निस्तारित कर शेष शिकायतों को अतिशीघ्र गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के अधिकारियों को निर्देश दिए। जिलाधिकारी ने जहानगंज में तैनात कानून गो महेश्वर सिंह को निलंबित करने के आदेश की जगह प्रतिकूल प्रविष्टि दिए जाने के आदेश किए हैं। जिलाधिकारी ने बताया कि प्रभारी कानून-गो तहसील दिवस की शिकायत का सही से निस्तारण नहीं कर पाए थे। जिलाधिकारी ने कहा कि तहसील में अधिकारियों और कर्मचारियों ने बताया कि कानून-गो सही से अपना काम कर रहे हैं। जिलाधिकारी ने कहा कि निलंबित करने की जगह प्रतिकूल प्रविष्ट के आदेश दिए हैं। उन्होंने कहा कि फरियादियों को वार वार चक्कर नहीं लगाने पड़ेंगे उनकी शिकायत का तत्काल प्रभाव से निस्तारण किया जाए। डीएम बोले कुछ शिकायत का निस्तारण हो जाता है शिकायत दर्ज कराने वाले संतुष्ट नहीं होते हैं शिकायत दर्ज कराने बाले को इस संबंध में समझाना होगा। जिलाधिकारी के तेवर देख अधिकारी और कर्मचारियों में हड़कंप मच गया।

# लोगों को आत्मनिर्भर बनाने के लिए स्किल इंडिया के तहत किया जा रहा है प्रशिक्षित



**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** नागरिक कल्याण कार्यक्रम के अंतर्गत मलगहिया में आयोजित बेसिक प्रशिक्षण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्यतिथि कस्टम अधीक्षक दया शंकर दूबे ने कहा कि सीमाई क्षेत्र के लोगों को आत्म निर्भर बनाने के लिए सरकार की मंशा के अनुरूप प्रशिक्षित किया जा रहा है जिससे जीवनयापन में किसी प्रकार की समस्या न उत्पन्न हो। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए एसएसबी के कमान्डेंट एलपी उपाध्याय ने कहा कि भारत सरकार द्वारा चलाए जा रहे स्किल इंडिया कार्यक्रम के अंतर्गत यह प्रशिक्षण दिया जा रहा था जिससे सीमांत क्षेत्र के लोग आत्मनिर्भर बन सके। समापन कार्यक्रम में कुछ दिन पूर्व बढ़नी में इस कार्यक्रम के अंतर्गत जिन बच्चों ने प्रशिक्षण लिया था उनको प्रमाण पत्र तथा टूल किट दिया गया तथा विद्यालय के बच्चों द्वारा देश भक्ति गीत ऐसा देश है मेरा प्रस्तुत किया गया तथा सशस्त्र सीमा बल के महिला आरक्षी द्वारा नशा मुक्ति नुक्कड़ नाटक प्रस्तुत किया गया। जिन बच्चों ने कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए अथक प्रयास करते हुए अनेकों प्रकार के देश भक्ति गीत प्रस्तुत किया इसमें भाग लेने वाले बच्चों को मुख्य अतिथि द्वारा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से कमांडेंट उप कमांडेंट मुकेश गुर्जर मौजूद रहे।

# डीएम की अध्यक्षता में सीएम डैशबोर्ड को लेकर विभिन्न विभागों के अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**गाजियाबाद।** जनपद के विकास कार्यों को गति प्रदान करने एवं सीएम डैशबोर्ड पर सभी विकास कार्यों व योजनाओं की प्रगति रिपोर्ट शत् प्रतिशत फीड कराने के उद्देश्य से आज डीएम मनीष कुमार वर्मा की अध्यक्षता में विकास भवन के सभागार में सीएम डैशबोर्ड पर विभागों की प्रगति को लेकर जनपद स्तरीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक संपन्न हुई।

जिलाधिकारी ने सीएम डैशबोर्ड की समीक्षा बैठक करते हुए कहा कि सीएम डैशबोर्ड की मॉनिटरिंग शासन स्तर पर निरंतर होती है और डैशबोर्ड की रिपोर्ट के आधार पर ही जनपदों की रैंकिंग तय की जाती है, इसलिए अधिकारीगण इसकी महत्ता को समझते हुए अपने-अपने विभागों में क्रियान्वन योजनाओं एवं विकास कार्यों की प्रगति रिपोर्ट सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर शत् प्रतिशत अपलोड करें, ताकि सीएम डैशबोर्ड की रैंकिंग में जनपद को शीर्ष स्थान प्राप्त हो सके। उन्होंने सभी विभागों के अधिकारियों को कहा कि वह प्रतिदिन सीएम डैशबोर्ड की मॉनिटरिंग करें और अपने विभागों की योजनाओं के क्रियान्वयन पर विशेष ध्यान दें।

उन्होंने कहा कि सभी अधिकारी गण सीएम डैशबोर्ड को बहुत ही गंभीरता से ले और जो भी डाटा सीएम डैशबोर्ड पर फीड किया जा रहा है, उसकी एक बार जांच जरुर कर लें और सही डाटा ही पोर्टल पर फीड करें, क्योंकि सीएम डैशबोर्ड की माननीय मुख्यमंत्री व मुख्य सचिव के द्वारा समीक्षा की जाती है। जिलाधिकारी ने बैठक में ऊर्जा विभाग, उद्यान विभाग, कृषि विभाग, ग्राम्य विकास विभाग, ग्रामीण अभियंत्रण विभाग, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग, दुग्ध विकास विभाग, दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग, पंचायती राज विभाग, जल निगम, पर्यटन विभाग, पर्यावरण वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग, प्राथमिक शिक्षा विभाग, पशुधन विभाग, पिछड़ा वर्ग कल्याण विभाग, मत्स्य विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, माध्यमिक शिक्षा विभाग, लोक निर्माण विभाग, व्यवसायिक शिक्षा कौशल विकास एवं उद्यमिता विभाग, श्रम एवं सेवायोजन, सूक्ष्म लघु एवं मध्यम उद्यम विभाग, समाज कल्याण विभाग, सहकारिता विभाग, सिंचाई एवं जल संसाधन विभाग आदि विभागों के विकास कार्यों एवं योजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को निर्देश दिए कि शासन सभी विभागीय अधिकारीगण शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य के अनुरूप लक्ष्य की पूर्ति करने की कार्यवाही सुनिश्चित करें एवं जिन विभागों की रैंकिंग सीएम डैशबोर्ड पर खराब चल रही है, वह अपने कार्य प्रगति पर विशेष फोकस रखते हुए शत प्रतिशत डाटा की फीडिंग सीएम डैशबोर्ड पर करना सुनिश्चित करेंगे ताकि उनकी रैंकिंग में सुधार हो सके। साथ ही जिला अर्थ एवं संख्या अधिकारी को निर्देश दिये कि जो अधिकारी बिना सचूना के बैठक में अनुपस्थित रहे, उनका एक दिन का वेतन काटने एवं स्पष्टीकरण तथा जिन विभागों की रैंकिंग सीएम डैशबोर्ड पर खराब चल रही है उनको स्पष्टीकरण जारी करने की कार्यवाही की जायें।

## गांव गांव शुद्ध जल जागरुकता के लिए हरी झंडी दिखाकर रवाना किया

अवधनामा संवाददाता

**उरई (जालौन)।** ब्लॉक परिसर से जल जीवन मिशन परियोजना हर घर जल योजना के प्रचार प्रसार के लिए आधा दर्जन गाड़ियों को महेवा ए डी ओ पंचायत हरेन्द्र सिंह सेंगर एवं कदौरा सहायक विकास अधिकारी संतोष बाबू गौतम पंचायत एवं ए डी ओ ओ आई एस बी ब्लाक प्रमुख प्रतिनिधि विजेन्द्र कुमार सिंह ने हरी झंडी दिखाकर गांव के लिए रवाना किया ।ए डी ओ पंचायत कदौरा संतोष बाबू गौतम ने कहा ने कहा कि क्षेत्र के हर परिवार को शुद्ध जल मिले इसके लिए राज्य सरकार एवं केंद्र सरकार साथ मिलकर काम कर रही हैं। शुद्ध जल मिले एक्शन फॉर रूरल डेवलपमेंट जालौन यूनिट जिला उप सम्बन्यक विनय सिंह सेगर एवं संतोष गुप्ता ने बताया कि प्रचार बाहन गांव के राजस्व गांवों में प्रधानो के नेतृत्व में कार्यशाला का आयोजन करेंगे। स्वच्छ जल के बारे में लोगों को जागरूक करेंगे । अधिकतर बीमारियां अशुद्ध पेयजल से ही पैदा होती हैं। जरूरत है कि हम शुद्ध पानी का उपयोग करें ।साथ ही जल का संरक्षण भी करें ।जल को दूषित होने से बचाने के साथ ही उसे बेकार में बहने ना दिया जाए ।ए डी ओ पंचायत महेवा हरेन्द सिंह सेंगर ने बताया की दूषित पानी पीने से बचने हेतु जागरूक करे दूषित पानी को कैसे शुद्ध किया जाए और पानी से होने वाली बीमारियों से आमजन को बचाया जा सके


**सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है की मेरे पासपोर्ट संख्या F4190956 मे मेरे नाम की स्पेलिंग त्रुटिवश JAREENA BANO (जरीना बानो) लिख गई है। मेरे नाम की सही स्पेलिंग JARINA BANO (जरीना बानो) है। निवासिनी-13/47, उदय गंज लखनऊ उत्तर प्रदेश-226001

# जिलाधिकारी ने विभिन्न सौंदर्यीकरण व विकास परियोजनाओं के प्रगति की समीक्षा की

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** जिलाधिकारी नितीश कुमार ने अयोध्या धाम में उत्तर प्रदेश प्रोजेक्ट कॉर्पोरेशन लिमिटेड द्वारा संचालित विभिन्न सौंदर्यीकरण एवम्



विकास परियोजनाओं के प्रगति की समीक्षा की। इस अवसर पर जिलाधिकारी द्वारा सर्व प्रथम अयोध्या धाम के विभिन्न ऐतिहासिक एवं पौराणिक मठ-मंदिरों, आश्रमों, भवनों एवं कुंडों आदि को उनकी ऐतिहासिक वास्तुकलाओं को संजोन-संवारने एवम् संरक्षित करने का चरणवद्ध तरीके से किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की। इस अवसर पर परियोजना प्रबंधक यूपीपीसीएल ने बताया कि 84 कोसी, 14 कोसी एवं पंचकोसी परिक्रमा मार्गो के समीप किनारे स्थित पर्यटन स्थलों यथा पौराणिक कुण्डों, आश्रमों आदि के पर्यटन विकास निर्माण एवं जीर्णोद्धार का कार्य प्रगति पर है। उन्होंने बताया कि 14 कोसी परिक्रमा मार्ग के किनारे स्थित पर्यटन स्थलों यथा लक्ष्मीसागर कुंड, वैतरणी कुंड, निर्मली कुंड, गिरजा कुंड, विघ्नेश्वर नाथ शिव मंदिर एवं विभीषण कुंड, पंचकोसी परिक्रमा मार्ग के किनारे/समीप स्थित पर्यटन स्थलों यथा सुग्रीव किला, अशर्फी भवन, छोटी देवकाली, नागेश्वर नाथ मंदिर, श्रेश्वर नाथ मंदिर, मुंडा शिवालय, दन्तधावन कुंड, प्रहलाद कुंड, जानकी कुण्ड, मोनी बाबा आश्रम, कौशल्या घाट, विद्या देवी कुंड, सीता कुंड, दशरथ कुंड तथा 84 कोसी परिक्रमा मार्ग पर स्थित पर्यटन स्थलों/कुंडों एवं आश्रमों यथा दुधेश्वर कुण्ड (सीताकुंड), महर्षि वामदेव आश्रम, जन्मेजय कुंड, नरकुंड, महर्षि वेद व्यास गेट गौराघाट, महर्षि वामदेव आश्रम व तालाब, त्रिपुरारी कुंड, दशरथ समाधि स्थल, नंदीग्राम भरतकुंड, श्रवण कुमार आश्रम, आस्तिक आश्रम, ऋषि च्यवन आश्रम, मेधा ऋषि आश्रम, श्री बंधु बाबा आश्रम व महर्षि वामदेव आश्रम व तालाब के जीर्णोद्धार एवं पर्यटन सुविधाओं के विकास कार्य यूपीपीसीएल द्वारा किया जा रहा है।प्रोजेक्ट मैनेजर यूपीपीसीएल ने बताया कि अब तक यूपीपीसीएल द्वारा सुग्रीव किला, अशर्फी भवन, छोटी देवकाली, नागेश्वरनाथ मन्दिर, मुण्डा शिवाला का शत-प्रतिशत कार्य पूर्ण हो चुका है।

### अयोध्या के वृद्धआश्रम में अवध विवि द्वारा स्वास्थ्य परीक्षण

# बच्चें माता-पिता को कभी बोझ न समझे बल्कि बुढ़ापे का सहारा बनेः कुलपति

**अयोध्या।** डॉ0 राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय द्वारा वृद्धा आश्रम मणि पर्वत व महिला वृद्धा आश्रम नया घाट अयोध्या में बुधवार को पूर्वाह्न स्वास्थ्य परीक्षण शिविर लगाया गया। इस शिविर का शुभारम्भ विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल ने वृद्धजनों के स्वास्थ्य की जानकारी प्राप्त करके किया। कुलपति की मौजूदगी में चिकित्सकों ने 75 से अधिक वृद्धजनों का स्वास्थ्य का परीक्षण किया। जिनमें बीपी, शुगर, हीमोग्लोबिन, गठिया एवं कैलशियम की समस्या पाई गई। चिकित्सकों द्वारा वृद्धजनों के स्वास्थ्य समस्या का निदान करते हुए निःशुल्क दवा उपलब्ध कराई गई।

इस शिविर में कुलपति प्रो0 गोयल ने कहा कि इस भौतिकवादी युग में वृद्ध माता-पिता अपने बच्चों पर बोझ बनते जा रहे है। ऐसे में उन्हें अपनों से दूर रहकर कठिन जीवन वृद्धआश्रम में गुजारना पड़ता है। बच्चें माता-पिता को कभी बोझ न समझे उनके बुढ़ापे का सहारा बने। कुलपति ने कहा कि विश्वविद्यालय के अनुभूति एक प्रयास तहत अयोध्या के वृद्धआश्रम विश्वविद्यालय से जोड़े गए है। इसमें परिसर के समाजशास्त्र एवं समाजकार्य के विद्यार्थियों को अयोध्या स्थित वृद्धाआश्रम को जोड़ा गया है। जिससे उनमें वृद्धों के प्रति समाज की सहानुभूति को स्वानुभूति में परिवर्तित किया जा सके। इस स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में कुलपति प्रो0 गोयल ने आश्रम के वृद्धजनों को फल, मच्छर से बचाव के लिए मच्छरदानी व अन्य सामग्री भेट किया। मौके पर पंजाब सरकार के पूर्व डिप्टी डायरेक्टर प्रेम भूषण गोयल, विश्वविद्यालय की चिकित्साधिकारी डॉ0 दीपशिखा चैधरी, डॉ0 दीपशा दूबे, आश्रम के परमानंद यादव, प्रद्युम्न मिश्रा, रीमा मिश्रा, डॉ0 दिनेश कुमार सिंह, डॉ0 प्रतिभा देवी, डॉ0 प्रभात कुमार, पल्लव पाण्डेय, स्वतंत्र त्रिपाठी, डॉ0 प्रज्ञा पाण्डेय, आशीष मिश्र, गिरीशचंद पंत, सीमा तिवारी सहित अन्य मौजूद रहे।

# सरकारी अस्पतालों में तेजी से बढ़ रहा संस्थागत प्रसव का ग्राफ

**■ सबसे अधिक जिला महिला चिकित्सालय व सबसे कम अरबन पीएचसी व पीपीसी पर कराए गए प्रसव**

*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** उत्तर प्रदेश सरकार में जननी सुरक्षा को लेकर स्वास्थ्य विभाग की कवायद अब सफल होती दिखाई देने लगी है। जैसे जैसे लोगों मे जागरूकता बढ रही है और सरकारी अस्पतालों पर लोगों का विश्वास बढ़ रहा है वैसे-वैसे सरकारी अस्पतालों मे संस्थागत प्रसव की संख्या भी तेजी से बढ़ने लगी है। स्वास्थ्य विभाग के आंकड़ों पर गौर किया जाय तो अयोध्या जनपद में निर्धारित लक्ष्य के सापेक्ष जनवरी 2023 से जनवरी 2024 तक 96 प्रतिशत प्रसव सरकारी अस्पतालों मे कराए गए हैं। सरकारी अस्पतालों मे संस्थागत प्रसव का आंकड़ा काफी तेजी से बढ़ता जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग ने शासन को संस्थागत आंकड़ों की जो रिपोर्ट भेजी है उसके अनुसार अयोध्या जनपद को जनवरी 2023 से जनवरी 2024 के लिए 30600 प्रसव कराने का लक्ष्य दिया गया था, जिसके सापेक्ष सभी सरकारी अस्पतालों मे जनवरी 24 तक कुल 24409 प्रसव सम्पादित हुए हैं।

**क्या कहते हैं स्वास्थ्य विभाग के आंकड़े**

अयोध्या जनपद मे कुल 14 सरकारी अस्पताल हैं, जहां संस्थागत प्रसव कराए जाते हैं। जनवरी 2023 से जनवरी 2024 तक रूदौली सीएचसी में निर्धारित लक्ष्य 3401 के सापेक्ष 3032 प्रसव, मिल्कीपुर सीएचसी पर 2375 के सापेक्ष 1578 प्रसव, अरबन पीएचसी व पीपीसी पर 150 के सापेक्ष 83 प्रसव, पूराबाजार सीएचसी पर निर्धारित लक्ष्य 2225 के सापेक्ष 1542 प्रसव, सीएचसी मया बाजार में लक्ष्य 2227 के सापेक्ष 1564 प्रसव,सोहावल सीएचसी पर लक्ष्य 2822 के सापेक्ष 2691 प्रसव, बीकापुर मे लक्ष्य 2456 के सापेक्ष 2049 प्रसव,सीएचसी अमानीगंज पर लक्ष्य 2256 के सापेक्ष 1712 प्रसव, हरिंग्टन गंज मे निर्धारित लक्ष्य 1979 के सापेक्ष 1192 प्रसव, मवई सीएचसी पर 2318 के सापेक्ष 1959 प्रसव, सीएचसी मसौधा पर लक्ष्य 2020 के सापेक्ष 1313 प्रसव, जिला महिला अस्पताल में लक्ष्य 2804 के सापेक्ष 2882 प्रसव, राजर्षि दशरथ मेडिकल कालेज मे लक्ष्य 1060 के सापेक्ष 1102 प्रसव व सीएचसी तारुन में निर्धारित लक्ष्य 2507 के सापेक्ष 1710 प्रसव कराए गए। जनपद के सभी सरकारी अस्पतालों मे एक वर्ष में कुल 24409 प्रसव कराए गए। जिले में सबसे अधिक प्रसव जिला महिला अस्पताल मे व सबसे कम नगरीय क्षेत्र की पीएचसी व पीपीसी पर कुल 83 प्रसव कराए गए।

# भाकियू ने निकाला ट्रैक्टर मार्च नगर मजिस्ट्रेट को सौंपा ज्ञापन



*अवधनामा संवाददाता*

**अयोध्या।** भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय नेतृत्व के आवाहन पर दिल्ली में चल रहे किसान आंदोलन के समर्थन में जनपद अयोध्या में गांधी आश्रम इलाहाबाद रोड से सहादतगंज बाईपास तक ट्रैक्टर मार्च निकालकर महामहिम राष्ट्रपति को संबोधित 15 सूत्रीय ज्ञापन जिला अधिकारी अयोध्या को सौंपकर समस्या समाधान की मांग किया गया।जाहिर है कि न्यूनतम समर्थन मूल्य की गारंटी कानून बनाने, C2+ 50 के आधार पर फसलों के नाम तय करने, खेती हेतु बिजली फ्री करने, छुट्टा जानवरों से खेती को बचाने, गन्ना मूल्य का डिजिटल भुगतान करने किसानों को प्रतिमाह 10000 पेंशन दिलाने, मनरेगा मजदूरों को वर्ष में 200 दिन काम देने तथा प्रतिदिन 600 मजदूरी देने, लखीमपुर खीरी घटना के दोषियों को सजा देने आदि मांगों को लेकर आंदोलन चलाया जा रहा। जिसके समर्थन में भारतीय किसान यूनियन जनपद अयोध्या द्वारा राष्ट्रीय सचिव घनश्याम वर्मा के नेतृत्व में गांधी आश्रम इलाहाबाद रोड बाईपास से हनुमानगढ़ी ,मकबरा ओवर ब्रिज, पुलिस लाइन ,गांधी पार्क, कलेक्ट्रेट होते हुए सहादतगंज बाईपास तक ट्रैक्टर मार्च निकाला गया और मांगों के समर्थन में तथा सरकार विरोधी नारे लगाए गए।

## भरत कुंड रेलवे स्टेशन का पीएम मोदी द्वारा किया जाएगा शिलान्यास

**अयोध्या।** भरत कुंड रेलवे स्टेशन के नवनिर्माण का पीएम मोदी द्वारा वर्चुअल रूप से 26 फरवरी को शिलान्यास किया जाएगा। भरतकुंड स्टेशन में आयोजित समारोह में इसका लाइव प्रसारण होगा। जिसकों लेकर सांसद लल्लू सिंह, पार्टी पदाधिकारियों व रेलवे के अधिकारियों के साथ समारोह स्थल का निरीक्षण किया। सांसद लल्लू सिंह ने बताया कि 26 तारीख को प्रधानमंत्री द्वारा किए जा रहे शिलान्यास कार्यक्रम का लाइव प्रसारण किया जाएगा। भरतकुंड स्टेशन के नवनिर्माण में यहां यात्री सुविधाओं में विकास किया जाएगा। पार्किंग, सीसीटीवी, दिव्यांगजनों के लिए बेहतर व्यवस्था तथा यात्री सुविधा केन्द्र विकसित किया जाएगा। स्टेशन का नवनिर्माण राममंदिर के तर्ज पर होने से यहां आने वाले श्रद्धालुओं को आध्यमिक नगरी में प्रवेश की झलक मिलेगी। उच्च श्रेणी का स्टेशन होने के कारण बाहरी श्रद्धालुओं तथा स्थानीय नागरिकों को इसका लाभ मिलेगा।

# महिला मित्र एवं एक अन्य के साथ मिलकर की गई थी, मुकद्दम की हत्या

**■ पुरानी रंजिश के चलते योजनाबद्ध तरीके से दिया गया हत्या की घटना को अंजाम**

*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** थाना कुंवरगांव क्षेत्र में विगत दिनों हुई हत्या के मामले में पुलिस द्वारा तीन लोगों को हत्या का दोषी मानते हुए मय आलाकत्ल गिरफ्तार किया गया है, इनके कब्जे से पुलिस को मृतक का मोबाइल सहित अन्य सामान भी बरामद हुआ है।जिसका खुलासा बुधवार को पुलिस द्वारा किया गया है।

गौरतलब है कि विगत 13 फरवरी को थाना कुवंरगांव क्षेत्र के ग्राम भेसामई के जंगल से थाना क्षेत्र के रहने वाले मुकद्दम उर्फ बाकें (55)पुत्र छोटेलाल का शव मिला था, जिसकी गर्दन धड़ से अलग पाई गई थी। घटना के संबंध में मृतक के भाई राजपाल द्वारा चार लोगों को नामजद करते हुए थाना कुवंरगांव पर मुकदमा दर्ज कराया गया था। घटना के बाद से ही पुलिस,वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक आलोक प्रियदर्शी के निर्देशन में मामले की जांच में जुटी हुई थी।बुधवार को थाना कुवरगॉव एवं एसओजी/सर्विलांस की संयुक्त पुलिस कार्यवाही में थाना कुवरगॉव पर दर्ज इस हत्या के मुकदमे का पुलिस द्वारा अनावरण कर दिया गया।पुलिस के अनुसार थाना कुवरगॉव क्षेत्र अन्तर्गत जंगल ग्राम भेसामई में मुक्कदम उर्फ बाके पुत्र छोटेलाल निवासी बिहारी गौटिया थाना कुवरगॉव उम्र करीब 55 वर्ष का शव विगत 13 फरवरी को मिला था,जिसकी गर्दन काटकर हत्या की गयी थी,जिसका सिर धड़ से अलग था,इस सनसनीखेज हत्या काण्ड में प्रारम्भिक विवेचना से नामजदगी सही प्रतीत नही हुई, हत्याकाण्ड का खुलासा किये जाने हेतु वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक एवं उनके अधीनस्थ अधिकारियों के निर्देशन में थाना कुवरगॉव एवं एसओजी की टीमों का गठन किया गया था, इसके बाद पुलिस की गहन तफ्तीश में हत्या का खुलासा हुआ।पुलिस ने मुकद्दम उर्फ बाकें हत्याकांड में फाजिल पुत्र मुनाफ नि0 भैसामई थाना कुंवरगाँव,पूजा पत्नी राम सिंह उर्फ लल्ला नि0 ग्राम कैली थाना कुंवरगाँव तथा जाविर पुत्र असलम नि0 ग्राम दुगरैया थाना कुंवरगाँव को हत्या का दोषी पाते हुए गिरफ्तार कर जेल भेजा है।पुलिस पूछताछ में हत्यारोपियों ने पुलिस को बताया कि मृतक के गॉव के गुलफाम नामक व्यक्ति की वर्ष 1998 में हत्या हुई थी जिसमें गॉव के कुछ लोग जेल गये थे,इस घटना में मृतक मुकद्दम उर्फ बांके जेल नही गया था,लेकिन मृतक के परिजनों को हमेशा से यह शक था कि गुलफाम की हत्या मुकद्दम उर्फ बांके ने ही करायी थी इसी कारण दोनो परिवारो के बीच मनमुटाव था मृतक गुलफाम के भाई हाकिम की पास के गॉव के फाजिल पुत्र मुनाफ से दोस्ती थी,फाजिल अपराधिक प्रवृति का व्यक्ति है, जिसे मुकद्दम उर्फ बांके ने एक बार भैंस चोरी के मामले में भी नामजद किया था।पुरानी रंजिश के चलते हाकिम ने बांके की हत्या के लिये फाजिल को 02 लाख रुपये की सुपारी देना तय किया।

# शिविर का आयोजन कर, नशे के दुष्प्रभावों से किया गया जागरूक




*अवधनामा संवाददाता*

**बदायूं।** गिंदो देवी महिला महाविद्यालय में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा राष्ट्रीय सेवा योजना के अंतर्गत धूमपान, शराब व ड्रग्स निषेध शिविर का आयोजन प्राधिकरण की अध्यक्षता में किया गया। शिविर का शुभारम्भ प्राधिकरण की सचिव एवं अपर जिला एवं सत्र न्यायधीश सारिका गोयल द्वारा किया गया।कार्यकम के प्रारम्भ में महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ गार्गी बुलबुल,एवं डॉ अनीता सिंह, डॉ इति अधिकारी, डॉ रमा सिंह गौर, डॉ इन्दू शर्मा, डॉ सरला द्वारा छात्र, छात्राओं को धूम्रपान, शराब एवं ड्रग्स से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया।कार्यक्रम में प्राधिकरण की सचिव श्रीमती गोयल ने अपने विचार व्यक्त करते हुए नशीले पदार्थो से होने वाले दुष्परिणामों के बारे में बताते हुए कहा कि नशीली वस्तुओं से से स्वयं तथा अपने परिवारिजनों एवं आस-पड़ोस के समाज को नशा मुक्त करने की अपील की।उन्होने बताया कि गुटखा, शराब आदि हानिकारक पदार्थो के सेवन से बचें एवं इनकी लत न लगने दें।

## लापता छात्र हर्षित तीसरे दिन भी नहीं मिला तलाश में जुटी है पुलिस

**अयोध्या।** नगर कोतवाली के लक्ष्मणपुरी के कौशलपुरम कॉलोनी निवासी लापता छात्र हर्षित तीसरे दिन बुधवार तक नहीं मिला। उसकी तलाश में जुटी पुलिस को वह कुछ स्थानों पर सीसीटीवी फुटेज में दिखा है। यूनियन बैंक में प्रबंधक के पद पर तैनात संतोषबली पांडेय का पुत्र हर्षित पाण्डेय(15) कैंट थाना क्षेत्र स्थित कैंब्रियन स्कूल सहादतगंज में कक्षा नौ का छात्र है। वह सोमवार को परीक्षा देने के लिए स्कूल गया,लेकिन वापस नहीं लौटा। इसके बाद परिवार और रिश्तेदारों ने तलाश शुरू की। स्कूल जाकर पूछताछ की तो पता चला कि परीक्षा देकर वापस गया है। आसपास के सीसीटीवी फुटेज को खंगाला गया तो वह दोपहर बाद अपने घर जाने के लिए ई-बस पर सवार होता दिखा, लेकिन घर नहीं पहुंचा था। खोजबीन के बावजूद कोई पता न मिलने पर शिकायत पुलिस को दी गई थी। मामला दर्ज कर तलाश में जुटी कैंट पुलिस ने रामपथ पर स्थित विभिन्न सीसीटीवी कैमरों को खंगाला है।

## आज से यूपी बोर्ड परीक्षाओं का आगाज, टीमें तैयार नकलविहीन इम्तेहान के दावे




*अवधनामा संवाददाता*

**बाराबंकी।** यूपी बोर्ड की हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की परीक्षाएं कल बृहस्पतिवार से शुरू होने जा रही हैं। परीक्षा के लिए कुल 117 केंद्र बनाये गए हैं। इस बार हाईस्कूल में 44,500 एवं इंटर में 31,536 परीक्षार्थी शामिल हैं। हर साल की तरह परीक्षा नकलविहीन संपन्न रखने की कवायद पूरी है। निगरानी का काम गठित जोनल, सेक्टर मजिस्ट्रेट व सचल दलों को सौंपा गया है। परीक्षा केंद्र सुरक्षा कर्मियों से घिर गए हैं। याद दिलाते चलें कि कल 22 फरवरी को हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट की हिंदी की परीक्षा दो पालियों में होगी। हाईस्कूल की परीक्षा इस बार सुबह आठ के बजाय 8.30 बजे शुरू होगी, जो 11.45 बजे तक चलेगी। पहली पाली के लिए नया समय पहली बार लागू किया जा रहा है। वहीं इंटरमीडिएट की परीक्षा दो से शाम 5.15 बजे तक होगी।

सुरक्षा के दृष्टिकोण से परीक्षा केंद्रों को सात जोन व 22 सेक्टर में विभाजित किया गया है। हर केंद्र पर केंद्र व्यवस्थापक, वाह्य केंद्र व्यवस्थापकों की तैनाती की गई है। इसी के साथ सीसीटीवी, पर्याप्त सुरक्षा कर्मियों की तैनाती की गई है। कंट्रोल रूम से परीक्षा केंद्रों पर बनाए गए स्ट्रांग रूम की पल-पल निगरानी की जा रही है। जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने बताया कि यूपी बोर्ड परीक्षा को लेकर सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। जानकारी के अनुसार एसजीपीआईसी सआदतगंज, एसआरकेएचआईसी गाजीपुर, फतेहचंद जगदीश राय इंटर कॉलेज सफदरगंज, सार्वजनिक इंटर कॉलेज, आरआईसी रनापुर हैदरगढ़, श्री खिलाड़ीदास हायर सेकेंडरी स्कूल हंसवापुर, रानी लक्ष्मीबाई स्मारक इंटर कॉलेज कुरौली, एएसडीएसआईसी करौंदिया, शहीद भगत सिंह इंटर कॉलेज शरीफाबाद, यंग स्ट्रीम इंटर कॉलेज को को संवेदनशील श्रेणी में रखा गया है।

### निपुण सर्वे की कसौटी पर फेल हुए 86 प्रतिशत स्कूल

**बाराबंकी।** एआरपी व संकुल शिक्षकों को गोद दिए गए परिषदीय विद्यालयों के निपुण सर्वे में 86 प्रतिशत स्कूल फेल हो गए हैं। सर्वे में सिर्फ 14 फीसद स्कूलों के बच्चे ही निपुण पाए गए हैं। इनमें विकास खंड देवा के सबसे अधिक 47 स्कूलों को निपुण घोषित किया गया है। बेहतर पाए गए इन स्कूलों के एआरपी व संकुल शिक्षकों को सम्मानित किया जाएगा। स्कूलों की शिक्षा पर सरकार विशेष ध्यान दे रही है। विद्यालयों में बच्चों की बौद्धिक क्षमता के आंकलन के लिए एआरपी व संकुल शिक्षकों द्वारा गोद लिए गए विद्यालयों में कक्षा एक से तीन के बच्चों का सर्वे कराया गया था। सर्वे में जिले में 166 स्कूल ही निपुण पाए गए हैं। इनमें विकास खंड देवा में सबसे अधिक 47 विद्यालय निपुण हुए हैं। इसके साथ ही विकास खंड बंकी में 12, दरियाबाद में चार, फतेहपुर में पांच, हैदरगढ़ में तीन, हरख में 14, मसौली में 13, निन्दूरा में तीन, पूरेडलई में चार, रामनगर में 31, सिद्धौर में पांच, सिरौलीगौसपुर में दो, सूरतगंज में 12, त्रिवेदीगंज में 10 व बनीकोडर में एक स्कूल ही निपुण हो पाया है।

# बिना ब्याज के लोन दिए जाने का झांसा देकर जालसाजों ने ठगे 70 हजार, केस दर्ज

*अवधनामा संवाददाता*

**सूरतगंज, बाराबंकी।** फेसबुक पर बिना ब्याज के लोन दिए जाने का एक विज्ञापन देखा और उसपर अप्लाई भी कर दिया।भुक्तभोगी कुछ समझ पाता तब तक जालसाजों ने उसे लगभग 70 हजार रुपए की आनलाइन ठगी कर ली। पुलिस ने पीड़ित की तहरीर पर ठगी का केस दर्ज करके जांच शुरू कर दी है। मोहम्मदपुर खाला थाना के कुतलूपुर रानीगंज निवासी अवधेश कुमार ने थाना पर दी हुई तहरीर में बताया कि 31 जनवरी को फेसबुक में आरबीआई इस्लामिक फाइनेंस अलखेर बैंक का एक विज्ञापन देखा। जिसमें बिना ब्याज के लोन दिए जाने की बात लिखी हुई देख उसने अप्लाई कर दिया। कुछ देर में अवधेश के मोबाइल पर फोन आया। उससे डेढ़ लाख रुपए का लोन मंजूर कर दिया गया है और ऐसा फोन करने वाले अज्ञात युवक ने फाइल चार्ज 1750 रूपए जमा करने की बात कहीं। अवधेश ने उसकी बात स्वीकार कर गूगल पे के माध्यम से पिता के बैंक आफ इंडिया खाते से 1750 रूपए भेज दिए।कुछ देर बाद उसने फिर से 3830 रुपए लगाने के लिए बोला तो अवधेश ने वह भी पैसे लगा दिए।जालसाज उससे फिर से जीएसटी चार्ज की बात कह कर पंद्रह-पंद्रह हजार रुपए लगवा लिए। वहीं इनकमटैक्स के बात बोलकर 22500रुपए भी जमा करवा लिए। अवधेश झांसे में आकर पुनः13647 रुपए, 22500 रुपए लगवा लिए। लोन तो दूर अवधेश को झांसे में लेकर के रुपए की वापस किए जाने के बात बोल कर 13800 रूपए फिर से जमा करवा लिए।शक होने पर अवधेश ने पिता को पूरी घटना से अवगत कराया। विकलांग पिता के साथ थाने पहुंच अवधेश ने अज्ञात के विरुद्ध ठगी किए जाने का मुकदमा पंजीकृत कराया है।

# पुलिस टीम ने खंगाला न्यायालय परिसर

**बाराबंकी।** सुरक्षा की दृष्टि से आज पुलिस बल ने न्यायालय परिसर का जायजा लिया। इस दौरान डॉग स्क्वायड भी साथ रहा। टीम की अगुवाई क्षेत्राधिकारी नगर ने की।

न्यायालय परिसर की सुरक्षा व्यवस्था की जांच समय समय पर की जाती है। इसी क्रम में बुधवार को क्षेत्राधिकारी नगर बीनू सिंह के नेतृत्व में पुलिस बल ने परिसर का भ्रमण किया। इस दौरान संदिग्ध गतिविधियों की जांच की गई। इस कार्य मे डॉग स्क्वायड का भी सहयोग लिया गया। सीओ सिटी ने बताया कि जांच में सब सामान्य मिला है।


### केन्द्रीय वित्त मंत्री के आगमन की तैयारियों का डीएम ने लिया जायजा

**महराजगंज।** जिलाधिकारी अनुनय झा और पुलिस अधीक्षक सोमेंद्र मीणा द्वारा वित्त मंत्री भारत सरकार निर्मला सीतारमण के जनपद आगमन के संदर्भ में प्रस्तावित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया गया। जिलाधिकारी और पुलिस अधीक्षक ने मुख्य मंच, कार्यक्रम स्थल के प्रवेश द्वार, निर्माणाधीन स्विस कॉटेज को देखा और संबंधित को आवश्यक निर्देश दिया। उन्होंने एडीएम को निर्धारित प्रारूप के अनुसार स्टॉल, दर्शक दीर्घा, वीआईपी दीर्घा और मीडिया दीर्घा आदि के विषय में आवश्यक निर्देश देते हुए समय पर सभी कार्यों को पूर्ण कराने के लिए कहा। उन्होंने वाहनों के प्रवेश, वीआईपी एंट्री आदि के विषय में संबंधित अधिकारियों से चर्चा करते हुए आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने नगर पालिका को कार्यक्रम स्थल पर पर्याप्त संख्या में मोबाइल शौचालय और पानी के टैंकर उपलब्ध कराने का निर्देश भी दिया।

# श्रीअन्न के प्रोत्साहन के लिए निकली रैली

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** अन्तर्राष्ट्रीय मिलेट्स वर्ष 2023 के अवसर पर उ0प्र0




मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम योजनान्तर्गत वर्ष 2023-24 में जनपद स्तरीय मिलेट्स प्रदर्शन, जागरूकता रैली (रोड शो) को कलेक्ट्रेट मुख्यालय महराजगंज से जयमंगल कन्नौजिया विधायक सदर और अपर जिलाधिकारी डा0 पंकज वर्मा द्वारा हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

रैली में कृषि विभाग के कर्मचारी, कृषक एवं विभिन्न विद्यालयों के विद्यार्थी सहित लगभग 500 लोगों द्वारा प्रतिभाग किया गया। रैली कलेक्ट्रेट मुख्यालय महराजगंज से महुअवा चौरहा, मुख्य नगर होते हुए मउपाकड चौक रोड से महालक्ष्मी लॉन में समाप्त हुई।

रैली में मिलेट्स श्री अन्न (ज्वार, बाजरा, सांवा, कोदो, मडुआ ,रागी, मक्का आदि) की खेती को बढावा देने एवं उसको भोजन,आहार के रूप में उपयोग करने तथा उससे होने वाले लाभों के विषय में कृषको को अवगत कराया गया।

उपनिदेशक कृषि ने कहा कि मिलेट्स अर्थात श्रीअन्न बेहद पौष्टिक और विपरीत परिस्थितियों में उगने वाले अन्न हैं। आज अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर इनकी अत्यधिक मांग है। यदि इनका उत्पादन कृषक करें तो न सिर्फ लोगों को पौष्टिक भोजन प्राप्त हो सकता है, बल्कि आय का भी अच्छा स्रोत है।

जिला कृषि अधिकारी ने कहा की बदलते जलवायु और लोगों की पोषण आवश्यकताओं को पूरा करने की दृष्टि से श्रीअन्न बेहद लाभदायक हैं। इनका पोषण स्तर अत्यधिक उच्च है और ये कम जल व विषम परिस्थितियों में भी उत्पन्न किए जा सकते हैं। इसीलिए श्रीअन्न उत्पादन हेतु न सिर्फ कृषकों को प्रेरित किया जा रहा है, बल्कि लोगों को भी इनके सेवन हेतु जागरूक किया जा रहा है।

इस अवसर पर जिला उद्यान अधिकारी, जिला गन्ना अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी, सभी उपसंभागीय कृषि प्रसार अधिकारी, अन्य जिलास्तरीय अधिकारी एवं जनपद के विभिन्न विकासखण्डों से आये क्षेत्रीय कर्मचारी उपस्थित रहे।

## कलाकृति इंस्टिट्यूट के बच्चो ने अयोध्या धाम में दी प्रस्तुति



*अवधनामा संवाददाता*

**सिसवा बाजार(महराजगंज)।** सिसवा कस्बे के कलाकृति डांस इंस्टिट्यूट के बच्चो ने अयोध्या धाम में अपनी प्रस्तुति से सबको मंत्र मुग्ध किया। प्राण प्रतिष्ठा के उपरांत चल रहे श्री राम सांस्कृतिक संकुल मंच पर मंगलवार को सिसवा कस्बे के कलाकृति डांस इंस्टिट्यूट के बच्चो ने सीता हरण का नाट्य प्रस्तुत किया। कार्यक्रम का शुभारंभ दीप प्रज्वलन के साथ हुआ ।इंस्टिट्यूट के बच्चो की प्रस्तुति के क्रम में राहुल जायसवाल रावण के रूप में, ज्योत्सना शाही माता सीता के रूप में, आदित्य जायसवाल लक्ष्मण के रूप में, सत्यम मिश्र प्रभु राम के रूप में, अदिति जायसवाल सूर्पनखा के रूप में, ज्योति जायसवाल मंदोदरी के रूप में सीता हरण नाट्य की प्रस्तुति दिए। वही श्रद्धा तिवारी द्वारा कथक नृत्य प्रस्तुत किया गया। बच्चो के समूह नाट्य को देख सभी ने कार्यक्रम की सराहना की। उक्त कार्यक्रम में मंच संचालक आजाद सदक ने किया। संस्कृति विभाग संतकबीर अकादमी के सलाहकार आशुतोष द्विवेदी ने इंस्टिट्यूट संचालक ममता जायसवाल को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया। इंस्टिट्यूट संचालिका ने बताया कि अयोध्या ने उनके छात्रों का कार्यक्रम होना उनके लिए गर्व की बात हैं। उत्तर प्रदेश संगीत नाट्य अकादमी के सदस्य अमित अंजन इंस्टिट्यूट के बच्चो को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि इस तरह के कार्यक्रम में अन्य कलाकारों को भी मौका मिलेगा।

## केन्द्रीय वित्त मंत्री के आगमन से कार्यकर्ताओ में उत्साह की लहर

### 24 घंटे महराजगंज मे रहेंगी वित्त मंत्री

*अवधनामा संवाददाता*

**महराजगंज।** केन्द्रीय वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण का कार्यक्रम 22 और 23 फरवरी को महराजगंज मे प्रस्तावित है। केंद्रीय वित्त मंत्री महराजगंज में लगभग 24 घंटे बिताएंगी। इसका प्रोटोकॉल मिलते ही जिला प्रशासन ने इसकी तैयारियां तेज कर दी हैं। ऐसे में बुधवार को जिला प्रशासन के अधिकारियों के साथ केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष रविकांत पटेल, सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया,पीएस रविकांत सीनीयर आईएएस, एडीएम पंकज बर्मा, पूर्व भाजपा जिलाध्यक्ष अरुण शुक्ला के अलावा जिला प्रशासन के तमाम वरिष्ठ अधिकारियों ने नवीन मंडी परिसर स्थित कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। अधिकारियों ने आवागमन से जुड़े मार्गो के मरम्मत आदि का निर्देश लोक निर्माण विभाग को दिया।



### 24 घंटे महराजगंज में रुकेंगी वित्त मंत्री

गौरतलब है कि वित्त मंत्री अपने महराजगंज दौरे पर 24 घंटे रुकेंगी। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण 22 को गोरखपुर पहुंचेंगी। वहा कार्यक्रम करके सड़क मार्ग से महराजगंज पहुंचेंगी। यहां वह 22 फरवरी से 23 फरवरी मे कई कार्यक्रमों में शामिल होंगी।

23 को मंडी परिसर स्थित कार्यक्रम मे 1101 करोड़ का लोन बांटने का टार्गेट रखा गया है। इस कार्यक्रम के सम्बंध मे केन्द्रीय वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने बताया की यह महराजगंज के लिए एक ऐतिहासिक पल है। इसके पूर्व अब तक कोई वित्त मंत्री महराजगंज की सरजमी पर नही आया था। वित्त मंत्री के आगमन से महराजगंज जनपद के विकास को एक नया आयाम मिलेगा।

# शबाब पर पहुंचा बांसी का माघ मेला





अवधनामा संवाददाता

**सुरक्षा व्यवस्था के करें इंतजाम ○ मेलें की निगरानी के लिए सीसीटीवी कैमरा चप्पे चप्पे पर पुलिस मुस्तैद**

**बांसी सिद्धार्थनगर।** नगर से सट कर बहने वाली अचिरावती के तट पर लगने वाला बांसी माघ मेला दिन-ब-दिन अपने शबाब पर होता जा रहा है। मेले में गांव देहात क्या शहर तक की भीड़ उमड़ रही है। भीड़ को देखते हुए पुलिस प्रशासन भी काफी मुस्तैद हो चुका है। 8 फरवरी को उद्घाटित हुए इस एक माह तक के मेले का 20 मार्च को समापन हो जाएगा।

उद्घाटन से अब 5 दिनों से मेले में लोग उमड़ने लगे तो शुरुआत से निराश दुकानदारों व शो-मैनों के चेहरे पर मुस्कान आ गई है । मेले में आसपास गांव के ही नहीं बल्कि खलीलाबाद, मेहदावल, खेसरहा, रुधौली, डुमरियागंज, इटवा, शोहरतगढ़ व सिद्धार्थनगर तहसील के गांव से भी मेलार्थि पहुंच रहे हैं। नगरपालिका अध्यक्ष चमन आरा व अधिशासी अधिकारी मुकेश कुमार अपने नपा कर्मियों के साथ सुबह-शाम मेले पर निगाह जमाए रख रहे हैं। किसी को भी किसी प्रकार की दिक्कत ना हो इसके लिए उनकी मुस्तैदी काफी सराही जा रही है। उधर मेले में लगे स्वास्थ्य कैंप पर मौजूद चिकित्सक डॉक्टर रक्सा मुमताज, फार्मासिस्ट आनंद प्रकाश त्रिपाठी, स्टाफ नर्स किरन, वाटव्याय प्रदीप श्रीवास्तव अपने टीम के साथ मुस्तैदी से डटे हैं। भीड़ बढ़ने से जेबकतरों व उचक्कों की चहलकदमी भी मेला परिसर में बढ़ गई है। पुलिस चौकी के प्रभारी आनंद कुमार अपने पुलिस के जवानों के साथ मेले के चप्पे-चप्पे पर निगाह जमाए हुए हैं। अभी तक 8 जेब कतरों को उनके मंसूबे में नाकाम करते हुए जेल भेजा जा चुका है।

मौत के कुएं में महिला दिखा रही करतब माघ मेले में लगे मौत के कुएं में फर्राटे से मोटरसाइकिल दौड़ाती महिला कई करतब दिखा रही है, जिस देख दर्शक दांतों तल उंगली दबा रहे हैं। परिवार का पेट पालने के लिए जोखिम उठा रही मेरठ निवासी गुड़िया बताती हैं कि उसका पति एवं दो बेटे इसी कारोबार से जुड़े हैं। वह अपने तीसरे बेटे को भी इसका प्रशिक्षण दे रही हैं। मौत के कुएं में तेज रफ्तार से मोटरसाइकिल चलाते हुए जब वह ऊपर के घेरे तक आती है और लोगों के हाथों से ईनाम लेती हैं, तो अच्छा लगता है।

मेले में मौत का कुआं नामक सर्कस में सबसे अधिक भीड़ जहां हो रही है वहीं खजला व्यवसाई लटूर सिंह के दुकान पर खाजा की बिक्री भी काफी हो रही है। वहीं बाम्बे सम्राट थियेटर नृत्यों को देख कर लोग आनंद उठा रहे वही बाले के झूले का भी दर्शक खूब आनंद उठा रहे हैं।

# पीएम व सीएम के नेतृत्व में देश व प्रदेश ऊंचाइयों को छू रहा है : कन्हैया पासवान

## प्रधान, बीडीसी, सभासद एवं अन्य दलों के नेताओं ने ग्रहण की भाजपा की सदस्यता

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** भाजपा जिला कार्यालय पर बुधवार को भाजपा जिलाध्यक्ष कन्हैया पासवान द्वारा मिलन समारोह का आयोजन किया गया। इस दौरान दो सौ के लगभग प्रधान, बीडीसी, सभासद एवं अन्य दलों के नेताओं ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा की सदस्यता ग्रहण किया।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि आप सभी लोग भाजपा परिवार में शामिल होकर पार्टी को गौरवान्वित किया है। भारतीय जनता पार्टी विश्व की सबसे बड़ी पार्टी है प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के नेतृत्व में देश व प्रदेश ऊंचाइयों को छू रहा है। अयोध्या में राम मंदिर स्थापित होना गौरवशाली ऐतिहासिक क्षण है। भाजपा में कार्यकर्ताओं का हर स्तर पर सम्मान है मोदी सरकार तीसरी बार 400 पार तय है। सदस्यता ग्रहण करने वालों में पूर्व नपा अध्यक्ष श्याम बिहारी जायसवाल, पूर्व प्रत्याशी नगर पंचायत डुमरियागंज श्याम सुंदर अग्रहरि, डॉ शक्ति जायसवाल, ओम प्रकाश यादव, डॉ0 अब्दुला शामिल रहे। इस अवसर पर लोकसभा संयोजक रामकुमार कुंवर, जिला उपाध्यक्ष दीपक मौर्य, जिला महामंत्री विपिन सिंह, नगर पंचायत अध्यक्ष प्र.उसका हेमंत जयसवाल, नगर अध्यक्ष महेश वर्मा, गौरव मिश्र, मिथलेश अग्रहरी आदि उपस्थित लोगो ने बधाई दिया है।

## कुदरहा से ब्लाक प्रमुख ने जानकी ज्योति जागृति यात्रा को किया रवाना

अवधनामा संवाददाता

**कुदरहा, बस्ती।** अयोध्या धाम श्रीराम जन्म भूमि से सीतामढी पुनरोद्धार तक मिथिला के लोगो द्वारा निकाली गयी जानकी ज्योति जागृति पद यात्रा कुदरहा ब्लाक मुख्यालय पहुंची और लोग रात्रि विश्राम किया। बुधवार की सुबह संतकबीर नगर जनपद की सीमा की तरफ बढे। ब्लाक प्रमुख अनिल दुबे ने माल्यार्पण व तिलक लगा कर रवाना किया। इसके पश्चात बैसिया चौराहे पर भाजपा पिछड़ा मोर्चा के जिलाध्यक्ष ब्रह्मदेव यादव देवा समर्थको ने पुष्प वर्षा कर स्वागत किए। पिपरपाती चौराहे पर प्रधान प्रतिनिधि सचिदानंद यादव व बजरंगी शर्मा ने ग्रामीणो के साथ स्वागत किए। छिबरा में भाजपा नेता पंकज शुक्ला व प्रधान प्रतिनिधि महेंद्र चौधरी ने फूल माला के साथ स्वागत किया। जन जागृति मंच के अध्यक्ष कृष्णानंद झा ने कहां की रामलाल के दर्शन के बाद सीतामढ़ी धाम का दर्शन अवश्य करना चाहिए। तभी दर्शन पूर्ण माना जाता है। इसके साथ ही साथ महात्य के बारे मे विस्तार से बताया। डा प्रमोद कुमार झा, मनोज झा, नंद किशोर महतो, दिलन सिंह, मनोज पाठक सहित तमाम लोग यात्रा मे शामिल रहे। कार्यक्रम में इंद्रकुमार चौधरी, राम प्रकाश यादव, ओमकार चौधरी, रविंद्र अग्रहरी, संतोष दुबे, पंकज पांडेय, रमेश चौधरी, रामा यादव, आनंद सिंह मौजूद रहे।

# सांसद खेल महाकुंभ का समापन सकुशल संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** सांसद खेल महाकुंभ में अंतिम दिन बुधवार को मुख्य अतिथि के रूप में जिलाधिकारी पवन अग्रवाल का आगमन हुआ। सांसद डुमरियागंज जगदंबिका पाल द्वारा आयोजित खेल महाकुंभ में महेश कुमार जिला स्काउट मास्टर के अगुआई में पूर्व माध्यमिक विद्यालय - बूड़ा के स्काउट गाइड के छात्रों ने कलर पार्टी और बैंड पार्टी के द्वारा जिलाधिकारी को मंच तक लाकर पहुंचाया, तदोपरांत कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय जोगिया की छात्राओं ने स्वागत गीत द्वारा स्वागत किया तथा पूर्व माध्यमिक विद्यालय- बूड़ा के योग के छात्रों ने संगीत में योग नृत्य प्रस्तुत कर जिलाअधिकारी का ध्यान आकर्षित किया। आज के कार्यक्रम में मातृशक्ति को बढ़ावा देने हेतु बालिकाओं की खो-खो, कबड्डी, वॉलीबॉल आदि कार्यक्रम करवाए गए। पुनः मुख्य अतिथि के रूप में माननीय गजेंद्र सिंह शेखावत केंद्रीय जल शक्ति मंत्री के द्वारा वर्चुअल सम्बोधन कर खिलाड़ियों को आशीर्वचन दिया गया। कार्यक्रम में स्टेडियम की बालिकाओं ने कबड्डी में प्रथम स्थान तथा यूपीएस- बूड़ा की बालिकाओं ने द्वितीय स्थान तथा खो खो में केजीबीवी शोहरतगढ़ प्रथम एवं द्वितीय स्थान प्राप्त किया। सभी खिलाडियों को प्रमाण पत्र एवं मेडल देकर खुद सांसद जगदम्बिका पाल ने सम्मानित किया। खेल महाकुंभ में बेसिक शिक्षा परिषद एवं माध्यामिक शिक्षा परिषद के सभी खेल अध्यापकों को ट्रैक शूट एवं सम्मान पत्र देकर सम्मानित किया गया। कार्यक्रम का सफल संचालन क्रीड़ा भारती गोरक्ष प्रांत के प्रांतीय अध्यक्ष अरुण कुमार प्रजापति ने किया।

## शक्ति वंदन अभियान के तहत एनजीओ की महिलाओ से किया सम्पर्क

अवधनामा संवाददाता

**जलालपुर, अंबेडकरनगर।** शक्ति वंदन अभियान के तहत जलालपुर नगर में समुह एंव एनजीओ की महिलाओं से संपर्क किया जा रहा है । इसी क्रम में एनजीओ एवं आंगनबाड़ी, स्वयं सहायता समूह की महिलाओं के साथ नगर अध्यक्ष देवेश मिश्र के नेतृत्व में विभिन्न स्थानों पर संवाद एवं चाय पर चर्चा किया गया ।नगर अध्यक्ष देवेश मिश्र ने शक्ति केंद्र वाजिदपुर में समूह की महिलाओं को जानकारी देते हुए कहा कि मातृ शक्ति का आशीर्वाद हमेशा से भाजपा को मिलता रहा है। 2024 के लोकसभा चुनाव में भी पीएम नरेंद्र मोदी एक बार फिर प्रधानमंत्री बनाने के संकल्प को साकार करेंगे। उस्मापुर शक्ति केंद्र में समूह प्रमुख मंजू के संयोजन में अभियान सह संयोजक विकाश निषाद, विनोद मौर्य आदि ने महिलाओं से व्यक्तिगत संपर्क करते हुए पत्रक वितरण किया। महिलाओं को आत्मनिर्भर बनाने के लिए सरकार की योजनाओं के बारे में जानकारी दी।

# लोकसभा चुनाव से पूर्व बढ़ता जा रहा बीजेपी का कुनबा, विपक्षी धरासाई

अवधनामा संवाददाता



**बस्ती।** लोकसभा चुनाव से पूर्व बीजेपी का कुनबा लगातार बढ़ता जा रहा है। वहीं सपा को झटके दर झटके लग रहे हैं। आज बुधवार को भाजपा प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र चौधरी, डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक, डिप्टी सीएम केशव मौर्य, महामंत्री अमरपाल मौर्य की उपस्थिति में बस्ती विपक्ष के कई नेताओं ने भाजपा जॉइन कर ली।

बुधवार को प्रदेश कार्यालय पर बस्ती जनपद के चार प्रमुख नेताओ ने नरेन्द्र मोदी और पार्टी कि नीतियों से प्रभावित होकर भाजपा का दामन थामा है। बस्ती में सपा को बड़ा झटका लगा जहां कई बार हरैया नगर पंचायत से चेयरमैंन रहे राजेन्द्र प्रसाद गुप्ता, सपा से नगर पालिका अध्यक्षा नेहा वर्मा, कांग्रेस पार्टी के पूर्व जिलाध्यक्ष व सपा नेता अंकुर वर्मा, बसपा से मुण्डेरवा नगर पंचायत अध्यक्ष सुनील सिंह सहित कई सभासद उनके समर्थक औपचारिक रूप से भाजपा में शामिल हुए। इस मौके पर भाजपा जिलाध्यक्ष विवेकानन्द मिश्र नगर अध्यक्ष अलोक पाण्डेय भी मौजूद रहे। इन लोगो के भाजपा में शामिल होने की चर्चा पहले से ही थी, जिस आज विराम लगा है। प्रदेश कार्यालय पर ने प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी उपमुख्यमन्त्री केशव प्रसाद मौर्या व उपमुख्यमन्त्री बृजेश पाठक ने कार्यकर्ताओं का स्वागत किया। वही बस्ती भाजपाईयो में भी काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। तमाम जगहों पर भाजपा कार्यकर्ताओ द्वारा मिठाई बांटी जा रही है। उमेश प्रजापति सभासद प्रतिनिधि, जीवन चौधरी लारा सभासद प्रतिनिधि, कृष्ण कुमार चौधरी सभासद, दुर्गेश त्रिपाठी जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी बस्ती, अमन श्रीवास्तव यूथ कांग्रेस उपाध्यक्ष, संदीप श्रीवास्तव जिला उपाध्यक्ष कांग्रेस कमेटी बस्ती, राहुल चौधरी पूर्व जिला सचिव कांग्रेस, अभिषेक श्रीवास्तव, आदर्श पाठक यूथ कांग्रेस बस्ती, विक्रम चौहान यूथ कांग्रेस बस्ती, विकास वर्मा सपा मीडिया प्रभारी अर्जुन कनौजिया, रंजीत चौहान, मोहम्मद जलील, पवन अग्रहरी युवा सपा नेता, पवन वर्मा, रोहन श्रीवास्तव, संतोष भारद्वाज, विवेक श्रीवास्तव, मनप्रीत सिंह हरी, सूरज गुप्ता, सत्येंद्र मिश्रा ने भाजपा कि सदस्यता को ग्रहण किया। प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र सिंह चौधरी ने कहा कि मुझे पूर्ण विश्वास है, सबका साथ सबका विकास और सबका प्रयास के मूल मंत्र के साथ आप सभी क्षेत्र के विकास एवं राष्ट के निर्माण में अपना महत्वपूर्ण योगदान देंगे। सांसद हरीश द्विवेदी ने प्रसन्ता व्यक्त करते हुए कहाँ कि लोकसभा चुनाव के पूर्व बसपा सपा कांग्रेस को ग्रहण लगने की उम्मीद स्पष्ट रूप से नजर आ रही है। इसकी शुरुआत भी हो चुकी है, लोगो के भाजपा शामिल होने से प्रारंभ होना मान लिया जा सकता है। क्योंकि इसके बाद स्थिति और भी नाजुक होती नजर आ रही है।

पिछले दिनों अनेक दलों के नेता भाजपा में शामिल हुए हैं, इसमें ग्रामीण क्षेत्र से जुड़ी राजनीति के पद पर बैठे हुए कई व्यापारी सामाजिक संगठन के नेताओ ने भाजपा संगठन का दामन थाम चुके है। इसका लोकसभा चुनाव में भरपूर्ण लाभ मिलेगा और 400 पार के नारों के साथ प्रधानमन्त्री नरेन्द्र मोदी पुनः देश कि कमान संभालेंगे। इस मौके पर जगदीप श्रीवास्तव सभासद, परमेश्वर शुक्ला पप्पू सभासद, पूर्व सभासद सचिन शुक्ला, पूर्व सांसद नवीन श्रीवास्तव, कृष्ण कुमार पांडे सभासद, मोहम्मद इदरीश सभासद, सुभाष श्रीवास्तव सभासद, दिनेश गुप्ता सभासद, मनमोहन श्रीवास्तव काजू मौजूद रहे।

# डीएम ने किया सीएम डेस्क बोर्ड/राजस्व कार्यो की समीक्षा, दिये आवश्यक निर्देश

अवधनामा संवाददाता



**सिद्धार्थनगर।** सी.एम.डेस्क बोर्ड/राजस्व कार्यो की समीक्षा बैठक जिलाधिकारी पवन अग्रवाल की अध्यक्षता एवं अपर जिलाधिकारी उमाशंकर की उपस्थिति में बुधवार को कलेक्ट्रेट सभागार में सम्पन्न हुई।

जिलाधिकारी ने उपजिलाधिकारी/ तहसीलदार गणों को निर्देशित किया कि सभी कोर्ट केस अपडेट करे। जिलाधिकारी ने समस्त तहसीलदारों को निर्देश दिया कि राजस्व की वसूली मे तेजी लाकर शत-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण करे। वरासत कार्यो में प्रगति लाकर पूर्ण कराये। वरासत के प्रकरण लम्बित न रहे। जिलाधिकारी द्वारा विभिन्न विभागो की प्रगति ठीक न पाये जाने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए सभी विभागो की वसूली बढ़ाकर लक्ष्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। आबकारी विभाग को वसूली बढ़ाने का निर्देश दिया। इसके अलावा स्टाम्प कर, भू-राजस्व वसूली, व्यापार कर, वन विभाग, मण्डी समिति, खनन विभाग, आय, जाति एवं निवास प्रमाण पत्र तथा अन्य विभागों की समीक्षा की गयी तथा शत्-प्रतिशत लक्ष्य पूर्ण कराये जाने का निर्देश दिया गया। कहा कि तहसील समाधान दिवस तथा जनसुनवाई में आने वाले प्रार्थना-पत्रों को आईजीआरएस पर अपलोड करे तथा शिकायतो का सही एवं गुणवत्तापूर्ण निस्तारण करे। हैसियत, जाति, आय एवं निवास प्रमाण-पत्र के प्रकरण लम्बित न रहे उनका तत्काल निस्तारण कराये। बैठक में सभी उपजिलाधिकारी, जिला आबकारी अधिकारी वीर अभिमन्यु, जिला पूर्ति अधिकारी देवेन्द्र प्रताप सिंह, एआईजी स्टाम्प राजेश कुमार सिंह, अधीक्षण अभियन्ता विद्युत, अधिशासी अभियन्ता विद्युत आरके कुशवाहा, ज्येष्ठ प्रशासनिक अधिकारी इन्दुबाला सिंह, प्रशासनिक अधिकारी रवेन्द्र श्रीवास्तव, प्रेमसागर चैधरी, पुरूषोत्तम लाल श्रीवास्तव, जेए रामकेवल, गंगाराम, पीताम्बर यादव, दिलीप कुमार, विवेक श्रीवास्तव तथा अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

# सपनो को साकार करता नवनिर्मित शिव मंदिर

अवधनामा संवाददाता



**अम्बेडकरनगर।** जिले के राजेसुलतानपुर थानांतर्गत ग्राम कल्यानपुर में नवनिर्मित भव्य शिव मंदिर जहाँ ग्रामवासियों की कल्पनाओं का साकार स्वरूप तो वहीं इसीग्राम के निवासी और वर्तमान में अपर जिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश पाठक के दृढ़ संकल्प व स्वप्नों का सफलीभूत आयाम है।यह बात मंदिर में आयोजित शिव प्रतिष्ठात्मक महायज्ञ के यज्ञाचार्य रामनरायन मिश्र तथा मुख्य संरक्षक रवि प्रकाश तिवारी ने कही है।

ज्ञातव्य है कि उक्त ग्राम के प्राचीन शिव माता मंदिर परिसर में भव्य शिव मंदिर के निर्माण की कल्पना ग्रामवासियों ने कई दशकों पूर्व तो अपर जिलाधिकारी सी पी पाठक और उनके मित्रों ने अपने बालपन में की थी, जोकि अब भव्यतापूर्ण निर्माण और उत्कृष्ट आयोजन के साथ नजीर बनकर उभर चुकी है। गौरतलब है कि वर्तमान में उप जिलाधिकारी सदर सुल्तानपुर के रूप में कार्यरत और एडीएम पद पर प्रोन्नत उक्त सी पी पाठक तथा सहारनपुर जिले की सदर तहसील में पदस्थ उनके अनुज सूर्य प्रकाश पाठक ने मंदिर निर्माण के साथ ही साथ भव्य शिव प्रतिष्ठात्मक महायज्ञ और शिव पुराण प्रवचन तथा आगामी 25 फरवरी को आयोजित वृहद भंडारे की मनोयोग से व्यवस्था की है।हालांकि क्षेत्रीय जनमानस ने भी यथाशक्ति सहयोग किया है किंतु इन दोनों भाइयों के सहयोग के बिना यह कल्पना साकार होनी मुश्किल थी। ध्यातव्य है कि उक्त अपरजिलाधिकारी चन्द्र प्रकाश पाठक के बाबा स्मृतिशेष रामप्रताप शर्मा एक स्वाधीनता सेनानी थे। जिन्होंने आज़ादी की जंग में महात्मा गांधी के साथ बढ़चढ़कर भाग लिया था और जेल यात्राएं की थी। उन्हीं के नक्शेकदम में आज भी उनके सुपुत्र श्रीप्रकाश पाठक तथा पौत्र भी समाजसेवा सहित विभिन्न जनकल्याणकारी कार्यों में बढ़चढ़कर हिस्सा लेते रहते हैं।

## बोरी में 35 वर्षीय युवक की मिली लाश

**सिद्धार्थनगर।** जिले के जोगिया थानाक्षेत्र में बुधवार को मुख्य मार्ग के पास खेत में एक बोरी में 35 वर्षीय युवक की लाश मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गई। मृतक की शिनाख्त 35 वर्षीय प्रशांत कुमार गुप्ता के रूप मे हुई जो कि सदर थानाक्षेत्र के साड़ी गाँव का रहने वाला है। वह विगत 17 फरवरी से लापता था। इस मामले में मृतक की माँ ने हत्या का आरोप मृतक के ससुराल के लोगो पर लगाया है। उसका थाने में गुमसुदगी की रिपोर्ट दर्ज की गई थी। इस मामले को लेकर अपर पुलिस अधीक्षक सिद्धार्थ ने बताया कि बुधवार सुबह लगभग 8 बजे जोगिया थाना प्रभारी को सूचना मिली कि रामनगर के पास खेतो में एक बोरी में संदिग्ध चीज पड़ी है। तत्काल मौके पर पहुची पुलिस ने बोरे को खुलवाया तो उसके अंदर एक 35 वर्षीय युवक का शव बरामद हुआ। शव की शिनाख्त प्रशांत कुमार गुप्ता के रूप में हुई। जो बीते 2 वर्षो से अपनी पत्नी संग परिजनों से अलग रहता था। इसकी गुमशुदगी की रिपोर्ट 18 फरवरी को उसका थाने में दर्ज की गई थी।

# सीडीओ की अध्यक्षता में किसान दिवस का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**सिद्धार्थनगर।** मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को अंबेडकर सभागार में किसान दिवस का आयोजन किया गया। बैठक में सर्वप्रथम जिला कृषि अधिकारी द्वारा पिछली बैठक की कार्यवृत्त को पढ़ा गया, जिसमें अधिकांश शिकायतों का निस्तारण करा दिया गया है।

मुख्य विकास अधिकारी जयेन्द्र कुमार ने किसान दिवस में उपस्थित किसानों की समस्याओं को सुना। मुख्य विकास अधिकारी ने जिला कृषि अधिकारी को निर्देश दिया कि किसानो की समस्याओं को संबंधित विभाग को भेजकर समय से निस्तारण कराये। प्रधानमंत्री फसल बीमा योजना के लाभार्थियों के खाते में क्षतिपूर्ति की धनराशि प्रेषित कराने का निर्देश दिया गया। कोई भी दुकानदार कालाबाजारी न करने पाये। सभी अधिकारी किसानों की समस्याओं का शत प्रतिशत निस्तारण करायें। सीडीओ ने कहा कि छुट्टा पशुओ को गौशाला में संरक्षित करे जिससे किसानो की फसलों को नुकसान न हो। सीडीओ ने जिला उद्यान अधिकारी को बागवानी के बारे में, अन्य योजनाओं के बारे में चौपाल एवं पंपलेट के माध्यम से तथा उपलब्ध बीज के वितरण की सूचना किसानों को उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। जिला कृषि अधिकारी द्वारा बैठक में आए हुए समस्त अधिकारीगण व सम्मानित कृषको को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। इस बैठक में उप कृषि निदेशक अरविंद विश्वकर्मा, जिला कृषि अधिकारी मुहम्मद मुजम्मिल, मुख्य पशु चिकित्सा अधिकारी डॉ जीवन लाल, लीड बैंक अधिकारी आरके सिन्हा, जिला उद्यान अधिकारी, जिला कृषि रक्षा अधिकारी तथा किसान यूनियन के पदाधिकारी एवं किसान व अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

## 12 बोटा शीशम की लकड़ी के साथ एसएसबी महादेव बुजुर्ग की टीम ने दो लोगों को पकड़ा

**बढ़नी सिद्धार्थनगर अवधनामा संवाददाता।** सशस्त्र सीमा बल 50 वी वाहिनी सीमा चौकी महादेव बुजुर्ग की टीम द्वारा अवैध रूप से पेड़ों की कटान कर ट्रैक्टर ट्राली पर लादकर ले जा रहे दो लोगों को 12 बोटा शीशम की लकड़ी के साथ गिरफ्तार किया है। मिली जानकारी के मुताबिक मंगलवार की देर शाम को बढ़नी ब्लॉक क्षेत्र में हो रहे अवैध रूप से पेड़ों की कटान पर शिकंजा कसते हुए सीमा चौकी महादेव बुजुर्ग के गश्ती दल द्वारा महादेव गांव के निकट दो व्यक्तियों द्वारा शीशम की लकड़ी ट्रेक्टर पर लादकर लेकर जाते हुए देखा गया , एसएसबी की टीम ने चेकिंग के दौरान पकड़े गए लोगों से गाड़ी में लदे 12 बोटा शीशम की लकड़ी से सम्बन्धित बिल/कागजात दिखाने को कहा , मौके पर कागजात दिखाने में असमर्थ रहे जिसके बाद गश्ती दल द्वारा पकड़े गये सामान को आवश्यक कागजी कार्यवाही कर जब्त सामग्री के साथ दोनो अभियुक्त रामसुमेर पुत्र कहनू और रिजवान पुत्र अली मोहम्मद गांव शिवभारी, पोस्ट व थाना ढेबरूआ सिद्धार्थनगर को अग्रिम कार्यवाही हेतु फारेस्ट रेंज इटवा को सुपुर्द कर दिया गया। इस दौरान सी समवाय एसएसबी महादेव बुजुर्ग की गश्ती दल मुख्य आ./सा. एम. नरेन्द्र भाई, आ./सा. ओम प्रकाश स्वामी, अजीत कुमार सिंह, खटल नवनाथ नारायण, बिध्युत डेका मौजूद रहे।



## रिंग रोड बनने से जिले का विकास तेजी से होगा

**बस्ती अवधनामा संवाददाता।** भारत सरकार द्वारा संचालित जनपद में बस्ती रिंग रोड परियोजना से प्रभावित 54 ग्राम के भू-स्वामियों को सांसद हरिश द्विवेदी ने प्रतिकर वितरण का भुगतान चेक के माध्यम से कलेक्ट्रेट सभागार में प्रदान किया। उन्होने अपने संबोधन में कहा कि रिंग रोड (फोरलेन) परियोजना की कुल लम्बाई 22.150 किमी. तथा परियोजना की लागत रू.1138.72 करोड. है। इस कार्य में योगदान देने वाले किसानों तथा एसएलओ टीम को उन्होने बधाई दिया और कहा कि रिंग रोड बनने से जिले का विकास तेजी से होगा तथा रोजगार का अवसर भी प्राप्त होंगा। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी कमलेश चन्द्र, सीआरओ संजीव ओझा, एसडीएम गुलाब चन्द्र, आशुतोष तिवारी, विशेष भूमि अध्याप्ति अधिकारी रमेश यादव सहित किसानगण उपस्थित रहें।

# राहुल गांधी की न्याय यात्रा से डर गया है तानाशाह ज्ञानेन्द्र पाण्डेय

अवधनामा संवाददाता



**बस्ती।** राहुल गांधी की भारत जोड़ो न्याय यात्रा में जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय की अगुवाई में बस्ती से 105 कांग्रेसियों ने हिस्सा लिया। मंगलवार को निजी वाहनों और इण्टरसिटी से कांग्रेसियों का जत्था लखनऊ पहुंचा। लखनऊ में के.के.सी. चौराहे से लेकर चारबाग तक राहुल गांधी की एक झलक पाने को उमड़ी भीड़ देखने लायक थी।

यात्रा से वापस लौटे जिला कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष ज्ञानेन्द्र पाण्डेय ने कहा इलेक्टोरेल बाण्ड, चंडीगढ़ मेयर चुनाव, बिलकिस बानो, एमएसपी, बेरोजगारी, महिलाओं और बच्चियों संग बड़े पैमाने पर हो रहे अत्याचार, सरकारी महकमों में भ्रष्टाचार सहित तमाम मामलों में मोदी सरकार बैकफुट पर है। साल 2024 में होने वाला लोकसभा चुनाव तानाशाह बनाम लोकतंत्र होगा। जनता को तय करना होगा कि लोकतंत्र जीतेगा या तानाशाह। तानाशाह जीता तो देश में फिर इलेक्शन नही होगे। राहुल गांधी सच के साथ खड़े है और देशभर का भ्रमण कर न्याय की आवाज बुलंद कर रहे हैं। उन्होने जीएसटी, इलेक्टोरेल बाण्ड, एमएसपी, बेरोजगारी तथा चंडीगढ़ मेयर चुनाव को लेकर जो बात कहा था सच साबित हुई। प्रवक्ता मो. रफीक खां ने कहा तानाशाह डर गया है और विपक्ष पर तरह तरह के हथकंडे इस्तेमाल कर रहा है। ईडी, इलेक्शन कमीशन सुनियोजित षडयंत्र के तहत कार्य कर रहा है।

## जलालपुर पालिका बोर्ड की बैठक मे करोड़ों का बजट पास

**जलालपुर अंबेडकरनगर।** नगर पालिका जलालपुर में बुधवार को बोर्ड बैठक हुई। इसमें अनुमानित बजट 53,67949 करोड़ से अधिक की राशि से होने वाले विकास कार्यों के लिए बजट पेश किया गया। इस पर बैठक में मौजूद सभी सभासदों ने सर्वसम्मति से सहमति जताई। पालिका अध्यक्ष खुर्शीद जहां ने बताया कि इस बजट की राशि से नगर में जल्द ही विकास कार्य शुरू करा दिए जाएंगे। नगर पालिका अध्यक्ष खुर्शीद जहां ने बताया कि वर्ष 2024-25 में होने वाले विकास के लिए पालिका की बोर्ड बैठक का आयोजन हुआ।

## पाकिस्तानी प्रजातन्त्र

सेना ने जैसा की पाकिस्तान में होता आया है इस चुनाव में नवाज शरीफकी पार्टी पीएमएल (एन) को सफ्लता दिलाने के लिये चक्रव्यूह रचा। यहां की सरकार सेना के नियन्त्रण में रहती है इसलिये सेना पर कोई उगंली नही उठायेगा। जब तक यहां की सरकार सेना के शिकंजे में रहेगी तब तक सेना पहले अपना हित देखेगी। सरकार की गृहनीति, विदेश नीति और सुरक्षा नीति सेना अपने नियन्त्रण में रखती आई है। शाहनवाज ने अपने एक टर्म में भारत से दोस्ती बढ़ानी चाही तो सेना ने उन्हें अपदस्य कर दिया। सेना विदेशो से मिले धन का बड़ा हिस्सा खुद हड़प कर अपने ऐशो आराम पर खर्च करने का आदी हो गयी है। सरकार को सेना के इशारे चलना उसकी मजबूरी है बने रहने के लिये इसीलिये सेना न तो अपने देश में शान्ती बनाये रखना चाहती है न पड़ोसियों से अच्छे सम्बन्ध बनाने देना चाहती है। कश्मीर में उत्पात उसका मुख्य एजेन्डा होता है।

पहले तो सेना ने नवाज शरीफपर चल रहे मुकदमें हटवाये जिससे विदेश में रह रहे नवाज शरीफपाकिस्तान आ सके और चुनाव लड़ सके। नवाज शरीफकी पार्टी को सफ्लता दिलाई इमरान को योग्यता के आधार पर चुनाव से बाहर कर दिया। पीपीपी की सरकार में शामिल होने का सम्भावना बरकरार रहेगी अभी वह बाहर से समर्थन देगी। असल में बिलावल अपने पिता को राष्ट्रपति बनवाना चाहते है सौदेबाजी भी कर सकते है। अभी 265 वाले सदन में गठबन्धन की संख्या 152 है जबकि बहुमत के लिये 133 चाहिये। मनोनीत संस्दयों के जुड़ने से यह संख्या 169 हो जायेगी। नवाज शरीफने अपने छोटे भाई शाहबाज शरीफको इसलिये प्रधानमंत्री बनवाया है कि पीछे से वही शासन चलायेगे। बेटी मरियम नवाज को पंजाब का मुख्यमंत्री बनवायेगे। नवाज शरीफके इन चालो से पीपीपी में शामिल होने की सम्भावना बनी रहेगी। और बेटी मरियम को पंजाब में मुख्य मंत्र बनने का रास्ता आसान हो जायेगा। अब पीपीपी सरकार बनाने से पीछे हट गई है। बिलाउल का कहना है कि हम जनादेश से ही प्रधानमंत्री बनेगे।

सारी कसरत के बाद पाकिस्तान में स्थिर सरकार एक सपना बना रहेगा। पहले तो आर्थिक स्थिति खराब और बेकाबू है। चुनाव के नतीजे में धंधाली की गई है। अगर चुनाव निशपक्ष होता तो इमरान की मकबूलियत के देख कहा जा सकता है कि अगर चुनाव तोड़ मरोड़ा नही गया होता तो इमरान की पार्टी को बहुमत पाने की सम्भावना बहुत प्रबल बनती है। सेना ने ही इमरान को प्रधानमंत्री बनाया था। इमरान ने सेना कि बात नहीं मानी तो उन्हें अपदस्थ कर दिया गया था। उस समय सेनाध्यक्ष आसिम मुजीर थे। समीक्षक कहते है कि उस समय इमरान अपनी बढते लोकप्रियता के नशे में सेना के विपरीत चलने लगे थे। सेना ने उनपर तरह तरह के आरोप लागा चुनाव के लिये अयोग्य बनवा दिया।

सेना ने इस चुनाव में धांधली तो की ही ऐसा प्रबन्ध किया कि नवाज की पार्टी के बहुमत न मिले। सेना का नियन्त्रण बना रहे ऐसा माडल विकसित किया जा रहा है। इसीलिये सरकार में किसी कद्दावर नेता को जगह नहीं दिया जा रहा है। सेना को चुनौती न मिले इसका पूरा ख्याल सेना रख रही है। ऐसी हालत में सरकार कितने दिन चल पायेगी लोग अनुमान लगाने लगे है। लोग लाख कोशिश करें पाकिस्तानी प्रजातन्त्र अपने रंग में बनी रहेगी। वहां न देश का ख्याल रहेगा न जनता का जनता भी इतना दवी रहती है कि विरोध करने का हिम्मत नहीं जुटा पाती है। नेता और जनता दोनो सेना के शिकंजे में दबी रहेगे। अभी तो पाक का यही भविष्य दिख रहा है।

अमीन सयानी की स्मृति में.......

## क्या थे वे दिन गीतमाला वाले!


के. विक्रम राव

उन दिनों अमूमन अखबारों के दफ्तर में देर शाम फोन की घंटी बजती थी (तब मोबाइल नहीं जन्मा था), तो अंदेशा होता था कि कुछ तो हुआ होगा। मसलन ताशकंद में लाल बहादुर शास्त्री की मृत्यु (तड़के तीन बजे), जान कैनेडी की हत्या (आधी रात), याहया खान द्वारा भारतीय वायुसेना स्थलों पर बांग्लादेश युद्ध पर प्रथम रातवाला हवाई हमला, इत्यादि। उस रात (दिसम्बर, 1966) में मुंबई टाइम्स ऑफ इंडिया दफ्तर में अचानक फोन की घंटी बजी। तीसरी मंजिल के रिपोर्टर कक्ष में बैठा, मैंने फोन उठाया। कोई पूछ रहा था सिटी डायरी के लिए फलां कार्यक्रम भेजा था, छाप दीजिएगा। खोजकर मैने उन्हे बताया कि आइटम दे दिया है।



उधर से वह व्यक्ति अपना नाम बताने ही वाला था कि बीच में मैंने टोका। कह दिया आपको कौन नहीं पहचानता? आपकी आवाज ही आपकी पहचान है! वे थे अमीन सयानी। आज उनका निधन हो गया। उनकी दिलकश वाणी सुनकर ही मेरी स्कूली पीढ़ी वयस्क हुई थी। तभी रेडियो सीलोन पर बिनाका गीतमाला शुरू हो गई थी। बुधवार की शाम हुई कि आठ बजते बजते रेडियो से सभी कान सटाकर बैठते थे। हिंदुस्तान ठहर जाता था। भाइयों और बहनों, अमीन सयानी......। उनकी उद्घोषणा का अंदाज भी निराला था। मानो श्रोता के सामने बैठकर संवाद कर रहे हों। बीन बजा रहे हों!

एकदा बॉलीवुड में किस्मत आजमाने से पहले अमिताभ बच्चन रेडियो उद्घोषक बनना चाहते थे। इसके लिए वह ऑल इंडिया रेडियो के मुंबई के स्टूडियो में ऑडिशन देने भी गए थे अमीन सयानी के पास। तब अमिताभ से मिलने का समय उनके पास नहीं था, क्योंकि इस युवक ने अमीन सयानीजी से वॉयस ऑडिशन के लिए पहले से समय नहीं लिया था। अमीन सयानी को याद कभी हुआ, कि जब मैं एक हफ्ते में 20 कार्यक्रम करता था तो हर दिन मेरा अधिकतर समय साउंड स्टूडियो में गुजरता था। मैं रेडियो प्रोग्रामिंग की हर प्रक्रिया में शामिल रहता था। सयानी याद करते हैं कि एक दिन अमिताभ बच्चन नाम का एक युवक बिना समय लिए वॉयस ऑडिशन देने आया। मेरे पास उस पतले-दुबले व्यक्ति के लिए बिल्कुल समय नहीं था। उसने इंतजार किया और लौट गया। इसके बाद भी वह कई बार आया, लेकिन मैं उससे नहीं मिल पाया और रिसेप्शनिस्ट के माध्यम से यह कहता रहा कि वह पहले समय ले, फिर आए।

हालांकि 1970 के दशक में निजी टीवी चैनलों के आने और फिल्मी गीतों की गुणवत्ता में लगातार गिरावट के कारण गीत माला ने अपनी चमक खोनी शुरू कर दी थी। आज जो विविध भारती चमक रही है, उसमें भी अमीन सयानी को ही श्रेय देना चाहिए। आकाशवाणी के संचालक समझ गये कि फिल्मी गीत धनोपार्जन का अजेय स्रोत हैं। उसे परिमार्जित कर चलाया गया। आज वह शीर्ष पर है।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक व सम्पादक तकदीस फ़ातिमा रिज़वी ने ग्रुप-5 प्रकाशन, 55-बी, वज़ीर हसन रोड, लखनऊ से मुद्रित कराकर प्रथम तल, मस्जिद नूर महल, साकेत पल्ली, नरही, लखनऊ से प्रकाशित किया।

किसी भी लेख में कोई विवाद के लिए 'अवधनामा' जिम्मेदार नहीं होगा, इसकी जिम्मेदारी लेखक की है। किसी भी समाचार के विवाद के लिए न्याय क्षेत्र लखनऊ ही होगा।

**पोलिटिकल एडीटर : एम.एम. मोहसिन**

**स्थानीय संपादक**

**मोहम्मद आलम रिज़वी**

**RNI No UPHIN/2010/31173**

**टेली फैक्स नं. : 2288091, 4065716**

**avadhnamahindi@gmail.com,**

मोदी के करिश्माई व्यक्तित्व का ही परिणाम है कि आगामी चुनावों में भाजपा की शानदार जीत के बनते दृश्यों को देखकर समूचा विपक्ष बौखलाया हुआ या किंकर्तव्यविमूढ़ दिखाई दे रहा है। यह स्थिति बनने का मूल कारण जहां मोदी का ऐतिहासिक एवं सफल दो कार्यकाल हैं, वही आगामी चुनाव को लेकर उनकी रणनीति एवं राजनीतिक कौशल है। मोदी के करिश्माई व्यक्तित्व की विशेषताओं में प्रमुख हैं कि वे दूरदृष्टि रखते हैं, लक्ष्य तय करते हैं और उस लक्ष्य को पूरा करने में लगे रहते हैं। वे अपने एजेंडे को लेकर निर्णायक और स्पष्ट हैं।

# मोदी के तीसरे कार्यकाल की सुखद आहट


ललित गर्ग

वर्ष 2024 के आम चुनाव सन्निकट हैं। भारतीय जनता पार्टी ऐतिहासिक एवं धमाकेदार जीत के प्रति आश्वस्त है। एक बार फिर प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी एक नयी पारी की शुरुआत करेंगे। प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी का यह तीसरा कार्यकाल अगले एक हजार वर्षों के लिए एक मजबूत नींव रखने का कार्यकाल होगा। इस अवधि में भारत दुनिया की तीसरी आर्थिक महाशक्ति बनने के साथ विश्वगुरु भी बन सकेगा। प्रधानमंत्री मोदी के दो कार्यकाल की समीक्षा करें तो स्पष्ट हो जाता है कि उनकी सरकार द्वारा उठाये गये हर कदम एवं उनकी हर बात राष्ट्र निर्माण की दिशा में बढ़ाये गये अनूठे, परिवर्तनकारी एवं सकारात्मक कदम रहे हैं। 2014 से पहले के भारत में भ्रष्टाचार, घोटालों और तुष्टिकरण की ही बात सामने आती थी लेकिन अब विकास, अविष्कार और नवाचार की बातें हो रही हैं, जिनमें नये भारत, सशक्त भारत की जड़े गहरी हुई है। मोदी के नेतृत्व में पिछले दस वर्ष भारतीय इतिहास में सबसे सुदृढ़ एवं युगांतरकारी रहे हैं। हम सब इतिहास के उस स्वर्णिम काल के गवाह बनने के साक्षी बने हैं। यह सब मोदी के करिश्माई एवं चमत्कारी व्यक्तित्व से ही संभव हो पाया है। करिश्मा किसी व्यक्ति विशेष का एक निश्चित गुण होता है जो अपवाद होता है और जिसके आधार पर वह स्वीकार्यता हासिल कर शासन करता है। लिंकन, चर्चिल, रूसवेल्ट और जॉन एफ केनेडी महान राजनेता थे, जो अपने करिश्माई व्यक्तित्व और प्रभामंडल के लिए जाने जाते थे और इसका उपयोग उन्होंने अपने देश को मजबूत करने के लिए किया। मोदी इसी श्रेणी के इन सबसे आगे निकलते हुए विलक्षण क्षमताओं एवं मौलिक विशेषताओं वाले विरल नेता है।

2024 के लोकसभा चुनाव को लेकर भाजपा एवं सभी विपक्षी दल अपनी-अपनी चालें चल रहे है। भाजपा एवं इंडिया गठबंधन दोनों ही खेमों में अब हर दिन चुनावी रणनीति को लेकर नये गठबंधन हो रहे हैं तो बने हुए गठबंधन टूट रहे हैं, अनेक नेता दलों के पाले बदल रहे हैं, एक दूसरे को मात देने का दौर चल रहा है, सब अपनी-अपनी व्यूह रचना बना रहे हैं। भाजपा ने स्वयं की 370 एवं उसके गठबंधन की 400 सीटों का लक्ष्य बनाया है। इंडिया गठबंधन एवं विभिन्न राजनीतिक दल भी जीत की संभावनाओं को लेकर जुटें हैं। राजनीति पल-पल नया आकार लेती है, इसलिये राजनीति में सही वक्त पर सही ढंग से इस्तेमाल करने का हुनर होना अपेक्षित होता है, जो अच्छा चल रहा है उसे बिगाड़ना आना चाहिए और जो बिगड़ रहा है उसे सुधारना आना चाहिए। इसी को कहते है राजनीति। इसी राजनीति के महारथि के रूप में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं भाजपा की रणनीति तीक्ष्ण एवं प्रभावी बनकर सामने आ रही है ताकि धमाकेदार चुनाव परिणाम तक पहुंचा जा सके। मोदी के करिश्माई राजनीति का ही परिणाम है कि नीतीश कुमार और जयंत चौधरी जैसे नेताओं को इंडिया गठबंधन से छीन



लिया गया है। कांग्रेस के अशोक चव्हान को भाजपा में शामिल करके राज्यसभा में भेजा दिया है। कमलनाथ के भाजपा में शामिल होने की स्वर सुनाई दे रहे हैं। मायावती और चंद्रबाबू नायडू को विपक्ष में जाने से रोक दिया गया है। शिवसेना और राकांपा की दो फाड कर दी गयी है। श्रीराम मन्दिर उद्घाटन से हिन्दू वोटों को प्रभावित किया गया है, वही 'भारत रत्न' की घोषणा से आम चुनावों को प्रभावित करने का राजनीतिक कौशल सामने आया है।

मोदी के करिश्माई व्यक्तित्व का ही परिणाम है कि आगामी चुनावों में भाजपा की शानदार जीत के बनते दृश्यों को देखकर समूचा विपक्ष बौखलाया हुआ या किंकर्तव्यविमूढ़ दिखाई दे रहा है। यह स्थिति बनने का मूल कारण जहां मोदी का ऐतिहासिक एवं सफल दो कार्यकाल हैं, वही आगामी चुनाव को लेकर उनकी रणनीति एवं राजनीतिक कौशल है। मोदी के करिश्माई व्यक्तित्व की विशेषताओं में प्रमुख हैं कि वे दूरदृष्टि रखते हैं, लक्ष्य तय करते हैं और उस लक्ष्य को पूरा करने में लगे रहते हैं। वे अपने एजेंडे को लेकर निर्णायक और स्पष्ट हैं। लक्ष्य को हासिल करने के लिए वह अपने भीतर देखते हैं एवं जनता से सीधा संबंध स्थापित करते हैं। उन्होंने सिर्फ भौतिक-आर्थिक विकास के संदर्भ में ही विकास की बात नहीं की बल्कि विकास का लाभ समाज के निचले तबके और अंतिम छोर पर खड़े व्यक्ति तक पहुंचाने के लिये योजनाएं एवं नीतियां बनाई ताकि उनके जीवन में आमूलचूल परिवर्तन आए और अर्थव्यवस्था आत्मनिर्भर बने। इसके साथ ही उन्होंने राष्ट्र के सांस्कृतिक पुनरुद्धार को बल दिया, जो सकारात्मक सभ्यता के साझा मूल्यों और इन मूल्यों में गर्व की भावना पर आधारित हैं। इतना ही नहीं, उन्होंने राजनीतिक स्थिरता और अंतरराष्ट्रीय क्षेत्र में देश के लिए एक उचित स्थान बनाया है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के पास एक सुस्पष्ट दृष्टि है कि आजादी के 75वें या 100वें साल में राष्ट्र किस मुकाम पर होगा। उन्होंने भारत के लिए एक विजन और दीर्घकालिक लक्ष्य तय किया है। इसे हासिल करने के लिए उन्होंने व्यापक लक्ष्य को विभिन्न माध्यमों से दीर्घकालिक और अल्पकालिक लक्ष्यों में विभाजित किया है और इसमें सरकार के हर वर्ग, पहलू और क्षेत्र को समावेश किया है। लक्ष्य चाहे दुनिया की तीसरी बड़ी अर्थव्यवस्था का हो या फिर व्यवसाय की सुगमता का या फिर वैश्विक निर्यात का प्रतिशत या वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद (जीडीपी) में हिस्सा बढ़ाने का हो, इनके बारे में एक स्पष्ट रुख अख्तियार किया गया है और इन लक्ष्यों को हासिल करने की दिशा में प्रयास भी चल रहे हैं। आर्थिक और वित्तीय मानदंडों पर भारतीय अर्थव्यवस्था आज सर्वश्रेष्ठ स्थिति में है। इसकी विकास की दर आठ प्रतिशत के इर्दगिर्द घूम रही है। प्रधानमंत्री अपने प्रत्येक संबोधन में देश की हर छोटी बड़ी सफलता का श्रेय 140 करोड़ भारतीयों को देते हैं। प्रधानमंत्री के नेतृत्व में आज देश और समाज के जीवन का कोई भी क्षेत्र ऐसा नहीं है जहां विकास की गति को बल न मिल रहा हो। कोरोना काल खंड हो या कश्मीर में 370 को हटाना या फिर यूक्रेन संकट या फिर अफगानिस्तान में तालिबान की वापसी पर हर जगह भारत की विदेश नीति की कुशल छाप दुनिया में देखी जा रही है।

प्रधानमंत्री के रूप में नरेन्द्र मोदी की तीन विशेषताएं है। एक, ये ईमानदार हैं। दूसरे, योग्य है, और तीसरे, मेहनती है। निश्चित रूप से उनकी वित्तीय ईमानदारी में आज तक किसी को शक नहीं रहा। उनके कट्टर से कट्टर विरोधी भी उनके व्यक्तिगत रूप से बेईमान होने का संदेह व्यक्त नहीं करते। जहां तक उनकी योग्यता एवं दूरदर्शिता का सवाल है, शायद वे अब तक जितने भी प्रधानमंत्री भारत में हुए हैं उनमें इस दृष्टि से सबसे ज्यादा दूरदर्शी हैं। उनके मेहनती होने के बारे में बताया जाता है कि वे 73 साल की उम्र होने के बावजूद, सोलह सोलह घंटे काम करते हैं। कह सकते हैं कि किसी देश को इससे बेहतर प्रधानमंत्री और क्या मिल सकता है, जिसमें ये तीन-तीन दुर्लभ गुण हो? कह सकते हैं कि मुश्किल से ही किसी मुल्क को मिलता है ऐसा प्रधानमंत्री। लेकिन ऐसे योग्य, कर्मठ, विजनरी, ईमानदार प्रधानमंत्री ने आज देश की दशा और दिशा बदल कर रख दी है।

# राजनीति के शोर में न दब जाए, संदेशखाली की आवाज!


आशीष वशिष्ठ

बीते कुछ दिनों से पश्चिम बंगाल का संदेशखाली सुर्खियों में बना हुआ है। संदेशखाली से जो खबरें छन-छनकर बाहर आ रही हैं, वो किसी भी संवेदनशील व्यक्ति को व्यथित कर सकती हैं। संदेशखाली पर जितनी रपटें और विश्लेषण सामने आए हैं, उनके मद्देनजर आश्चर्य होता है कि 2011 से वहां 'दरिंदों' के अत्याचार, यौन उत्पीड़न और भूमि पर जबरन कब्जों के सिलसिले जारी रहे हैं, लेकिन मुख्यमंत्री उन्हें झूठ करार दे रही हैं। जो जानकारी आई उसके आधार पर ये कहा जा सकता है कि संदेशखाली में मध्ययुगीन गुलाम प्रथा जिंदा है।

संदेशखाली का पूरा मामला प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी की कार्रवाई के बाद लोगों के सामने आया है। बीती 5 जनवरी, 2024 को ईडी के अधिकारियों ने राशन भ्रष्टाचार मामले में संदेशखाली के सरबेड़िया में तृणमूल नेता शेख शाहजहां से पूछताछ करने पहुंचे हुए थे। तृणमूल के गुंड़ों की मदद से न सिर्फ नेता शाहजहां शेख फरार हो जाने में कामयाब रहा, बल्कि इस दौरान सरकारी अधिकारियों पर भी हमले भी किए गए थे। इसके बाद से ही स्थानीय लोगों ने अपनी आवाज तेज कर दी और खुलकर सामने आ गए। जो कुछ भी उनके द्वारा बताया गया, वह 21वीं सदी में अकल्पनीय है।

राष्ट्रीय महिला आयोग की फैक्ट-फाइंडिंग टीम की रिपोर्ट से भी संदेशखाली के हालात की भयानकता उजागर हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'गांव की महिलाओं से जुटाई गई गवाहियां परेशान करने वाली हैं, जो वहां व्यापक भय और व्यवस्थित दुर्व्यवहार की एक भयावह तस्वीर सामने लाती हैं।' इसके मुताबिक, 'पीड़िताओं ने पुलिस अधिकारियों और तृणमूल कांग्रेस के लोगों की ओर से की गई शारीरिक और यौन हिंसा की वारदातों का जिक्र किया।'

शाहजहां शेख और उसके गुर्गे महिलाओं को अपनी निजी संपत्ति मानकर उठा ले जाते रहे और तृणमूल कार्यालय में रखकर उनका यौन शोषण कर छोड़ देते थे। विवाहित महिला के पति को भी ये कहा जाता कि उसकी पत्नी पर पहला अधिकार शेख का है। किसी भी सुंदर महिला को जबरन उठाकर ले जाना और उसका यौन शोषण करना संदेशखाली में आम बात थी। जब महिलाओं से पूछा गया कि वे इस अत्याचार के विरुद्ध अब तक खामोश क्यों रहीं तो उनका उत्तर था कि शाहजहां जब ईडी के डर से फरार हुआ तब जाकर उनमें साहस आया। वह लोगों की जमीनों पर जबरन कब्जा करने और उनकी मजदूरी छीनकर आतंकित करने का काम करता रहा किंतु तृणमूल कांग्रेस से जुड़ा होने की वजह से उसका हौसला बुलंद था।

ईडी की छापेमारी के बाद संदेशखाली महिला सशक्तीकरण का जीवंत उदाहरण बन गया है। लेकिन महिला होने के बावजूद ममता बैनजज़ अभी तक अपनी पाटज़ के कुख्यात नेता पर लग रहे आरोपों पर ध्यान देने के बजाय ये शिगूफा छोड़ रही हैं कि संदेशखाली आरएसएस का प्रभावक्षेत्र है। महिलाओं पर उनके साथ हुए बलात्कार को साबित करने का दबाव भी बनाया जा रहा है। विवाद बढ़ने के बाद 12 फरवरी को पश्चिम बंगाल के राज्यपाल ने संदेशखाली का दौरा किया। यहां की महिलाओं से मुलाकात के बाद राज्यपाल ने मीडिया से कहा, ''मैंने संदेशखाली की माताओं और बहनों की बातें सुनी. मुझे विश्वास नहीं हुआ कि रबिन्द्र नाथ टैगोर की धरती पर ऐसा



भी हो सकता है।'' राज्यपाल के बयान से स्थिति की गंभीरता को समझा जा सकता है।

राष्ट्रीय महिला आयोग की फैक्ट-फाइंडिंग टीम की रिपोर्ट से भी संदेशखाली के हालात की भयानकता उजागर हुई है। रिपोर्ट में कहा गया है, 'गांव की महिलाओं से जुटाई गई गवाहियां परेशान करने वाली हैं, जो वहां व्यापक भय और व्यवस्थित दुर्व्यवहार की एक भयावह तस्वीर सामने लाती हैं।' इसके मुताबिक, 'पीड़िताओं ने पुलिस अधिकारियों और तृणमूल कांग्रेस के लोगों की ओर से की गई शारीरिक और यौन हिंसा की वारदातों का जिक्र किया।' इससे लगता है कि शाहजहां शेख ने संदेशखाली में अपने गुनाहों का जो साम्राज्य कायम किया था, उसमें पुलिस भी सक्रिय तौर पर शामिल थी। राष्ट्रीय महिला आयोग की रिपोर्ट में कहा गया है कि इस गांव की जिस महिला ने भी अत्याचार के खिलाफ आवाज उठाई, उन्हें उसका खामियाजा भुगतना पड़ा। चारों ओर से दबाव पड़ने पर दिखावे के लिए कुछ छुटभैये किस्म के तृणमूल नेताओं को पुलिस ने जरूर पकड़ा है किंतु जो लोग संदेशखाली के हालात का जायजा लेने जा रहे हैं उनको भी रोकने की करवाई पुलिस और प्रशासन द्वारा किए जाने से साफ है कि ममता सरकार को महिलाओं के मान-सम्मान से अधिक अपनी पाटज़ के नेताओं की चिंता है। पष्चिम बंगाल की तृणमूल सरकार ने मुस्लिम तुष्टिकरण की सारी हदें पार कर दी हैं। बंगाल में 27 प्रतिशत मुस्लिम आबादी है। ममता बनजज़ इनके तुष्टिकरण से ही सत्ता में बनी हुई है। और इस्लामी एजेंडे को आगे बढ़ा रही है। ममता बनजज़ के शासनकाल में पश्चिम बंगाल में हिंदुओं को अपने धार्मिक रीति-रिवाज, पर्व-त्योहार मनाने तक की स्वतंत्रता नहीं रह गई है।

वस्तुस्थिति ये है कि वामपंथी सरकार के राज में जो गुंडे आतंक का पर्याय थे वे सभी सत्ता परिवर्तित होते ही तृणमूल कांग्रेस में आ गए। परिणामस्वरूप पष्चिमबंगाल की स्थिति आसमान से टपके खजूर पर अटके वाली होकर रह गई। पहले जो लूटपाट वामपंथी पार्टी का कैडर करता था, वही अब तृणमूल कार्यकर्ता बन चुके असामाजिक तत्व धड़ल्ले से करते हैं। चूंकि पुलिस उनके क्रियाकलापों पर रोक नहीं लगाती लिहाजा जनता भी भयग्रस्त है। संदेशखाली की घटना पहली नहीं है। बीते कुछ सालों में यह राज्य अराजकता के शिकंजे में फंस गया है। चूंकि कांग्रेस और वामपंथी पूरे तौर पर हाशिए पर आ चुके हैं इसलिए भाजपा ही पश्चिम बंगाल में विकल्प के रूप में उभर रही है।

संदेशखाली की लड़ाई में भी वही पीड़ित महिलाओं के साथ खड़ी हुई है। हालांकि लोकसभा में कांग्रेस दल के नेता अधीर रंजन चैधरी ममता सरकार के विरुद्ध आवाज उठाया करते हैं किंतु जिस इंडिया गठबंधन में तृणमूल भी शामिल है उसकी ओर से संदेशखाली में हुए अत्याचार के विरुद्ध कुछ न कहा जाना चौंकाता है। सोनिया गांधी और राहुल गांधी की तरफ से भी ममता बैनजज़ की सरकार का वैसा विरोध नहीं हुआ जैसा अपेक्षित था।

मुख्यमंत्री ममता बैनर्जी ने विधानसभा में कहा है कि संदेशखाली में आरएसएस का अड्डा है और वही औरतों को उकसा और बरगला रहा है। यदि संघ किन्हीं आपराधिक गतिविधियों में संलिप्त है, तो मुख्यमंत्री और राज्य पुलिस ने उसके खिलाफ कार्रवाई क्यों नहीं की? लेकिन ममता बैनज.ने इस कांड पर अब तक जिस प्रकार का गैर जिम्मेदाराना रवैया दिखाया वह शर्मनाक है। क्या यह संभव हो सकता है कि मुख्यमंत्री ममता बनर्जी को जानकारी ही न हो कि उनका 'सिंडिकेट' कहां है? ममता-राज के दौरान तृणमूल के भीतर ही ऐसा सिंडिकेट बना दिया गया है, जो ज्यादातर हिंदू आबादी पर ही दरिंदगी दिखाते हैं। पुरुषों को जान से मार देने की धमकियां भी देते हैं। 2021 के विधानसभा चुनाव के दौरान इसी सिंडिकेट ने भाजपा के खिलाफ 273 घटनाएं की थीं। कई कार्यकर्ताओं को भी मार दिया गया था। यह गुंडई पंचायत चुनावों में सरेआम कहर ढहाती रही है। क्या एक महिला मुख्यमंत्री का शासन ऐसा भी हो सकता है कि दरिंदे खुलेआम हत्याएं और अत्याचार कर सकें?

# चुनाव से पहले चंदे पर संकट


प्रेम शर्मा

लोक सभा चुनाव से ठीक पहले सर्वोच्च अदालत ने 2018 की चुनावी बॉन्ड़ की योजना पर प्रतिबंध लगाकर ऐतिहासिक फैसला दिया है। शीर्ष अदालत का विश्वास है कि इस योजना से मतदाताओं के अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के सांविधानिक अधिकार के साथ सूचना के अधिकार का उल्लंघन हो रहा था। मुख्य न्यायाधीश जस्टिस ड़ी.वाई. चंद्रचूड़ के नेतृत्व में पांच सदस्यीय संविधान पीठ का मानना था कि कोई भी मतदाता किसी भी राजनीतिक दल की विचारधारा और उसके प्रत्याशी की योग्यता के आधार पर वोट देने का निर्णय करता है। इस निर्णय तक पहुंचने के लिए उसे पता होना चाहिए कि किस राजनीतिक दल को कौन चंदा दे रहा हैं जिसके आधार पर वह तय कर सके कि इस चंदा देने के पीछे लाभ के बदले लाभ प्राप्त करने की नीयत तो नहीं है। कहीं ऐसा तो नहीं कि चंदा देने वाला व्यक्तिॉ व्यक्तियों का समूह या कार्पोरेट घराना सरकार की नीतियों को अपने पक्ष में करने के लिए प्रयासरत हो। इस संबंध में स्पष्ट राय बनाने के लिए मतदाता को किसी भी राजनीतिक दल को मिलने वाले चुनावी चंदे के स्रोत की जानकारी होना आवश्यक है। संविधान पीठ ने भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) को 12 अप्रैल 2019 से अब तक चुनावी बॉन्ड़ योजना के अंतर्गत खरीदे गए बॉन्ड़ॉ खरीदारों के नामॉ खरीद की तारीखॉ मूल्य वर्ग और उन्हें भुनाने वाले राजनीतिक दलों का विवरण 6 मार्च तक चुनाव आयोग को बताने का आदेश दिया है। अदालत ने आयोग को यह भी निर्देश दिया है कि एसबीआई से प्राप्त सभी जानकारी 13 मार्च तक अपनी वेबसाइट पर अपलोड़ करे। विपक्षी राजनीतिक दलों समेत कुछ पूर्व निर्वाचन अधिकारियों ने इस फैसले का स्वागत किया है। हालाकि चुनावी बॉन्ड की व्यवस्था को असंवैधानिक बताकर सुप्रीम कोर्ट ने भले ही पूरी चुनावी पारदर्शिता पर सवाल खड़े किए हैं, लेकिन चुनावी चंदे की यह व्यवस्था पहले भी कभी पारदर्शी नहीं रही थी। इसे लेकर सदैव सवाल उठते ही रहे हैं। इससे निपटने के लिए चुनाव आयोग ने चंदे से जुड़ी व्यवस्था में कई बार बड़े बदलाव भी किए लेकिन राजनीतिक दलों की स्थिति तू डाल-डाल और मैं पात-पात की तरह ही रही। सुप्रीम कोर्ट की पॉच सदस्यीय पीठ के इस फैसले से फिलहाल अब कोई भी पार्टी चुनावी बॉन्ड के जरिए चंदा नहीं ले पाएगी। कोई भी व्यक्ति, कंपनी या संस्था चुनावी बॉन्ड के जरिए राजनीतिक पार्टियों को चंदा नहीं दे पाएगी। इसके अलावा जिन राजनीतिक पार्टियों ने चुनावी बॉन्ड को कैश नहीं कराया है। उन्हें इन्हें बैंक में लौटाना पड़ेगा। यानि लोकसभ चुनाव से ठीक चंद दिन पहले इस तरह के फैसले से सबसे ज्यादा दिक्कत केन्द्र की सत्तासीन भाजपा को होना तय हे। ऐसा नही है कि अन्य राजनैतिक दलों को चंदा नही मिलता, लेकिन उनकों उनकी हैसियत के आधार

चुनावी बॉन्ड की व्यवस्था को असंवैधानिक बताकर सुप्रीम कोर्ट ने भले ही पूरी चुनावी पारदर्शिता पर सवाल खड़े किए हैं, लेकिन चुनावी चंदे की यह व्यवस्था पहले भी कभी पारदर्शी नहीं रही थी। इसे लेकर सदैव सवाल उठते ही रहे हैं। इससे निपटने के लिए चुनाव आयोग ने चंदे से जुड़ी व्यवस्था में कई बार बड़े बदलाव भी किए लेकिन राजनीतिक दलों की स्थिति तू डाल-डाल और मैं पात-पात की तरह ही रही। सुप्रीम कोर्ट की पॉच सदस्यीय पीठ के इस फैसले से फिलहाल अब कोई भी पार्टी चुनावी बॉन्ड के जरिए चंदा नहीं ले पाएगी।




पर चंदा मिलता है। क्षेत्रीय दलों तक को बहुत बड़ी राशि चंदे में मिलती है।

हालांकि इस फैसले के बाद अब यह अनुमान लगाया जा रहा है कि चुनावी चंदे की पुरानी व्यवस्था फिर से लागू होगी। चुनावी चंदे की पुरानी व्यवस्था के तहत राजनीतिक दलों को पहले 20 हजार से ज्यादा मिलने वाले प्रत्येक चंदे का ब्यौरा चुनाव आयोग को अपने सालाना रिटर्न दाखिल करने के दौरान देना होता था। जिसे आयोग सार्वजनिक भी करता था। हालांकि इनमें राजनीतिक दल मिलने वाले चंदे का 80 फीसदी से ज्यादा राशि को 20 हजार से कम का होना बताते हुए उसका ब्यौरा नहीं देते थे। इसके बाद तो आयोग ने इस पूरी व्यवस्था को पारदर्शी बनाने के चलते ब्यौरा न देने वाली चंदे राशि की लिमिट को 20 हजार से घटाकर दो हजार कर दिया था। लेकिन राजनीतिक दल कहां चूकने वाले थे, उन्होंने फिर वहीं खेल किया और चुनाव आयोग को जो जानकारी दी, उनमें तहत उन्हें मिली कुल चंदे राशि का 80 फीसद से ज्यादा हिस्सा दो हजार से कम का बताया।देश के पूर्व मुख्य चुनाव आयुक्त ओ पी रावत के अनुसार चुनावी चंदे की पारदर्शिता को लेकर आयोग लगातार सक्रिय रहा है। इस दौरान आयोग ने कई बार राजनीतिक दलों से सवाल-जवाब भी किए है, लेकिन नियमों के चलते राजनीतिक दल इसे तय लिमिट से कम राशि का बताते हुए बच जाते थे। वहीं इससे ज्यादा राशि से जो चंदे मिलते थे, उनके नाम राजनीतिक दलों को से मिले ब्यौरे के आधार पर सार्वजनिक किया जाता था। गौरतलब है कि 2018 में चुनावी ब्रांड की व्यवस्था लागू किए जाने से पहले राजनीतिक दल सालाना रिटर्न के जरिए तय लिमिट से अधिक राशि के मिले सभी चंदे का ब्यौरा देते थे। बीते पांच-छह साल में इलेक्टोरल बॉन्ड के कारण कुछ पार्टियों को नुकसान हुआ तो कुछ को काफी फायदा हुआ। वो सत्ताधारी दल, जिनके पास कुछ देने की ताकत होती है, उन्हें इसका फायदा ज्यादा हुआ। ऐसे में यह कहना कि केवल भाजपा को इससे चंदा मिला है, यह सही नहीं है। एक-एक राज्य की पार्टियों को भी काफी चंदा मिला है। हमारे देश में चुनाव का खर्च धीरे-धीरे बढ़ता गया है। चुनाव आयोग ने भी खर्च की सीमा बढ़ाते-बढ़ाते चालीस लाख कर दी है। वर्तमान समय में आम आदमी चुनाव नहीं लड़ सकता है। इसमें सौ फीसदी सच्चाई है कि जो कॉर्पोरेट हैं, जो कंपनियां हैं, वो नहीं चाहती हैं कि उनका नाम प्रकट हो। उन्हें लगता है कि अगर यह सामने आ गया है कि हमने कांग्रेस को ज्यादा चंदा दिया, भाजपा को कम और भाजपा सत्ता में आ गई तो मुझे इसका नुकसान होगा। लंबे समय से चुनावी चंदे पर चर्चा होती है। यह एक व्यावहारिक समस्या है। संवैधानिक तरीका चंदे का क्या होगा, यह बताना भी आवश्यक हो जाता है। आगे चुनाव लड़ने के लिए पार्टियां किस तरह चंदा लेंगी यह बड़ा प्रश्न खड़ा हुआ है।

इस बॉत से इनकार नही किया जा सकता कि हम एक बदलते-विकसित होते समाज में हैं। कभी भी कोई भी चीज सौ फीसदी सही नहीं हो सकती है। जब इलेक्टोरल बॉन्ड नहीं थे, तब क्या होता था? सारा काला धन आता था। जब तकनीक उन्नत हो रही है, तब कालेधन पर अंकुश लगाया जा सकता है। जो गोपनीयता की बात है, यह सिर्फ इलेक्टोरल बॉन्ड के लिए नहीं है। बैंकों के ग्राहकों की गोपनीयता की भी बात है। सभी जानते हैं कि कोई भी जितना चुनावी खर्च दिखाता है, वह उससे काफी ज्यादा है। सत्ता पक्ष हो या विपक्ष, वह अपनी सुविधा के मुताबिक उसे लागू करने पर सहमत या असहमत होता है। इसमें सभी राजनीतिक दल सहमत थे कि हमें मिलने वाले चंदे की जानकारी बाहर नहीं जानी चाहिए। वैसे पहले चुनावी चंदा नकदीकरण था, फिर इलेक्टोरल बॉन्ड आया। अब आगे भी कोई न कोई बेहतर रास्ता आएगा। वैसे अगर कोई उद्योगपति यह सोचे कि उसने फलां पार्टी को ज्यादा चंदा दिया और फलां को कम और वह सरकार को पता नहीं चलेगा तो वह गलतफहमी में होगा। जैसे ही चंदा आपने दिया वह सरकार की नजर में आ जाएगा।

# पिछड़े नगरीय निकायों में सीएम फेलोज तलाशेंगे प्रगति की संभावनाएं

अवधनामा संवाददाता

- प्रदेश के 100 आकांक्षात्मक नगरीय निकायों के लिए चुने गये सीएम फेलोज
- प्रदेश के 100 आकांक्षात्मक नगरीय निकायों के लिए चुने गये सीएम फेलोज

**लखनऊ।** प्रदेश के आकांक्षात्मक जिलों की तर्ज पर 100 पिछड़े नगरीय निकायों में विकास को गति देने के लिए सीएम अर्बन फेलोशिप योजना के अंतर्गत फेलोज़ का चयन हो चुका है। चयनित फेलोज़ जल्द ही अपनी ट्रेनिंग पूरी करने के बाद पिछड़े नगरीय निकायों में भेजे जाएंगे। बता दें कि शहरी नियोजन, बुनियादी ढांचे, आर्थिक विकास, आजीविका के अवसरों में वृद्धि करते हुए पिछड़े नगरीय निकायों के सतत विकास के लिए सीएम अर्बन फेलोशिप योजना शुरू की गई है। सीएम फेलोज पद के लिए 01 लाख से अधिक आवेदन प्राप्त हुए थे। इनमें से मेरिट के आधार पर 446 आवेदकों का साक्षात्कार बीते 31 जनवरी को लिया गया, जिसमें से 100 सीएम फेलोज के चयन की कार्रवाई 12 फरवरी को पूरी की जा चुकी है।

चयन प्रक्रिया पूरी होने के बाद अब इन 100 सीएम फेलोज की ट्रेनिंग 23 फरवरी से शुरू होगी। दो हफ्ते की ट्रेनिंग के बाद आगामी 10 मार्च को सीएम फेलोज को प्रदेश के 100 आकांक्षात्मक नगरीय निकायों में तैनात कर दिया जाएगा। ये फेलोज नगरीय निकायों में अर्बन इन्फ्रास्ट्रक्चर, सोशल इन्फ्रास्ट्रक्चर, अर्बन लोकल गवर्नेंस, इकोनॉमी अपॉर्च्युनिटी और क्लाइमेट एंड डिजास्टर रेसिलियंस पर शोध करेंगे। 20 हजार से 01 लाख तक की आबादी वाले 100 पिछड़े नगरीय निकायों में सीएम फेलोज न केवल विकास की सभावनाएं तलाशेंगे बल्कि अपनी शोध रिपोर्ट को सरकार के समक्ष प्रस्तुत करेंगे।

सीएम फेलोज की मॉनीटरिंग के लिए भी मुख्यमंत्री योगी जी के निर्देश पर पूरा स्ट्रक्चर तय किया गया है। इसमें नगर विकास विभाग के मंत्री के नेतृत्व में प्रदेश स्तर पर मुख्य सचिव चेयरपर्सन होंगे। इसके अलावा सदस्य सचिव के अंतर्गत एडिशनल चीफ सेक्रेटरी और प्रिंसिपल सेक्रेटरी होंगे। साथ ही आवास, स्वास्थ्य, ऊर्जा, बेसिक शिक्षा, वित्त, महिला एवं बाल कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव मॉनीटरिंग मैकेनिज्म के सदस्य होंगे। वहीं जिला स्तर पर जिलाधिकारी चेयरपर्सन होंगे। एडीएम सदस्य सचिव होंगे तथा नगरीय निकायों के अधिशासी अधिकारी और विभिन्न विभागों के जिला स्तरीय अधिकारी सीएम फेलोज की मॉनीटरिंग करेंगे। योगी सरकार ने प्रदेश के 38 जिलों के 100 नगरीय निकायों को आकांक्षात्मक श्रेणी में रखा है। इनमें अलीगढ़ में 5, एटा में 1, हाथरस में 1, कासगंज में 1, अयोध्या में 2, अंबेडकर नगर में 1, बाराबंकी में 1, सुल्तानपुर में 1, आजमगढ़ में 2, बलिया में 3, मऊ में 2, शाहजहांपुर में 2, बस्ती में 9, संत कबीर नगर में 3, सिद्धार्थनगर में 4, बांदा में 1, बहराइच में 4, बलरामपुर में 1, गोंडा में 3, देवरिया में 6, गोरखपुर में 2, कुशीनगर में 5, महाराजगंज में 4, फरुखाबाद में 2, कानपुर देहात में 2, लखीमपुर खीरी में 2, लखनऊ में 2, रायबरेली में 1, उन्नाव में 2, बुलंदशहर में 1, सोनभद्र में 2, मुरादाबाद में 1, रामपुर में 3, फतेहपुर में 3, कौशाम्बी में 2, प्रतापगढ़ में 10, प्रयागराज में 1 और जौनपुर में 2 नगरीय निकायों को आकांक्षात्मक नगरीय निकाय की श्रेणी में रखा गया है।

## विद्युत संविदा कर्मचारी ने 16 सूत्रीय मांगों का सौंपा सत्याग्रह ज्ञापन

**आजमगढ़।** विद्युत मजदूर संयुक्त मोर्चा और विद्युत संविदा कर्मचारी महासंघ के संयुक्त तत्वाधान में मंगलवार को मुख्य अभियंता कार्यालय पहुंचे विद्युत संविदाकर्मियों शीर्ष नेतृत्व के आह्वाहन पर 16 सूत्रीय मांगो का सत्याग्रह ज्ञापन सौंपा है। विद्युत संविदा कर्मचारीयो का कहना था की शक्ति भवन में कुछ मांगे हमारी मान तो ली गई थी लेकिन उसका अभी तक पालन नहीं हुआ। कहा की हमारी प्रमुख मांगे थी की जो संघर्ष समिति द्वारा की गई हड़ताल में शामिल न होने के बावजूद भी जिन आउट सोर्सकर्मियों को निकाला गया है उनकी बहाली कि जाए। हमारा वेतन 10 हजार से बढ़ाकर 18 हजार सीधा खाते में दिया जाए। 2015 में धरने के दौरान किए गए फर्जी मुकदमे को वापस किया जाए। कहा की कई बार ज्ञापन सौंपने के बाद भी समाधान नहीं हो सका है जिससे कर्मचारियों में रोष व्याप्त है। 27 फरवरी को हम सभी संविदा कर्मचारी लखनऊ पहुंचकर धरना प्रदर्शन करने को बाध्य है।

# सौरभ, राहुल व मनु की पारी से सेंट पीटर्स को मिली जीत

अवधनामा संवाददाता





**प्रयागराज।** सेंट पीटर्स क्रिकेट क्लब ने जेड एम आर आटा, न्यू स्टार डेरी, आरिफ ब्रॉडबैंड एवं जिनेवा इंफ्रा प्राइवेट लिमिटेड के सौजन्य से आयोजित सयैद अहमद जाफरी स्मारक टी-20 कैशमनी क्रिकेट प्रतियोगिता में दौलत हुसैन क्रिकेट क्लब को 13 रन से हराकर प्रतियोगिता में लगातार दूसरी जीत दर्ज किए हैं। टीम के सौरभ सिंह की ( 95 रन, 31 गेंद, सात चौके, नौ छक्के ) राहुल राज पाल के 70 रन, 30 गेंद, छह चौके, छह छक्के एवं 4 - 0 - 53 - 2 ) और मनु राजा की 54 रन, 33 गेंद, दो चौके, पांच छक्के ) की तूफानी पारी खेल अपनी टीम को जीत दिलाई है। दौलत हुसैन क्रिकेट क्लब के फैज अली की आतिशी शतक ( 115 रन, 44 गेंद, 13 चौके सात छक्के ) की पारी खेली लेकिन अपनी टीम को जीत न दिला सके। बुधवार को दौलत हुसैन इंटर कॉलेज मैदान पर टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए सेंट पीटर्स क्रिकेट क्लब ने 20 ओवर में छह विकेट पर 245 रन ( सौरभ सिंह 95, राहुल राज पाल 70, मनु राजा 54 रन, हंसम जायसवाल 2/27, मो. हम्माद 2/40, अखिलेश यादव 1/46, मो. उमर 1/64 ) पर बनाए। जवाब में दौलत हुसैन क्रिकेट क्लब की टीम ने 20 ओवर में आठ विकेट पर 232 रन ( फैज अली 115, गुलाम अली 22 नाबाद, मो. अरमान 21 रन, आदर्श मिश्रा 2/32, शुभम पटेल 2/43, राहुल राज पाल 2/53, सानिध्य श्रीवास्तव 1/25 ) ही बना सकी। मैच के बाद समाजसेवी इरफान अंसारी व मो. खालिद ने राहुल राज पाल को मैन ऑफ द मैच का पुरस्कार दिया। मैच में अरुण कुमार बाली व तौसीफ शैख ने अंपायरिंग और प्रितेश सोनकर ने स्कोरिंग की। प्रतियोगिता में गुरुवार को सेंट पीटर्स क्रिकेट क्लब व विराट स्पोर्ट्स क्लब के बीच सुबह नौ बजे खेला जाएगा।

# उप मुख्यमंत्री ने किया निशुल्क स्वास्थ्य वैन का उद्घाटन

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश मारवाड़ी युवा मंच द्वारा एक निशुल्क स्वास्थ्य वैन बुधवार को हजरतगंज क्षेत्र मे शुरू की गई जो उत्तर प्रदेश के विभिन्न जिलों में भ्रमण करेगी। स्वास्थ्य वैन का उद्घाटन मारवाड़ी युवा मंच अवध शाखा के तत्वाधान में उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक द्वारा किया गया। वैन अगले 3 दिन तक लखनऊ के विभिन्न इलाकों में निशुल्क जांच करेगी। इस वैन में डेंटिस्ट ,नेत्र विशेषज्ञ, जनरल फिजिशियन, ईसीजी, आंखों का चश्मा एवं पैथोलॉजी की पूरी व्यवस्था है। जांच रिपोर्ट मरीजों को आधे घंटे के उपरांत उपलब्ध करा दी जाएगी। उद्घाटन के दौरान उत्तर प्रदेश मारवाड़ी युवा मंच के प्रांतीय उपाध्यक्ष अनुराग अग्रवाल, अवध शाखा के अध्यक्ष पुनीत तुलसियान एवं प्रांतीय जनसंपर्क अधिकारी एवं प्रांतीय संयोजक युवा भवन नीलेश अग्रवाल (टाटा) एवं मंच के कई सदस्य प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। मारवाड़ी युवा मंच विगत कई वर्षों से उत्तर प्रदेश ही नहीं बल्कि पूरे भारत देश में जन सेवा के विभिन्न कार्यक्रम करती रहती है। करोना काल में भी लखनऊ में निशुल्क मारवाड़ी थाली देशी की द्वारा निर्मित एक महीने तक वितरित की गई, मंच द्वारा अमृतधारा निर्धन कन्या विवाह, निशुल्क एंबुलेंस सेवा, शव वाहिनी सेवा आदि कई प्रकल्प समय-समय पर चलते रहते हैं।

## दो अंतर्जनपदीय गांजा तस्करों को पुलिस ने किया गिरफ्तार

**आजमगढ़।** आज बुधवार की सुबह शहर कोतवाली पुलिस ने शहर के बीच रहमतनगर इलाके से दो अंतर्जनपदीय गांजा तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस ने उनके पास से टाटा सफारी वाहन में रखा लगभग चार किलो गांजा बरामद किया है।

बुधवार की सुबह शहर क्षेत्र में दो गांजा तस्करों के आने की सूचना मिलने पर सक्रिय हुई पुलिस ने सुबह करीब नौ बजे रहमतनगर क्षेत्र से गुजर रहे टाटा सफारी वाहन को रोक उसमें सवार दो युवकों को हिरासत में ले लिया। वाहन की तलाशी के दौरान उसमें छिपाकर रखे गए 3.750 किलोग्राम गांजा बरामद कर लिया। पकड़े गए तस्करों की पहचान रत्नाकर उपाध्याय उर्फमुकुल निवासी ग्राम देईडिहा थाना बरहज एवं शम्भूशंकर पाण्डेय निवासी ग्राम सिसवां पाण्डेय थाना सुरौली पकौली जनपद देवरिया के रूप में हुई। दोनों के खिलाफ विधिक कार्रवाई करते हुए उन्हें न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया।

# एन ई रेलवे गोरखपुर कबड्डी प्रतियोगिता में बना विजेता



- उप जिलाधिकारी ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर किया सम्मानित

अवधनामा संवाददाता

**आजमगढ।** सगड़ी तहसील क्षेत्र के मैना देवी इंटर कॉलेज बैदौली में आयोजित दो दिवसीय 50 वीं सीनियर पुरुष प्रदेश स्तरीय कबड्डी प्रतियोगिता का समापन उप जिलाधिकारी सगड़ी नरेंद्र कुमार गंगवार ने विजेता खिलाड़ियों को पुरस्कार देकर किया। जानकारी के अनुसार बुधवार को दूसरे दिन के खेल में पहला सेमीफाइनल बलिया ने अमेठी को 32-29 से पराजित किया और दूसरे सेमीफाइनल में रेलवे गोरखपुर ने आजमगढ़ को 39-30 से हराकर फाइनल में जगह बनाई। फाइनल मुकाबला रेलवे गोरखपुर और बलिया के बीच खेला गया। जिसमें रेलवे गोरखपुर ने 37 अंक और बलिया ने 20 अंक बनाकर दूसरे स्थान पर रहा। बेस्ट रेडर का पुरस्कार अनुराग पांडेय आजमगढ़, वेस्ट कैचर का पुरस्कार आदित्य राय बलिया और ऑलराउंडर खिलाड़ी का पुरस्कार रूपेश तोमर रेलवे गोरखपुर को दिया गया कार्यक्रम में उप जिलाधिकारी नरेंद्र कुमार गंगवार ने विजेता और उपविजेता टीम को ट्रॉफी और बैग देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में अपर जिलाधिकारी आजमगढ़ आजाद भगत सिंह, बैडमिंटन के अंतरराष्ट्रीय रेफरी राजेंद्र राय ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त करते हुए खिलाड़ियों का उत्साह वर्धन किया वहीं निर्णायक मंडल में सुरेश कुमार सिंह, अरविंद कुमार पांडे, महेंद्र यादव, विवेक वर्मा, अजीत कुमार, नर्सिंग, सूर्य प्रकाश, रामचंद्र राय, प्रेम कुमार रहे इस दौरान मुख्य सैकड़ो की संख्या में स्थानीय ग्रामीणों ने कबड्डी प्रतियोगिता का आनंद लिया।

# भाषा विश्वविद्यालय में हुआ भाषा उत्सव का आयोजन



अवधनामा संवाददाता

**लखनऊ।** ख्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय के हिंदी विभाग में 21 फरवरी को अंतर्राष्ट्रीय मातृभाषा दिवस के अवसर पर साहित्य और भाषा के उत्सव 'वीणा' का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का प्रारंभ विश्वविद्यालय कुलानुशासक और मुख्य अतिथि डॉक्टर नीरज शुक्ला, विशिष्ट अतिथि डॉक्टर पूनम चौधरी, विभाग की प्रभारी डाक्टर जहां आरा जैदी एवम शिक्षाशास्त्र विभाग की सहायक आचार्य डाक्टर श्वेता अग्रवाल के द्वारा दीप प्रज्वलित कर हुआ। कार्यक्रम में डॉक्टर शुक्ला ने भाषा की समाहार क्षमता पर प्रकाश डाला तो अपने उद्बोधन में डॉक्टर पूनम चौधरी ने भाषा की वर्तमान आकांक्षाओं के संदर्भ में चर्चा की। डॉक्टर श्वेता अग्रवाल ने भाषा के मनोविज्ञान एवं उसके व्यावसायिक स्वरूप पर उद्बोधन दिया। इस अवसर पर विभाग में विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ राजकुमार सिंह डॉक्टर विपिन कुमार सिंह डॉक्टर मनीष महर्षि डॉक्टर हिमांशु गंगवार उपस्थित रहे। कार्यक्रम की रूपरेखा एवं सज्जा डॉक्टर आराधना अस्थाना के द्वारा एवं संचालन योगेंद्र के द्वारा किया गया।

# सहकारिता में समृद्धि लोगी बनास नाम काशी संकुल

अवधनामा संवाददाता

- प्रधानमंत्री ने शास्त्री जी के सपने को किया साकार

**लखनऊ।** पूर्व प्रधान मंत्री, भारत रत्न, लाल बहादुर शास्त्री का सपना था कि आनंद की तरह डेरियां पूरे देश में स्थापित हो सन 1964 में सरदार जी के जन्मदिवस 31 अक्टूबर को कारा संघ के गठबंधन के आहार के लिए आनंद से एटकॉम दूरजा करी में स्थापित भारत के पहले आधुनिक स्वसंचालन संयंत्र का उद्घाटन करने के लिए शास्त्री जी कार्यक्रम से एक दिन पहले वहां गए थे और रात्रि विश्राम में गांव में घूम-घूम कर किसान, पशुपालकों से चर्चा कर बहुत कुछ जानकारी प्राप्त की, मिल्क मैन डॉ. वर्गीस कुरियन आनंद साँचे के बारे में दी गई विस्तृत जानकारी के बाद शास्त्री जी ने कुरियन जी से कहा कि इसका मतलब यह है कि हमारे पास कई आनंद हो सकते हैं, आप पूरे भारत में आनंद जैस फ़्लॉक का निर्माण करिए, भारत सरकार खाली चेक देवी, जिसका अभिप्राय था कि कार्य में धन की कमी नहीं आएगी एल शास्त्री जी का वही सपना जिसे प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने वाराणसी में बनारस के नाम से जाना जाने वाले काशी संकुल में स्थापित किया था प्रधानमंत्री जी के संकल्प और प्रयास से दो साल में बनास आश्रम, काशी संकुल ने तैयार किया वाराणसी और इसके -पास के आखरी जंगल, गाज़ीपुर, चंदौली, भदोही, मीरजापुर, मुजफ्फरपुर आदिपालकों के किसानों के बीच आर्थिक-सामाजिक प्रगति का द्वार खोल दिया गया।

वाराणसी और आस-पास के क्षेत्र में रोजगार, आर्थिक, सामाजिक विकास को एक नई गति प्रदान करने के लिए प्रधान मंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी ने 13 दिसंबर 2021 को बनास काशी संकुल की विज्ञप्ति जारी की थी। इस प्रोजेक्ट को 2 साल में पूरा भी कर लिया गया और 23 फरवरी 2024 को अमूल ??बनासा प्लांट का उद्घाटन प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के करकमलों द्वारा किया जाएगा।

वर्तमान में उत्तर प्रदेश में बनास डेरी के दूध का कारोबार 47 बांसों का है जिसमें 7 जिले पूर्वांचल के हैं, इनका 4,600 में विस्तार हुआ है। यह दूध संग्रहकर्ता कार्य अगले वर्ष 70 से 70 तक का हो जाएगा, जिसमें पूर्वांचल में 15 नए आक्षेपों का विस्तार भी शामिल है। 600 से अधिक समितियां चालू हैं, 1,300 से अधिक समितियां चालू हैं और जो साल भर तक 2,600 समितियां हो जाएंगी। बनारस डेरी स्थिर समय में उत्तर प्रदेश में 3.5 लाख दूध उत्पादकों के साथ काम कर रही है, इनमें से 58 हजार दूध उत्पादक एएनवी वाराणसी के हैं।

# ब्राह्मण महाकुंभ में अधिक से अधिक लोग हो शामिल

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** नगर के हरबसपुर, फूलपुर में आगामी 24 फरवरी को अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा. द्वारा ब्राह्मण महाकुंभ का आयोजन किया जा रहा है। जिसकी जानकारी संगठन के प्रदेश अध्यक्ष पं. अवध नारायण तिवारी ने दी उन्होंने बताया कि राष्ट्रीय अध्यक्ष यूपी रत्न पं. राजेंद्र नाथ त्रिपाठी के आवाह्न पर जिले में यह आयोजन किया जा रहा है। जहां सभी क्षेत्रवासियों से एवं गणमान्य लोगों से अपील करते हुए तिवारी जी ने कहा कि अधिक से अधिक संख्या में पहुंचकर दिनांक 24 फरवरी 2024 दिन शनिवार सुबह 11ः00 बजे से 3ः00 बजे तक स्थान शुक्ला मैरिज लॉन हरबसपुर फूलपुर मडियाहू रोड जौनपुर पर पहुंचने का कष्ट करें जहां प्रीति भोज का भी आयोजन किया गया है। यह कार्यक्रम अखिल भारतीय ब्राह्मण महासभा रा. एवं परशुराम सेना के तत्वाधान में आयोजित किया जा रहा है। जहां पर राष्ट्रीय अध्यक्ष पं. राजेंद्र नाथ त्रिपाठी, राष्ट्रीय उपाध्यक्ष पंडित श्री पति उपाध्याय एवं प्रदेश जिले तहसील और ब्लॉक के पदाधिकारी कार्यकर्तागण, समाजसेवी तथा साधु संत उपस्थित होंगे जहां सभी अधिक से अधिक संख्या में एकत्रित हो करके उनके विचारों को सुने एवं ब्राह्मणों के साथ हो रहे अत्याचार अन्याय के खिलाफ एक मुहिम चलाकर सरकार को सचेत करें। जिसकी शुरुआत लखनऊ में आयोजित ब्राह्मण महाकुंभ से हुई और अब उत्तर प्रदेश के सभी मंडलों एवं जिलों में आयोजित की जा रही है। जिससे सरकार सचेत हो और सबक ले। वही कार्यक्रम को सफल बनाने के लिए प्रदेश प्रवक्ता डॉ. ज्ञान प्रकाश मिश्र, जिला अध्यक्ष विनय मिश्र, रविंद्र मिश्र, माताफेर मिश्र, स्वामी श्याम जी महराज,प्रमोद तिवारी, बब्लू, राजन मिश्रा, कुशल पांडे, रोहित त्रिपाठी आदि कार्यकर्ता गण एवं ब्राह्मण बंधु जी जान लगाकर जुटे हुए हैं।

# वाराणसी परिक्षेत्र में एक हज़ार गाँव बने 'संपूर्ण सुकन्या समृद्धि ग्राम' : यादव

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** डाकघरों में एक ही छत के नीचे तमाम सेवाएं उपलब्ध कराकर उन्हें बहुद्देशीय बनाया गया है। बदले दौर में डाक विभाग अब पत्र-पार्सल के साथ-साथ सरकार की तमाम जनकल्याणकारी योजनाओं और इनके लाभों को भी लोगों तक पहुँचा रहा है। ऐसे में डाकघरों की सर्वसुलभता बेहद जरुरी है। वाराणसी परिक्षेत्र के पोस्टमास्टर जनरल श्री कृष्ण कुमार यादव ने वाराणसी में महमूरगंज उपडाकघर में आयोजित कार्यक्रम में उक्त विचार व्यक्त किए। इस अवसर पर दीप प्रज्वलन पश्चात महिलाओं को महिला सम्मान बचत पत्र एवं बालिकाओं को सुकन्या समृद्धि खाते की पासबुक देते हुए उनके सुखद भविष्य की कामना की। उन्होंने बताया कि वाराणसी परिक्षेत्र में 3.40 लाख बालिकाओं के सुकन्या समृद्धि खाते खोले जा चुके हैं, वहीं लगभग 1,000 गाँवों में 10 साल तक की सभी योग्य बालिकाओं के खाते खोलते हुए उन्हें सम्पूर्ण सुकन्या समृद्धि ग्राम के रूप में आच्छादित किया जा चुका है।डाकघरों में लोगों की सुविधा हेतु एक ही छत के नीचे डाक, पार्सल मदों की बुकिंग के साथ बचत, बीमा, आईपीपीबी, आधार, कॉमन सर्विस सेंटर, पासपोर्ट, गंगाजल, क्यूआर कोड आधारित डिजिटल भुगतान जैसी तमाम जनोन्मुखी सुविधाएं उपलब्ध हैं।

वाराणसी पश्चिमी मंडल के अधीक्षक डाकघर श्री विनय कुमार ने बताया कि महमूरगंज डाकघर 2016 से भवन की अनुपलब्धता के कारण वाराणसी कैंट प्रधान डाकघर के प्रांगण में संचालित हो रहा था। यहाँ के ग्राहकों को निरंतर समस्याओं का सामना करना पड़ रहा था। पुनः महमूरगंज में डाकघर के विस्थापित होने से ग्राहकों को सभी सुविधाएं सुलभ हो सकेंगी।

# चौराहे पर शुलभ शौचालय न होने से हो रही दिक्कत

अवधनामा संवाददाता

- दिन भर रहता है यात्रियों का आवागमन, महिला यात्रियों के सामने अधिक मुश्किल

**कौशाम्बी।** आदर्श नगर पंचायत करारी के प्रमुख चौराहे पर सार्वजनिक शौचालय का निर्माण न होने के कारण यात्रियों को दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। कस्बे का प्रमुख चौराहा होने के कारण पूरे दिन यात्रियों का आवागमन बना रहता है।सबसे अधिक समस्या महिला यात्रियों को उठानी पड़ती है। चौराहे पर सार्वजनिक शौचालय के निर्माण को लेकर कई बार जिम्मेदारों से कहा गया लेकिन इस गम्भीर समस्या की ओर जिम्मेदारों का ध्यान नहीं जा रहा है।

आदर्श नगर पंचायत करारी को अस्तित्व में आये दो दशक से अधिक का समय हो चुका है लेकिन नगर आज भी विकास में पीछे है। लगभग सात वर्ष पूर्व कस्बे के नेतानगर वार्ड स्थित करारी-मंझनपुर रोड किनारे सार्वजनिक शौचालय का निर्माण किया गया था लेकिन उक्त शौचालय लगातार बंद रहता है और शौचालय ऐसे स्थान पर बनवाया गया है जहां आम लोगों का आवागमन नहीं है। सबसे अधिक जरूरत नगर के प्रमुख चौराहे पर इसके निर्माण की है। कस्बे के प्रमुख चौराहे पर पूरे दिन हजारों यात्रियों का आना जाना रहता है उन यात्रियों में अधिकतर महिलाएं होती हैं लेकिन इस गम्भीर समस्या की ओर किसी का ध्यान नहीं जा रहा है। यात्रियों के अलावा वहां सैकड़ों दुकानें भी हैं दुकानदार और ग्रहक को भी शौचालय की जरूरत होती है लेकिन आज तक इसपर जिम्मेदारों ने चर्चा करना भी मुनासिब नहीं समझा। अकसर देखा गया है कि शौच क्रिया के लिए यात्रियों और दुकानदारों को सड़क किनारे स्थित तालाब में जाना पड़ता है। ऐसे में महिलाओं को लज्जित भी होना पड़ता है।

# कोनिका मिनोल्टा सीएसआर प्रोजेक्ट में रखी 'नींव'

## कोनिका मिनोल्टा ने ईवी भेंट कर वाराणसी के 1,800 छात्रों तक पौष्टिक मध्याह्न भोजन पहुंचाना होगा आसान

अवधनामा संवाददाता



**वाराणसी।** कोनिका मिनोल्टा बिजनेस सॉल्यूशंस इंडिया, इंटेलिजेंट वर्कप्लेस साल्यूशन की प्रमुख कम्पनी ने अक्षय पात्र फाउंडेशन के साथ साझेदारी में प्रोजेक्ट 'नींव' नामक सीएसआर की पहल करने की घोषणा की। साझेदारी के इस प्रयास से वाराणसी शहर के पर्यावरण और बच्चों के पोषण दोनों में सुधार होगा।

कोनिका मिनोल्टा ने यह पहल करते हुए वाराणसी में अक्षय पात्रा फाउंडेशन के लिए दो इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) भेंट किए। ये ईवी इस क्षेत्र के सरकारी स्कूलों के 1,800 छात्रों तक पौष्टिक मध्याह्न भोजन पहुंचाएंगे। ये प्रतिदिन कुल 160 किलोमीटर की दूरी तय करेंगे। पर्यावरण बचाने की यह पहल कार्बन उत्सर्जन कम करने और सस्टेनेबल भविष्य निर्माण को लेकर कोनिका मिनोल्टा की प्रतिबद्धता को पूरी करेगी।

कोनिका मिनोल्टा ने इस स्पांसरशिप से छात्रों को पूरे एक वर्ष मध्याह्न भोजन सुनिश्चित कर उन्हें अच्छी तरह पढ़ाई करने के लिए जरूरी प्रोत्साहन और आहार मिलना आसान कर दिया है। यह पहल इसका प्रमाण है कि कम्पनी शिक्षा की प्राथमिकता समझती है और युवा प्रतिभाओं को सशक्त बनाने के लिए समर्पित है।

इस पहल पर कोनिका मिनोल्टा बिजनेस सॉल्यूशंस इंडिया के प्रबंध निदेशक श्री कटसुहिसा असारी ने कहा, ''इस सार्थक पहल में अक्षय पात्र फाउंडेशन से साझेदारी करना हमारे लिए बड़े गर्व की बात है। इस प्रोजेक्ट में सस्टेनेबलिटी और सामाजिक जिम्मेदारी जैसे हमारे बुनियादी मूल्य मौजूद हैं। इस माध्यम से हम वाराणसी के छात्रों को आहार सुलभ कराने के साथ पृथ्वी को स्वच्छ बनाने में योगदान दे रहे हैं। छात्रों को पौष्टिक भोजन और भोजन पहुंचाने के लिए पर्यावरण-अनुकूल ईवी प्रदान कर के हम न केवल तत्काल जरूरतों को पूरा कर रहे हैं, बल्कि युवा प्रतिभाओं का सही विकास भी कर रहे हैं। इस तरह उनका भविष्य स्वच्छ और उज्ज्वल होगा।''

सीएसआर पहल के दीर्घकालिक प्रभाव के बारे में कोनिका मिनोल्टा में सस्टेनेबलिटी प्रमोशन विभाग का कहना है, ''हम ने प्रोजेक्ट 'नींव' की शुरुआत अक्षय पात्रा के सहयोग से की है। हमें खुशी है कि इससे दो लक्ष्य पूरे होंगे - वाराणसी की युवा प्रतिभाओं को पौष्टिक आहार और हमारे ग्रह की सुरक्षा। हम ने एक स्कूल में अक्षय पात्रा का समर्पित काम देखा, जिससे हमारी प्रतिबद्धता बढ़ गई। अक्षय पात्रा के अहम योगदान में सहयोग करने पर हमें गर्व है और यह विश्वास है कि इस पहल से बच्चों का स्वस्थ विकास होगा और पर्यावरण की सुरक्षा भी होगी।''

# अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी ओलम्पियाड में वैभव को गोल्ड मेडल

अवधनामा संवाददाता



**लखनऊ।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, राजेन्द्र नगर द्वितीय कैम्पस के कक्षा-8 के मेधावी छात्र वैभव श्रीवास्तव ने अन्तर्राष्ट्रीय हिन्दी ओलम्पियाड में गोल्ड मेडल अर्जित कर विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया है। यह ओलम्पियाड हिन्दी ओलम्पियाड फाउण्डेशन, नई दिल्ली के तत्वावधान में आयोजित हुआ, जिसमें देश-विदेश के प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग कर हिन्दी ज्ञान का जोरदार प्रदर्शन किया। यह जानकारी सी.एम.एस. के मुख्य जन-सम्पर्क अधिकारी श्री हरि ओम शर्मा ने दी है। श्री शर्मा ने बताया कि इस प्रतिष्ठित प्रतियोगिता में सी.एम.एस. के इस प्रतिभाशाली छात्र ने अपने शानदार प्रदर्शन से साबित कर दिया कि आज के युग में सफल होने के लिए देश के प्रत्येक छात्र को अपनी मातृभाषा एवं राष्ट्रभाषा का उत्कृष्ट ज्ञान होना आवश्यक है, साथ ही साथ हिन्दी भाषा का ज्ञान छात्रों के नैतिक व चारित्रिक विकास हेतु भी अपरिहार्य है। प्रतियोगिता के आयोजकों ने सी.एम.एस. छात्र वैभव के हिन्दी ज्ञान की भूरि-भूरि प्रशंसा करते हुए गोल्ड मेडल एवं प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया। सी.एम.एस. प्रेसीडेन्ट एवं प्रबन्धक, प्रो. गीता गाँधी किंगडन ने इस मेधावी छात्र के उज्जवल भविष्य की कामना की है।

# जिलाधिकारी की अध्यक्षता में हुई जल जीवन मिशन की बैठक

**अवधनामा संवाददाता**



**हरदोई।** कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मंगला प्रसाद सिंह की अध्यक्षता में जल जीवन मिशन की बैठक हुई। जिलाधिकारी ने कहा कि गांवों में विद्युत कनेक्शनों की संख्या को बढ़ाया जाए। हरियावां, मल्लावां व पिहानी विकास खण्डों का 3 मार्च तक संतृप्तीकरण कराया जाए। शेष विकास खण्डों में भी कनेक्शनों की संख्या बढ़ाने के लिए विशेष प्रयास किये जायें। उन्होंने कहा कि परियोजना पूर्ण होने के उपरांत सड़क का मरम्मत कार्य जल्द कराया जाए। सड़कों के मरम्मत कार्य का सत्यापन कराया जाए। लोगों को विभिन्न गतिविधियों के माध्यम से लोगों को जागरूक किया जाए। उन्होंने एचसीएल को निर्देश दिए दिए कि यदि किसी परियोजना में कोई समस्या है तो उसे तत्काल ठीक कराया जाए। जल निगम को निर्देश दिए कि किसी भी परियोजना में मिट्टी की आवश्यकता होने पर तत्काल अवगत कराया जाए। मिट्टी निकालने के लिए स्थान का चिन्हीकरण कर लिया जाए। भूमि विवादों का निपटारा जल्द कराया जाए। जिलाधिकारी ने बताया कि जागरूकता कार्यक्रम के लिए अब तक तीन एजेंसियों को 1 करोड़ 42 लाख का भुगतान किया गया। इस कार्य मे चेतना सेवा संस्थान टड़ियावां, शाहाबाद, हरियावां, पिहानी व टड़ियावां विकास खण्ड, नवदुर्गा सेवा संस्थान को भरखनी विकास खण्ड तथा शिक्षा भारती को भरावन, कोथावां, भरखनी, पिहानी, शाहाबाद, सुरसा, टोडरपुर, कछौना, मल्लावां, सांडी, भरावन विकास में लगे हुए हैं। उन्होंने निर्देश दिया कि प्रत्येक गाँव मे लोगों को नल से जल के फायदों के बारे में बताया जाए।

गाँव मे बैठकों का आयोजन किया जाए। फर्जीवाड़ा करने पर एजेंसियों के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाएगी। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी सौम्या गुरुरानी, जिला विकास अधिकारी अरविंद कुमार, अधिशासी अभियंता जल निगम ग्रामीण एके त्रिपाठी व अन्य संबंधित अधिकारी तथा कार्यदायी संस्था के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## योगी सरकार का बुलडोजर चला संतों की कुटिया पर

**मथुरा।** तीर्थ नगरी वृंदावन में बुधवार को श्रीकृष्ण कालीन वंशीवट में संतों की कुटियों पर बुलडोजर गरजा। कुछ ही समय में प्रशासन ने कुटियों को ढहा दिया। बृज तीर्थ विकास परिषद से शिकायत की गई थी। कहा गया था कि पेड़ काटकर कुटिया बनाई गई हैं। इस पर एसडीएम ने पुलिस के साथ मिलकर कुटियों को ढहा दिया।मामला मांट तहसील क्षेत्र के वंशीवट वन क्षेत्र का है। तहसील प्रशासन बुलडोजर के साथ वंशीवट पहुंचा। यहां साधु-संतों की कुटियों को ढहा दिया गया। एसडीएम प्रीति जैन ने पुलिस बल के साथ यह कार्रवाई की। उन्होंने बताया कि इसकी शिकायत बृज तीर्थ विकास परिषद में की गई थी। वन में खड़े प्राचीन पेड़ों को काटकर कुटियों का निर्माण किया गया है।

इस पर कार्रवाई करते हुए आधा दर्जन से अधिक कुटियों को जेसीबी से हटाया गया है। सभी को चेतावनी दी गई है यदि दोबारा बिना अनुमति के कोई भी निर्माण करता है तो उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

# पिछली गुत्थी सुलझी न थी, कि अब एक और गुमशुदा किशोर की गुत्थी में उलझी महमूदाबाद पुलिस

**अवधनामा संवाददाता**

- पिता ने जताई किशोर के साथ अनहोनी की आशंका
- किशोर के पिता ने लगाया किशोर के दोस्त पर अपहरण का आरोप
- किशोर से पहले भी लड़ाई में मिल चुकी थी जान से मारने की धमकी

**महमूदाबाद/सीतापुर।** पिछले कुछ माह पहले थाना क्षेत्र में युवक और तांत्रिक के अपहरण की गुत्थी महमूदाबाद पुलिस सुलझा भी नहीं पाई थी, कि अब एक और किशोर के गायब होने की गुत्थी में पुलिस बुरी तरह उलझ गई है। गुमशुदा किशोर की गुत्थी में उलझी पुलिस की सांस पिछली गुत्थी सुलझाने में ही अभी तक फूल रही है। अब एक गुमशुदा किशोर को तलाशने की चुनौती भी पुलिस के सामने है। दरअसल मंगलवार देर शाम से कोतवाली क्षेत्र के मोतीपुर चौराहा स्थित अस्थाई रूप से किराए पर रह रहे सुनील कुमार का 12 वर्षीय पुत्र सुधाकर सिंह यादव घर शाम 4 बजे के करीब दोस्तों संग निकला था। जिसके बाद से वह बुधवार सुबह तक घर वापस नही पहुंचा। घर वालों ने फोन किया तो फोन भी बंद आ रहा था। किशोर की काफी तलाश की गई मगर किशोर मिल न सका। बुधवार दोपहर किशोर के पिता सुनील ने कोतवाली में प्रार्थना पत्र देकर किशोर को ढूंढे जाने की गुहार लगाई है। पीड़ित पिता ने बताया कि उसका लापता पुत्र सुधाकर महमूदाबाद कस्बा स्थित यूनाइटेड अवध इण्टर कॉलेज में कक्षा 9 का छात्र है। पीड़ित पिता ने शिकायती पत्र देते हुए बताया कि सचिन वर्मा निवासी रेवान द्वारा किशोर के दोस्त शशांक वर्मा और सुरेंद्र को सूचना दी कि उसके पुत्र को ललित नामक युवक उठा ले गया है। हलांकि पुलिस ने जब किशोर के दोस्तों से पूछताछ की तो शशांक वर्मा का नाम सामने निकल कर आया जो कि लापता किशोर का दोस्त है। पुलिस की पूछताछ में किशोर के दोस्तों ने बताया कि मंगलवार शाम शशांक वर्मा द्वारा युवक को फतेहपुर की ओर ले जाते देखा गया था।

**पहले भी किशोर को जान से मारने की मिली थी धमकी:** पीड़ित पिता का आरोप है कि किशोर के दोस्तों द्वारा उनके पुत्र को शशांक नामक युवक द्वारा कस्बा स्थित बेचू लॉन में मंगलवार को शराब का भी सेवन कराया गया था। आरोप है कि कुछ दिन पहले किशोर से शशांक की कुछ कहा सुनी भी हुई थी। जिसके बाद शशांक द्वारा उसे मारकर नहर में फेकने की धमकी भी दी गई थी।

**किशोर के पिता को सता रहा है, बेटे के साथ अनहोनी का डर:** 12 वर्षीय लापता किशोर के पिता को बेटे के साथ अनहोनी का डर सता रहा है। पीड़ित पिता का कहना है कि कहीं उसके पुत्र के साथ कोई अनहोनी न हो गई हो।

## ब्रज साहित्योत्सव में पूर्व केंद्रीय मंत्री ने की 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' की बात

**मथुरा।** संस्कृति विश्वविद्यालय में आयोजित ब्रज साहित्योत्सव का शुभारंभ करते हुए पूर्व केंद्रीय केबिनेट मंत्री एवं वरिष्ठ भाजपा नेता मुख्तार अब्बास नकवी ने आज यहां कहा कि भारत 'सांस्कृति राष्ट्रवाद की शक्तिपीठ' है जो संवैधानिक पंथ निरपेक्षता और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद के सशक्त संकल्प के साथ 'एक भारत श्रेष्ठ भारत' के सफर की स्वभाविक समृद्धि सुनिश्चित कर रहा है। पूर्व कैबिनेट मंत्री ने कहा कि भारत दुनिया का अकेला देश है जहां विश्व के सभी धर्मावलंबी के साथ-साथ किसी धर्म को न मानने वाले भी संयुक्त रूप से सांस्कृतिक संस्कार, संकल्प के साथ रहते हैं, फलफूल रहे हैं और सांस्कृतिक राष्ट्रवाद से हम अपनी सांस्कृतिक, संवैधानिक प्रतिबद्धता और पहचान को पुख्ता कर अपने समाजिक मूल्यों, धार्मिक विश्वासों, सांस्कृतिक धरोहरों को सुरक्षित और समृद्ध रखते हुए आगे बढ़ रहे हैं। उन्होंने कहा कि कुछ विदेशी आक्रमणकारियों के क्रिमिनल, कम्युनल, क्रूर करतूत को भी सांस्कृतिक राष्ट्रवाद की संकल्प शक्ति से ठीक किया जा रहा है।

# परचम पार्टी ऑफ इंडिया ने की प्रेस वार्ता




**अवधनामा संवाददाता**

**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद में परचम पार्टी ऑफ इंडिया ने एक प्रेस वार्ता की जिसमे प्रदेश अध्यक्ष एहतिशाम अली बाबर पर समाजवादी पार्टी महानगर अध्यक्ष द्वारा लगाए गए आरोप की फिरोजाबाद में फिरोजशाह डिग्री कॉलेज के ट्रस्टियों ने पैसे का किया गबन जिसमे 11 लाख और 6 लाख रुपए के घोटाले का आरोप परचम पार्टी ऑफ इंडिया के प्रदेश अध्यक्ष एहतिशाम अली बाबर के ऊपर लगाया गया है। जिसको लेकर आज परचम पार्टी ऑफ इंडिया ने प्रेस वार्ता की। वहीं दूसरी तरफ परचम पार्टी ऑफ इंडिया के महानगर अध्यक्ष मोइन अली ने पूर्व सांसद अक्षय यादव पर लगाए गंभीर आरोप। उन्होंने कहा की परचम पार्टी ऑफ इंडिया का सवाल है पूर्व सांसद अक्षय यादव से की अक्षय यादव को सरकार द्वारा एयरपोर्ट पर रोक दिया जाता है तो पूर्व सांसद जैन मंदिर पर धरना प्रदर्शन करने लगते है। वही कांग्रेस सांसदों को संसद से निष्कासित कर दिया जाता है तो पूर्व सांसद जसराना में धरना प्रदर्शन करने लगते हैं। वहीं फिरोजाबाद का नाम बदलने का प्रस्ताव नगर निगम में पास किया जाता है तो समाजवादी पार्टी के सभी पार्षद मौन रहते है यहां तक की अक्षय यादव भी। वहीं अल्पसंख्यकों के सामाजिक मामलो में भी पूर्व सांसद कोई आवाज नहीं उठाते लेकिन वोट पूरा चाहिए।

# जिला विकास अधिकारी ने कछौना ब्लॉक का निरीक्षण कर जानी हकीकत

**अवधनामा संवाददाता**



**हरदोई।** जिला विकास अधिकारी अरविंद कुमार ने विकास खंड कछौना का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने ब्लाक के आवश्यक अभिलेख सर्विस बुक, जीपीएफ व स्थापन पंजिका, गार्ड फाइल, निरीक्षण पंजिका, भूमि भवन पंजिका, उपस्थिति पंजिका, ग्राट रजिस्टर आदि अभिलेखों का अवलोकन किया तथा ब्लॉक परिसर में सभी पटलों का निरीक्षण किया। उन्होंने एडीओ पंचायत कार्यालय के निरीक्षण मे कक्ष की जर्जर हालत, फाइलों का उचित रखरखाव न होने पर दुरुस्त करने का निर्देश दिया। सभागार का निरीक्षण के दौरान टूटे दरवाजे को तत्काल ठीक करने का निर्देश दिया। ब्लॉक परिसर का निरीक्षण के दौरान ट्री-गार्ड को सही कराने का निर्देश दिया, ट्री-गार्ड से पेड़ गायब थे, ईंटे गिर चुकी थी, प्रांगण में गंदगी का अंबार था। सामुदायिक शौचालय में ताला लटका था, परिसर में लगा इंडिया मार्का नल की मशीन नहीं बनी थी। इन समस्याओं के विषय में खंड विकास अधिकारी मानवेंद्र शर्मा ने बताया यह क्षेत्र पंचायत से बना है। इसे ग्राम पंचायत को हैंड ओवर करके केयरटेकर की नियुक्ति कराकर सुचारू रूप से चालू कराया जाएगा। पंचायत भवन पतसेनी देहात का निरीक्षण किया तथा सभी व्यवस्थाएं सही होने पर ग्राम सचिव संतोष कुमार की सराहना की। निरीक्षण के दौरान खंड विकास अधिकारी मानवेंद्र शर्मा, एडीओ पंचायत अरविंद कुमार, एडीओ आईएसबी राजेंद्र नाथ, वरिष्ठ सहायक विकास द्विवेदी, माला देवी, कर्मी, ग्राम सचिव संतोष कुमार सहित पंचायत सचिव मौजूद रहे।

## 34 करोड़ में प्राधिकरण का नया ऑफिस और आवास बनेंगे: ऋितु माहेश्वरी

**मथुरा।** मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण की 100 वी महत्वपूर्ण बोर्ड बैठक में 2031 का मास्टर प्लान स्वीकृत कर दिया गया है इसके अलावा दो बड़े प्रोजेक्ट जैत और वाटी में बनने वाली आवासीय कॉलोनी को भी स्वीकृति प्रदान कर दी गई है। उत्तर प्रदेश ब्रज तीर्थ विकास परिषद के सभागार में बुधवार को हुई मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता करते हुए कमिश्नर ऋतु माहेश्वरी ने प्राधिकरण की पुरानी बिल्डिंग को तुड़वाकर पार्किंग सहित चार मंजिला भवन 26 करोड रुपए में बनाने की स्वीकृति प्रदान की है।

इसके अलावा राष्ट्रीय राजमार्ग स्थित कृष्णा बिहार आवासीय कॉलोनी में विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष सचिव ओएसडी तथा मुख्य वित्त लेखाकार के आवास 8 करोड रुपए में बनाए जाएंगे।

## संक्षिप्त समाचार

### सभासदों ने एसडीएम को दिया ज्ञापन



**महमूदाबाद/सीतापुर।** नगर पालिका परिषद के सभासदों ने एसडीएम को ज्ञापन सौंपकर उच्चस्तरीय जिम्मेदारों से निष्पक्ष जांच और न्यायोचित कार्रवाई की मांग की। महमूदाबाद नगर पालिका परिषद के करीब डेढ़ दर्जन सभासदों ने एसडीएम शिखा शुक्ल को ज्ञापन सौंपकर उच्चस्तरीय जिम्मेदारों से निष्पक्ष जांच एवं न्यायोचित कार्रवाई की मांग की। सौंपे गए ज्ञापन में सभासदों द्वारा मांग की गई है कि पालिका के सफाई कर्मी संतोष द्वारा कोतवाली महूदाबाद में प्रार्थना पत्र देकर वार्ड बीबीपुर कटरा के सभासद मुहम्मद इस्लाम के विरुद्ध दर्ज कराए गए मुकदमे की निष्पक्ष जांच कराकर उसे समाप्त किया है जाए। जिसकी प्रतिलिपि मुख्यमंत्री उत्तर प्रदेश, नगर विकास मंत्री, जिलाधिकारी और नगर पालिका अध्यक्ष को भेजी गई। ज्ञापन में सुनील मौर्या, प्रेम चंद, शन्नो राना,बेबी नाज़,कमर अली, नूर जहां, मोहनी श्रीवास्तव, शमा बानो, रिजवाना,शीबा खातून,सहित लगभग डेढ़ दर्जन सभासद मौजूद रहे।

### टिकैत ने राष्ट्रपति के नाम डीएम को दिया ज्ञापन



**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद जिला मुख्यालय पर भारतीय किसान यूनियन टिकैत ने जिलाध्यक्ष प्रेम अतुल के नेतृत्व में किसानों की मांगे और पंजाब हरियाणा में किसानों पर हुए अत्याचार के विरोध में जिलाधिकारी फिरोजाबाद को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। जिलाध्यक्ष प्रेम अतुल ने कहा ये एक दिवसीय धरना राष्ट्रीय आह्वान पर किया गया है और पंजाब और हरियाणा में किसानों के साथ जो बर्बरता और लाठी चार्ज किया उसके विरोध में और सरकार ने किसानों के साथ जो वादा खिलाफी की एमएसपी कानून लाने की जो बात कही थी कही पर भी किसी पर कोई काम नही हुआ और बिजली की जो समस्या है इन सब मांगों को लेकर आज एक दिवसीय धरना दिया गया।

### सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन




**फिरोजाबाद।** फिरोजाबाद के दबरई जिला मुख्यालय पर समाज कल्याण विभाग द्वारा मुख्यमंत्री सामूहिक विवाह समारोह का आयोजन किया गया जिसमे 207 जोड़ो का विवाह संपन्न हुआ जिसमे 11 मुस्लिम जोड़ो का निकाह कराया गया। सीडीओ दीक्षा जैन ने बताया ये पूरी तरह से सरकार द्वारा कराया गया समारोह है जिसमे प्रशासनिक अधिकारियों की तरफ से 10000 तक के गिफ्ट जोड़ो को दिए गए है। सामूहिक विवाह समारोह के मुख्य अतिथि सांसद चंद्रसेन जादौन रहे।साथ में सीडीओ दीक्षा जैन एवं जिले के प्रशासनिक अधिकारी मौजूद रहे।

### डीएम, एसएसपी ने केंद्रीय कारागार का किया निरीक्षण



**इटावा, अवधनामा ब्यूरो।** जिलाधिकारी अवनीश राय ने वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय कुमार के साथ संयुक्त केंद्रीय कारागार का निरीक्षण किया। उन्होंने सर्वप्रथम जेल परिसर में साफ सफाई एवं अन्य व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उक्त के पश्चात जिलाधिकारी एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक द्वारा सभी बैरको में कैदियों का हाल-चाल जाना एवं मैस में जाकर खाने आदि की व्यवस्थाओं को परखा। उन्होंने कैदियों के समय से उपचार हेतु चिकित्सक को निर्देशित किया। उन्होंने महिला बैरको के बारे में जानकारी प्राप्त की एवं उनके खाने, पीने, चिकित्सा सुविधा आदि की व्यवस्था सुचारू रूप से किए जाने हेतु जेल अधीक्षक को निर्देशित किया। निरीक्षण के दौरान जेल अधीक्षक डॉक्टर रामधनी, अपर जिलाधिकारी अभिनव रंजन श्रीवास्तव, क्षेत्राधिकारी सैफई, उप जिलाधिकारी सैफई सहित संबंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

### डीबीए के पूर्व अध्यक्ष अनिल गौर ने महिला अधिवक्ताओं का किया सम्मान



**इटावा।** पूर्व अध्यक्ष डीबीए अनिल कुमार गौर ने कचहरी स्थित रूपेंद्र सिंह चौहान के बस्ते पर बुधवार को महिला अधिवक्ताओं का किया सम्मान। इस अवसर पर पूर्व अध्यक्ष डीबीए चंद्रशेखर प्रसाद सिंह गौर के अलावा काफी संख्या में सीनियर व जूनियर अधिवक्ता भी रहे मौजूद।

# विधायक ने निर्मित सड़कों का किया लोकार्पण

**अवधनामा ब्यूरो**




**इटावा।** भारतीय जनता पार्टी की डबल इंजन की सरकार की प्रथम प्राथमिकता हर गांव को एक्सप्रेसवे से जोड़ना इसी के तहत बुधवार को जनपद भर में सबसे अधिक एक्सप्रेसवे मिलने का सौभाग्य प्राप्त हुआ है जिसमें कोटा इटावा बुंदेलखंड एक्सप्रेस सहित बसरेहर बायपास सहित तमाम सड़कों का निर्माण चल रहा है इसी क्रम में कुछ गांव को मुख मार्गो से जोड़ने के लिए वह सड़कों को पक्कीकरण करने के लिए अपनी निधि से निर्माण कराया गया है जिससे सरकार की मनसा पूरी हो सके उक्त उधर सदर विधायक सरिता भदौरिया ने विधायक निधि योजना के अंतर्गत वर्ष 2022-23 वि0ख0बढ़पुरा के ग्राम नगला जगे में रेलवे लाइन से नरेश चंद्र के घर तक इंटरलॉकिंग रोड कार्य का शिलान्यास अवसर पर व्यक्त किया इसी क्रम में उन्होंने विधायक निधि योजना के अंतर्गत वर्ष 2022-23 नगर के सिविल लाइन में ईसाई कब्रिस्तान में इंटरलॉकिंग सड़क कार्य काविधायक निधि योजना के अंतर्गत वर्ष 2022-23 नगर के शिवा कॉलोनी में राहतपुर रोड पर दलवीर सिंह बघेल के मकान से इंजीनियर सुभाष सिंह के मकान तक इंटरलॉकिंग सड़क कार्य का मा0 मुख्यमंत्री त्वरित योजनान्तर्गत वि0ख0बढ़पुरा एन0एच0 फूफई से मेहताब सिंह के खेत तक सी0 सी0 रोड का शुभारंभ मुख्यमंत्री त्वरित योजनान्तर्गत वि0ख0बढ़पुरा पृथ्वीपुर मार्ग से प्राइमरी पाठशाला जोधपुरा तक सी0 सी0 रोड का शुभारंभविधायक निधि योजना के अंतर्गत वर्ष 2022-23 नगर के वसुन्दरा कॉलोनी( सराय दयानत )में अरुणा दुबे के मकान से मंगला मंदिर तक इंटरलॉकिंग सड़क कार्य का लोकार्पण किया।

## अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दम्पति को रौंदा

**फिरोजाबाद।** फ़िरोज़ाबाद के मक्खनपुर क्षेत्र पायनियर पुलिया के निकट NH- पर अज्ञात वाहन ने बाइक सवार दम्पति को रौदा, पति की हुई मौत, पत्नी घायल, पुलिस मामले की जाँच में जुटी। मंगलबार की देर रात करीब साढ़े सात बजे तेज रफ़्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार व्यक्ति की जान ले ली, नेशनल हाइवे -2 की है, शिकोहाबाद की तरफ से फ़िरोज़ाबाद आ रहे बाइक सवार दम्पति को अज्ञात वाहन ने रोद दिया और वाहन मोके से फरार हो गया, हादसे में बाइक सवार विनोद राठौर नामक व्यक्ति की मौत हुई है, जबकि पत्नी पूनम घायल हुई है, पुलिस मामले की जाँच पड़ताल में जुट गयीं है, पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए जिला पोस्टमार्टम हॉउस में रखवा दिया है, बताया जाता है हिमायुपुर निवासी बाइक सवार दम्पति शिकोहाबाद से लौट कर रहे थे।

# मॉर्निंग रेड में पकड़ा गया रेड हैंडेड विद्युत मीटर टेम्पर्ड आरोपी

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** विद्युत विभाग लगातार चला रहा है शहर में सघन चेकिंग अभियान। बुधवार को विद्युत विभाग की मॉर्निंग रेड में पकड़ा गया रेड हैंडेड विद्युत मीटर टेम्पर्ड आरोपी। शहर के एक मोहल्ले में खुलेआम मीटर से कर रहा था छेड़छाड़। विद्युत टीम को आता देख मोटरसाइकिल से की थी फरार होने की कोशिश लेकिन विद्युत विभाग के कर्मचारियों ने आरोपी को धर दबोचा। आरोपी के पास से मीटर को खोलने के कई उपकरण, विद्युत मीटर एवं एक मोटर साइकिल हुई बरामद। विद्युत विभाग की कर्मचारी और स्थानीय पुलिस की मदद से आरोपी को लाया गया फ्रेंड्स कॉलोनी पावर हाउस। विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता ने बताया कि आरोपी पर विद्युत विभाग के नियमों के तहत कार्रवाई की जाएगी। शहर के थाना फ्रेंड्स कॉलोनी क्षेत्र के अंतर्गत वैभव विहार कॉलोनी का बताया जा रहा है मामला। घटना की सूचना पर विद्युत विभाग के अधीक्षण अभियंता संदीप अग्रवाल, अधिशाषी अभियंता श्री प्रकाश, एस डी ओ फ्रेंड्स कॉलोनी गगन अग्निहोत्री, जे ई राजन सिंह, विनय कुमार, मनोज सक्सेना, सुशील कुमार, लाइन मैन ब्रह्मानंद सहित कई विद्युत अधिकारी व कर्मचारी पहुंचे थे फ्रेंड्स कॉलोनी पावर हाउस।

## स्वच्छता अभियान की मथुरा में उड़ रही धज्जियां

**मथुरा।** तीर्थ नगरी मथुरा की विश्व पटल पर अपनी अलग पहचान बनी हुई है जिसके कारण यहां लाखों श्रद्धालु नित्य आते रहते हैं। आने वाले श्रद्धालु मथुरा की तस्वीर देख कर भाजपा सरकार को कोसते देखे जाते हैं, मथुरा में सफाई व्यवस्था सबसे खराब दौर में चल रही है, जिसको ना मथुरा का सत्ता पक्ष देख रहा है ना ही विपक्ष के राजनेता, मथुरा जैसे महत्वपूर्ण तीर्थ स्थल की जिम्मेदारी उठाने वाले अधिकारी अपने आप को तुर्रामखान समझ मथुरा में राज कर रहे हैं। मथुरा जनपद के शहरी इलाकों में सफाई व्यवस्था ,यातायात व्यवस्था इतनी ज्यादा खराब हो गई है कि तीर्थ यात्रा करने वाले लोग मथुरा आकर अपने आप को ठगा महसूस करते हैं। मथुरा जनपद की छवि को बनाने में जो योगी सरकार ने प्रयास किया मथुरा के राजनेता और अधिकारियों का गठजोड़ योगी आदित्यनाथ की सरकार की छवि को धूमिल करने पर उतारू हो गए। चाहे यमुना का हाल देखे या शहर के नाले, नालियों की हालत इतनी ज्यादा खराब है कि किसी दिन भारी बारिश से दिल्ली, पटना, जैसे हालात देखने को मिलेंगे। थोड़ी सी वारिश से ही हाहाकार मचने लगता है। यही हाल शहर की यातायात व्यवस्था का है कोई भी महत्वपूर्ण दिन हो शहर में जाम की स्थति दिखाई देने लगती हैं। तीर्थ नगरी में तीर्थ के विकास पर जो पैसा पानी की तरह बहाया जा रहा है उसे ये सफाई व्यवस्था और यातायात व्यवस्था पानी में मिला रही है।

## यूपी बोर्ड परीक्षा की तैयारी को लेकर जिलाधिकारी ने दिए आवश्यक दिशा निर्देश

**मथुरा।** जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह एवं वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक शैलेश कुमार पांडेय की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में उ0प्र0 माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा आयोजित हाईस्कूल एवं इंटरमीडिएट बोर्ड परीक्षा वर्ष 2024 के संबंध में समस्त 127 केंद्रों हेतु लगाए गए सेक्टर एवं जोनल मजिस्ट्रेट्रो तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी के साथ बैठक हुई संपन्न। बोर्ड परीक्षा केंद्रों में सीसीटीवी कैमरे, स्ट्रांग रूम, क्लॉक रूम, कंट्रोल रूम आदि की व्यवस्था के संबंध में जानकारी प्राप्त की तथा निर्देश दिए कि बच्चो को किसी भी प्रकार की अव्यवस्था का सामना न करना पड़े।

# सामूहिक शादी 2024 के फॉर्म जमा होने का सिलसिला जारी

**अवधनामा ब्यूरो**



**इटावा।** ऑल इंडिया उलमा व मशाइख बोर्ड यूनिट के नेतृत्व में होने वाली सामूहिक शादी 2024 के फॉर्म जमा होने का सिलसिला जारी है। ऑल इंडिया उलेमा मशाइख बोर्ड इटावा यूनिट के जिला अध्यक्ष हाजी शकील अहमद एवं मीडिया प्रभारी मोहम्मद अजीम ने संयुक्त रूप से बताया कि जो बहन बेटी गरीब बेसहारा है और वो जो शादी करने में असमर्थ है उन बहन बेटी की शादी के फॉर्म जमा करने का सिलसिला बड़े ही जोर-शोर तरीके से चल रहा है। जिस किसी गरीब मुस्लिम भाई की बहन या बेटी की शादी होनी है और वह ऑल इंडिया उलमा व मशाइख बोर्ड यूनिट इटावा के नेतृत्व में करना चाहता है तो वह ऑल इंडिया उलेमा एवं मशाइख बोर्ड यूनिट इटावा को अपने फार्म जमा कर दे । जिसकी उन सभी बहन बेटी की शादी समारोह में हो सके। उन्होंने कहा कि फॉर्म जमा करने की आखिरी तारीख 30 मार्च है। शादी ऑल इंडिया उलेमा मशाइख बोर्ड की तरफ से करना चाहते हैं वह अपना फार्म जल्द से जल्द जमा कर दे। 30 मार्च बाद फिर कोई भी फॉर्म जमा नहीं होगा। इस मौके पर उपस्थित रहे ऑल इंडिया उलेमा मशाइख बोर्ड इटावा यूनिट के जिला अध्यक्ष हाजी शकील अहमद ऑल इंडिया उलेमा मशाइख बोर्ड के प्रदेश सचिव हाजी मोइनुद्दीन उर्फ गुड्डू मंसूरी, मसूद तैमूरी, मीडिया प्रभारी मोहम्मद अजीम (मुअज़्ज़म), सचिव हाजी शेख आफताफ, कोषाध्यक्ष मुमताज अहमद, सलाहकार चांद फर्नीचर, नायब सदर रियाज अब्बासी, जैनुल आफदीन, नगर अध्यक्ष अनस, उपाध्यक्ष अजहर फरीदी, शेख नबाब, इमरान खान, हसन राइन, जैद राइन समाजसेवी मोहम्मद अमीन आदि लोग उपस्थित रहे।

## पत्रकार व पुलिस के मध्य 25 को क्रिकेट मैच

**मथुरा।** ब्रज प्रेस क्लब द्वारा गत परंपरा अनुसार ब्रज क्षेत्र के सम्मानित पत्रकार साथियों का इस वर्ष भी पत्रकार एवं पुलिस प्रशासन के बीच मैत्रीय क्रिकेट मैच का आयोजन 25 फरवरी 2024 को सुबह 09 बजे से अमरनाथ स्कूल के खेल ग्राउंड में किया जा रहा है। प्रेस क्लब के अध्यक्ष डॉ. कमल कांत उपमन्यु एडवोकेट ने कहा है कि ब्रज के सभी पत्रकार साथियों से अनुरोध है कि वह अभ्यास के लिए रोजाना ग्राउंड पर पधारें जिससे खिलाड़ियों का चयन हो सके। तथा 25 फरवरी को पत्रकार साथियों का उत्साहवर्धन के लिए अवश्य पधारें। ग्राउंड पर ही भोजन व स्वल्पहार की व्यवस्था भी रहेगी।

# शहर की तीसरी आंख बनी सफेद हाथी

**अवधनामा संवाददाता**

- 48 घंटे के बाद सारा डेटा हो जाता है डिलीट

**मथुरा।** शहरवासियों की सुरक्षा को हाइटेक बनाने के लिए लगाए गए सीसीटीवी कैमरों में 48 घंटे का ही बैकअप रहता है। यानि 48 घंटे से ज्यादा समय के फुटेज आपको नहीं मिलेंगे। ऐसे में यदि कोई घटना हो जाए तो फिर आप ढूंढते रहिए सबूत। नतीजतन सुरक्षा के नाम पर लगाए गए ये कैमरे केवल वाहनों के चालान के ही काम आ रहे हैं।आईटीएमएस योजना के अंतर्गत जनवरी 2022 में मथुरा-वृंदावन में करीब 20 चौराहों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए गए थे। इसका कारण यह था कि शहर में प्रमुख चौराहों टैंक चौराहा, कृष्णापुरी चौराहा और मसानी चौराहे आदि पर होने वाली गतिविधियों को देखा जा सके और यातायात नियम तोड़ने वाले वाहनों के ई-चालान भी किए जा सकें। परियोजना की लागत करीब 33 करोड़ रुपये आई थी।देखने में तो ये कैमरे सुरक्षा का भाव देते हैं, लेकिन यह पूरी तरह सच नहीं है। दरअसल इनमें केवल 48 घंटे का ही बैकअप है। यानि किसी भी घटना की यदि आप दो दिन बाद सीसीटीवी फुटेज देखने जाएंगे, तो आपको निराशा ही हाथ लगेगी।

हालांकि नगरनिगम के सूत्रों का कहना है कि हादसों का कुछ दिनों का बैकअप रखा जाता है। लेकिन हादसे या किसी वारदात का शिकार पीड़ित पक्ष दो दिन के बाद यदि पहुंचता है तो उसे कुछ नहीं मिलेगा, जब तक कि पहले से आईटीएमएस कंट्रोल रूम में सूचित न किया गया हो।हाईटेक कहकर प्रचारित किए गए कैमरों का बैकअप न होने के नुकसान सभी जानते हैं। गनीमत बस इसी बात की है कि अभी तक कोई ऐसी विषम परिस्थिति नहीं आई, जिसमें कैमरों के बैकअप वाले फुटेज की जरूरत हो। हालांकि नगरनिगम मथुरा-वृंदावन ने अब आईटीएमएस कैमरों का बैकअप एक माह तक करने की कार्ययोजना तैयार की है। इसका प्रस्ताव शासन को भेजा गया है।सीसीटीवी कैमरों में केवल 48 घंटे का ही बैकअप है। हालांकि यदि 48 घंटे के भीतर सूचना दे दी जाए तो उस वक्त का डाटा सुरक्षित रखा जा सकता है। कैमरों का बैकअप एक माह किए जाने का प्रस्ताव शासन को भेजा गया है।

# भारत को टी20 वर्ल्ड कप जिताने वाले लालचंद राजपूत को मिली बड़ी जिम्मेदारी,यूएई क्रिकेट टीम के हेड कोच बने

सयुंक्त अरब अमीरात यानी यूएई की ने अपनी पुरुष टीम के लिए पूर्व भारतीय खिलाड़ी लालचंद राजपूत को बड़ी जिम्मेदारी सौंपी है। दरअसल, राजपूत को टी20 वर्ल्ड कप 2024 से पहले यूएई का हेड कोच नियुक्त किया गया है।

आगामी टी20 वर्ल्ड कप 2024 से पहले पूर्व भारतीय क्रिकेटर लालचंद राजपूत को तीन साल के लिए संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) की पुरुष टीम का मुख्य कोच नियुक्त किया गया। इस तरह राजपूत पाकिस्तान के मुदस्सर नजर की जगह लेंगे। वहीं बतौर मुख्य कोच उनकी पहली जिम्मेदारी आईसीसी क्रिकेट विश्व कप लीग 2 त्रिकोणीय सीरीज होगी जिसमें स्कॉटलैंड और कनाडा की टीम मौजूद हैं जिसकी मेजबानी 28 फरवरी से संयुक्त अरब अमीरात कर रहा है। इसके बाद अगले महीने स्कॉटलैंड के खिलाफ तीन मैच की टी20 अंतरराष्ट्रीय सीरीज खेली जायेगी। यूएई इस साल अमेरिका और वेस्टइंडीज में होने वाले टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में विफल रहा जिसके बाद 62 वर्षीय राजपूत को मुख्य कोच बनाने की घोषणा की गयी। भारत के लिए दो टेस्ट और चार वनडे खेलने वाले राजपूत ने बुधवार को एमिरेट्स



क्रिकेट बोर्ड की विज्ञप्ति में कहा हाल के वर्षों में यूएई मजबूत एसोसिएट सदस्यों में से एक रहा और खिलाड़ियों ने वनडे और टी20 अंतरराष्ट्रीय दोनों में अच्छा प्रदर्शन किया है। टीम के खिलाड़ी काफी प्रतिभाशाली है और मैं उनके क्रिकेट कौशल को निखारने के लिए काम करने के लिए उत्साहित हूं। उन्होंने कहा, मेरा लक्ष्य टीम को लगातार अच्छा प्रदर्शन कराकर आगे ले जाना होगा। मुझे उन्हें अगले स्तर तक ले जाना होगा और मुझे पूरा विश्वास है कि वे इसमें पूरी तरह सक्षम है। राजपूत जब भारत के कोच थे तब टीम ने 2007 में पहला टी20 विश्व कप जीता था उन्होंने 2016-17 के बीच अफगानिस्तान को कोचिंग दी थी और इसी दौरान आईसीसी ने इस देश को टेस्ट का दर्जा दिया था। कोच के तौर पर उनका पिछला कार्यकाल जिम्बाब्वे (2018-22) के साथ था। उन्होंने टीम को आस्ट्रेलिया में 2022 टी20 विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में मदद की थी जिसमें टीम सुपर 12 चरण तक पहुंची थी।

## यशस्वी जायसवाल ने लगाई छलांग, इंग्लैंड के खिलाफ दोहरा शतक लगाने के बाद मिला फायदा

भारतीय ओपनर यशस्वी जायसवाल का जलवा देखने को मिला है। बाएं हाथ के बल्लेबाज ने आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में 14 पायदानों की दमदार छलांग मारी है। वे अब आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में नंबर 15 पर पहुंच गए हैं। लगातार दो टेस्ट मैचों में इंग्लैंड के खिलाफ यशस्वी जायसवाल के बल्ले से दो दोहरे शतक निकले हैं। आईसीसी ने अपनी ताजा टेस्ट रैंकिंग जारी की है। इस रैंकिंग में भारतीय ओपनर यशस्वी जायसवाल का जलवा देखने को मिला है। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने 14 पायदानों की दमदार छलांग मारी है। वे अब आईसीसी टेस्ट रैंकिंग में नंबर 15 पर पहुंच गए हैं। लगातार दो टेस्ट मैचों में इंग्लैंड के खिलाफ यशस्वी जायसवाल के बल्ले से दो दोहरे शतक निकले हैं। जहां, विशाखापट्टनम में खेले गए दूसरे टेस्ट मैच के बाद यशस्वी ने इंग्लैंड के खिलाफ राजकोट में खेले गए तीसरे टेस्ट मैच में भी दोहरा शतक जड़ा। इसका फायदा उनको टेस्ट रैंकिंग में भी मिला है।

# इंग्लैंड के खिलाफ चौथे टेस्ट से पहले ध्रुव जुरेल की इच्छा, कहा- रांची में धोनी से मिलना चाहता हूं

ध्रुव जुरेल शुक्रवार से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाले चौथे टेस्ट के दौरान फिर से करिश्माई पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से मिलने की तमन्ना रखते हैं। इस दौरान उन्होंने कहा कि, मैं रांची में माही भाई से मिलने और उनसे बात करने की कोशिश करूंगा।

युवा विकेटकीपर बल्लेबाज ध्रुव जुरेल शुक्रवार से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाले चौथे टेस्ट के दौरान फिर से करिश्माई पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी से मिलने की तमन्ना रखते हैं। राजकोट में भारत की पहली पारी में 46 रन बनाकर शानदार पदार्पण करने वाले जुरेल 2021 में राजस्थान रॉयल्स के लिए इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) में अपने पहले वर्ष के दौरान केवल एक बार धोनी से मिले हैं। लेकिन यह 23 साल का विकेटकीपर फिर से धोनी से मिलकर उनसे ज्यादा से ज्यादा चीजें सीखना चाहता है।



जुरेल ने 'बीसीसीआई डॉट टीवी' से कहा, माही भाई से मिलना मेरा सपना है। पिछली बार मैं आईपीएल में उनसे मिला था लेकिन मैं भारतीय जर्सी में उनसे मिलना चाहता हूं। जब भी मैंने उनसे बात की है, मुझे कुछ चीजें सीखने को ही मिली हैं जिससे मुझे मेरे क्रिकेट में काफी मदद मिली। उन्होंने कहा, मैं रांची में माही भाई से मिलने और उनसे बात करने की कोशिश करूंगा।

जुरेल ने आईपीएल 2021 में धोनी से हुई मुलाकात का जिक्र करते हुए कहा, मैं खड़े होकर उन्हें देख रहा था कि' क्या एम एस धोनी मेरे सामने खड़े हैं। मैंने पहली बार उनसे तभी बातचीत की थी और मैं खुद को चुटकी काट रहा था कि क्या यह सपना है? मैं उनसे 2021 में मिला था, यह शायद मेरा आईपीएल में पहला साल था। उन्होंने कहा, मैंने उनसे पूछा कि क्या मैं आपके साथ एक फोटो ले सकता हूं और हमने एक फोटो खिंची थी। उन्होंने मुझे सलाह दी थी कि बस गेंद को देखो और खेलो।

# बाबर आजम और माइक आर्थर ने किया पाकिस्तान क्रिकेट को बर्बाद, मोहम्मद हाफिज का बड़ा खुलासा

मोहम्मद हाफिज ने बताया कि किस तरह से उन्हें टी20 इंटरनेशनल में बाबर आजम को तीसरे नंबर पर बैटिंग करने के लिए दो महीने तक मानना पड़ा था। मोहम्मद हफीज ने कहा कि पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों की फिटनेस बिगाड़ने में बाबर आजम और मिकी आर्थर का बड़ा हाथ रहा है। पाकिस्तान क्रिकेट में एक के बाद एक बवाल सामने आ रहे हैं। आईसीसी वर्ल्ड कप 2023 के बाद से पाकिस्तान क्रिकेट में उठापटक का दौर शुरू हुआ है। जो अब रुकने का नाम नहीं ले रहा है। वर्ल्ड कप 2023 तक पाकिस्तान के तीनों फॉर्मेट के कप्तान बाबर आजम थे और वर्ल्ड कप खत्म होने के बाद उन्होंने तीनों फॉर्मेट की कप्तानी से इस्तीफा दे दिया। इसके बाद पाकिस्तान क्रिकेट टीम के डायरेक्टर पद पर मोहम्मद हफीज को बैठाया गया, लेकिन कुछ दिन पहले उनसे ये पद पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड ने वापस छीन भी लिया। मोहम्मद हफिज ने जब ये पद छोड़ा है, कुछ बड़े खुलासे कर चुके हैं। दरअसल, मोहम्मद हाफिज ने बताया कि किस तरह से उन्हें टी20 इंटरनेशनल में बाबर आजम को तीसरे नंबर पर बैटिंग करने के लिए दो महीने तक मानना पड़ा था। अब जो बात उन्होंने कही है, उसके सुनकर तो



पाकिस्तान क्रिकेट फैंस आग बबूला हो रहे हैं। मोहम्मद हफीज ने कहा कि पाकिस्तान क्रिकेट टीम के खिलाड़ियों की फिटनेस बिगाड़ने में बाबर आजम और मिकी आर्थर का बड़ा हाथ रहा है। पाकिस्तान के स्पोर्ट्स शो द पवेलियन पर हफीज ने कहा कि, जब हम ऑस्ट्रेलिया गए थे, तो मैंने खिलाड़ियों को फिटनेस पर ध्यान देने के लिए कहा था। मैंने ट्रेनर से इसको लेकर बात की थी, और ट्रेनर ने मुझे जवाब दिया कि 6 महीने पहले टीम डायरेक्टर यानी मिकी आर्थर और कप्तान (बाबर आजम) और हेड कोच ने मुझे खिलाड़ियों की फिटनेस चेक करने के लिए मना कर दिया था और कहा था कि फिटनेस हमारी प्राथमिकता नहीं है। खिलाड़ियों को अपने हिसाब से खेलने के लिए कहा गया था। हफीज ने आगे कहा कि, जब 6 महीने बाद मैंने खिलाड़ियों की फिटनेस चेक की, फैट लेवल जो बहुत ज्यादा अहम होता है तो वह ज्यादातर खिलाड़ियों का जो टेस्ट खेलने आए थे सभी खिलाड़ियों का जो स्टैंडर्ड लेवल का सबसे करीब डेढ से पौने दो गुणा ज्यादा था। उसके बाद स्टैमिना चेक करने के लिए दो किमी प्लेयर्स को भगाया जाता है, उसे ज्यादातर खिलाड़ी पूरा भी नहीं कर पाए थे।

# भारतीय पुरुष और महिला टीमें विश्व टेबल टेनिस चैम्पियनशिप के नॉकआउट चरण में पहुंची

मंगलवार को भारतीय पुरुष और महिला टीमों ने विश्व टेबल टेनिस (डब्ल्यूटेटे) टीम चैंपियनशिप के ग्रुप चरण में विपरीत अंदाज में जीत के साथ नॉकआउट चरण में जगह पक्की की। भारतीय महिला टीम ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्पेन पर 3-2 से रोमांचक जीत दर्ज की, वहीं पुरुष टीम ने न्यूजीलैंड को आसानी से 3-0 से हराया कागजों पर मजबूत भारतीय टीम को स्पेन से कड़ी टक्कर मिली।

भारतीय पुरुष और महिला टीमों ने मंगलवार को विश्व टेबल टेनिस (डब्ल्यूटेटे) टीम चैंपियनशिप के ग्रुप चरण में विपरीत अंदाज में जीत के साथ नॉकआउट चरण में जगह पक्की की। भारतीय महिला टीम ने पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए स्पेन पर 3-2 से रोमांचक जीत दर्ज की, वहीं पुरुष टीम ने न्यूजीलैंड को आसानी से 3-0 से हराया कागजों पर मजबूत भारतीय टीम को स्पेन से कड़ी टक्कर मिली।



श्रीजा अकुला और मनिका बत्रा के शुरुआती दोनों मैचों में हारने के बाद अयहिका मुखर्जी ने जीत के साथ भारत की मुकाबले में वापसी करायी। इसके बाद श्रीजा और मनिका चौथे और पांचवें मैच को जीतने में सफल रहे। श्रीजा शुरुआती एकल में मारिया जियाओ से 9-11, 11-9, 11-13, 4-11 से हार गई। सोफिया-जुआन झांग ने भारत की शीर्ष रैंक वाली खिलाड़ी मनिका पर 13-11,6-11,8-11,11-9,11-7 से जीत के साथ स्पेन का स्कोर 2-0 कर दिया। अयहिका ने तीसरे एकल में एल्विरा रेड को 11-8, 11-13, 11-8, 9-11, 11-4 से हराकर भारत को मुकाबले में बनाए रखा। इसके बाद मनिका ने चौथे एकल में मारिया को 11-9, 11-2, 11-4 से हराकर स्कोर 2-2 कर दिया।

श्रीजा ने निर्णायक मैच में झांग पर 11-6, 11-13, 11-6, 11-3 से जीत दर्ज कर भारत को सफलता दिलायी। भारतीय महिला टीम चार मैचों में तीन जीत के साथ ग्रुप एक में दूसरे स्थान पर रही। इस ग्रुप में चीन शीर्ष स्थान पर रहा। भारत को ग्रुप चरण में इकलौती हार चीन से मिली। चीन के खिलाफ अयहिका और श्रीजा ने विश्व की नंबर एक और नंबर दो खिलाड़ी क्रमशः सुन यिंघसा और वांग यिदि को मात दी थी।

पुरुषों वर्ग में मौजूदा राष्ट्रीय चैंपियन हरमीत देसाई और जी साथियान ने शुरुआती दो एकल में क्रमशः चोई टिमोथी और अल्फ्रेड पेना डेला के खिलाफ आसान जीत दर्ज की। हरमीत ने जहां 11-5, 11-1, 11-6 से जीत हासिल की, वहीं साथियान ने डेला को 11-3, 11-7, 11-6 से हराया। इसके बाद मानुष शाह ने दो गेम से पिछड़ने के बाद मैक्सवेल हेंडरसन पर 10-12, 6-11, 11-4, 11-8, 11-6 से जीत हासिल की। इससे भारत ग्रुप तीन में दक्षिण कोरिया और पोलैंड के बाद तीसरे स्थान पर रहा। इस स्पर्धा में 40 टीमों में से भारत दोनों वर्ग में नॉकआउट में जगह बनाने वाली 32 टीमों में शामिल है। प्रतियोगिता के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली टीमें पेरिस ओलंपिक के लिए क्वालीफाई कर लेंगी। ओलंपिक टिकट के लिए भारतीय पुरुष और महिला टीमों को लगातार दो जीत दर्ज करनी होगी।

# अपने पुराने विवादित ट्वीट के वायरल होने के बाद विक्रांत मैसी ने मांगी माफी

2018 का एक पुराना ट्वीट एक्स पर फिर से सामने आया जिसमें उन्होंने कठुआ और उन्नाव मामलों पर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए भगवान राम और देवी सीता के बीच बातचीत का एक कार्टून साझा किया। अपने पुराने ट्वीट में, देवी सीता ने राम के भक्तों के बजाय रावण द्वारा अपहरण किए जाने पर राहत व्यक्त की।

अभिनेता विक्रांत मैसी, जो हाल ही में अपनी नवीनतम पेशकश 12 फेल के लिए सराहना प्राप्त कर रहे हैं, ने सभी गलत कारणों से सोशल मीडिया पर सुर्खियां बटोरीं। 2018 का एक पुराना ट्वीट एक्स पर फिर से सामने आया जिसमें उन्होंने कठुआ और उन्नाव मामलों पर अपनी चिंता व्यक्त करते हुए भगवान राम और देवी सीता के बीच बातचीत का एक कार्टून साझा किया। अपने पुराने ट्वीट में, देवी सीता ने राम के भक्तों के बजाय रावण द्वारा अपहरण किए जाने पर राहत व्यक्त की।



इस ट्वीट के लिए उन्हें सोशल मीडिया पर भारी विरोध का सामना करना पड़ा, जिसके बाद अभिनेता ने माफी जारी कर अपने इरादे स्पष्ट किए हैं। विक्रांत ने अपनी माफी पोस्ट में लिखा 2018 में अपने एक ट्वीट के संदर्भ में, मैं कुछ शब्द कहना चाहूंगा हिंदू समुदाय को चोट पहुंचाना, बदनाम करना या अपमान करना मेरा इरादा कभी नहीं था। लेकिन जैसे ही मैं मजाक में किए गए एक ट्वीट के बारे में सोचता हूं, मैं इसकी अरुचिकर प्रकृति को भी उजागर करता हूं। यही बात एक अखबार में छपे कार्टून को जोड़े बिना भी कही जा सकती थी। और मैं अत्यंत विनम्रता के साथ उन सभी लोगों से माफी मांगना चाहता हूं जो आहत हुए हैं। जैसा कि आप सभी अब तक जानते हैं, कि मैं सभी आस्थाओं, विश्वासों और धर्मों को यथासंभव सर्वोच्च सम्मान देता हूँ। हम सभी समय के साथ बड़े होते हैं और अपनी गलतियों पर विचार करते हैं। इतना ही नहीं 12वीं फेल एक्टर ने अपना पुराना ट्वीट भी डिलीट कर दिया है। मुंबई स्थित वकील आशुतोष दुबे ने मंगलवार रात विक्रांत मैसी की माफी से पहले उनके साथ हुई चैट का स्क्रीनशॉट साझा किया।

12वीं फेल के बाद, विक्रांत के पास कई बड़े प्रोजेक्ट हैं, जिनमें यार जिगरी, सेक्टर 36, फिर आई हसीन दिलरुबा और द साबरमती रिपोर्ट शामिल हैं।

# अनुष्का शर्मा और विराट कोहली के बेटे अकाय के नाम का क्या है अर्थ, जानें कैसे महाकालसे कनेक्शन

जैसे ही विराट कोहली और अनुष्का शर्मा ने अपने दूसरे बच्चे के जन्म की घोषणा की, सोशल मीडिया पर अकाय शब्द को लेकर हंगामा मच गया और यह अनोखा नाम इंटरनेट पर शीर्ष रुझानों में से एक बन गया। अकाय का वास्तविक अर्थ देखें।

बॉलीवुड दिवा अनुष्का शर्मा और क्रिकेटर विराट कोहली ने मंगलवार को घोषणा की कि उन्हें एक बच्चे का आशीर्वाद मिला है। न केवल सेलिब्रिटी जोड़े ने अपने प्रशंसकों के साथ खुशखबरी साझा की, बल्कि उन्होंने अपने नवजात शिशु के नाम का भी खुलासा किया, जिसका जन्म 15 फरवरी को हुआ था।

घोषणा करने के लिए जोड़े ने अपने-अपने इंस्टाग्राम हैंडल पर लिखा, अत्यधिक खुशी और हमारे दिलों में प्यार के साथ, हम सभी को यह बताते हुए खुशी हो रही है कि 15 फरवरी को, हमने अपने बच्चे अकाय और वामिका के छोटे भाई का स्वागत किया। दुनिया! हम अपने जीवन के इस खूबसूरत समय में आपका आशीर्वाद और शुभकामनाएं चाहते हैं। हम आपसे अनुरोध करते हैं कि इस समय कृपया हमारी गोपनीयता का सम्मान करें। प्यार और आभार। विराट और अनुष्का। घोषणा के तुरंत बाद, सोशल मीडिया पर अकाय शब्द को लेकर हंगामा मच गया और यह



अनोखा नाम इंटरनेट पर शीर्ष रुझानों में से एक बन गया। नेटिज़न्स ने सोशल मीडिया पर अपने बेटे के नाम का अर्थ खोजना शुरू कर दिया।

उनमें से कई लोगों ने दावा किया कि उनके बेटे का नाम तुर्की भाषा से लिया गया है, जिसका मतलब चमकता चाँद होता है, लेकिन यह गलत है। विराट कोहली और एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा के बेटे का नाम तुर्की भाषा से नहीं बल्कि संस्कृत भाषा से लिया गया है, जिसका अर्थ काफी खास है। संस्कृत भाषा में अकाय का अर्थ होता है जिसका कोई निश्चित आकार न हो, जो निराकार हो। हिंदू धर्म में भगवान शिव को निराकार माना जाता है।

इससे पहले, उनकी बेटी वामिका, जो 2021 में पैदा हुई थी, का नाम देवी दुर्गा के नाम पर रखा गया था। अनजान लोगों के लिए, विराट और अनुष्का ने 11 दिसंबर, 2017 को इटली में एक अंतरंग शादी के बंधन में बंध गए।

# शाहरुख खान-नयनतारा ने जवान के लिए जीता सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता

शाहरुख खान ने नयनतारा के साथ जवान के लिए दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवार्ड्स 2024 में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता। एटली की जवान भले ही पिछले साल रिलीज़ हुई हो, लेकिन फिल्म अभी भी सही कारणों से चर्चा में है। दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवॉर्ड्स 2024 का आयोजन मंगलवार को मुंबई में किया गया। इस भव्य कार्यक्रम में शाहरुख खान, करीना कपूर खान, रानी मुखर्जी और शाहिद कपूर समेत कई बड़ी हस्तियां शामिल हुईं। 2023 की सुपरहिट फिल्म जवान ने बड़ी रात में प्रमुख वार्ड हासिल किए।

***शाहरुख खान ने सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता***

शाहरुख खान ने जवान के लिए दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवार्ड्स 2024 में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार जीता। बता दें, एटली के निर्देशन में बनी इस फिल्म में शाहरुख ने दोहरी भूमिका निभाई थी। एक ही फिल्म में पिता और पुत्र की भूमिका निभाने के बाद, शाहरुख ने फिल्मफेयर



अवार्ड्स 2024 सहित कई नामांकन सूचियों में जगह बनाई। अपने स्वीकृति भाषण के दौरान, शाहरुख ने जूरी को अपना सम्मान दिया। सुपरस्टार ने कहा मुझे सर्वश्रेष्ठ अभिनेता के रूप में स्वीकार करने के लिए धन्यवाद। मैंने पिछले कुछ समय से सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का पुरस्कार नहीं जीता था और सोचा था कि अब मुझे यह पुरस्कार नहीं मिलेगा। लेकिन मैं बहुत खुश हूं कि मुझे यह पुरस्कार मिला। मैं वास्तव में रोमांचित हूं और छुआ। शाहरुख ने इस पहचान का श्रेय जवान की टीम को दिया।

***जवान के लिए नयनतारा को बेस्ट एक्टर का अवॉर्ड मिला***


जवान की मुख्य अभिनेत्री नयनतारा ने जवान के लिए दादा साहब फाल्के इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल अवार्ड्स 2024 में सर्वश्रेष्ठ अभिनेता (महिला) का पुरस्कार भी जीता। वह अवॉर्ड फंक्शन में भी शामिल हुई. गौरतलब है कि नयनतारा को यह पुरस्कार उनके जवान के सह-कलाकार शाहरुख खान ने प्रदान किया था।

***जवान कास्ट और कलेक्शन***

एटली कुमार द्वारा निर्देशित यह फिल्म पठान के बाद शाहरुख खान की इस साल की दूसरी रिलीज है। शाहरुख खान और नयनतारा के अलावा, स्टार कास्ट में सहायक भूमिकाओं में विजय सेतुपति, सान्या मल्होत्रा, सुनील ग्रोवर, रिद्धि डोगरा, एजाज खान, लेहर खान, आलिया कुरेशी, संजीता भट्टाचार्य और गिरिजा ओक भी शामिल हैं। दीपिका पादूकोण भी विशेष उपस्थिति में। रेड चिलीज़ एंटरटेनमेंट द्वारा समर्थित, यह फिल्म कथित तौर पर 300 करोड़ रुपये के भारी बजट पर बनाई गई थी।

अनजान लोगों के लिए, जवान, पठान के बाद शाहरुख खान की 2023 की दूसरी पेशकश है, जो एक मेगा-ब्लॉकबस्टर भी थी और शीर्ष 3 सबसे ज्यादा कमाई करने वाली हिंदी फिल्मों की सूची में शामिल है। दुनिया भर में इसके कलेक्शन की बात करें तो फिल्म ने 1,000 करोड़ रुपये से अधिक की कमाई की और यह उपलब्धि हासिल करने वाली अभिनेता की 2023 की दूसरी रिलीज बन गई।

# कार्तिक आर्यन की हॉरर कॉमेडी में शामिल हुई तृप्ति डिमरी, फैंस बोले भाभी 2 बनेंगी भूतनी




कार्तिक आर्यन ने आखिरकार खुलासा किया कि तृप्ति डिमरी भूल भुलैया 3 के कलाकारों में शामिल होंगी-सोशल मीडिया इस खबर पर इस तरह प्रतिक्रिया दे रहा है।

भूल भुलैया 3 : पुष्टि! तृप्ति डिमरी भूल भुलैया 3 के लिए कार्तिक आर्यन के साथ रोमांटिक रूप से शामिल होंगी। कार्तिक आर्यन ने हॉरर कॉमेडी के तीसरे भाग के लिए एक नई मिस्ट्री गर्ल की पहचान का संकेत देने के कुछ घंटों बाद एनिमल अभिनेता को अपने नए सह-कलाकार के रूप में पेश किया।

कार्तिक ने बुधवार को इंस्टाग्राम पर एक महिला के चेहरे वाला एक जिग्सॉ टुकड़ा साझा किया। कटी हुई तस्वीर, जिसे मोमबत्तियों, एक लैंप, एक ताला और एक चाबी के साथ एक मेज पर रखा गया था, एक खुश लड़की को प्रदर्शित करती है। इसके बगल में एक कार्ड पर फिल्म का नाम लिखा था।मनोवैज्ञानिक हॉरर-कॉमेडी भूल भुलैया (2007) में मंजुलिका की भूमिका निभाने वाली अभिनेत्री विद्या बालन ने इस महीने की शुरुआत में फ्रेंचाइजी में वापसी की। कार्तिक ने विद्या का बोर्ड में स्वागत किया, जिन्होंने दूसरे भाग में अभिनय किया और तीसरे में भी महत्वपूर्ण भूमिका में होंगे।

अवधनामा



# बाबा सिद्दीकी के बेटे से छीना गया मुंबई युवा कांग्रेस अध्यक्ष का पद, मनोज जरांगे की भूख हड़ताल जारी

**मुंबई।** मुंबई युवा कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर तब सियासी बवाल खड़ा हुआ, जब इस महीने की शुरुआत में जीशान सिद्दीकी के पिता बाबा सिद्दीकी कांग्रेस छोड़कर अजित पवार वाली एनसीपी में शामिल हो गए।

**सुरक्षा**

**भाजपा नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण की सुरक्षा बढ़ा दी गई है।**





मुंबई युवा कांग्रेस के अध्यक्ष अब अखिलेश यादव होंगे। दरअसल, मुंबई युवा कांग्रेस के अध्यक्ष पद से जीशान सिद्दीकी को हटा दिया गया है।

कांग्रेस के पूर्व नेता बाबा सिद्दीकी के बेटे जिशान सिद्दीकी के खिलाफ पार्टी ने एक्शन लिया है। उन्हें मुंबई यूथ कांग्रेस के अध्यक्ष पद से हटा दिया। मुंबई युवा कांग्रेस के अध्यक्ष पद पर तब सियासी बवाल खड़ा हुआ, जब इस महीने की शुरुआत में जीशान सिद्दीकी के पिता बाबा सिद्दीकी कांग्रेस छोड़कर अजित पवार वाली एनसीपी में शामिल हो गए थे।

मराठा आरक्षण कार्यकर्ता मनोज जरांगे पाटिल ने सेज सोयारे लागू करने की मांग को लेकर अपनी भूख हड़ताल जारी रखी है।

महाराष्ट्र के मंत्री शंभुराज देसाई ने कहा, सरकार ने मनोज जरांगे पाटिल और मराठा समुदाय की मांगें पूरी की हैं। सरकार आई आपत्तियों का अध्ययन करेगी और उन पर फैसला लेगी। मैं उनसे अनुरोध करता हूं कि विरोध करने की कोई आवश्यकता नहीं है। सरकार ने मराठा समुदाय के पक्ष में फैसला लिया है।

भाजपा नेता और महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक चव्हाण की सुरक्षा बढ़ा दी गई है। उनकी सुरक्षा बढ़ाकर वाई-प्लस कर दी गई है। एक अधिकारी ने बताया कि राज्य पुलिस ने चव्हाण के मुंबई स्थित आवास और उनके गृहनगर नांदेड़ की सुरक्षा बढ़ा दी है।

उन्होंने बताया कि चव्हाण को पहले वाई श्रेणी की सुरक्षा मुहैया कराई गई थी। वाई-प्लस कवर में दो सुरक्षाकर्मी शामिल हैं।

अधिकारी ने बताया कि खतरे की आशंका को देखते हुए राज्य पुलिस के वीआईपी सुरक्षा विभाग ने चव्हाण का सुरक्षा कवर बढ़ाकर वाई प्लस कर दी है। 65 वर्षीय चव्हाण कांग्रेस छोड़कर पिछले सप्ताह सत्तारूढ़ भाजपा में शामिल हो गए थे। इसके बाद उन्हें भाजपा ने महाराष्ट्र से राज्यसभा चुनाव के लिए नामित किया था और मंगलवार को उन्हें निर्विरोध निर्वाचित घोषित किया गया।

## भारत के प्रख्यात कानूनविद फली एस. नरीमन का 95 वर्ष की उम्र में निधन

**नई दिल्ली।** भारत के जाने-माने कानूनविद और सुप्रीम कोर्ट के अनुभवी वरिष्ठ वकील फली एस नरीमन का बुधवार को 95 वर्ष की उम्र में निधन हो गया। उन्होंने दिल्ली में आखिरी सांस ली। नरीमन का वकील के तौर पर 70 साल से ज्यादा का अनुभव रहा।

नवंबर 1950 में फली एस नरीमन बॉम्बे हाईकोर्ट में वकील के तौर पर रजिस्टर हुए। उन्हें 1961 में वरिष्ठ वकील का दर्जा दिया गया था। बॉम्बे हाईकोर्ट के बाद नरीमन ने 1972 से भारत की सुप्रीम कोर्ट में प्रैक्टिस शुरू की। वे मई 1972 में भारत के एडिशनल सॉलिसिटर जनरल नियुक्त हुए थे।

नरीमन को जनवरी 1991 को पद्म भूषण से सम्मानित किया गया था। वहीं 2007 में उन्हें पद्म भूषण दिया गया। वरिष्ठ वकील के साथ वे 1991 से 2010 तक बार एसोसिएशन ऑफ इंडिया के अध्यक्ष भी रहे। इसके साथ ही अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी उनका कद काफी ऊंचा रहा।

## शंभू बॉर्डर तक पहुंचने के लिए किसानों को मिला रेड कॉरिडोर!

**नई दिल्ली।** हरियाणा-पंजाब के शंभू बॉर्डर तक पहुंचे किसानों को लेकर दो प्रदेशों की पुलिस आमने-सामने है। इंटेलिजेंस रिपोर्ट में जो इनपुट दिए गए हैं, उनके बाद केंद्रीय गृह मंत्रालय भी सक्रिय है। रिपोर्ट के मुताबिक, शंभू बॉर्डर पर एकत्रित हुए किसानों के पास ऐसे तमाम संसाधन मौजूद हैं, जिनकी मदद से पुलिस का मुकाबला किया जा सकता है। ये संसाधन पंजाब के विभिन्न क्षेत्रों से बॉर्डर तक कैसे पहुंचे। किसानों ने एकाएक ये आंदोलन शुरू नहीं किया है। इसके लिए पहले से ही कॉल की गई थी, उसके बावजूद किसानों को शंभू बॉर्डर तक पहुंचने से क्यों नहीं रोका गया। 20 फरवरी को जेसीबी और दूसरे भारी उपकरण भी किसानों के बीच पहुंच चुके हैं। सूत्रों का कहना है कि जब ये रिपोर्ट केंद्रीय गृह मंत्रालय तक पहुंची हैं, तो पंजाब पुलिस इनसे कैसी अछूती रही। शंभू बॉर्डर पर किसानों का एकत्रित होना, इस मामले में पंजाब पुलिस के कई अफसर, केंद्रीय गृह मंत्रालय के रडार पर आ गए हैं।



सूत्रों ने बताया, जब किसानों ने कई दिन पहले ही आंदोलन की कॉल दे रखी थी, तो पंजाब पुलिस ने इतनी भारी संख्या में ट्रैक्टर ट्रॉली एवं दूसरे वाहनों के साथ किसानों को बॉर्डर पर एकत्रित होने से रोका नहीं। मंगलवार को किसानों के बीच जेसीबी एवं पोकलेन मशीनें भी पहुंच गईं। हालांकि पंजाब पुलिस की तरफ से यह दावा किया गया था कि किसानों को जेसीबी और पोकलेन मशीनें, शंभू बॉर्डर पर ले जाने से रोकने का प्रयास किया गया था। रात को किसानों और पुलिस के बीच झड़प भी हुई थी। इसमें एसएचओ अमनपाल सिंह विर्क और मोहाली के एसपी जगविंदर सिंह के घायल होने की बात कही गई। मंगलवार को शंभू बॉर्डर के जो वीडियो सामने आए थे, उनमें आसानी से जेसीबी और पोकलेन मशीनें, किसानों के बीच पहुंचाई जा रही थीं। पंजाब के विभिन्न इलाकों से जब इन मशीनों को बॉर्डर तक लाया जा रहा था, तब पंजाब पुलिस ने इन्हें रोका क्यों नहीं। किसान आंदोलन पर पंजाब पुलिस की इंटेलिजेंस इकाई भी हर पल अपनी रिपोर्ट दे रही थी। इसके बावजूद किसानों को हैवी मशीनरी सहित शंभू बॉर्डर तक पहुंचने दिया गया। सूत्रों का कहना है कि इस संबंध में इंटेलिजेंस ब्यूरो और हरियाणा पुलिस की रिपोर्ट के आधार पर पंजाब पुलिस के जिम्मेदार अफसर, मुश्किल में फंस सकते हैं।

केंद्रीय गृह मंत्रालय ने इस संबंध में पंजाब सरकार के साथ जो पत्राचार किया था, उसमें कानून-व्यवस्था की बिगड़ती स्थिति का हवाला दिया गया था।

## खालिस्तानी विवाद को लेकर कोलकाता में सिखों का प्रदर्शन

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल के उत्तर 24 परगना जिले में स्थित संदेशखाली गांव इन दिनों चर्चा में है। गांव की महिलाओं ने आरोप लगाया है कि टीएमसी नेता ने उनकी जमीन पर कब्जा करने के साथ-साथ कुछ महिलाओं के साथ यौन शोषण भी किया है। बंगाल की पूरी




सियासत अभी संदेशखाली के ईर्दगिर्द भटक रही है। यह गांव सियासी जंग का मैदान बना हुआ है। इस बीच, भाजपा नेता द्वारा एक सिख अधिकारी को कथित तौर पर खालिस्तानी बुलाए जाने का मामला भड़क गया है। सिख समुदाय से जुड़े करीब 200 लोगों ने बुधवार को शहर में भाजपा कार्यालय के सामने प्रदर्शन किया।

दरअसल, सिखों का आरोप है कि भाजपा के वरिष्ठ नेता शुभेंदु अधिकारी को संदेशखाली का दौरा करने से रोकने पर धमखाली में तैनात एक सिख आईपीएस अधिकारी को भाजपा कार्यकर्ताओं के एक समूह ने कथित तौर पर खालिस्तानी कहा। हालांकि भाजपा नेताओं ने इन आरोपों को नकार दिया है। पश्चिम बंगाल कांग्रेस के अध्यक्ष अधीर रंजन चौधरी ने कहा, बंगाल में भाजपा नेताओं ने एक पुलिस अधिकारी को खालिस्तानी कहकर उसका अपमान किया है। मैं इसकी निंदा करता हूं। वे बंगाल की संस्कृति से अवगत नहीं हैं। हम भी संदेशखली जाना चाहते थे , लेकिन हमें रोक दिया गया। इसका मतलब यह नहीं है कि किसी भी अधिकारी को उसके धर्म के आधार पर निशाना बनाया जाना चाहिए। आईपीएस जसप्रीत सिंह इस तरह की भाषा से अपमानित महसूस कर रहे होंगे। कांग्रेस भी बंगाल पुलिस की आलोचना करती है, लेकिन हम ऐसी टिप्पणी नहीं करते। भाजपा को इसके लिए सार्वजनिक रूप से माफी मांगनी चाहिए।

केंद्रीय मंत्री कौशल किशोर ने कहा, ममता बनर्जी बस संदेशखली घटना से लोगों का ध्यान हटाकर ऐसे मुद्दों की ओर ले जाना चाहती हैं, जैसे- भाजपा का कहना है कि जो लोग पगड़ी पहनते हैं वो खालिस्तानी हैं। यह बयान सरासर गलत है। भाजपा ने कभी ऐसा नहीं कहा। वे विशेष घटना के बारे में कुछ नहीं कह रहे हैं। बल्कि जो पत्रकार सच्चाई सामने लाने का काम कर रहे हैं, उसका साथ देने के बजाय उनको जेल में डाला जा रहा है। इससे पता चलता है कि कैसे उनके नेतृत्व में लोकतंत्र के चौथे स्तंभ पर हमला हुआ है।

# शीर्ष अदालत का पश्चिम बंगाल सरकार को झटका

## सीबीआई जांच के खिलाफ मुकदमे पर जल्द सुनवाई से इनकार

**नई दिल्ली।** पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ को बताया कि मामले की सुनवाई नौ बार स्थगित की जा चुकी है।

सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पश्चिम बंगाल सरकार द्वारा दायर मुकदमे को तत्काल सूचीबद्ध करने पर आदेश पारित करने से इनकार कर दिया। बता दें, राज्य सरकार ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) पर कानून के तहत राज्य से आवश्यक मंजूरी हासिल किए बिना चुनाव बाद हिंसा के मामलों में अपनी जांच आगे बढ़ाने का आरोप लगाया है।

पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता कपिल सिब्बल ने प्रधान न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़, न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ को बताया कि मामले की सुनवाई नौ

**मुकदमा दायर**

**पश्चिम बंगाल सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 131 के तहत केंद्र के खिलाफ शीर्ष अदालत में एक मूल मुकदमा दायर किया है।**

बार स्थगित की जा चुकी है। साथ ही बताया कि यह मामला न्यायमूर्ति बी आर गवई की अध्यक्षता वाली पीठ के समक्ष सूचीबद्ध है।

उन्होंने कहा, मामला सामने आ रहा है, लेकिन हम संविधान पीठ के समक्ष हैं। अगर इस पर बुधवार या गुरुवार को सुनवाई हो सकती है। इस पर किसी तरह का आदेश देने से इनकार करते हुए प्रधान



न्यायाधीश ने कहा, मैं मामले पर सुनवाई नहीं कर रहा हूं। आप उस बेंच के समक्ष जाइए, वे ही फैसला लेंगे। हम कोई आदेश पारित नहीं कर रहे हैं।

सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने कहा कि कोई जल्दबाजी नहीं है। इस मामले में कुछ दिनों तक इंतजार किया जा सकता है। इस पर सिब्बल ने कहा कि इंतजार नहीं किया जा सकता है क्योंकि मामला 2021 में दायर किया गया था और हम 2024 में हैं।

पश्चिम बंगाल सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 131 के तहत केंद्र के खिलाफ शीर्ष अदालत में एक मूल मुकदमा दायर किया है। राज्य सरकार ने संविधान के अनुच्छेद 131 के तहत दायर अपने मूल दीवानी मुकदमे में दिल्ली विशेष पुलिस स्थापना अधिनियम 1946 के प्रावधानों का हवाला दिया और कहा कि केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) राज्य सरकार से बिना अनुमति हासिल किए जांच में आगे बढ़ रहा है और प्राथमिकी दर्ज कर रहा है, जबकि कानून के तहत ऐसा करना अनिवार्य है।

16 नवंबर, 2018 को, पश्चिम बंगाल सरकार ने राज्य में जांच और छापे मारने के लिए केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को दी गई सामान्य सहमति वापस ले ली थी।

## संदेशखाली हिंसा पर विपक्ष और राज्य सरकार पर भड़के रविशंकर

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में संदेशखाली हिंसा को लेकर भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद ने राज्य सरकार के साथ इंडिया गठबंधन को भी आड़े हाथों लिया। उन्होंने संदेशखाली हिंसा को गंभीर मुद्दा बताया है। संदेशखाली की महिलाओं पर हुए अत्याचार पर मुख्यमंत्री ममता बनर्जी की चुप्पी पर भी निशाना साधा है। रविशंकर प्रसाद ने कहा, महिलाओं के साथ होने वाले अपमानजनक व्यवहार और यौन उत्पीड़न के बारे में जो बाते सामने आई है, वह हमारे समाज और लोकतंत्र के लिए शर्मनाक है। ममता बनर्जी अब भी इसका बचाव क्यों कर रही हैं? इस मामले में एक पत्रकार को भी गिरफ्तार किया गया है। ममता बनर्जी आखिर क्या छिपाना चाहती हैं और क्यों? वह खुद एक महिला है और अपनी प्रतिष्ठा बचाने के लिए वह अन्य महिलाओं के सम्मान को खतरे में डाल रही है।

# सुरक्षा बलों जैसी तैयारी में किसान! शंभू बॉर्डर पर बचाव के लिए किसानों ने बनाई ये 8 ढाल

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार और किसानों के बीच चार दौर की



बातचीत हो चुकी है। सरकार ने जो प्रस्ताव दिया था, उसे किसानों ने अस्वीकार कर दिया है। हालांकि सरकार ने पांचवें दौर की बातचीत का प्रस्ताव भी दे दिया है। बुधवार को शंभू बॉर्डर पर तनावपूर्ण स्थिति बताई जा रही है। किसानों ने पहले ही कह दिया था कि वे 21 फरवरी को दिल्ली के लिए कूच करेंगे। किसानों पर आंसू गैस के गोले छोड़े गए हैं। हरियाणा पुलिस के सूत्रों के मुताबिक, चौथे दौर की बातचीत खत्म होने के बाद किसानों ने शंभू बॉर्डर पर अपनी तैयारी पुख्ता कर दी है। आरोप है कि पंजाब पुलिस ने किसानों को भारी मशीनरी के साथ शंभू बॉर्डर तक पहुंचने दिया। पुलिसिया एक्शन का मुकाबला करने के लिए किसानों ने अपनी सुरक्षा के लिए मुख्यत~ आठ तरह की ढाल तैयार की हैं। पुलिस द्वारा ड्रोन की मदद से किसानों पर आंसू गैस के गोले छोड़े जा रहे हैं। वजह, जब पुलिसिया एक्शन से बचने के लिए किसान, खेतों की तरफ से आगे बढ़ने का प्रयास करते हैं, तो उन पर ड्रोन के जरिए आंसू गैस के गोले छोड़े जाते हैं। इस बार किसानों ने अपने साथ पतंग, चश्मा, गीली बोरी, ट्रैक्टर, जेसीबी, मॉस्क, लोहे की ढाल और लाठी रखी हैं। ये सभी वस्तुएं या उपकरण, किसानों की ढाल हैं। पुलिस द्वारा छोड़े जा रहे ड्रोन को गिराने के लिए किसानों ने पतंग का इस्तेमाल किया है। शंभू बॉर्डर पर पतंग उड़ती हुई देखी जा सकती हैं। पुलिस सूत्रों का कहना है कि किसानों ने शंभू बॉर्डर पर कई ड्रोन गिराए हैं। पुलिस पर ऐसे आरोप भी लगे थे कि उन्होंने किसानों पर किसी हल्के-फुल्के केमिकल का इस्तेमाल किया है। हालांकि पुलिस ने इस तरह के केमिकल का इस्तेमाल करने से मना किया है। किसानों पर आंसू गैस के गोले छोड़े गए हैं। आंसू गैस के गोले से निकलने वाले धुएं से बचाव के लिए किसानों ने चश्मे का इस्तेमाल किया है। इसके अलावा ड्रोन के जरिए या पुलिस द्वारा दागे जाने वाले आंसू गैस के गोले को जमीन पर गिरते ही उसे खत्म करने के लिए गीली बोरी का प्रयोग किया जा रहा है। जैसे ही गोला गिरता है, किसान उस पर गीली बोरी डाल देते हैं। इससे गोले में आंसू गैस नहीं निकल पाती।

## भारत-चीन के बीच कोर कमांडर स्तर की बैठक

**नई दिल्ली।** भारत और चीन लाइन ऑफ एक्चुअल कंट्रोल समेत सीमावर्ती क्षेत्रों में शांति और स्थिरता बनाए रखने पर सहमति जताई है। इस हफ्ते हुई उच्च स्तरीय सैन्य वार्ता के बाद ही इसपर सहमति जताई गई है। हालांकि, सोमवार की वार्ता में साढ़े तीन साल से चल रहे विवाद के समाधान पर कोई स्पष्ट चर्चा नहीं हुई है। विदेश मंत्रालय ने बताया कि भारत-चीन कोर कमांडर स्तर की 21वीं बैठक 19 फरवरी को चुशुल-मोल्डो बॉर्डर मीटिंग प्वाइंट पर आयोजित की गई थी। मंत्रालय की तरफ से जारी बयन में कहा गया, पिछले दौरों में दोनों देशों की सेनाओं के सीमाई इलाकों से पीछे हटने को लेकर जो चर्चा हुई थी, वह भारत-चीन के बीच सीमा पर शांति के लिए अहम आधार हैं।

मंत्रालय ने बताया कि चर्चा के दौरान दोनों देशों ने मैत्रीपूर्ण तरीके से अपने विचारों को एक-दूसरे के सामने रखा।

# राष्ट्रपति पद की दौड़ में पीछे हटने को तैयार नहीं निक्की हेली

## ट्रंप के खिलाफ मुकाबले पर कहा- मैं लड़ूंगी

**वॉशिंगटन।** निक्की हेली ने कहा कि उन्होंने कभी भी आसान रास्ता नहीं चुना। अमेरिका में चुनाव है और डोनाल्ड ट्रंप को पता होना चाहिए कि वह चुनावों में धांधली नहीं करती है। हेली ने यह दावा किया कि रिपब्लिकन राजनेताओं में से कई ट्रंप से डरते हैं।

भारतीय-अमेरिकी रिपब्लिकन उम्मीदवार निक्की हेली राष्ट्रपति पद की दौड़ में पीछे हटने को तैयार नहीं है। दक्षिण कैरोलाइना प्राइमरी में अपने प्रतिद्वंदी पूर्व राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप से पीछे चलने के बावजूद वह राष्ट्रपति पद की दौड़ में बने रहने को तैयार है।

दक्षिण कैरोलाइना में लोगों को संबोधित करते हुए निक्की हेली ने कहा, मैं कड़वे सच को बोलने से नहीं डरती हूं। मुझे लगता है कि रिंग को चूमने की जरूरत नहीं है। मुझे ट्रंप के बदले का कोई डर नहीं है। मैं उनसे कुछ भी नहीं चाहती हूं। मुझे अपने राजनीतिक भविष्य की कोई चिंता नहीं है। इसलिए मैं सुनती हूं कि राजनीतिक वर्ग क्या कहता है। मैं

**दावा**

**52 वर्षीय निक्की हेली ने दावा किया कि रिपब्लिकन राजनेताओं में से कई ट्रंप से डरते हैं।**

अमेरिकी जनता से भी सुनता चाहती हूं।

52 वर्षीय निक्की हेली ने दावा किया कि रिपब्लिकन राजनेताओं में से कई ट्रंप से डरते हैं। उन्होंने कहा, मैंने पद छोड़ने से इनकार किया है। दक्षिण कैरोलइना में शनिवार को मतदान होगा, लेकिन मैं राष्ट्रपति पद के लिए लड़ती रहूंगी। मैं कहीं भी नहीं जा रही। मैं हर दिन प्रचार कर रही हूं और जब तक आखिरी व्यक्ति मतदान नहीं कर देता मैं तब तक प्रचार करती रहूंगी। मैं अमेरिका और बच्चों के उज्ज्वल भविष्य में विश्वास



रखती हूं। जीवन में कुछ भी आसानी से नहीं मिलता है। इसके लिए मैं सबकुछ सहने के लिए तैयार हूं।

निक्की हेली ने आगे कहा, मैंने कभी भी आसान रास्ता नहीं चुना। हमारे यहां चुनाव है और डोनाल्ड ट्रंप को पता होना चाहिए कि हम चुनावों में धांधली नहीं करते। उन्होंने यह स्पष्ट किया कि वह इसके बाद न तो उप राष्ट्रपति के लिए और न ही भविष्य में राष्ट्रपति पद के लिए चुनाव लड़ेगी।

उन्होंने कहा, अगर मैं किसी फर्जी कारण से चुनाव लड़ रही होती तो मैं बहुत पहले ही रेस से बाहर निकल जाती। कुछ उम्मीदवारों ने ऐसा किया है। उनकी अपनी अलग योजनाएं हैं। मैं उनके बारे में धारणा नहीं बना रही हूं। मैं उसके लिए लड़ रही हूं जो सही है। मुझे इसकी परवाह नहीं कि पार्टी नेता और राजनीतिक दल क्या चाहते हैं।

## जम्मू-कश्मीर संकल्प दिवस से पहले ब्रिटेन की संसद में विशेष चर्चा, कई सांसदों ने लिया हिस्सा

**जम्मू।** जम्मू और कश्मीर संकल्प दिवस से पहले लंदन में यूके की संसद में जम्मू और कश्मीर स्टडी सेंटर यूके (जेकेएससी-यूके) द्वारा एक विशेष चर्चा आयोजित की गई। बता दें कि जम्मू और कश्मीर संकल्प दिवस 22 फरवरी को होता है।

जम्मू और कश्मीर संकल्प दिवस से पहले लंदन में यूके की संसद में जम्मू और कश्मीर स्टडी सेंटर यूके (जेकेएससी-यूके) द्वारा एक विशेष चर्चा आयोजित की गई। इस चर्चा में ब्रिटिश सांसद बॉब ब्लैकमैन, वीरेंद्र मिश्रा, थेरेसा विलियर्स और इलियट कॉलबॉर्न ने भी भाग लिया। बता दें कि जम्मू और कश्मीर संकल्प दिवस 22 फरवरी को होता है।

# पाकिस्तान सुप्रीम कोर्ट: 8 फरवरी को हुए आम चुनाव रद्द करने की मांग वाली अर्जी खारिज, धांधली के लगाए गए थे आरोप

**इस्लामाबाद।** धांधली के आरोपों पर पाकिस्तान में हुए आठ फरवरी के आम चुनाव को रद्द करने

**बहुमत**

**पाकिस्तान में बीते आठ फरवरी को आम चुनाव हुए थे, लेकिन किसी भी दल को इस चुनाव में पूर्ण बहुमत नहीं मिल सका था।**

की मांग वाली याचिका को सुप्रीम कोर्ट ने खारिज कर दिया है। कोर्ट ने सुनवाई के दौरान कहा कि यह महज एक पब्लिसिटी स्टंट है। कोर्ट ने याचिकाकर्ता पर भारी भरकम जुर्माना भी लगाया।

पाकिस्तान में बीते आठ फरवरी को आम चुनाव हुए थे, लेकिन किसी भी दल को इस चुनाव में पूर्ण बहुमत नहीं मिल सका था। जिसके बाद से ही पाकिस्तान में गठबंधन सरकार के गठन के लिए दलों के बीच बैठकों का दौर शुरू हुआ।




हालांकि नवाज शरीफ और जरदारी की पार्टी ने गठबंधन सरकार बनाने की घोषणा की। इस बीच, पाकिस्तान के सुप्रीम कोर्ट में धांधली के आरोपों पर आठ फरवरी के आम चुनावों को रद्द करने की याचिका दायर की गई थी। बुधवार को सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने इस याचिका को खारिज कर दिया है। कोर्ट ने कहा कि यह एक महज प्रचार स्टंट है।

गौरतलब है कि सुप्रीम कोर्ट ने याचिकाकर्ता पर जुर्माना भी लगाया। सेवानिवृत्त ब्रिगेडियर अली खान ने पिछले सप्ताह अदालत से निष्पक्षता, पारदर्शिता और जवाबदेही सुनिश्चित करने के लिए न्यायपालिका की प्रत्यक्ष निगरानी और 30 दिनों के भीतर नए चुनाव कराने का आदेश देने का आग्रह किया था। दायर याचिका में मामले पर फैसला होने तक नई सरकार के गठन को रोकने के लिए स्थगन आदेश की भी मांग की थी। पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश (सीजेपी) काजी फैज ईसा की अगुवाई वाली तीन सदस्यीय पीठ ने याचिका को खारिज कर दिया और याचिकाकर्ता पर पांच लाख रुपये का जुर्माना लगाया। इससे पहले, अदालत को सूचित किया गया था कि अली एक पूर्व ब्रिगेडियर थे जिस पर 2012 में कोर्ट मार्शल का मुकदमा चलाया गया था और उसे सेवा से बर्खास्त कर दिया गया था। मुख्य न्यायाधीश ने याचिकाकर्ता द्वारा अदालत को भेजे गए एक ई-मेल को पढ़कर सुनाया, जिसमें उसने कहा था कि वह विदेश में है और अपनी याचिका वापस लेने का अनुरोध किया था। कोर्ट ने कहा कि यह पब्लिसिटी स्टंट है। याचिकाकर्ता ने अदालत के सामने न होने की बात कही थी, क्योंकि वह बहरीन में थे।

# भारतीय मैनेजर विग्नेश की हत्या मामले में जांच शुरू, आठ लोग गिरफ्तार, तेज रफ्तार वाहन ने मारी थी टक्कर

**लंदन।** ब्रिटेन में भारतीय रेस्तरां मैनेजर की मौत का मामला तूल पकड़ता जा रहा है। विग्नेश पट्टाभिरामन 14 फरवरी को इंग्लैंड के रीडिंग में स्थित भारतीय रेस्तरां से साइकिल से वापस घर लौट रहे थे, इस दौरान अचानक एक तेज रफ्तार कार ने उन्हें टक्कर मार दी। जिसके बाद विग्नेश की मौके पर मौत हो गई। टेम्स वैली पुलिस ने कहा कहा कि रॉयल बर्कशायर अस्पताल ले जाने वक्त मौत हो गई। ब्रिटिश पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है। मामले में आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है।

टेम्स वैली पुलिस अधिकारी स्टुअर्ट ब्रैंगविन ने कहा कि हमारी संवेदनाएं उनके परिवार के साथ है। हम लगातार उनके साथ सम्पर्क में हैं। हम मामले की जांच कर रहे हैं। अब तक कई लोगों को गिरफ्तार किया जा चुका है। मैं अपील करना चाहता हूं कि अगर किसी के बाद हादसे से संबंधित कोई भी जानकारी हो, कृपया टेम्स वैली पुलिस से संपर्क करें। पुलिस ने बताया कि रीडिंग के एक व्यक्ति को




सोमवार को हत्या के संदेह में गिरफ्तार किया गया है।

प्रमुख अपराध इकाई के अधिकारियों ने कहा है कि क्षेत्र में पुलिस को तैनात किया गया है। पुलिस मामले की गंभीरता को समझते हुए तेजी से जांच कर रही है। इस बीच, पट्टाभिरामन के दोस्तों और परिवार द्वारा उनकी पत्नी राम्या की वापसी लागत और सहायता के लिए स्थापित जस्ट गिविंग चैरिटी पहल ने कुछ ही दिनों में GBP 39,000 से अधिक जुटा लिए हैं। दोस्तों-रिश्तेदारों ने सोशल मीडिया मुहिम के जरिए शोकाकुल परिवार को राहत राशि दी। एक पोस्ट में लिखा गया कि हम इस अकल्पनीय कठिन दौर में विग्नेश के दुखी परिवार के साथ एकजुट खड़े हुए हैं। आपका उदार योगदान परिवार को राहत दे सकता है, जिससे परिवार का बोझ कम होगा।

# स्वामी देवप्रवर प्रपन्नाचार्य बने जगद्गुरू रामानुजाचार्य

**भगवान की कृपा आचार्य की कृपा से ही सम्भवः रोहिणीश्वर प्रपन्नाचार्य**

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** माघ मेला क्षेत्र में अनंत श्री विभूषित जगद्गुरू रामानुजाचार्य स्वामी रोहिणीश्वर प्रपन्नाचार्य, पीठाधीश्वर श्री रामजानकी सिद्धपीठ, पुराना अलंकार आश्रम पुरानी लंका, चित्रकूट धाम के सुयोग्य शिष्य देवप्रवर प्रपन्नाचार्य महाराज को जगद्गुरू रामानुजाचार्य पद पर अभिषिक्त किया गया। माघ मेला के सेक्टर पांच रामानुज नगर में अन्नपूर्णा मार्ग स्थित श्री वेदान्ती आश्रम, गोलाघाट, सुल्तानपुर जगद्गुरू रामानुजाचार्य स्वामी मधुसूदनाचार्य महाराज के शिविर में आयोजित पट्टाभिषेक समारोह में बुधवार को सुबह विशिष्ट विद्वानों द्वारा आर्ष ग्रन्थों का पारायण, भगवत अर्चना, नाम पारायण एवं हवन किया गया। इसके बाद देव प्रवर प्रपन्नाचार्य महाराज का जगद्गुरू रामानुजाचार्य पद पर पट्टाभिषेक किया गया। संतों ने तिलक लगाया और चादर ओढ़ाकर मंगलानुशासन किया। देव प्रवर प्रपन्नाचार्य ने अपने पूर्वाचार्यों के अभिमत को मूर्तरूप में चरितार्थ करने का दृढ संकल्प ग्रहण किया। इस अवसर पर आयोजित गोष्ठी एवं कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए 1008 अनंत श्री विभूषित जगद्गुरू रामानुजाचार्य स्वामी रोहिणीश्वर प्रपन्नाचार्य महाराज ने कहा कि आचार्य कृपा का अवलम्बन ही जीव के उद्धार का हेतु है। शरणागति में भगवान की कृपा आचार्य की कृपा से ही सम्भव हो पाती है। हर जीव के जीवन में सद् उपदेशक का बहुत ही महत्व है। श्री देव प्रवर जी को मेरे संल्पित विचारों को मूर्तरूप देने के लिए ईश्वर संकल्पित करे। गोष्ठी में नवनियुक्त जगद्गुरू रामानुजाचार्य देव प्रवर प्रपन्नाचार्य महाराज ने शरणागति रहस्य का विस्तृत विवेचन किया। इस दौरान लोग मंत्रमुग्ध रहे। पट्टाभिषेक समारोह का संचालन जगद्गुरू रामानुजाचार्य स्वामी मधुसूदनाचार्य महाराज ने एवं आभार ज्ञापन श्री राम जानकी धार्मिक संस्था के हरिशंकर शुक्ला ने किया। इस अवसर पर जगद्गुरू रामानुजाचार्य रघुनाथ देशिक, जगद्गुरू रामानुजाचार्य अच्युत प्रपन्नाचार्य महाराज, आचार्य बालकृष्ण, रामानुज नगर प्रबन्ध समिति के महामंत्री अखिलेशाचार्य महाराज एवं अन्य संत-महात्माओं के साथ ही बड़ी संख्या में शिष्य-भक्तगण एवं श्री राम जानकी धार्मिक संस्था के लोग मौजूद रहे।

## छेड़खानी के आरोपी को किया गिरफ्तार

**जौनपुर।** पवारा थाना क्षेत्र के एक गांव में दुष्कर्म की नीयत से घर के अंदर जाकर किशोरी के साथ छेड़खानी के आरोपित को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। पुलिस द्वारा जारी विज्ञप्ति के अनुसार किशोरी के साथ घर के अंदर प्रवेश कर बीते 15 फरवरी की रात छेड़खानी करने वाले एक गांव का आरोपित प्रमोद यादव पुत्र राम इकबाल यादव के विरुद्ध पवारा पुलिस ने धारा 354, 457, 506, आईपीसी के साथ ही 7/8 पाक्सो एक्ट के तहत मुकदमा दर्ज कर सरगर्मी से तलाश कर रही ही रही थी कि बुधवार को सुबह मुखबिर की सूचना पर पवारा थाना क्षेत्र के सजई तिराहा के पास स्थित महादेव ढाबा के पास से सुबह सवा सात बजे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

# नरेंद्र मोदी ने दिव्यांगजन को सम्मान से जीने का अधिकार दिया

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** भाजपा जिला दिव्यांग सम्मेलन का आयोजन सिविल लाइन कार्यालय में आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सांसद केसरी देवी पटेल, महानगर अध्यक्ष राजेंद्र मिश्रा एवं गंगा पार जिला अध्यक्ष कविता पटेल ने सम्मेलन में आए हुए दिव्यांग भाई बहनों को अंग वस्त्रम पहनाकर सम्मानित किया। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विकलांग शब्द को हटाकर दिव्यांग शब्द से सुशोभित कर दिव्यांग भाई बहनों को सम्मान के साथ जीने का अधिकार दिया और दिव्यांग सशक्तिकरण विभाग के द्वारा उन्हें आत्मनिर्भर बनाने के लिए प्रेरित किया। कर्तव्य पथ पर मेघा दिव्य कला का आयोजन कर उनकी कला को प्रोत्साहित किया। इस अवसर पर यमुना पार की संयोजिका रितिका गुप्ता, मीडिया प्रभारी राजेश केसरवानी, मंडल अध्यक्ष विजय श्रीवास्तव ने दिव्यांग भाई बहनों को मोदी सरकार की योजनाओं से अवगत कराया और तीसरी बार मोदी सरकार बनाने की अपील की गई। इस अवसर पर दिव्यांग प्रकोष्ठ के महानगर संयोजक प्रियेश कुमार सिंह एवं कार्यक्रम संयोजक संजय सिंह ने आए हुए अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम का संचालन पवन मिश्रा ने किया एवं प्रभारी संजय सिंह रहे। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से राजा मेहरोत्रा, प्रशांत शुक्ला, लवलेश पटेल, रमेश त्रिपाठी, विकास जायसवाल, शांति देवी, बसंती, काजल बिन्द, अरुण दुबे, अनुज कुशवाहा, शिखा रस्तोगी, सरोज गुप्ता, दीपिका, नीलू शुक्ला, राकेश भारती एवं सैकड़ो दिव्यांग उपस्थित रहे।

# पर्यावरणः प्रदूषण एवं उपायः डॉ. यादव

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** राष्ट्रीय सेवा योजना के सात दिवसीय विशेष शिविर चौथे दिन का प्रारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर गीतांजलि मौर्य के निर्देशन में प्रोफैसर पवन कुमार पचौरी विभागाध्यक्ष शारीरिक शिक्षा कुलभास्कर आश्रम पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज प्रयागराज के योगाभ्यास से हुआ। प्रथम सत्र में डॉ एस पी यादव असिस्टेंट प्रोफेसर कुलभास्कर आश्रम पीजी कॉलेज प्रयागराज में पर्यावरण प्रदूषण एवं उपाय विषय पर अपना व्याख्या दिया। तत्पश्चात डॉ पुनीत कुमार अग्रवाल का व्याख्यान शिक्षा और बेरोजगारी विषय पर हुआ। द्वितीय सत्र में महिला सशक्तिकरण विषय पर भाषण प्रतियोगिता कराई गई। सात दिवसीय विशेष शिविर के पांचवें दिन का प्रारंभ महाविद्यालय की प्राचार्या प्रोफेसर गीतांजलि मौर्य के निर्देशन में अंतरराष्ट्रीय योग विशेषज्ञ मोनिका सिंह के योगाभ्यास से प्रारंभ हुआ ।इसके तत्पश्चात परम प्रकाश सिंह विभागाध्यक्ष वनस्पति विज्ञान विभाग कुलभास्कर आश्रम पोस्ट ग्रेजुएट कॉलेज प्रयागराज द्वारा बेरोजगारी एवं निर्धनता विषय पर व्याख्यान दिया गया। द्वितीय सत्र में साक्षरता पर रैली निकाली गई। इस अवसर पर इस अवसर पर डॉक्टर पुनीत कुमार अग्रवाल डॉक्टर परम प्रकाश सिंह, डॉ ध्यानेश शुक्ला अनिल कुमार विनोद कुमार एवं स्वयंसेवक एवं सेविकाएं उपस्थित रहे।

# महाकुंभ के लिए लगभग 395 करोड़ की 21 परियोजनाओं को अनुमोदन

अवधनामा संवाददाता

**शीर्ष समिति की सप्तम बैठक वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से हुई आयोजित**

**प्रयागराज।** महाकुम्भ 2025 को दिव्य एवं भव्य बनाने के दृष्टिगत मुख्य सचिव की अध्यक्षता में बनी शीर्ष समिति की सप्तम बैठक वीडियो कान्फ्रेंसिंग के माध्यम से सम्पन्न हुई जिसमें लगभग 395 करोड़ की 21 परियोजनाओं को अनुमोदन मिला। इसमें प्रयागराज विकास प्राधिकरण की 05, नगर निगम की 02, उ0प्र0 राज्य सेतु निगम की 01, उ0प्र0 पावर का0 लि0 की 02, लो0नि0वि0 की 04 तथा प्रयागराज मेला प्राधिकरण की 02 परियोजनायें सम्मिलित हैं।

उ0प्र0 राज्य सेतु निगम द्वारा कराये जा रहे कार्यों के अन्तर्गत बेगम बाजार से भगवतपुर मार्ग तक एयरपोर्ट के समीप अर्द्धनिर्मित 02 लेन उपरिगामी सेतु को पूर्ण कराने हेतु सभी आवश्यक अनुमोदन मिल गए हैं। अब शेष कार्य शीघ्र पूर्ण कराया जाएगा। नगर निगम द्वारा कराये जा रहे कार्यों के अन्तर्गत शहर के स्टेक होल्डर्स से की गयी मीटिंग के पश्चात 91 वार्डों की 199 परियोजनायें प्रस्तुत की गयी थीं, जिनमें से सभी को अनुमोदन मिल गया। सभी 91 वार्डों की चिन्हित कच्ची सड़कों के अपग्रेडेशन (इण्टरलाकिंग / सी0सी0 द्वारा सड़क का सुधार कार्य) तथा पक्की नालियों एवं ब्रिक नालियों का निर्माण कराया जाएगा।

जनपद के 07 घाटों के उच्चीकरण एवं सौन्दर्यीकरण के कार्यों को भी अनुमोदन मिला। सौन्दर्यीकरण के अन्तर्गत घाटों पर चेन्जिंग रूम की व्यवस्था, फसाड एवं पेंटिंग, डिज़ाइनर पोलों द्वारा प्रकाश व्यवस्था, वृक्षारोपण, स्टोन रूलिंग, स्टोन बोल्डर्स, बेंच एवं डस्टविन तथा पूर्व निर्मित छतरी के सौन्दर्यीकरण का कार्य भी कराया जाएगा।

जनपद के कई सडकों के विकास के कार्य भी कराए जाएंगे।

प्रयागराज मेला प्राधिकरण द्वारा गंगा नदी के प्रवाह को व्यवस्थित करने के लिए भारतीय अंतर्देशीय जलमार्ग प्राधिकरण (IWAI) के साथ समन्वय स्थापित कर टोपोग्राफिकल सर्वे, मैथमेटिकल हाइड्रोलिक मॉडलिंग स्टडी, बैंबू पिन इंस्टॉलेशन तथा ड्रेजिंग वर्क के कार्यों को भी समिति से अनुमोदन मिला है। साथ ही दूर गाइड्स, नाविक, वॉलिंटियर्स, कुंभ सेवा मित्र, वेंडर्स, पुलिस पर्सनल एवं विभागीय अधिकारियों के बिहेवियरल चेंज, प्रोजेक्ट मैनेजमेंट, माड्यूल, सॉफ्ट स्किल्स वर्क तथा परफॉर्मेंस को बेहतर करने के दृष्टिगत ट्रेनिंग प्रोग्राम भी कराया जाएगा। इसके दृष्टिगत देश के कुछ प्रमुख संस्थानो को ऑलरेडी लिखा जा चुका है। प्रयागराज मेला प्राधिकरण एक 12 महीने का फैलोशिप प्रोग्राम भी करवाएगा जिसके अंतर्गत देश के प्रमुख संस्थानों से सैनिटेशन, मोबिलिटी, क्राउड मैनेजमेंट, सिक्योरिटी एंड सर्विलेंस, कम्युनिकेशन सर्विसेज, टेंपरेरी इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट, लेआउट प्लानिंग जैसे अन्य कार्यों हेतु क्वालिटी इनपुट्स एवं इंप्लीमेंटेशन सपोर्ट के दृष्टिगत 55 लोगों को आबद्ध किया जाएगा।

# जिलाधिकारी ने किया सदर अस्पताल का निरीक्षण



अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** जिलाधिकारी रविन्द्र कुमार मांदण्ड इस समय जिले के सभी कार्यालयों का निरीक्षण कर रहे हैं। बुधवार को जिलाधिकारी अचानक जिला अस्पताल पहुंच गए। जिलाधिकारी को अचानक अस्पताल में देख कर्मचारियों में हड़कंप मच गया। जिला अस्पताल के कार्यालय व वार्डों का बारीकी से निरीक्षण किया। डीएम ने खून जांच केंद्र पर अपने ब्लड की जांच कराई। इस दौरान अस्पताल के शौचालय में गंदगी देख नाराज हो गए। उसके बाद जिलाधिकारी ने वहां मौजूद सुपरवाइजर को फटकार लगाई। अस्पताल के निरीक्षण के दौरान जिला अस्पताल के सीएमएस केके राय भी साथ रहे। जिलाधिकारी सबसे पहले पर्चा बनवाने के लिए लाइन में लगे मरीजों से मिले और सुविधाओं के बारे में जानकारी ली। डीएम ने पर्चा बनाने वाले कर्मचारी से भी बातचीत कर जानकारी ली। उसके बाद जिलाधिकारी इमर्जेंसी वार्ड व अन्य वार्डों में पहुंचे। जहां उन्होंने भर्ती मरीजों से उनका हाल जाना और उनके तीमारदारों से भी बातचीत की।

## लालगंज लोकसभा क्षेत्र लाभार्थी संपर्क अभियान कार्यशाला का आयोजन

**आजमगढ़।** भारतीय जनता पार्टी द्वारा चलाए जा रहे लाभार्थी संपर्क अभियान के निमित भारतीय जनता पार्टी लालगंज लोकसभा की कार्यशाला का आयोजन जिला कार्यालय पर किया गया। इस कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रूप भारतीय जनता पार्टी लालगंज के निवर्तमान जिला अध्यक्ष ऋषिकांत राय उपस्थित होकर कार्यशाला को संबोधित किया। भारतीय जनता पार्टी लालगंज के निवर्तमान जिला अध्यक्ष ऋषिकांत राय ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी के एक एक कार्यकर्ता मोदी सरकार द्वारा चलाई गई जनकल्याणकारी योजनाओं को लेकर हर घर जाएंगे और मोदी सरकार को 2024 में फिर दोहराएंगे। जिले भर के लाभार्थियों को अभी तक चिह्नित किया गया है। आज पूरे जिले में लाभार्थी हैं, जिन्होंने केंद्र सरकार व प्रदेश सरकार की योजनाओं का लाभ प्राप्त किया है। मंच का संचालन जिला महामंत्री हरीश तिवारी ने किया।

# बना इतिहासः एक साथ पूरे देश में 2000 संस्थाओं ने किया लघु नाटकों का मंचन

**प्रयागराज में विनोद रस्तोगी इसमें संस्थान ने की सहभागिता**

अवधनामा संवाददाता



**प्रयागराज।** राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय द्वारा प्रतिवर्ष आयोजित होने वाले भारत रंग महोत्सव के रजत जयंती वर्ष में एक कीर्तिमान स्थापित हुआ और इसके बनने में नगर के जाने-माने नाट्य दल विनोद रस्तोगी स्मृति संस्थान की भी सहभागिता रही। राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय द्वारा प्रेषित नाट्य आलेख लो आ गई वापस सोने की चिड़िया का मंचन बुधवार सायं 4ः00 बजे महाराष्ट्र लोक सेवा मंडल के मंच पर किया गया, जिसका सजीव प्रसारण (लाइव स्ट्रीमिंग) यूट्यूब पर किया गया। नाटक का निर्देशन अभिलाष नारायण ने किया। भारत रंग महोत्सव (भरंगम) के रजत जयंती वर्ष में राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय ने एक कीर्तिमान स्थापित करने की योजना बनाई और इसे 21 फरवरी को मूर्त रूप दिया गया। देशभर की 2000 संस्थाओं ने एक साथ एक ही समय पर लघु नाटकों का मंचन किया और इसका सजीव प्रसारण किया जो राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय से सीधा जुड़ा हुआ था। इस तरह एक ही दिन, एक ही समय पर 2000 नाटकों का मंचन कर एक कीर्तिमान स्थापित हुआ।

विनोद रस्तोगी स्मृति संस्थान ने इस कार्यक्रम में सहभागिता की तथा नाटक लो आ गई वापस सोने की चिड़िया का मंचन किया। नाटक वसुधैव कुटुम्बकम तथा वंदे भारत के विषयों पर केंद्रित था।

भाग लेने वाले कलाकार थे आशीष यादव, हिमांशु तिवारी, प्रतीक सिंह, दिग्विजय सिंह, उत्कर्ष जयसवाल एवं शुभम श्रीवास्तव। विशेष सहयोग लोक गायक उदय चंद परदेसी का रहा। वरिष्ठ रंगकर्मी अजय मुखर्जी एवं संस्थान के सभी कलाकारों नेपार्श्व से सहयोग किया। यह जानकारी संस्था के सचिव आलोक रस्तोगी ने दी।

## संक्षिप्त समाचार

### सिविल लाइंस बस अड्डे पर मतदाता जागरूकता कार्यक्रम



**प्रयागराज।** सिविल लाइंस बस अड्डे पर आज मतदाता जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस अवसर पर नागरिकों व यात्रियों को संबोधित करते हुए वरिष्ठ केंद्र प्रभारी कल्पना तिवारी ने सभी परिचालकों, चालकों , कर्मचारियों व यात्रियों से यह अपील किया कि वह आगामी लोकसभा चुनाव में मतदान अवश्य करें और लोगों को भी मतदान करने के लिए प्रेरित करें। इस असवर पर स्वीप के नोडल अधिकारी एवं ज़िला विद्यालय निरीक्षक पी. एन. सिंह, प्रभारी स्वीपगण अनुपम परिहार, एकता शुक्ला, डॉ. राकेश पांडेय, शेषनाथ सिंह, तकनीकी सहायक देवेंद्र सिंह के अलवा अशोक राय, दीपक चन्द्र वर्मा, रतन शर्मा इत्यादि उपस्थित रहे। अंत में कल्पना तिवारी के द्वारा उपस्थित लोगों को मतदान करने की शपथ दिलवाई।

### वसुधैव कुटुम्बकम की प्रस्तुति ने दर्शकों का मन मोहा



**प्रयागराज।** संस्कृति मंत्रालय, भारत सरकार एवं राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय, नई दिल्ली के संयुक्त तत्वावधान में वसुधैव कुटुम्बकम नाटक की प्रस्तुति स्वर्ग रंगमण्डल द्वारा उत्तर मध्य क्षेत्र सांस्कृतिक केंद्र के कला भवन में की गई। इस प्रस्तुति का नाट्यालेख ललित प्रकाश ने किया एवं निर्देशन अतुल यदुवंशी का रहा। सभी संस्थाएं एक साथ एक समय पर एक ही स्क्रिप्ट पर अपने अपने कलाकारो और अपनी बोली - भाषा के माध्यम से वसुधैव कुटुम्भकम यानी वन अर्थ वन फैमिली का सफलतापूर्वक संदेश दिया। इस प्रस्तुति में सचिन केसरवानी, शिल्पी यदुवंशी, प्रिया मिश्रा, ऐजाज़ खान, राजेन्द्र कुमार, मनोज कुमार, अशोक कुमार, नीरज अग्रवाल, कृष्णा कुमार मौर्य, अनंन्या मोहिले, प्रेक्षा देशपांडे, आर्यन मोहिले, कामलेश चंद्र, ज्ञानेंद्र गौतम, साहिल केसरवानी, सार्थक सारस्वत, शांता सिंह, राम सूरत, बसंत लाल, रमेश कुमार, दिनेश कुमार का अभिनय सराहनीय रहा। संगीत दिलीप कुमार गुलशन, रोशन पाण्डे, मो0 साजिद, नगीना, गुलाब चंद्र एवं गौरव बजाज का रहा।

### पांडुलिपि जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत शोधार्थियों ने किया पुस्तकालय भ्रमण



**प्रयागराज।** राजकीय पांडुलिपि पुस्तकालय, संस्कृति विभाग,उ0 प्र0,प्रयागराज के संग्रह में संरक्षित विभिन्न विषयों यथा धर्म, दर्शन, काव्य एवं काव्यशास्त्र, आयुर्वेद, ज्योतिष आदि से संबंधित पांडुलिपियों के दर्शन हेतु प्रोफ़ेसर राजेंद्र सिंह (रज्जू भैया) विश्वविद्यालय, प्रयागराज के संस्कृत विभाग में पंजीकृत शोधार्थियों ने अपने-अपने विषय से सम्बन्धित हस्तलिखित ग्रंथों का अवलोकन कर प्रसन्न हुए। पांडुलिपि अधिकारी गुलाम सरवर, सहायक संस्कृत विशेषज्ञ हरिश्चंद्र दुबे तथा राज्य विश्वविद्यालय के सहायक आचार्य प्रवीण दुबे आदि ने पांडुलिपियों के संबंध में विस्तृत जानकारी उपलब्ध कराई। पांडुलिपियों के संरक्षण के विषय में फोरमैन शैलेंद्र यादव ने महत्वपूर्ण विधियों पर प्रकाश डाला तथा मेंडर मो0 शफीक ने हैंडलैमिनेशन कर शोधार्थियों के सम्मुख डेमो प्रस्तुत किया। हर्षित शोधार्थियों ने भी लैमिनेशन की इस विधि को सीखा।

### वित्तीय साक्षरता के ज्ञान से समृद्धि संभव

**जौनपुर।** राजा श्री कृष्ण दत्त पीजी कॉलेज में एक्सिस बैंक और नेशनल इंस्टिट्यूट ऑफ सिक्योरिटीज मार्केट के संयोजन से सेबी के अभियान के तहत वित्तीय साक्षरता पर एक कार्यक्रम प्राचार्य प्रोफेसर शंभू राम की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। प्राचार्य ने बच्चों को प्रेरित किया कि वित्तीय साक्षरता का ज्ञान प्राप्त करके अपने जीवन में कैसे समृद्धि प्राप्त की जा सकती है। कार्यक्रम का संयोजन अर्थशास्त्र विभाग और रसायन शास्त्र विभाग द्वारा किया गया। कार्यक्रम के रिसोर्स पर्सन डॉक्टर चंद्रकेतु सिंह और निधि सिंह ने, वित्तीय साक्षरता पर अनेक बातें बताई , बच्चों को बचत ,निवेश ,डीमैट खाता, म्युचुअल फंड, स्टॉक में निवेश आदि से संबंधित जानकारी विस्तार से दी गई। कार्यक्रम में रसायन शास्त्र के विभागाध्यक्ष डॉक्टर विष्णु मौर्य ने अपने अनुभव के आधार पर शेयर मार्केट के बारे में जानकारी दी।

## भारतीय जनता पार्टी पिछड़ा वर्ग युवा गोष्ठी का आयोजन



**आजमगढ़।** ब्लॉक सभागार में हुई संवाद कार्यक्रम के मुख्य अतिथि गोरखपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय अध्यक्ष शिवनाथ चौधरी विशिष्ट अतिथि गोरखपुर क्षेत्र के क्षेत्रीय उपाध्यक्ष अरविंद जायसवाल जी रहे युवा संवाद को संबोधित करते हुए शिवनाथ चौधरी ने कहा प्रधानमंत्री मोदी जी के पिछले 10 वर्षों के कार्यकाल में भारत के विकास भवन की जो मजबूत नींव रखी है। उसे देखकर जनता को पूरा भरोसा है कि उनके तीसरे और चौथे कार्यकाल में हमारे देश का विकास आसमान की बुलंदियों को छूएगा और इसमें युवाओं का सबसे बड़ा हाथ होगा विशिष्ट अतिथि अरविंद जायसवाल ने कहा जब से मोदी की सरकार केंद्र में आई है देश में परिवारवाद की राजनीति खत्म हुई है। गरीबों को आवास किसानों को सम्मान निधि गरीब जनता को निशुल्क अन्न गरीबों को इलाज करने के लिए 5 लाखं का आयुष्मान कार्ड दिया जा रहा है कार्यक्रम में जिला प्रभारी संतोष चौहान ब्लाक प्रमुख मनीष मिश्रा आनंद गुप्ता चेयरमैन प्रतिनिधि अजय साहनी जय जय राम प्रजापति शिवजीत चौहान राजेश विश्वकर्मा मंडल अध्यक्ष शैलेश चौहान सौदागर भारती सुख्खु भारती पप्पू चौहान हरेंद्र चौहान कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष इंद्रेश चौहान संचालन जिला महामंत्री मिथिलेश चौरसिया ने किया।

# परीक्षा के समय स्वास्थ्य पर ध्यान देने की आवश्यकता

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग के तत्वावधान में परीक्षा पर्व 6.0 के अंतर्गत परीक्षा पे चर्चा कार्यक्रम का आयोजन जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान के सभागार कक्ष में आयोजित किया गया।

कार्यक्रम का उद्घाटन जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर गोरखनाथ पटेल के द्वारा दीप प्रज्वलित करके किया गया, जिसमें विकासखंड करंजाकला, धर्मापुर, नगरक्षेत्र, मड़ियाहूँ, सिकरारा, सिरकोनी एवं मुफ्तीगंज के 100 विद्यालयों के प्रधानाध्यापक एवं उन विद्यालयों से एक-एक का अभिभावकों ने प्रतिभाग किया।

जिला बेसिक शिक्षा अधिकारी डॉक्टर ने कहा कि सभी को एकजुट होकर बच्चों को परीक्षा के दौरान आने वाली समस्याओं पर गौर करते हुए प्राथमिकता के आधार पर निदान करना चाहिए, जिससे बच्चों को तनाव मुक्त पर्यावरण मिले। बच्चों को परीक्षा के समय स्वास्थ्य पर भी विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है और बच्चे भरपूर नींद ले क्यूकि नींद की कमी से बच्चे प्रायः अवसाद ग्रस्त हो जाते है। कार्यक्रम के सफल संचालन मे जिला समन्यवक प्रशिक्षण विशाल कुमार एवं एसआरजी डॉ अखिलेश सिंह, डॉ कमलेश यादव व अजय कुमार मौर्य के साथ-साथ एआरपी राजू ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

# दो दिन बाद चलेगा अतिक्रमण विरोधी अभियान

अवधनामा संवाददाता

**जौनपुर।** नगर पालिका मुंगराबादशाहपुर प्रशासन द्वारा नगर की सड़कों की पटरियों पर किए गए अवैध रूप से अतिक्रमण को शीघ्र हटाने हेतु मगंलवार को सूचना जारी कर दिया गया। साथ ही ध्वनि विस्तारक यंत्र से लोगों से अतिक्रमण हटाने की अपील भी की गई है। नगर पालिका परिषद के अधिशाषी अधिकारी अखिलेश तिवारी ने बताया कि बीते दिनों एसडीएम मछलीशहर की अध्यक्षता में हुई बैठक के अनुपालन में प्राइवेट वाहनों को खड़ा करने के लिए निर्धारित स्थानों पर बने स्टैंड पर बोर्ड लगवाया गया लेकिन अभी तक कई प्राइवेट वाहन चालकों ने अपने वाहन वहा न खड़ा कर नगर के प्रमुख तिराहे, प्रयागराज , प्रतापगढ के साथ ही जौनपुर मार्गो पर जाम के वाहक बने हुए हैं। जो प्राइवेट वाहन निर्धारित वाहन स्टैंड पर वाहन न खड़ा कर नगर के विभिन्न मार्गो पर खड़ा किए मिलेंगे उनसे भी नगर पालिका प्रशासन जुर्माना वसूलेगा। मगंलवार को ध्वनि विस्तारक यंत्र से नगरवासियों को सूचित किया गया है कि नगर के विभिन्न मार्गो की सड़कों की पटरियों पर अवैध रूप से किए गए कब्जे को संबंधित दुकान मालिक अविलंब एक दो दिन के अंदर हटा ले अन्यथा उसे नगर पालिका प्रशासन द्वारा पुलिस बल की मदद से बल पूर्वक हटावाया जाएगा। जिसे हटाने में जो भी खर्च आएगा उसे भी संबंधित दुकान मालिक द्वारा बतौर जुर्माना वसूला जाएगा।

## दूसरों की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं

अवधनामा संवाददाता



**जौनपुर।** तिलकधारी स्नातकोत्तर महाविद्यालय के परिसर में राष्ट्रीय सेवा योजना अंतर्गत शिविर का आयोजन किया गया। अध्यक्षता प्रो आलोक कुमार सिंह ने किया। कार्यक्रम में प्राचार्यजी ने कहा कि हमें से अनुशासित रहते हुए समाज और देश की सेवा के लिए सदैव तत्पर रखना चाहिए और अपने आस पास साफ सफाई का विशेष ध्यान दें ,दूसरों की सहायता के लिए सदैव तैयार रहें और राष्ट्रीय सेवा योजना के माध्यम से परहित की भावना के साथ राष्ट्र के विकास में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। वरिष्ठ कार्यक्रम अधिकारी डॉ0 विपिन कुमार सिंह ने राष्ट्रीय सेवा योजना के उद्देश्य 'स्वयं से पहले दूसरे की सेवा भावना से कार्य' पर प्रकाश डाला और कहा कि दूसरों की सेवा से बड़ा कोई धर्म नहीं है। कार्यक्रम अधिकारी डॉ माया सिंह ने छै के प्रत्येक चिन्ह के महत्व के बारे में शिविरार्थियों को बताया। कार्यक्रम में डॉ0 जितेश सिंह , डॉ0 विजय लक्ष्मी , डॉ आशा रानी और डॉ प्रशांत ने भी अपने विचार रखे। छात्र छात्राओं ने विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रम् प्रस्तुत किए और इसके बाद शिविरार्थियों द्वारा प्लास्टिक मुक्त परिसर की शपथ लिया गया और परिसर की साफ सफाई की गयी। संचालन डॉ बाल मुकुंद सेठ ने किया।

# अहमद होम्योपैथिक मल्टी स्पेशलिटी हेल्थकेयर के तत्वावधान में निशुल्क मेडिकल कैंप का आयोजन

अवधनामा संवाददाता



**फरिहा,आजमगढ़।** अहमद होम्योपैथिक मल्टी स्पेशलिटी हेल्थकेयर के तत्वावधान में आज फूलपुर डॉ. सुहेल अहमद आजमी होम्योपैथिक क्लीनिक पर निशुल्क चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। प्रातः 10 बजे आयोजित इस चिकित्सा शिविर का उद्घाटन मौलाना मतीउल्लाह मसूद कासमी ने फीता काट कर किया। उन्हों ने कहा मानव सेवा सबसे बड़ा धर्म है। उन्होंने कहा यह बहुत पुण्य कार्य है। इस प्रकार का आयोजन होते रहना चाहिए, ताकि गरीबों का उत्थान हो सके। डाक्टर अदील सुहेल आजमी ने बताया कि शिविर में कुल 371 मरीजों की जांच कर 15 दिन की मुफ्त दवा प्रदान की गई। शिविर में होम्योपैथी के प्रसिद्ध डॉक्टर अदील सुहैल आजमी के नेतृत्व में डाक्टरों की टीम में पीके राय , डाक्टर अहसन सुहैल , डाक्टर फरहान खान ने सेवा प्रदान की। जबकि ब्लड जांच सीएस भारती, लाइफ केयर की ओर से तल्हा अंसारी, वकार फैज आदि का विशेष सहयोग रहा। डॉक्टर अदील सुहैल आजमी ने कहा उनके वालिद का यह सपना था कि गरीबों को निशुल्क चिकित्सकीय परामर्श प्राप्त हो। इसे दृष्टिगत रखते हुए उन्होंने उपरोक्त चिकित्सा शिविर का आयोजन किया ताकि क्षेत्र के जरूरतमंदों की सेवा की जा सके उन्होंने कहा कि उन्हें जो प्रसन्नता का अनुभव आज हो रहा है इससे पूर्व कभी नहीं हुआ उनकी यह ख्वाहिश है कि उनके हाथ से लोगों को बेहतर उपचार हासिल हो सके और वह लाभान्वित हो सकें। इस अवसर पर नसीम अहमद, आलोक कुमार, लाल मोहम्मद, अब्बास, इसरार अहमद, सेराज अहमद, जुबैर अहमद, आर पी सिंह , आर हुसैन आदि मौजूद रहें।

## एप के माध्यम से अवैध ऋण का प्रसार रोकने के लिए नियामक और कदम उठाएं, वित्त मंत्री का निर्देश

**नई दिल्ली।** वित्तीय स्थिरता व विकास परिषद (एफएसडीसी) की 28वीं बैठक को संबोधित करते हुए सीतारमण ने नियामकों से सर्तक रहने को कहा है। उन्होंने कहा है कि घरेलू और वैश्विक वित्तीय स्थिति को देखते हुए वित्तीय स्थिरता के जोखिम का पता लगाने सक्रिय रहना जरूरी है।



ऑनलाइन एप के माध्यम से अनधिकृत (अवैध) ऋण के प्रसार को रोकने के लिए सरकार ने वित्तीय क्षेत्र के नियामकों से और उपाय करने को कहा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने बुधवार को भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) समेत वित्तीय क्षेत्र के नियामकों से कहा है कि एप के जरिए गलत तरीके से दिए जा रहे ऋणों का प्रसार रोकने के लिए अतरिक्त कदम उठाए जाएं। वित्तीय स्थिरता व विकास परिषद (एफएसडीसी) की 28वीं बैठक को संबोधित करते हुए सीतारमण ने नियामकों से सर्तक रहने को कहा है। उन्होंने कहा है कि घरेलू और वैश्विक वित्तीय स्थिति को देखते हुए वित्तीय स्थिरता के जोखिम का पता लगाने सक्रिय रहना जरूरी है।

बैठक के बाद एक आधिकारिक बयान में कहा गया कि एफएसडीसी ने वृहद वित्तीय स्थिरता और उससे निपटने के लिए भारत की तैयारियों से जुड़े मुद्दों पर विचार-विमर्श किया। दुनिया के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय वित्तीय केंद्रों में से एक बनने और घरेलू अर्थव्यवस्था के लिए विदेशी पूंजी और वित्तीय सेवाओं की सुविधा मुहैया कराने के उद्देश्य से गिफ्ट आईएफएससी को मदद देने से जुड़े मुद्दों पर भी चर्चा की गई। एफएसडीसी ने अपने फैसलों और केंद्रीय बजट घोषणाओं को लागू करने के लिए रणनीति तैयार करने से संबंधित विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की।

इनमें समान केवाईसी मानदंडों को निर्धारित करना, वित्तीय क्षेत्र में केवाईसी रिकॉर्ड की अंतर-उपयोगिता और केवाईसी प्रक्रिया का सरलीकरण और डिजिटलीकरण; सोशल स्टॉक एक्सचेंजों के माध्यम से सामाजिक उद्यमों द्वारा धन जुटाने की शुरुआत करना और ऑनलाइन एप के जरिए अनधिकृत ऋण देने के हानिकारक प्रभावों को रोकना और उनके प्रसार को रोकने से जुड़े मुद्दे शामिल रहे।

## उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने दिखाई लोटस टीएमटी मेडिकल बस को हरी झंडी

### ग्रामीण इलाको में स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाने के उद्देश्य से लोटस टीएमटी मेडिकल बस का हुआ शुभारंभ

**लखनऊ।** ग्रामीण भारत में किसी भी समय और कहीं भी चिकित्सकीय सहायता पहुंचाने के उद्देश्य से लोटस टीएमटी मेडिकल बस का उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक, उत्तर प्रदेश सरकार के द्वारा शुभारंभ किया गया। बीडीजी रमेश गोयल सेवा संस्थान ने भारत की इस सबसे बड़ी हॉस्पिटल ऑन व्हील्स सेवा को लॉन्च किया है। 32 फीट लंबी लोटस टीएमटी मेडिकल बस बीडीजी मेटल एंड पावर लिमिटेड द्वारा प्रायोजित है और इसे आनंदलोक अस्पताल, कोलकाता द्वारा चिकित्सा सहायता प्रदान की जाती है। यह विशेष रूप से दूरदराज, कठिन और पहुंच से वंचित क्षेत्रों में रहने वाले लोगों तक सार्वजनिक स्वास्थ्य देखभाल की पहुंच को सुविधाजनक बनाने की एक महत्वपूर्ण रणनीति है। इस रणनीति का उद्देश्य स्वास्थ्य सेवा को विशेष रूप से ग्रामीण, कमजोर और कम सेवा वाले क्षेत्रों में रहने वाली आबादी के दरवाजे तक ले जाना है। पिछले 18 महीनों में इस मेडिकल बस ने लगभग 23




हजार किलोमीटर की यात्रा करते हुए 400 शिविरों में लगभग 56,000 मरीजों तक स्वास्थ्य सेवाएं पहुंचाई हैं।

इस अवसर पर ब्रजेश पाठक, उत्तर प्रदेश सरकार में उपमुख्यमंत्री और चिकित्सा शिक्षा, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री, धीरज ओझा पूर्व विधायक, अनुप सिंह समाजसेवी जरियारी, सुमित भट्ट, बीडीजी समूह के निदेशक, राजीव कुमार मिश्रा, संयोजक - बीडीजी आरजीएसएस, विजय सिंह एरिया मैनेजर बी.डी.जी.ग्रुप उत्तरप्रदेश और कई अन्य गणमान्य अतिथियों की गरिमामयी उपस्थिति रही।

इस अवसर पर उपमुख्यमंत्री बृजेश पाठक जी ने लोटस टीएमटी मेडिकल बस की भूरी-भूरी प्रशंसा करते हुए कहा कि इससे ग्रामीण क्षेत्रों के लोगों को काफी लाभ मिलेगा उक्त मेडिकल बस के द्वारा नेत्र परीक्षण एवं चिकित्सा, दन्त परीक्षण एवं चिकित्सा, पैथोलॉजी प्रयोगशाला, सामान्य चिकित्सा, इलेक्ट्रो काडियोग्राफी, एक्सरे सहित कई सुविधाएँ रोगियों के लिए वरदान साबित होगी।

इस 32 फीट लंबी मेडिकल बस के अंदर महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाएँ हैं, जैसे आँखों की जाँच और उपचार, दाँतों की जाँच और उपचार और एक सामान्य क्लिनिक। इसमें परीक्षण, एक्स-रे और ईसीजी सुविधाओं के लिए एक प्रयोगशाला भी है। साथ ही, यह लोगों की मदद के लिए कई अन्य स्वास्थ्य सेवाएं भी प्रदान करता है।

इस बस की सेवाएँ लगभग मुफ़्त हैं, प्रति सेवा मात्र 10 रुपये का टोकन दान के रूप में लिया जाता है। इस राशि का उपयोग उन लोगों को मुफ्त चिकित्सा सहायता प्रदान करने में किया जाता है, जो इलाज का खर्च नहीं उठा सकते हैं।

### छह दिन बाद फिसला शेयर बाजार, सेंसेक्स 434 अंक टूटा

**नई दिल्ली।** लगातार छह दिन की बढ़त के बाद बुधवार को घरेलू शेयर बाजार लाल निशान पर बंद हुआ। हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज का सेंसेक्स 434.31 (0.59%) अंक टूटकर बंद हुआ। वहीं दूसरी ओर, नेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी 141.91 (0.64%) अंक टूटकर 22055 पर बंद हुआ। हफ्ते के तीसरे कारोबारी दिन बाजार में गिरावट अमेरिका में ब्याज दरों में कटौती पर गहरा रही अनिश्चितता और आईटी व एनर्जी सेक्टर में कमजोरी के कारण आई। मेटल, पीएसयू बैंक और रियल्टी सेक्टर को छोड़कर सभी प्रमुख सेक्टोरल इंडेक्स लाल निशान पर बंद हुए। एनटीपीसी, पावर ग्रिड और विप्रो सेंसेक्स के टॉप लूजर्स रहे और इनमें दो प्रतिशत से अधिक की गिरावट आई। एचसीएल टेक, एलएंडटी और टेक महिंद्रा के शेयर भी टूटकर बंद हुआ। दूसरी ओर, टाटा स्टील, एसबीआई, इंडसइंड बैंक और जेएसडब्ल्यू के शेयर हरे निशान पर बंद हुए।

## जून की एमपीसी बैठक में आरबीआई कर सकता है रेपो रेट में कटौती की शुरुआत

**नई दिल्ली।** आरबीआई आमतौर पर एक वित्तीय वर्ष में छह द्विमासिक बैठकें आयोजित करता है। इस दौरान ब्याज दरों, मुद्रा आपूर्ति, मुद्रास्फीति दृष्टिकोण और विभिन्न व्यापक आर्थिक संकेतकों पर विचार-विमर्श किया जाता है। मॉर्गन स्टेनली को उम्मीद है कि भारतीय रिजर्व बैंक जून 2024 से दरों में कटौती शुरू कर देगा इस दौरान खुदरा और थोक मुद्रास्फीति दोनों के आंकड़े प्रबंधनीय स्तर पर बने रहेंगे। आरबीआई की मौद्रिक नीति समिति ने फरवरी में अपनी समीक्षा बैठक में सर्वसम्मति से नीतिगत रेपो दर को 6.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित रखने का निर्णय लिया है और लगातार छठी बार यथास्थिति बनाए रखा है। रेपो रेट वह ब्याज दर होती है जिस पर आरबीआई अन्य बैंकों को कर्ज देता है।आरबीआई आमतौर पर एक वित्तीय वर्ष में छह द्विमासिक बैठकें आयोजित करता है। इस दौरान ब्याज दरों, मुद्रा आपूर्ति, मुद्रास्फीति दृष्टिकोण और विभिन्न व्यापक आर्थिक संकेतकों पर विचार-विमर्श किया जाता है। प्रमुख निवेश बैंकर मॉर्गन स्टेनली ने उपासना छाचरा और बानी गंभीर की ओर से लिखित एक रिपोर्ट इंडिया इकोनॉमिक्स- मैक्रो इंडिकेटर्स चार्टबुक स्ट्रेंथ इन ग्रोथ, स्टेबिलिटी इन मैक्रो-फंडामेंटल्स में कहा है कि आरबीआई जून 2024 से रेपो रेट में 50 आधार अंकों की कटौती की शुरुआत कर सकता है। रिपोर्ट में कहा गया है,... हम उम्मीद से अधिक मजबूत ऋण वृद्धि को लेकर सतर्क बने हुए हैं, रेपो रेट में कटौती की शुरुआत होने में देरी कर सकता है।

खुदरा मुद्रास्फीति की दर जनवरी में तीन महीने के न्यूनतम स्तर 5.1% पर आ गई, जो दिसम्बर में 5.7% पर थी। थोक मुद्रास्फीति जनवरी में सालाना आधार पर 0.3% तक कम हो गई, जो पिछले महीने में 0.7% थी। हालांकि भारत में खुदरा मुद्रास्फीति रिजर्व बैंक के लक्ष्य 2 से 6 प्रतिशत के बीच है।

## धर्मेंद्र प्रधान ने भारत के पहले स्किल इंडिया सेंटर का उद्घाटन किया

**■ केंद्रीय शिक्षा एवं कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा, प्रधानमंत्री, नरेंद्र मोदी के युवाओं को नए युग के कौशल के साथ सशक्त बनाने के विज़न के साथ, ओडिशा के पहले स्किल इंडिया सेंटर का संबलपुर में उद्घाटन किया गया है।**




**ओडिशा।** केंद्रीय शिक्षा एवं कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने आज कहा कि भारत को 21वीं सदी में अपनी विकास यात्रा को आगे बढ़ाने के लिए कुशल और सक्षम कार्यबल की आवश्यकता है। न्यू-एज और भविष्य के कौशल, दुनिया के मार्केट में काफी अधिक कीमत पर उपलब्ध हैं और इसे महसूस करते हुए, हम गुणवत्तापूर्ण शिक्षा की पहुंच को जन-जन तक पहुँचाने और महत्वाकांक्षी युवाओं के लिए समान अवसर स्थापित करने का प्रयास कर रहे हैं। केंद्र में कम लागत वाले कोर्स की शुरूआत बड़े पैमाने पर युवाओं को सशक्त बनाएगी और उन्हें उभरते जॉब मार्केट का हिस्सा बनाएगी।

आज ओडिशा के संबलपुर में भारत के पहले स्किल इंडिया सेन्टर (एसआईसी) के उद्घाटन पर युवाओं को संबोधित करते हुए, केन्द्रीय मंत्री ने कहा कि नए युग के जॉब रोल में स्किल ट्रेनिंग प्रोग्रामों का नेतृत्व करके, हम मांग संचालित उद्योगों में अमृत पीढ़ी के स्किल सेट को अपग्रेड करेंगे और हमारा लक्ष्य इस सेन्टर के माध्यम से 1200 से अधिक छात्रों को सशक्त बनाना है। इस लॉन्च पर बोलते हुए, केंद्रीय शिक्षा एवं कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा, प्रधानमंत्री, नरेंद्र मोदी के युवाओं को नए युग के कौशल के साथ सशक्त बनाने के विज़न के साथ, ओडिशा के पहले स्किल इंडिया सेंटर का संबलपुर में उद्घाटन किया गया है। स्किल इंडिया सेंटर युवा आबादी के एक बड़े हिस्से को मांग-संचालित व्यापारों में रोजगार योग्य कौशल से लैस करेगा, इन्डस्ट्री के लिए तैयार वर्कफोर्स तैयार करेगा, उद्यमिता को प्रोत्साहित करेगा और स्किलिंग ईकोसिस्टम को मजबूत करेगा। यह समृद्धि को बढ़ाने वाला होगा।

यह पहल मीडिया एंड इंटरटेनमेन्ट, लेदर, टूरिज़्म एंड हॉस्पिटैलिटी, और आईटी-आईटीईएस जैसे उच्च मांग वाले व्यवसायों में युवा शक्ति की क्षमताओं और ज्ञान का निर्माण करने के लिए डिज़ाइन की गई है। इसके अलावा, कौशल विकास और उद्यमशीलता मंत्रालय (एमएसडीई) के सचिव श्री अतुल कुमार तिवारी और एनएसडीसी के सीईओ एवं एनएसडीसी इंटरनेशनल के एमडी श्री वेद मणि तिवारी ने कार्यक्रम को संबोधित किया।

यह पहल एक अनुकूल लर्निंग का वातावरण बनाने की दिशा में एक प्रगतिशील कदम है जो क्लासरूम और वर्क-बेस्ड लर्निंग के अनूठे मेल के माध्यम से युवाओं को इन्डस्ट्री-स्पेसिफिक स्किल के साथ सशक्त बनाता है। यह सेन्टर बेस्ट-इन-क्लास इन्फ्रास्ट्रक्चर, अत्याधुनिक टेक्नोलॉजी और माडर्न फैसिलिटी से सुसज्जित है जो फॉर्मल स्किल की मांग को बढ़ाएगा और युवाओं को संबंधित क्षेत्रों में सफल होने के लिए आवश्यक कौशल हासिल करने में सक्षम बनाने में बढ़ावा देने का काम करेगा। विकास को आगे बढ़ाने के लिए, ग्रामीण विकास को गति देने, स्थानीय उद्यमिता को बढ़ावा देने और सामाजिक-आर्थिक विकास को बढ़ावा देने के लिए डेमोग्राफिक डिविडेन्ड की क्षमता का उपयोग करने के लिए पूरे सहयोग के साथ प्रयास किए जा रहे हैं।

### वित्तीय क्षेत्र में होने वाली गड़बड़ियों पर बोले उदय कोटक

नियामक बहुत रूढ़िवादी न हों,

**नई दिल्ली।** कोटक महिंद्रा बैंक के संस्थापक निदेशक उदय कोटक ने ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन की ओर से नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा कि हमारे यहां कुछ गड़बड़ियां हो सकती हैं, लेकिन महत्वपूर्ण यह है कि हम कितनी तेजी से प्रतिक्रिया करते हैं और गड़बड़ियों को ठीक करते हैं।

पेटीएम पेमेंट्स बैंक पर हुई आरबीआई की कार्रवाई के बीच वरिष्ठ बैंकर उदय कोटक ने वित्तीय क्षेत्र में होने वाली गड़बड़ियों पर नियामकों से त्वरित कार्रवाई करने की अपील की है। कोटक ने बुधवार को कहा कि नियामकों को बहुत रूढ़िवादी और या बहुत ज्यादा सतर्क नहीं होना चाहिए बल्कि वित्तीय क्षेत्र में होने वाली दुर्घटनाओं से निपटने में तेजी लानी चाहिए। उन्होंने कहा कि जीरो एक्सीडेंट पॉलिसी भी खतरनाक है। यदि आप तेजी से बढ़ना चाहते हैं, तो अच्छे नियमों की आवश्यकता होगी।

कोटक महिंद्रा बैंक के संस्थापक निदेशक उदय कोटक ने एआईएमए (ऑल इंडिया मैनेजमेंट एसोसिएशन) की ओर से नई दिल्ली में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, हमारे यहां कुछ गड़बड़ियां हो सकती हैं, लेकिन महत्वपूर्ण यह है कि हम कितनी तेजी से प्रतिक्रिया करते हैं और गड़बड़ियों को ठीक करते हैं।÷ उन्होंने कहा कि अतीत को देखते हुए नियामकों को बहुत रूढ़िवादी या सतर्क नहीं होना चाहिए, बल्कि एक बेहतर नियामकीय वातावरण बनाया जाना चाहिए।

पेटीएम पेमेंट बैंक लिमिटेड (पीपीबीएल) के मामले पर कोटक ने कहा कि वह किसी एक कंपनी पर टिप्पणी नहीं करना चाहते, लेकिन आरबीआई आपसे और मुझसे ज्यादा जानता है। वन97 कम्युनिकेशंस लिमिटेड के स्वामित्व वाले पेटीएम पेमेंट्स बैंक लिमिटेड पर ग्राहक को जानो (केवाईसी) दिशानिर्देशों सहित कई अन्य नियमों का पालन करने में विफल रहने के लिए आरबीआई ने कार्रवाई की है। रिजर्व बैंक ने पिछले सप्ताह पीपीबीएल के ग्राहकों और व्यापारियों को सलाह दी थी कि वे अपने खाते 15 मार्च तक अन्य बैंकों में स्थानांतरित कर लें।

## भारत के ऑटोमोटिव उद्योग ने ईवी और कनेक्टेड टेक्नोलॉजीज़ के मिलन के साथ गियर बदला

**नई दिल्ली।** कनेक्ट वर्ल्डवाइड बिजनेस मीडिया द्वारा आयोजित दि ईवी एंड कनेक्टेड मोबिलिटी इन्नोवेशन फोरम में स्मार्ट मोबिलिटी सॉल्यूशंस के साथ भारत के वाहन उद्योग में क्रांति लाने की दिशा में कनेक्टेड वीकल्स एवं ईवी की भूमिका रेखांकित की। उद्योग जगत के प्रमुख दिग्गजों और भागीदारों ने भारत में वाहन उद्योग की भावी रूपरेखा पर चर्चा करने के लिए इस आयोजन में हिस्सा लिया। भारत में मोबिलिटी के लिए वृद्धि के अगले चरण को कनेक्टेड वीकल्स, स्वायत्त ड्राइविंग, इलेक्ट्रिक एवं साझा आवागमन आदि से गति मिलेगी जिन्हें इस फोरम के दौरान रेखांकित किया गया।



भारत के विश्व का पांचवा सबसे बड़ा कार बाजार के तौर पर उभरने के साथ हाल ही में पीडब्लूसी की रिपोर्ट के मुताबिक, आने वाले वर्षों में भारत के शीर्ष तीन बाजारों में शामिल होने की संभावना है। पीडब्लूसी के मुताबिक, भारत सरकार स्थानीय ईवी विनिर्माण पारितंत्र के सृजन में ऑटोमोटिव पीएलआई, फेम2 और एसीसी बैटरीज़ स्कीम सहित नीतियों के जरिए इलेक्ट्रिक वाहन पेश करने की दिशा में बढ़ रही है। इस ईवी एंड कनेक्टेड मोबिलिटी इन्नोवेशन फोरम में मोबिलिटी के भविष्य को आकार देने और भारत में स्मार्ट वाहन पारितंत्र को गति देने के लिए रूपरेखा पर चर्चा के लिए उद्योग जगत के लोगों को साथ लाने पर जोर दिया गया। इस फोरम में सैकड़ों अग्रणी ईवी एंटरप्राइसेस, ओईएम एवं ओडीएम, वाहन कंपनियों, इलेक्ट्रानिक्स एवं सेंसर्स और स्मार्ट डिवाइस इन्फोटेनमेंट विनिर्माताओं, निवेशकों और वाहन क्षेत्र के नेतृत्वकर्ताओं ने देशभस से प्रतिभाग किया।

मीडियाटेक इंडिया के उप निदेशक (मार्केटिंग एवं कॉरपोरेट कम्युनिकेशंस) अनुज सिद्धार्थ ने कहा, ऑटोनोमस ड्राइविंग में प्रौद्योगिकी उन्नयन के साथ एआई कनेक्टिविटी को गति दे रहा है और एक ऐसे भविष्य का निर्माण कर रहा है जहां मोबिलिटी कहीं अधिक एक दूसरे से जुड़ी है। मीडियाटेक में हम हमारे मीडियाटेक डायमेन्सिटी ऑटो प्लेटफॉर्म सॉल्यूशंस के जरिए स्मार्ट वाहन टेक्नोलॉजी में नवप्रवर्तन को गति दे रहे हैं। इसे इंटेलिजेंट और हमेशा जुड़े रहने वाले वाहनों के भविष्य के लिए आवश्यक कई अग्रणी प्रौद्योगिकियां उपलब्ध कराने के लिए डिजाइन किया गया है जो यूजर के अनुभव में क्रांति ला देगा। हम सालाना दो अरब से अधिक डिवाइस को ताकत प्रदान करते हैं और हमारा लक्ष्य प्रभावी विभिन्न कार्यो के लिए उच्च निष्पादन वाले कंप्यूटिंग उपलब्ध कराने के लिए विभिन्न टेक्नोलॉजी वर्गो में दशकों की विशेषज्ञता का उपयोग करना है क्योंकि हम अधिक सहज, तल्लीनता भरे, सुरक्षित और आरामदायक ड्राइविंग अनुभव का सृजन करने के लिए विश्व के शीर्ष वाहन ब्रांडों के साथ गठबंधन करते हैं।

## टियर-3 शहरों में मासिक प्रीमियम भुगतान करने वाले ग्राहकों की संख्या अधिक

**लखनऊ।** पॉलिसीबाज़ार द्वारा किए गए सर्वे में लोगों के हेल्थ इंश्योरेंस के भुगतान करने के तरीकों में काफी बदलाव नजर आया है। सर्वे के आंकड़ों से पता चलता है कि अधिकतर लोग अपने हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम का भुगतान सलाना करने की बजाय हर महीने या हर तीन महीने में करना पसंद कर रहे हैं। मासिक और हर तीन महीने में प्रीमियम का भुगतान करन वाले ग्राहकों की संख्या में चार गुना वृद्धि देखी गई है, जो एक बड़े बदलाव को दर्शाता है, खासकर टियर -3 शहरों में जहां लोगों को वित्तीय परेशानियों का अधिक सामना करना पड़ता है। सर्वे के आंकड़ों के अनुसार, 26 से 35 वर्ष की आयु के 33त्न युवा वेतनभोगी पहली बार हेल्थ इंश्योरेंस खरीदते समय मासिक भुगतान मोड का विकल्प चुन रहे हैं। इस बदलाव को कई व्यक्तियों के सामने आने वाली वित्तीय बाधाओं को दूर करने और एकमुश्त भुगतान के बोझ को कम करने के लिए एक रणनीतिक कदम के रूप में देखा जा रहा है। 80 प्रतिशत पुरुष ग्राहक मासिक प्रीमियम भुगतान के विकल्प को पसंद करते हैं, जबकि उनकी तुलना में केवल 20 प्रतिशत महिला ग्राहक मासिक प्रीमियम का विकल्प लेना पसंद करती हैं।

यह प्रवृत्ति टियर-3 शहरों में सबसे अधिक स्पष्ट है, जहां 44 प्रतिशत व्यक्ति मासिक भुगतान का विकल्प चुन रहे हैं, टियर-2 शहरों में यह आंकड़ा 31 प्रतिशत इसके अलावा टियर-1 और मेट्रो शहरों में यह आंकड़ा 23 प्रतिशत हैं। यह असमानता बताती है कि टियर-3 शहरों में, किस्त विकल्प को विशेष रूप से सुविधाजनक माना जाता है, जिससे ग्राहक अनुचित वित्तीय परेशानी का सामना किए बिना हेल्थ इंश्योरेंस प्रीमियम का भुगतान आसानी से कर सकते है।

महामारी के बाद की दुनिया ने हेल्थ इंश्योरेंस को लेकर जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। परिणामस्वरूप, अधिक खरीदार मासिक भुगतान सुविधाओं का विकल्प चुन रहे हैं, साथ ही लोग अक्सर 1 करोड़ रुपये की बीमा राशि का चयन कर रहे हैं। यह उनके स्वास्थ्य कवरेज के महत्व की बढ़ती समझ का दर्शाता है।

भले ही बीमा कंपनियां मासिक या त्रैमासिक भुगतान के लिए थोड़ा अधिक (लगभग 3-4%) शुल्क लेती हैं, लेकिन इसमें अच्छी बात यह है कि यह लोगों को पॉलिसी के सभी लाभों को बरकरार रखते हुए प्रीमियम भुगतान के मामले में अधिक फ्लेक्सिबिलिटी प्रदान करती है। भुगतान प्राथमिकताओं में यह बदलाव हेल्थ इंश्योरेंस क्षेत्र में बदलते परिदृश्य का संकेत देता है, जिसमें ग्राहक उभरती आर्थिक परिस्थितियों के सामने सामर्थ्य और फ्लेक्सिबिलिटी को प्राथमिकता दे रहे हैं।

### सोने में 150 रुपये की तेजी आई, चांदी 100 रुपये उछली

**नई दिल्ली।** दिल्ली सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 150 रुपये की तेजी के साथ 62,850 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। इस दौरान चांदी भी 100 रुपये की तेजी के साथ 75,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर के भाव पर पहुंच गई। मजबूत वैश्विक संकेतों के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में बुधवार को सोने का भाव 150 रुपये की तेजी के साथ 62,850 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गया। इससे पिछले कारोबारी सत्र में सोना 62,700 रुपये प्रति 10 ग्राम पर बंद हुआ था। इस दौरान चांदी भी 100 रुपये की तेजी के साथ 75,700 रुपये प्रति किलोग्राम पर के भाव पर पहुंच गई। पिछले कारोबारी सत्र में चांदी 75,600 रुपये प्रति किलोग्राम पर बंद हुई थी। एचडीएफसी सिक्योरिटीज के वरिष्ठ विश्लेषक (जिंस) सौमिल गांधी ने कहा, विदेशी बाजारों में तेजी के रुख के बीच दिल्ली सर्राफा बाजार में 24 कैरेट सोने की हाजिर कीमत में 150 रुपये की तेजी आई और यह 62,850 रुपये के भाव पर पहुंच गया।

### 23 फरवरी को लखनऊ में भारत के प्रमुख बहु-क्षेत्रीय खेल पुरस्कार TOISA 2024, का आयोजन

**लखनऊ।** लखनऊ में बहुप्रतीक्षित टाइम्स ऑफ इंडिया स्पोर्ट्स अवार्ड्स 2024 देश के खेल नायकों को सम्मानित करने के लिए तैयार है औरइसे लेकर उत्साह बढ़ता जा रहा है। बहु-विषयक खेल पुरस्कारों के लिए भारत की पहली लोकप्रिय पसंद, उत्सव और मान्यता की खुशनुमा शाम के लिए खेल जगत, सरकारी अधिकारियों और मनोरंजन जगत के दिग्गजों को एक साथ लाने के लिए पूरी तरह तैयार है। टाइम्स ऑफ इंडिया समूह द्वारा एक राष्ट्रीय सामाजिक जिम्मेदारी के रूप में 2015 में स्थापित, TOISA भारत में खेल प्रतिभाओं को पहचानने और प्रेरित करने काएक प्रकाशस्तंभ बन गया है। पांच शानदार संस्करणों की विरासत के साथ, TOISA 2024, 22 खेल क्षेत्रों में उत्कृष्टता का एक भव्य उत्सव है। प्रतिष्ठित गुरुओं की परंपरा को जारी रखते हुए, TOISA 2024 की इस शाम के लिए श्री महेश भूपति को मेन्टर के रूप में पाकर सम्मानित महसूस हो रहा है। खेलों को बढ़ावा देने की उनकी प्रतिबद्धता TOISA जनादेश के साथ सहजता से मेल खाती है, और उनकी उपस्थिति इस वर्ष के संस्करण को अनूठा बनाती है।

TOISA
TIMES OF INDIA SPORTS AWARDS
Powered by

अतीत में, कार्ल लुईस, नादिया कोमनेसी और पी. गोपीचंद सहित दिग्गज खेल हस्तियों ने TOISA की शोभा बढ़ाई है। इस वर्ष, परंपरा को जारी रखते हुए, यह कार्यक्रम साइना नेहवाल, महेश भूपति, मैरी कॉम, अंजू बॉबी जॉर्ज और कई अन्य प्रतिष्ठित हस्तियों की मेजबानी करने के लिए तैयार है।

सितारों से सजी अतिथि सूची में विभिन्न खेलों के दिग्गज शामिल हैं, जो चकाचौंध, ग्लैमर और शानदार सम्मान से भरी शाम का वादा करते हैं। मीराबाई चानू, गगन नारंग, रानी रामपाल और अन्य जैसे एथलीटों की मौजूदगी की उम्मीद है, जिससे उत्सव और सौहार्द का माहौल बनेगा।

## इंडिया का पहला एक्शन स्पोर्ट्स ड्रामा क्रैक जीतेगा तो जिएगा का ट्रेलर रिलीज

**नई दिल्ली।** धड़कनें बढ़ा देने वाले टीज़र और गानों ने दर्शकों के बीच उत्साह पैदा कर दिया था, जिसके बाद प्रशंसक क्रैक जीतेगा तो जिएगा की बहुप्रतीक्षित ट्रेलर का बेसब्री से इंतजार कर रहे थे। देश के एक्शन सुपरस्टार विद्युत जामवाल ने पावरहाउस एक्टर्स के साथ आज इसका ट्रेलर लॉन्च किया।

फिल्म निर्माता आदित्य दत्त द्वारा निर्देशित इस फिल्म में विद्युत जामवाल, अर्जुन रामपाल, नोरा फतेही और एमी जैक्सन जैसे सितारे प्रमुख भूमिकाओं में हैं। यह फिल्म ज़बरदस्त एक्शन, रोमांच और विभिन्न स्पोर्ट्स स्टंट पेश करती है, जो भारत का पहला एक्शन स्पोर्ट्स ड्रामा बन गया है। एक शैली के रूप में यह फिल्म एक्शन स्पोर्ट्स ड्रामा के लिए एक नया मील का पत्थर साबित होगी। शानदार प्रोडक्शन वैल्यू के साथ आपको 23 फरवरी को अपने नजदीकी सिनेमाघरों में यह फिल्म देखने का मौक़ा मिलेगा।




अभिनेता ने ट्रेलर लॉन्च पर क्रैक थीम पर आधारित एक गेम लॉन्च भी किया। फिल्म के बारे में बोलते हुए अभिनेता-निर्माता विद्युत जामवाल ने कहा कि, क्रैक के साथ, मेरा विजन भारतीय सिनेमा में सबसे बड़ी स्पोर्ट्स एक्शन थ्रिलर पेश करना था। मैं उस असाधारण टीम का आभारी हूं जिसने इस सपने को हकीकत में बदल दिया।

हमने जो रोमांच से भरपूर विजुअल्स तैयार किया है, उसका उद्देश्य दर्शकों को मोहित करना है, जिससे वे उत्सुकता से इस फिल्म का और अधिक मजा ले सकें। निर्देशक आदित्य दत्त ने कहा, क्रैक विद्युत के साथ मेरी दूसरी फिल्म है और इस बार मेरे साथ अर्जुन भी हैं। जब आपके पास अर्जुन रामपाल और विद्युत जामवाल हैं, जो रीयल लाइफ और रील लाइफ दोनों में मर्दानगी के प्रतीक हैं। एक फिल्म निर्माता के रूप में यह एक अद्भुत एक्शन कॉम्बो है। उनका विस्फोटक और गुस्से से भरा व्यक्तित्व दर्शकों को भी आकर्षित करेगा। इस बार यह इसलिए भी खास है क्योंकि मेरे नायक सिर्फ एक अभिनेता ही नहीं बल्कि निर्माता भी हैं! इससे ज्यादा खुशी की बात नहीं हो सकती कि विद्युत और मेरा नजरिया मेल खाता है। मैं आशा और प्रार्थना करता हूं कि हम सिनेमा की दुनिया में एक शानदार साझेदार के रूप में काम करें। विद्युत जामवाल और एक्शन हीरो फिल्म्स द्वारा निर्मित, आदित्य दत्त द्वारा लिखित और निर्देशित क्रैक- जीतेगा तो जिएगा 23 फरवरी 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

## खाने के पैकेट के जरिए लंदन से नशीली दवाओं का कारोबार

**पुणे।** मेफेड्रोन को लेकर पुणे पुलिस की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी बीच, पुलिस ने मामले से जुड़े बड़े खुलासे किए। पुलिस अधिकारी के मुताबिक रेडी-टू-ईट वाले खाने के पैकेट के जरिए मेफेड्रोन की तस्करी की जा रही थी। जांच में पता चला कि प्रतिबंधित दवा मेफेड्रोन की तस्करी को दिल्ली में एक कूरियर फर्म के जरिए अंजाम दिया जा रहा था। अधिकारी ने बताया कि अब तक पुणे और दिल्ली के कई स्थानों से लगभग 1700 किलोग्राम मेफेड्रोन को जब्त किया गया है।

पुलिस आयुक्त अमितेश कुमार ने कहा कि जांच में पता चला कि तस्करों द्वारा नए तरीके से वारदात को अंजाम दिया जा रहा है। मामले में अब तक आठ लोगों को गिरफ्तार किया गया है। पुलिस आगे की जांच के लिए पूछताछ कर रही है। उन्होंने कहा कि जांच में पुणे पुलिस टीम को मेफेड्रान मिली। शहर के कई हिस्सों



से इस तरह की कार्रवाई की गई, जहां से प्रतिबंधित दवा बरामद की गई है। पुलिस के मुताबिक, जब्त की गई प्रतिबंधित दवाई का मूल्य तीन हजार करोड़ रुपये से अधिक का अनुमान है। जांच में दिल्ली स्थित कई कूरियर फर्म के संलिप्तता होने की बात सामने आई है।

मामले की जानकारी देते हुए अमितेश कुमार ने कहा कि हमें पता चला है कि रेडी-टू-ईट वाले खाने के पैकेटों में छिपाकर प्रतिबंधित दवा दिल्ली स्थित एक कूरियर कंपनी के जरिए से लंदन भेजा गया था। मामले में कार्रवाई करते हुए पुलिस ने कूरियर कंपनी के एक व्यक्ति को हिरासत में ले लिया है। इस दवा की पूरी मात्रा का निर्माण कुरकुंभ एमआईडीसी स्थित इकाई में किया जा रहा था।

# वकीलों की अनिश्चितकालीन हड़ताल तीसरे दिन भी जारी

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** विभिन्न समस्याओं व न्यायिक अधिकारियों की मनमर्जी से परेशान होकर अधिवक्ता संघ ने तीसरे दिन भी अनिश्चितकालीन हड़ताल जारी रखी। अधिवक्ताओं का कहना है कि अब तक उनकी समस्याओं का निराकरण नहीं हुआ। वह अपनी हड़ताल खत्म नहीं करेंगे। उन्होंने कहा कि इस दौरान कामकाज पूरी तरह से ठप रखा जाएगा। बताते चलें कि सोमवार को हमीरपुर स्थित अधिवक्ता भवन में जिला बार एसोसिएशन हमीरपुर व प्रोग्रेसिव एंड प्रैक्टिसिंग जिला बार एसोसिएशन हमीरपुर की संयुक्त आम सभा की बैठक संपन्न हुई थी। जिसमें अधिवक्ताओं की समस्याओं व उनके सम्मान को बार-बार ठेस पहुंचाने के कारण सभी अधिवक्ता आक्रोशित नजर आए। बैठक में जिला बार एसोसिएशन के महामंत्री देवी प्रसाद शुक्ल ने कहा कि प्रधान न्यायाधीश परिवार न्यायालय ने बिना सुनवाई किए करीब 190 से अधिक मुकदमे खारिज किए हैं और पत्रावलियों में अधिवक्ताओं के प्रति अनुचित टिप्पणी भी अंकित की गई थी। इसके अलावा अधिवक्ताओं व उनके मुंशीयों के विरुद्ध एफआईआर दर्ज करने की धमकी दी जाती है। अधिवक्ताओं को डांटकर न्यायालय से भगा दिया जाता है। वादकारियों को भी डांटकर व धमकाकर मुकदमा खारिज करने, मुकदमा वापस लेने एवं सुलह करने की धमकी दी जाती है। पीठासीन अधिकारी की कार्यशैली से अधिवक्ताओं में रोष व्याप्त है। महामंत्री ने बताया कि बैठक में सर्वसंपत्ति से मंगलवार से अनिश्चितकालीन कलम बंद हड़ताल किए जाने का निर्णय लिया गया था।

# मकान पर कब्जे को लेकर पूर्व सैनिक उतरे मैदान में

अवधनामा संवाददाता



**मौदहा हमीरपुर।** कस्बे में बेवा के मकान का फर्जी बैनामा और मकान पर कब्जे को लेकर अब सैनिक संगठन बेवा के पक्ष में आ गया है और इसी सिलसिले में संगठन के अध्यक्ष सहित पदाधिकारियों ने कोतवाली प्रभारी को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही करने की मांग की है। कस्बे के मोहल्ला सिचौली पुरवा निवासिनी सुरजी बेवा रतिया कुशवाहा के पुस्तैनी मकान में राना बेगम पत्नी अब्दुल यूसुफ ने फर्जी बैनामा दिखाकर कब्जा कर लिया है और गरीब बेवा एक कोठरी में जीवन गुजार रही है जिसको लेकर वीरभूमि बुण्देलखण्ड पूर्व सैनिक कल्याण समिति के जिलाध्यक्ष राजबहादुर सिंह ने संगठन के पदाधिकारियों के साथ कोतवाली प्रभारी को एक शिकायती पत्र सौंप कर बेवा के मकान को कब्जा मुक्त कराने की मांग की है साथ ही बताया है कि संगठन गरीबों, सैनिकों के परिजनों और बेसहारा लोगों की सहायता के लिए हमेशा अग्रसर है। इस सम्बंध में कोतवाली प्रभारी राम आसरे सरोज ने बताया कि मामले की जानकारी है दोनों पक्षों को अपने अपने कागजात लेकर बुलाया गया है उसके बाद ही कुछ कहा जा सकता है।

# कोरी समाज महासंस्थान के प्रदेश अध्यक्ष ने मदद कर पीड़ित परिवार से जताई सहानुभूति

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** कोरी समाज महासंस्थान के प्रदेश अध्यक्ष कुरारा ब्लॉक के ग्राम कुसमरा में पहुच कर पीड़ित परिवार की मदद कर उससे सहानुभूति जताई। प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम कुसमरा निवासी राजकिशोर कबीर के यहाँ पहले बेटा खत्म हो गया था। उसके बाद पत्नी खत्म हो गई, और 15 दिन के अन्दर माता जी भी देहांत हो गया था। इन हादसों से के बाद राजकिशोर के ऊपर एक साथ बहुत बड़ा मुशीबतो का पहाड़ टूट पड़ा। मौजूदा हाल में पीड़ित राजकिशोर के चार बच्चे है, जिसमें दो बेटी और दो लड़के जो एक 13 वर्ष दूसरा 12 वर्ष तीसरा 10 वर्ष और चौथा 5 वर्ष इन चारो बच्चों की जिम्मेदारी राजकिशोर के ऊपर आ गई। वह गरीबी से संघर्ष कर रहा है। यह सब पता चलने पर कोरी समाज महासंस्थान के प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सुरेश कुमार कोरी अपने जिले के पदाधिकारी जिलाध्यक्ष राम बहादुर नयन, जिला उपाध्यक्ष रामबाबू कुटार, कोषाध्यक्ष भगवान दास, सचिव मुकेश तूफानी आदि के साथ राजकिशोर कबीर के घर पहुँच कर परिवार को खाद्य सामग्री देकर मदद की ओर बच्चों को पढ़ने के लिये किताबे व कपड़े भी दिये ,और कोरी समाज महासंस्थान ने बच्चों को पढ़ाने की जिम्मेदारी भी ली। इस मौके पर डॉ. सुरेश कुमार कोरी ने कहा कि हर सम्भव मदद की जाएगी और साथ ही साथ बच्चों को नवोदय की तैयारी के लिये आनंद कबीर को किताबे दी।उन्होंने आगे कहा कि यह संस्थान समाज के हर गरीब असहाय लोगो की हमेशा मदद करेगा और लोगो को शिक्षित कर आगे बढ़ाने का काम करेगा।

# लोधी वोट साधने को सपा ने अजेंद्र राजपूत पर लगाया दांव

अवधानामा संवाददाता

**हमीरपुर।** दो बार विधायक रहे चौधरी चंद्र नारायण सिंह राजपूत के पुत्र अजेंद्र सिंह राजपूत को सपा ने लोकसभा का प्रत्याशी घोषित किया है। वर्ष 2022 के विधानसभा चुनाव में पार्टी ने पहले अजेंद्र सिंह को टिकट दिया लेकिन बाद में उनका पत्ता कट गया और राम सजीवन प्रजापती बनाए गए थे। पार्टी के इस फैसले का लोधी समाज के लोगों ने विरोध किया था। माना जा रहा है कि क्षेत्र में लोधी वोटो को साधने के लिए पार्टी ने राजेंद्र को मैदान में उतारा है। बताते चलें कि महोबा में पनवाड़ी ब्लॉक के कनकुआ ग्राम पंचायत के निवासी 55 वर्षीय अजेंद्र सिंह राजपूत 2015 में अपनी पंचायत के प्रधान रह चुके हैं। वह प्रारंभ से ही सपा से जुड़े रहे। उन्हें राजनीति अपने पिता से विरासत में मिली। उनके पिता स्वर्गीय चंद्र नारायण सिंह चरखारी से 1969 में भारतीय जन संघ से विधायक रहे,1974 में कांग्रेस से महोबा विधानसभा क्षेत्र से विधायक रहे। उनके चाचा अनंत नारायण सिंह हमीरपुर महोबा कोऑपरेटिव बैंक के अध्यक्ष रह चुके हैं। 2022 विधानसभा चुनाव के दौरान चरखारी विधानसभा सीट से पहले अजेंद्र को ही सपा ने टिकट दिया था लेकिन अचानक नामांकन के एक दिन पहले इनका नाम सूची से हटा दिया गया था।

# आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्बन्ध में प्री-ट्रायल बैठक संपन्न

अवधनामा संवाददाता



**हमीरपुर।** सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण हमीरपुर ने जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया कि आज दिनांक 21.02.2024 को दीवानी न्यायालय परिसर हमीरपुर में जनपद न्यायाधीश विष्णु कुमार शर्मा के कुशल निर्देशन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, हमीरपुर के तत्वावधान में दिनांक 09.03.2024 को होने वाली आगामी राष्ट्रीय लोक अदालत के सम्बन्ध में प्री-ट्रायल बैठक का आयोजन किया गया। जनपद न्यायाधीश द्वारा बैठक में उपस्थित समस्त न्यायिक अधिकारीगण को निर्देशित किया गया कि वह आगामी लोक अदालत में रूचि लेते हुए वादकारियों को नोटिस / सम्मन प्रेषित करें एवं अधिक से अधिक वादों का निस्तारण करें। नोडल अधिकारी एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण को निर्देशित किया कि वह पी.एल.वी. की ड्यूटी लगाकर एक अस्थाई हेल्प डेस्क खोले जिससे वादकरियों को सम्बन्धित जानकरियों प्रदान कर सकें। बैठक में इसके अतिरिक्त प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश, चन्द्रभान सिंह, नोडल अधिकारी लोक अदालत विनीत कुमार वासवानी, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (द.प्र.श्रे.), प्रदीप कुमार जयन्त, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश (आ.व.अधि.), सुशील कुमार खरवार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश पॉक्सो एक्ट, श्रीमती कीर्ति माला सिंह, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गीतांजलि गर्ग, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश न्यायालय सं. 4 स्वाती, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / एफ.टी.सी. प्रथम सुदेश कुमार, अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश / एफ.टी.सी. द्वितीय मनोज कुमार शासन, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट निहारिका जायसवाल, सिविल जज (सी.डि.) सीमा कुमारी, सिविल जज (जू.डि.) आयुषी चतुर्वेदी, अपर सिविल जज (जू.डि.) विजय लक्ष्मी, सिविल जज (जू.डि.) राठ तरूण कुमार, सिविल जज (जू.डि.) / एफ.टी.सी ब्रजेश कुमार पटेल, सिविल जज (जू.डि.) / एफ.टी.सी का.अ.वू. प्रखर तिवारी, तृतीय अपर सिविल जज (जू.डि.) कीर्ति मिश्रा, आदि उपस्थित रहे।

# पुलिस अधिकारियों की हुई गोष्ठी



अवधानामा संवाददाता

**क्रिटिकल मतदेय स्थलों पर रखें विशेष निगरानीः पुलिस अधीक्षक**

**हमीरपुर।** पुलिस अधीक्षक हमीरपुर के अध्यक्षता में पुलिस लाइन सभागार में आगामी लोकसभा चुनाव दृष्टिगत सेक्टर पुलिस अधिकारीगण की मीटिंग की गई। मीटिंग में जिला निर्वाचन अधिकारी जनपद हमीरपुर द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दौरान वल्नरेबिलिटी मैपिंग एवं क्रिटिकल मतदेय स्थलों के चिन्हांकन कराए जाने हेतु जनपद के विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र 228 हमीरपुर एवं 229 राठ में नियुक्त सेक्टर मजिस्ट्रेट के सहयोगार्थ सेक्टर पुलिस अधिकारी कर्मचारीगण से पुलिस के द्वारा विशेष ध्यान देने व चिन्हित क्रिटिकल मतदेय स्थलों पर विशेष निगरानी बनाए रखने हेतु निर्देशित किया गया। इस मौके पर समस्त क्षेत्राधिकारी जनपद हमीरपुर एवं अन्य अधिकारी/ कर्मचारी मौजूद रहे।

# जनपद में भारी बारिश व ओलावृष्टि से फसलों को हुआ व्यापक नुकसान

अवधानामा संवाददाता



**किसान की पकने की कगार पर खड़ी फसल जमीनदोज हो हुई**

**हमीरपुर।** जिले मे कस्बो सहित ग्रामीण क्षेत्रों में मंगलवार की दोपहर बाद अचानक आसमान में छाए बादल गड़गड़ाने लगे तथा तेज हवा के साथ भीषण बरसात हुई,तथा ओला वृष्टि से फसलों को व्यापक नुकसान हुआ है। पकने की कगार पर खड़ी फसल जमीदोज हो गई है। किसान चिंतित दिखाई दे रहा है। तेज बरसात से फसल जमीदोज हो गई है। कुरारा क्षेत्र के पारा , कंडौर, जखेला, जल्ला, चकोठी,रिठारी, आदि गांवों में बारिश के साथ ओला वृष्टि हुई। जिससे फसलों का नुकसान हुआ है। पकने के कगार पर खड़ी फसल तेज हवा चलने से व ओला वृष्टि से जमीदोज हो गई है। बरसात से गिरी फसल की फलिया खराब होने के आसार नजर आ रहे हैं। पारा गांव निवासी ग्रामीण कृष्ण कुमार मिश्रा,दीपू,सुरेंद्र सिंह राजावत, मोहन भदौरिया, आदि किसानो ने बताया कि तेज हवा के साथ लगभग दस मिनट ओला वृष्टि हुई है। तथा आंधी के चलते पेड़ टूट गए हैं। दलहनी , तिलहनी फसल व गेंहू की फसल जमीदोज हो गई है। आंधी पानी से फसल बर्बाद हो गई है। क्षेत्र के कई गांवों में तेज आंधी के साथ बरसात व ओला वृष्टि हुई है। ऐसे में किसानो का भारी नुकसान हुआ है। फसल तबाह हो गई है। किसान उदय सिंह यादव ने बताया कि गेंहू की फसल तेज हवा के चलते खेत में गिर गई है। इस से उत्पादन पर प्रभाव पड़ेगा। इस समय दलहनी फसलों में मटर की फसल पककर तैयार हो गई है। कही कटाई भी शुरू हो गई है। फसल खराब होने से किसान चितित नजर आ रहा है।

## ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी @ 4.0, रॉबर्ट्सगंज में एनटीपीसी सिंगरौली की सहभागिता

**सोनभद्र।** उत्तर प्रदेश ग्लोबल इंवेस्टर्स समिट-2023-24 के अंतर्गत ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी @4.0 का आयोजन जिला स्तर पर डायट परिसर, उरमौरा रॉबर्ट्सगंज, सोनभद्र में किया गया। इस कार्यक्रम में भूपेश चौबे, विधायक सदर, रॉबर्ट्सगंज सोनभद्र बतौर मुख्य अतिथि मौजूद रहे। सोनभद्र, उत्तर प्रदेश के जिला उद्योग प्रोत्साहन तथा उद्यमिता विकास केन्द्र के अनुरोध पर एनटीपीसी सिंगरौली शक्तिनगर ने भी इस प्रदर्शनी में भाग लेकर अपनी 40 वर्षो से राष्ट्र सेवा के प्रति निर्बाध बिजली आपूर्ति की उल्लेखनीय यात्रा, एवं सीएसआर के तहत किए जा रहे सामाजिक कार्यो तथा पर्यावरण संरक्षण के लिए हो रहे समर्पित प्रयासों को दर्शाया। सदर विधायक, भूपेश चौबे, एवं विशिष्ट अतिथिगण द्वारा एनटीपीसी सिंगरौली की सराहना की गई।

# विंध्याचल में कार्बन कैप्चर प्लांट की स्थापना होगी इस वर्ष

अवधानामा संवाददाता



- **उत्सर्जित कार्बन को उपयोगी मेथेनाल में किया जाएगा परिवर्तित**
- **पर्यावरण संरक्षण के साथ होगा बायोगैस का उपयोग**

**सोनभद्र/विंध्यनगर।** एनटीपीसी की सर्वाधिक विद्युत उत्पादन क्षमता वाली विंध्याचल परियोजना पर्यावरण संरक्षण की दिशा में एक और कदम उठाते हुये इस वर्ष कार्बन कैप्चर प्लांट की स्थापना कर रहा है। कार्बन कैप्चर प्लांट संभवतः देश का पहला ऐसा संयंत्र होगा जो किसी विद्युत संयंत्र में स्थापित होकर विद्युत संयंत्र से निकलने वाली हानिकारक कार्बन डाइ आक्साइड को शोषित कर उपयोगी मेथेनाल के रूप मे परिवर्तित करेगा, जिसका उपयोग संयंत्र के ब्वाइलर संचालन में किया जाएगा। यह बातें विंध्याचल के कार्यकारी निदेशक ई. सत्यफनी कुमार ने कही। कुमार आज उमंग भवन में क्षेत्रीय मीडिया प्रतिनिधियों से चर्चा कर रहे थे। कार्यकारी निदेशक ने बताया कि विंध्याचल परियोजना विद्युत उत्पादन के साथ-साथ ग्रामीण विकास, विस्थापितों के कल्याण एवं पर्यावरण संरक्षण के लिए संकल्पित है। कार्यकारी निदेशक ने बताया कि विंध्याचल परियोजना 89त्न पीएलफ के साथ विद्युत उत्पादन के क्षेत्र में अपनी श्रेष्ठता बनाए हुये है, उन्होने बताया कि परियोजना एवं आस-पास के क्षेत्र में पर्यावरण संरक्षण के लिए विंध्याचल परियोजना द्वारा सघन पौधरोपण कार्यक्रम, वन विकास निगम एवं जिला प्रशासन तथा स्वयं सेवी संस्थाओं के माध्यम से किया जाता है। उन्होने बताया कि विंध्याचल परियोजना 26 लाख से अधिक पौधों का रोपण कर पर्यावरण संरक्षण की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठा रही है। सयंत्र से निकलने वाली राख (फ्लाई-ऐश) के शत-प्रतिशत उपयोग को बड़ी चुनौती बताते हुये कार्यकारी निदेशक ने कहा कि विंध्याचल परियोजना के संयंत्र से निकलने वाली फ्लाई-ऐश के शत प्रतिशत उपयोग के लिए प्रबंधन कटिबद्ध है। उन्होने कहा कि वर्ष 2026 तक फ्लाई ऐश का शत प्रतिशत उपयोग कर लिया जाएगा। कार्यकारी निदेशक ने यह भी बताया कि फ्लाई ऐश के उपयोग के लिए विंध्याचल परियोजना ऐश ब्रिक्स संयंत्र की भी स्थापना कर रहा है इस संयंत्र से बनने वाली ब्रिक्स का उपयोग प्रयोगिक तौर पर परियोजना एवं आवासीय परिसर में किया जाएगा और इसकी सफलता के बाद इसका बड़े स्तर पर निर्माण कर उपयोग करने की योजना है। ग्रामीण विकास एवं परियोजना के आस पास के विस्थापितों के कल्याण के लिए चलाये जा रहे विभिन्न कार्यक्रमों की जानकारी देते हुये कार्यकारी निदेशक ने उपस्थित मीडिया प्रतिनिधियों को बताया कि विंध्याचल परियोजना विस्थापितों के कल्याण एवं ग्रामीण विकास के लिए कृत संकल्पित है जिसके तहत ग्रामीण क्षेत्रों में महिलाओं को स्वावलंबी बनाने एवं उन्हे हुनरमंद बनाने के लिए नैगम सामाजिक दायित्व के तहत विभिन्न कार्यक्रमों के माध्यम से लाभान्वित किया जा रहा है।

# पूर्व चेयरमैन विजय जैन समेत पांच आरोपी बाइज्जत बरी

**एक वर्ष पूर्व उरमौरा स्थित एक होटल में घुसकर दलित कर्मचारी के साथ मारपीट करने का था आरोप**

अवधानामा ब्यूरो



विजय कुमार जैन
पूर्व अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद, सोनभद्र

**सोनभद्र।** एक वर्ष पूर्व राबर्ट्सगंज कोतवाली क्षेत्र अंतर्गत उरमौरा स्थित एक होटल में घुसकर दलित कर्मचारी के साथ मारपीट करने के मामले में विशेष सत्र न्यायाधीश एससी/ एसटी एक्ट सोनभद्र आबिद शमीम की अदालत ने सुनवाई करते हुए नगर पालिका परिषद राबर्ट्सगंज के पूर्व चेयरमैन विजय जैन समेत पांच आरोपियों को बाइज्जत बरी कर दिया। अभियोजन पक्ष के मुताबिक राबर्ट्सगंज कोतवाली में 7 सितंबर 2022 को दी तहरीर में रोहित सोनकर पुत्र बुलबुल सोनकर निवासी कम्हारी, थाना राबर्ट्सगंज, जिला सोनभद्र ने आरोप लगाया था कि वह एक गरीब और दलित व्यक्ति है। वह उरमौरा स्थित एक होटल में काम करता है, जिससे उसके परिवार का भरण पोषण होता है। 6 सितंबर 2022 की रात करीब नौ बजे एक गाड़ी पर सवार होकर पूर्व चेयरमैन विजय जैन, साजिद अली, रजत जायसवाल, एखलाख उर्फ फौजी तथा अब्दुल्ला खान आ गए और आते ही होटल में घुसकर उसे रिसेप्शन से खींचकर बेरहमी से गाली देते हुए मारने पीटने लगे। जब उसे बचाने संदीप आया तो उसे भी ये लोग मारे पीटे। इस दौरान गाली भी दे रहे थे। इस तहरीर पर पुलिस ने मारपीट और एससी/ एसटी एक्ट में एफआईआर दर्ज कर मामले की विवेचना किया और पर्याप्त सबूत मिलने पर विवेचक ने न्यायालय में चार्जशीट दाखिल किया था।

इस मामले में 16 फरवरी को सुनवाई करते हुए अदालत ने दोनों पक्षों के अधिवक्ताओं के तर्कों को सुनने, गवाहों के बयान एवं पत्रावली का अवलोकन करने पर साक्ष्य के अभाव में पाचों आरोपियों पूर्व चेयरमैन विजय जैन, रजत जायसवाल, साजिद अली, एखलाख उर्फ फौजी तथा अब्दुल्लाह खान को दोषमुक्त करार दिया।

## डीएम की बैठक आज

**मैनपुरी।** प्रभागीय निदेशक सामाजिक वानिकी ने बताया कि जिला पर्यावरणीय समिति व जिला वृक्षारोपण समिति तथा जिला गंगा समिति एवं वन भूमि को भू-अभिलेखों में दर्ज कराये जाने हेतु गठित जनपद स्तरीय समिति की आगामी बैठक जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह की अध्यक्षता में दि. 22 फरवरी को अपरान्ह 01 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में होगी। उन्होने सम्बन्धित सदस्यों, अधिकारियों से बैठक में सीएम डैश बोर्ड पर वृक्षारोपण से सम्बन्धित प्रपत्र-37 की सूचना सहित समय से प्रतिभाग करने को कहा है।

# फ्रेशर पार्टी का कार्यक्रम किया संपन्न

अवधानामा ब्यूरो



**सोनभद्र।** बुधवार को साई हॉस्पिटल कॉलेज आफ नर्सिंग एंड फार्मेसी, सजौर, राबर्ट्सगंज, सोनभद्र, संस्थान में सत्र 2023-24 के छात्र-छात्राओं ने संस्थान की प्रबन्धक डा. अनुपमा सिंह व प्रबन्ध निदेशक डा. वी. सिंह के द्वारा सरस्वती वंदन पूजन कर कार्यक्रम प्रारंभ किया गया। जिसमे प्रथम वर्ष में आए हुए बी.एस.सी नर्सिंग, ए.एन.एम, जी.एन.एम, डी. फार्मा. के छात्र/छात्रा को सीनियर छात्र/छात्राओं द्वारा फ्रेशर पार्टी देकर उनका स्वागत व अभिनंदन किया गया। इस कार्यक्रम में दोनो वर्ष के छात्र/छात्रा द्वारा दिल मोह लेने वाला संगीत, गीत, सांस्कृतिक नृत्य का आयोजन किया गया। प्रबन्धक डा. अनुपमा सिंह जी द्वारा मिस एंड मिस्टर फ्रेशर- जी.एन.एम नेहा, श्यामबाबू, बी.एस.सी प्रज्ञा मौर्य, सूरज, ए.एन.एम प्रीति मौर्य, डी.फार्म निकिता, हर्षित को बधाई व उनके उज्ज्वल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। इस कार्यक्रम में उपस्थित फार्मेसी एच.ओ.डी विकास चतुर्वेदी, नर्सिंग प्रोफेशर एंजलीन बिट्टी, शिवकांत शर्मा व अन्य शिक्षकगढ़, स्टाफ तथा छात्र/छात्रा उपस्थित रहे।

## उद्योग बन्धु समिति एवं उद्यमियों की बैठक आज

**मैनपुरी।** पायुक्त उद्योग ने बताया कि जिला उद्योग बन्धु समिति एवं उद्यमियों की कानून व्यवस्था सम्बन्धी बैठक दि. 22 फरवरी को पूर्वान्ह 11 बजे जिलाधिकारी अविनाश कृष्ण सिंह की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में होगी। उन्होने सम्बन्धित सदस्यों, अधिकारियों से अद्यतन सूचनाओं सहित बैठक में समय से प्रतिभाग करने को कहा है।

## पेंशन आहरित कर रहे लोग आयकर की श्रेणी में

**मैनपुरी।** वरिष्ठ कोषाधिकारी आशुतोष कुमार ने सूचित किया है कि कोषागार से जो पेंशनर पेंशन आहरित कर रहे हैं, और आयकर की श्रेणी में आते हैं, वह अपना आयकर मीमो दि. 25 फरवरी तक वित्तीय वर्ष 2023-24 की गणना के अनुसार कोषागार में जमा करा दें।

# शिक्षा व साहित्य में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मान

अवधनामा संवाददाता



**बांदा।** शिक्षा व साहित्य के क्षेत्र में उत्कृष्ट योगदान देने वाले शिक्षकों व विद्यालय को आनंदघर बनाने वाले प्रदेश सहित विभिन्न राज्यों के चयनित शिक्षकों को सम्मानित किया गया। अखिल भारतीय समाज सेवा संस्थान चित्रकूट में शैक्षिक संवाद मंच की तरफ से तीन दिवसीय शैक्षिक संगोष्ठी आयोजित की गई। इनमें जसपुरा ब्लाक के षिक्षक कुलदीप त्रिपाठी को भी गिजुभाई बधेका शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। बुधवार को उनके वापस लौटने पर बीआरसी में शिक्षक पदाधिकारियों ने मिलकर बधाई दी। जसपुरा ब्लाक के उच्च प्राथमिक विद्यालय नादादेव (कंपोजिट) के शिक्षक कुलदीप त्रिपाठी को गिजुभाई बधेका शिक्षक सम्मान से सम्मानित किया गया। पुरस्कार पाने के बाद बीआरसी में शिक्षक पदाधिकारियों ने मिलकर बधाई दी। शिक्षक कुलदीप त्रिपाठी ने बताया कि उनके द्वारा लिखित शोध पुस्तक बांदा जिले का भाषा विज्ञान व शब्दकोश का विमोचन पदमश्री उमाशंकर पांडे द्वारा चित्रकूट में बीते दिवस किया गया। साथ ही स्कूल में अपने नवाचारी एवं नवीन प्रयासों से सकारात्मक परिवर्तन लाने के कारण उनको सम्मानित किया गया। कार्यक्रम में डिप्टी कमांडेंट आइटीबीपी कमलेश कमल, समाजसेवी गोपाल भाई, प्रमोद दीक्षित मलय, राष्ट्रीय शिक्षक पुरस्कार प्राप्त आशिया फारूकी (फतेहपुर) एवम ईश्वरी सिंह आदि उपस्थित रहे। प्राथमिक षिक्षक संघ के ब्लाक अध्यक्ष राजवीर सिंह सहित तमाम पदाधिकारियों ने उनके प्रयास की सराहना की है।

# गिनीज बुक में दर्ज हुई कत्थक कलाकार

**खजुराहो नृत्य महोत्सव के 50वें वर्ष पूरे होने पर 1500 कलाकारों ने दी एक साथ प्रस्तुति**

अवधनामा संवाददाता



**बांदा।** खजुराहो नृत्य महोत्सव के स्वर्ण जयंती वर्ष पर करीब डेढ़ हजार कत्थक कलाकारों ने एक साथ प्रस्तुति देकर जहां अपनी प्रतिभा का लोहा मनवाया, वहीं इस ऐतिहासिक अवसर को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज कराकर विश्व कीर्तिमान स्थापित किया। कार्यक्रम का शुभारंभ मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव ने वाद्ययंत्रों पर थाप देकर किया तो कलाकारों के पैरों की थाप ने उनके साथ ताल मिलाई। मध्यप्रदेश के खजुराहो में आयोजित कथक महाकुंभ में शहर के स्वराज कालोनी में संचालित नृत्य कला गृह की संचालिका नृत्य गुरु श्रद्धा निगम समेत उनकी आठ शिष्याओं ने प्रतिभाग करके जनपद का नाम रोशन किया और अपनी कला को गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज कराया। नृत्य कला गृह की कत्थक कलाकारों में नृत्य गुरु श्रद्धा निगम समेत उनकी शिष्या छवि गुप्ता, शुभी गुप्ता, शैलजा पटेल, अनामिका धुरिया, आद्या तिवारी, सुप्रिया गुप्ता, स्वप्निल सक्सेना, राशिका ठाकुर शामिल रहीं। कार्यक्रम के बाद सफलता से उत्साहित नृत्य गुरु श्रीमती निगम ने कहा कि कत्थक महाकुंभ का कार्यक्रम केवल विश्व कीर्तिमान स्थापित करने का अवसर ही नहीं बल्कि मध्य प्रदेश की समृद्ध कला संस्कृति को विश्व पटल पर पहुंचाने का एक शानदार मंच रहा। उन्होंने सफल कार्यक्रम के आयोजन के लिए मध्य प्रदेश संस्कृति विभाग की महत्वपूर्ण भूमिका पर सराहना की और विभाग की टीम को साधुवाद दिया। बताया कि जिस समय देश के कई राज्यों के डेढ़ हजार कत्थक कलाकारों ने मंच पर एक साथ प्रस्तुति शुरू की तो वहां का माहौल देखने लायक था।

# विख्यात सख्सियत छोटे हजरत का उर्स हुआ संपन्न

अवधनामा संवाददाता

**पूरे मुल्क से हजारों अकीदतमंदो ने शामिल होकर जियारत की**

**बांदा।** हिरा माडल स्कूल के प्रांगण में प्रख्यात धार्मिक एवं आध्यात्मिक गुरु सैय्यद गाजी रब्बानी (छोटे हजरत) का उर्स सम्पन्न हुआ जिसमे पूरे मुल्क से हजारों अकीदतमंदो ने शामिल होकर जियारत की। इस अवसर पर मौलाना अमीनुल कादरी ने रिवताब किया इसके पूर्व छोटे हजरत के नाम से विख्यात सानिए सरकार रब्बानी का कुल शरीफ, हुआ व नात पाक, मनकबत और तकरीरे हुई जिसमें सैयद अबरार मिया (हामिद रब्बानी), सैयद महमूद मियां मुफ्ती गौहर रब्बानी के अलावा झारखण्ड, महाराष्ट्र, बंगाल गुजरात, मध्यप्रदेश व अन्य राज्यों के लगभग एक दर्जन से अधिक लोगों ने नात, मनकबत पढ़ी जिसमें से गौ फारुक सूरत, अरनाम कलकत्ता, की लोगों ने बहुत सराहा। इस अवसर पर सज्जादानशीन हजरत शाहिद मियां ने सभी का शुक्रिया अदा कर मुल्कब कौम में अमन, इत्तिहाद की दुआ मांगी। इस अवसर पर रब्बानिया स्कूल के प्रिंसपल सैनेजर सैय्यद राशिद मिया, मौलाना खालिद मिया, सदर खुसतर रब्बानी, मशकूर रब्बानी, नवाब अहमद, मो0 वसीमुल कादरी, एहसान रब्बानी भी मौजूद रहे हज ट्रेनर अल्हाज गुलाम मुस्तफा व दीगर शहर व दूर-दराज के के लोग मौजूद रहे। ज्ञातव्य है कि सैय्यद गाजी रब्बानी का यह पांचवा उर्स था जिसमें मगरिब की नमाज के बाद हल्का ए कादरिया में भी हजारो लोग शामिल होते हैं, छोटे हजरत देश के के हजारों मुरीदीन विभिन्न स्थानों एवं विदेशों में भी है। इस अवसर पर छोटे हजरत के ऊपर लिखी किताब तज़ाकिरह मुफस्सिरे कुरान का इजरा (विमोचन) भी किया गया।

# भारत निर्वाचन आयोग ने निर्वाचन कार्यों में बच्चों के उपयोग को किया प्रतिबंधित

## जिला निर्वाचन अधिकारी व सहायक रिटर्निंग अधिकारी बालश्रम कानून से संबंधित आयोग के निर्देशों का कड़ाई से अनुपालन सुनिश्चित करायें

**अवधनामा ब्यूरो**

**आयोग ने निर्वाचन गतिविधियों में बच्चों के उपयोग के प्रति व्यक्त की शून्य सहनशीलता**



**लखनऊ।** प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग ने बालश्रम कानून के तहत आगामी लोकसभा सामान्य निर्वाचन, विधानसभा सामान्य निर्वाचन तथा उप निर्वाचन के समय निर्वाचन संबंधी कार्यों, प्रचार अभियानों व अन्य चुनावी गतिविधियों में बच्चों के उपयोग के प्रति शून्य सहनशीलता का संदेश देते हुए राजनैतिक दलों, अभ्यर्थियों एवं निर्वाचन मशीनरी को निर्वाचन संबंधी कार्यों व अन्य गतिविधियों में नाबालिग बच्चों के उपयोग न करने का निर्देश दिया है। आयोग के निर्देशानुसार राजनैतिक दलों को सलाह दी गई है कि वे पोस्टर/पैम्फ्लेट बांटने या नारेबाजी करने, प्रचार अभियान रैलियों व अन्य चुनावी गतिविधियों में तथा निर्वाचन की बैठकों आदि में भाग लेने सहित किसी भी प्रकार की निर्वाचन संबंधी अभियानों में बच्चों का उपयोग से बचना चाहिए। मुख्य निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि राजनैतिक दलों को स्पष्ट रूप से निर्देश दिये गये हैं कि चुनाव के दौरान बच्चों को रैलिया निकालने, नारे लगवाने, पोस्टर एवं पैम्फलेट्स बांटने या निर्वाचन संबंधी अन्य गतिविधियों व प्रचार अभियानों में शामिल न किया जाए। साथ ही राजनैतिक नेताओं एवं अभ्यर्थियों द्वारा बच्चों को गोद में लेने, वाहन या रैलियों में बच्चे को ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा। राजनैतिक दलों को किसी भी तरह के प्रचार अभियान गतिविधियों के लिए बच्चों का उपयोग नहीं करना होगा। इसके अतिरिक्त कविता, गीतों, मौखिक शब्दों का प्रयोग करने, राजनैतिक दल व अभ्यर्थी के प्रतीक चिह्नों का प्रदर्शन करने, राजनैतिक दल की विचारधारा का प्रदर्शन करने, किसी राजनैतिक दल की उपलब्धियों को बढ़ावा देने या विरोधी राजनैतिक दलों व अभ्यर्थियों की आलोचना करने सहित किसी भी प्रकार से राजनैतिक प्रचार-अभियान की झलक बनाने के लिए बच्चों का उपयोग करने पर भी पूर्ण प्रतिबंध रहेगा।

# मनरेगा उद्देश्य अकुशल श्रम का रोजगार उपलब्ध कराना: केशव

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि महात्मा गांधी नरेगा योजना का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्रों में निवास कर रहे परिवारों के वयस्क सदस्यों को मांग के अनुरूप एक वित्तीय वर्ष में 100 दिवस का गारण्टीयुक्त अकुशल श्रम का रोजगार उपलब्ध कराना है। उप मुख्यमंत्री ने ग्राम्य विकास विभाग के अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि मनरेगा गाइडलाइंस के अनुसार पात्र लोगों को मनरेगा में काम जरूर दिया जाय, और नियमानुसार उनके पारिश्रमिक के समय से भुगतान की कार्यवाही की जाय।

ग्रामीण विकास मंत्रालय, भारत सरकार द्वारा निर्गत मार्ग निर्देशिका में जॉब कार्ड जारी किये जाने की प्रक्रिया का उल्लेख करते हुए जॉब कार्ड जारी किये जाने से पूर्व सत्यापन किये जाने हेतु ग्राम पंचायत को अधिकृत किया गया है। महात्मा गांधी नरेगा योजना के अन्तर्गत कार्यरत कार्मिकों तथा ग्राम प्रधान के पारिवारिक सदस्यों व रिश्तेदारों द्वारा मनरेगा योजना में जॉब कार्ड बनवाए जाने, योजना में कार्य किये जाने का एवं भुगतान की कतिपय शिकायतें प्राप्त होती रहती है।

## परिवहन निगम की बसों का एकीकृत टाइम टेबल किया जा रहा है तैयार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने कहा कि समय से बसों का समयबद्ध संचालन सुनिश्चित कराने के लिए इंटीग्रेटेड टाइम टेबल बनाया जा रहा है। इससे मार्ग पर बसों की ओवरलैपिंग नहीं होगी तथा यात्रियों को निरन्तर बस सेवा उपलब्ध होगी। उन्होंने कहा कि प्रायः एक ही क्षेत्र की चलने वाली बसें आपस में ओवरलैप करती है। इस नई व्यवस्था से ओवरलैप की समस्या आने वाले दिनों में समाप्त होगी, साथ ही मार्गों पर बसें निर्धारित फ्रिकेन्सी पर उपलब्ध होगी।

परिवहन मंत्री ने कहा कि प्रथम चरण में ए0सी0 बसें एकीकृत की जा रही हैं। इसके पश्चात साधारण बसों की समय सारणी भी एकीकृत की जायेगी। उन्होंने कहा कि मुख्यालय स्तर से ही समय सारणी अंतिम रूप से तैयार होगी।

# अधिकारी कार्यप्रणाली में सुधार लायें: धर्मवीर

**49689 होमगार्ड संभालेंगे लोकसभा निर्वाचन 2024: धर्मवीर प्रजापति**

**अधिकारी शासन की मंशानुसार करें कार्य: अपर मुख्य सचिव**

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के होमगार्ड्स एवं कारागार राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) धर्मवीर प्रजापति ने आज होमगार्ड्स मुख्यालय स्थित सभागार कक्ष में विभागीय अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने कहा कि होमगार्डो से संबंधित समस्याओं को प्राथमिकता के आधार पर निस्तारित करायें। होमगार्ड एवं अवैतनिक अधिकारियों के भर्ती फार्म, शैक्षणिक योग्यता एवं जन्मतिथि संबंधित अभिलेखों को अपने स्तर से सत्यापित करते हुए फरवरी माह तक हरहाल में अपलोड करा लें। किसी भी प्रकार की अनियमितता की शिकायत मिलने पर संबंधित अधिकारी के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जायेगी। प्रजापति ने कहा कि लोकसभा चुनाव-2024 के दृष्टिगत होमगार्डो की तैनाती की सभी तैयारियॉ सुनिश्चित करें। उन्होंने बताया कि 49689 होमगार्डो की ड्यूटी लोकसभा निर्वाचन के दौरान लगनी है। मण्डलीय कमान्डेन्ट इस संबंध में अपने स्तर से स्वयं समीक्षा कर लें एवं अधीनस्थों के साथ बैठकर तैयारियॉ करें। धर्मवीर प्रजापति ने कहा कि सभी अधिकारी विभागीय वेबसाइट की नियमित परीक्षण करें और कमियों को दूर कराते हुए मुख्यालय पर रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने कहा कि मृतक आश्रित से संबंधित लम्बित प्रकरणों को यथाशीघ्र दूर करायें। किसी भी प्रकार की शिकायत मुख्यालय स्तर पर लंबित नहीं रहनी चाहिए। उन्होंने विभागीय अधिकारियों को सख्त चेतावनी देते हुए कहा कि अपने पद की गरिमा बनाये रखे। होमगार्ड जवानों के शोषण की अथवा उन्हें परेशान करने की शिकायत मिलने पर कार्यवाही सुनिश्चित की जायेगी।

अपर मुख्य सचिव अनिल कुमार ने निर्देश दिये कि शासना की मंशानुसार अधिकारी कार्य करें। मृतक आश्रित से संबंधित मामलों में पॉच वर्ष से ऊपर के मामलों को अवश्य शासन भेजे।

## संक्षिप्त समाचार

### जश्ने शहजादे अली अकबर मनाया

**लखनऊ।** हर साल की तरह इस साल भी हजरत इमाम हुसैन (अ.स.) के बेटे शहजादे अली अकबर (अ.स.) की विलादत के मौके पर कर्बला दियानतुलदौला बहादुर, काजमैन रोड, में एक महफिल का आयोजन किया। महफिल को मौलाना बाकर मशहदी ने खिताब किया। इसके बाद शायरों ने हजरत अली अकबर (अ.स.) की शान में अपने कलाम पेश किये। महफिल का आगाज कारी फुरकान हुसैन ने तिलावते कुराने पाक से किया। महफिल का आयोजन गुलमाने शहजादे अली अकबर (अ.स.) ने किया था।

### जश्ने इमामे जमाना कल

**लखनऊ।** हजरत इमामे मेहदी (अ.स.) की विलादत के सिलसिले में मस्जिद अबुजरी कश्मीरी मोहल्ला में शुक्रवार को जश्ने इमामे जमाना शीर्षक से एक महफिल का आयोजन रात 8 बजे किया जायेगा। जश्न का आगाज कारी मुबारक जैदी व संचलान हसन आबिद करेंगे। महफिल को मौलाना अंबर आब्दी खिताब करेंगे। कार्यक्रम का आयोजन अंजुमन अतफाले अब्बासिया ने किया है।

### कर्बला पुत्तन साहिबा में महफिल कल

**लखनऊ।** हजरत इमाम हुसैन अलैहिस्सलाम की विलादत के सिलसिले में कर्बला पुत्तन साहिबा हैदरगंज में शुक्रवार को जहरा का चांद शीर्षक से महफिल का आयोजन रात 8 बजे किया जाएगा। महफिल को मौलाना अब्बास इरशाद नकवी खिताब करेंगे। महफिल आगाज कारी शाहब तिलावत कुराने पाक से व संचालन गुलरेज नकी करेंगे।

### अन्तर्राष्ट्रीय आरोग्य-2024 का शुभारम्भ आज

**लखनऊ।** कल 22 से 25 फरवरी, 2024 तक लखनऊ के अवध शिल्प ग्राम में चार दिवसीय तृतीय अन्तर्राष्ट्रीय आरोग्य-24 का आयोजन किया जा रहा है। इस महत्वकांक्षी कार्यक्रम का शुभारम्भ केन्द्रीय मंत्री आयुष श्री सर्वानन्द सोनोवॉल द्वारा किया जायेगा। इस अवसर पर केन्द्रीय राज्य मंत्री आयुष एवं महिला, बाल विकास मंत्री श्री मुन्जपारा, महेन्द्र भाई, कालू भाई तथा उत्तर प्रदेश की उप मुख्यमंत्री चिकित्सा, स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा श्री ब्रजेश पाठक एवं आयुष राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) डा0 दयाशंकर मिश्र दयालु की भी गरिमामयी उपस्थिति होगी। इस अवसर पर आयुष एवं वेलनेस तथा प्रदर्शनी एवं संगोष्ठी का आयोजन किया जा रहा है। इस चार दिवसीय कार्यक्रम के दौरान विभिन्न सत्रों में आयुष पर आधारित कार्यशाला एवं सत्र आयोजित होगें। इस अन्तर्राष्ट्रीय कार्यक्रम में विभिन्न देशों के प्रतिनिधि शामिल होंगे।

# कूड़े से होगी कमाई, साफ सुथरे होंगे यूपी के शहर

## जीबीसी 4.0 के माध्यम से संभव हो रहा उत्तर प्रदेश को स्वच्छ प्रदेश बनाने का सीएम योगी का संकल्प

**अवधनामा ब्यूरो**

**नगर विकास विभाग के माध्यम से शहरों के अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर कई परियोजनाओं का हुआ शुभारंभ**

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश को स्वच्छ प्रदेश बनाने में जुटी योगी सरकार ने जीबीसी 4.0 के माध्यम से अपशिष्ट प्रबंधन के क्षेत्र में कई परियोजनाओं का शुभारंभ किया है, जिससे शहरों की सूरत बदलने की उम्मीद को बल मिला है। इन परियोजनाओं की शुरुआत से कूड़ा भी कमाई का साधन बन जाएगा, जबकि प्रदेश के शहरी क्षेत्र साफ-सुथरे और स्वच्छ नजर आएंगे। नगर विकास विभाग के माध्यम से कई ऐसे प्रोजेक्ट्स को 19 फरवरी को प्रधानमंत्री जी और मुख्यमंत्री योगी जी ने धरातल पर उतारा है। ये सभी प्रोजेक्ट्स वेस्ट टू एनर्जी, वेस्ट टू चारकोल, वेस्ट टू कोल, डोर-टू-डोर कलेक्शन और सॉलिड वेस्ट मैनेजमेंट से संबंधित हैं। उल्लेखनीय है कि नगर विकास विभाग ने जीबीसी के तहत कुल 28,421 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स को धरातल पर उतारा है। इसमें 6539 करोड़ के प्रोजेक्ट्स एमओयू के तहत, जबकि 21,882 करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स नॉन एमओयू के माध्यम से उतारे जा रहे हैं।

### नगर विकास की 24 परियोजनाओं का शुभारंभ

प्रमुख सचिव नगर विकास अमृत अभिजात ने बताया कि जीआईएस 2023 में नगर विकास विभाग द्वारा 176500 करोड़ की धनराशि के कुल 188 एमओयू किए गए थे। इनमें विभाग को ग्राउंड ब्रेकिंग सेरेमनी के लिए 50,000 करोड़ रुपए का लक्ष्य दिया गया था, जिसमें ग्राउंड ब्रेकिंग के माध्यम से पीएम नरेंद्र मोदी के कर कमलों से और सीएम योगी आदित्यनाथ जी के मार्गदर्शन में 28,421 करोड़ रुपए की कुल 24 परियोजनाओं का शुभारंभ हुआ है। इन परियोजनाओं में एमओयू और नॉन एमओयू वाले प्रोजेक्ट्स शामिल हैं। इन परियोजनाओं में अपशिष्ट प्रबंधन को लेकर भी कई परियोजनाओं की शुरुआत हुई है, जो उत्तर प्रदेश में अपशिष्ट प्रबंधन में बहुत बड़ा बदलाव लाने में महत्वपूर्ण साबित होंगे।

# कांग्रेस उम्मीदवारों की सूची जल्द जारी होगी: अविनाश

**हमें उम्मीद है अखिलेश यादव जल्द अपने कार्यक्रम की स्वीकृति देंगे**

**अवधनामा ब्यूरो**



**लखनऊ।** कांग्रेस महासचिव व प्रदेश प्रभारी अविनाश पाण्डे ने कहा कि सीटों के बंटवारे के बाद कांग्रेस उम्मीदवारों की सूची जल्द जारी होगी। बुधवार को गठबंधन के ऐलान के बाद पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए श्री पाण्डे ने कहा कि सीट बंटवारे के बाद प्रत्याशी चयन की प्रक्रिया शुरू होगी। प्रदेश कांग्रेस कमेटी, प्रदेश चुनाव समिति के बाद कांग्रेस चुनाव समिति इस पर आखिरी मुहर लगाएगी। सपा मुखिया अखिलेश यादव के यात्रा में शामिल होने के प्रश्न पर श्री पाण्डे ने कहा कि अखिलेश यादव का धन्यवाद करते हैं जिन्होंने कांग्रेस अध्यक्ष के यात्रा को लेकर निमंत्रण को स्वीकृति प्रदान की। उन्होंने कहा था कि रायबरेली या अमेठी में यात्रा में शामिल होंगे और यात्रा 24-25 फरवरी में भी चल रही है। हमें उम्मीद है कि श्री यादव जल्द अपने कार्यक्रम की स्वीकृति देंगे। कांग्रेस के श्रावस्ती और खीरी सीट की मांग को लेकर सवाल पर उन्होंने कहा कि दूरगामी लक्ष्य को सामने रख अनेक विषयों पर चर्चा के बाद यह निर्णय लिया गया है।

## राहुल गांधी का मेहंदी हसन बबलू ने किया जोरदार स्वागत

भारत जोड़ो न्याय यात्रा में लखनऊ के ऐतिहासिक रूमी गेट .घंटा घर पर श्री राहुल गांधी जी ने नौजवानों का आह्वान करते हुए कहा कि अन्याय के खिलाफ जंग जारी रहेगी .इस यात्रा का अखिल भारतीय राहुल गांधी यूथ ब्रिगेड के अध्यक्ष श्री मेहंदी हसन बबलू ने श्री राहुल गांधी जी को शाल पहनकर एवं फूलों की वर्षा कर उनका स्वागत किया इस अवसर पर यूथ ब्रिगेड के सभी पदाधिकारी मुख्य रूप से शब्बू कुरैशी जी. सरताज आलम अली अब्बास .रेहान मिर्जा मोहम्मद सईद गुलाम अहमद ऋषि, शब्बीर अहमद शाह धनीराम कमलेश यादव



दिनेश साहू राशिद मिर्जा सैयद हसन अब्बास अरशी रजा अफरोज अजमतउल्लाह अयूब सिद्दीकी मोहसिन चौधरी . सैफ आलम. उबेद स्वागत करने वालों में मौजूद थे।



मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ से उनके सरकारी आवास पर बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रबंध निदेशक देबदत्त चंद ने शिष्टाचार भेंट की।

# बोर्ड परीक्षा की कड़ी तैयारी

**अवधनामा ब्यूरो**

**पेपर लीक करने की कोशिश करने वाले जाएंगे जेल**

**लखनऊ।** 22 फरवरी गुरुवार से प्रदेश में शुरू हो रही बोर्ड परीक्षाओं को नकल विहीन और शुचिता के साथ संपन्न कराने के लिए योगी सरकार ने कड़े प्रबंध किए हैं। वॉट्सएप से लेकर सोशल मीडिया तक अराजक तत्वों पर नजर रखी जा रही है। किसी विषय की परीक्षा समाप्त होने से पूर्व यदि उस विषय का कोई प्रश्न-पत्र या उसके किसी भाग को वाट्सएप या सोशल मीडिया या अन्य किसी माध्यम से संचारित करने का प्रयास किया जाता है तो कानून की सुसंगत धाराओं के तहत कठोरतम कार्रवाई की जाएगी। माध्यमिक शिक्षा परिषद द्वारा संवेदनशील और अति संवेदनशील परीक्षा केंद्रों और जनपदों को चिह्नित किया गया है तथा इनमें किसी भी अप्रिय घटना की रोकथाम के लिए एसटीएफ तथा स्थानीय अधिसूचना इकाई के माध्यम से विशेष निगरानी की व्यवस्था की गई है। इसके अतिरिक्त नकल की संभावनाओं पर अंकुश लगाने के लिए प्रश्नपत्रों को खोलने की कार्यवाही सीसीटीवी कैमरे की निगरानी में की जाएगी तथा संकलन केंद्रों एवं स्ट्रांग रूम पर 24 घंटे निगरानी के लिए सशस्त्र बल एवं लाइव सीसीटीवी कैमरे की व्यवस्था की गई है। स्ट्रांग रूम का प्रातः कालीन सचल दल द्वारा निरीक्षण किया जाएगा।

## नाटक लो आ गई वापस सोने की चिड़िया, का मंचन

**लखनऊ।** राष्ट्रीय नाट्य विद्यालय की ओर से आयोजित भारत रंग महोत्सव के 25 वें वर्ष के उपलक्ष्य में जन भारत रंग का आयोजन किया जा रहा है। इसी के तहत बुधवार को नाटक लो आ गई वापस सोने की चिड़िया, का मंचन किया गया। संस्था थियेट्रॉन ने इस नाटक का मंचन फैकल्टी ऑफ आर्किटेक्चर एंड प्लानिंग डिपार्टमेंटष में किया। जिसका निर्देशन किया सुब्रत रॉय ने। नाटक में हमारी संस्कृति, सभ्यता, वेद, पुराण, हमारी मूर्तिकाला, वास्तुकला व विश्व धरोहर को दिए गये हमारे योगदान के विषय पर प्रकाश डाला गया। नाटक में सूरज कुमार, तन्मय लहरी, वैभव कुमार, अविनाश श्रीवास्तव, निशा तिवारी व शुभम गौतम आदि ने भाग लिया।




# प्रधानमंत्री 554 रेलवे स्टेशनों के पुर्नविकास का शिलान्यास करेंगे



**अवधनामा ब्यूरो**

**लखनऊ।** वीडियो कांफ्रेन्सिंग के माध्यम से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अमृत भारत स्टेशन योजना के अन्तर्गत 554 रेलवे स्टेशनों के पुर्नविकास का शिलान्यास एवं 1500 आरयूबी, आरओबी का शिलान्यास करेंगे। जिसमें पूर्वोत्तर रेलवे लखनऊ मण्डल के 13 रेलवे स्टेशनों का शिलान्यास तथा डालीगंज जंक्शन, आनन्दनगर जंक्शन, बलरामपुर, बढ़नी, गोण्डा जंक्शन, खलीलाबाद, लखीमपुर, लखनऊ सिटी, मैलानी जंक्शन, रामघाट हाल्ट, सिद्धार्थनगर, स्वामी नारायण छपिया, तुलसीपुर तथा गोमतीनगर स्टेशन एवं मण्डल के 21 आरयूबी व एलएचएस का लोकार्पण होगा। इसी परिप्रेक्ष्य में अमृत भारत योजना के अन्तर्गत विकसित भारत विकसित रेल 2047 विषय पर मण्डल के स्टेशनों के परिक्षेत्र में पडने वाले विभिन्न विद्यालयों में बच्चों के लिए पेंटिंग, निबन्ध लेखन एवं भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें डालीगंज जंक्शन में 100 बच्चों ने भाग लिया। मण्डल में विभिन्न एलएचएस, आरयूबी व आरओबी के निकटवर्ती विद्यालयों के 1170 बच्चों ने प्रतियोगिता में भाग लिया। इन प्रतियोगिताओं के विजेता प्रतिभागियों को दिनांक 26 फरवरी को आयोजित कायक्रम के विभिन्न स्थलों पर उपस्थित मुख्य अतिथि पुरस्कृत करेंगे।

## एसएम.शर्मा ने स्टेशनों पर पहुंचकर कार्य प्रगति का किया अवलोकन

**लखनऊ।** उत्तर रेलवे के मंडल रेल प्रबंधक एसएम.शर्मा ने मण्डल के अन्य अधिकारियों के साथ उन्नाव ऊंचाहार रेल खण्ड का विंडो ट्रेलिंग करते हुए निरीक्षण किया। रेलखंड की संरक्षा को परखते हुए उन्होंने इस रेलखंड पर अमृत भारत स्टेशन योजना के अंतर्गत आने वाले स्टेशनों पर पहुंचकर कार्य प्रगति का अवलोकन किया। मण्डल रेल प्रबंधक ने तकिया स्टेशन पर पहुंचकर अमृत भारत योजना के अंतर्गत किए जाने वाले कार्यों की रूपरेखा से अवगत होते हुए प्रगतिशील कार्यों की जानकारी ली और स्टेशन तथा परिसर का अवलोकन किया तथा इस सम्बंध में अपने निर्देश पारित किये। मण्डल रेल प्रबंधक ने लालगंज



स्टेशन पर पहुंचकर वहां की कार्यप्रणाली से अवगत होते हुए सभी व्यवस्थाओं को परखा। इस अवसर पर स्थानीय व्यापारियों ने स्टेशन पर आकर मण्डल रेल प्रबंधक से भेंट की एवं उनको ज्ञापन दिया। मण्डल रेल प्रबंधक ने रेलकर्मियों के आवासीय परिसर का निरीक्षण किया और उनकी समस्याओं से अवगत होते हुए इनके निवारण के लिए सम्बंधितों को निर्देशित किया तथा उपस्थित मीडिया कर्मियों से संवाद स्थापित किया। इस निरीक्षण के अगले चरण में मण्डल रेल प्रबंधक का आगमन एनटीपीसी में हुआ। वहां पहुंचकर उन्होंने संस्थान के अधिकारियों के साथ वहां की कार्य पद्धति की जानकारी प्राप्त की तथा आवश्यक विचार विमर्श किया।

## संरक्षा सलाहकारों ने लोगों को संरक्षा ज्ञान दिया

**लखनऊ।** पूर्वोत्तर रेलवे के लखनऊ मण्डल में संरक्षा के प्रति जागरुक करने के मकसद से वरिष्ठ मण्डल संरक्षा अधिकारी डॉ. शिल्पी कन्नौजिया के निर्देशन में लखनऊ गोंडा रेल खंड के मध्य समपार पर संरक्षा जनजागरण जागरूकता अभियान के तहत संरक्षा सलाहकारों ने लोगों को संरक्षा ज्ञान दिया गया। जिसके अंतर्गत समपार उपयोगकर्ताओं को अनाधिकृत स्थानों से रेलवे ट्रैक पार न करने, केवल रेलवे फाटकों से ट्रैक पार करने, गेटमैन पर अनधिकृत दबाव नहीं डालने एवं क्षतिग्रस्त रेलवे फाटकों पर सावधानी बरतने तथा रेलवे ट्रैक एवं विद्युत पोल से सुरक्षित दूरी बनाये रखने की जानकारी प्रदान की गई। इस अवसर पर संरक्षा सलाहकारों ने समपार उपयोगकर्ताओं को संरक्षा पोस्टर एवं पंपलेट का वितरण भी किया।